संसार के धर्म व पंथ

डॉ. स्टीफन गिब्सन

shepherds
GLOBAL CLASSROOM

सर्वाधिकार ©2019 शैपर्ड ग्लोबल क्लासरूम द्वारा कॉपीराइट।
द्वितीय संस्करण।

सर्वाधिकार सुरक्षित। जांच पृष्ठों को छोड़, इस पुस्तक का कोई भी भाग शैपर्ड ग्लोबल क्लासरूम (SGC) की लिखित अनुमति के बिना पुनःनिर्मित या इलैक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग तथा किसी अन्य प्रारूप में किसी भी तरीके से संचारित नहीं किया जा सकता। शैपर्ड ग्लोबल क्लासरूम (SGC) हमारे SGC अंग्रेजी पाठ्यक्रम की प्रत्येक खरीद हमें इसे दूसरी भाषाओं में इसे अनुवाद करने में सहायता देता है और फिर जिसे हम संसार भर में मसीही अगुवों को वितरित कर देते हैं। SGC से सम्पर्क करने, या उनके कायल कर देने वाले इस दर्शन के लिए अनुदान देने हेतू आप www.shepherdsglobal.org पर जा सकते हैं।

पवित्रशास्त्र के सभी वचनों को द बाइबल सोसाइटी ऑफ इण्डिया के हिन्दी अनुवाद से इस्तेमाल किया गया है।

विचार प्रारूप: ब्रैंडन हिलिगॉस
मुखपृष्ठ प्रारूप: शेन मुइरो

विषय सूची

पाठ्यक्रम पुनरावलोकन	5
1. धार्मिक मतभेद को समझना	11
2. सुसमाचार के आवश्यक तथ्य	23
3. मॉर्मनवाद	27
4. यहोवा विट्नेस	39
5. इग्लेसिया नी क्रिस्टो	47
6. ईस्टर्न लाइटनिंग अर्थात् पूर्वी दिशा का प्रकाश	55
7. सुख-समृद्धि वाला ईशविज्ञान	63
8. अनधिकृत प्रकाशन वाले पंथ	71
9. हिन्दू धर्म	79
10. बौद्ध धर्म	87
11. ताओवाद	97
12. इस्लाम	105
13. यहूदी धर्म	113
14. नव युगवादी धर्म	121
15. जीववाद	129
16. वूडू	135
17. सैवंथ-डे एडवेंटिज्म को समझना	141
18. रोमन कैथोलिकवाद को समझना	151
19. ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी अर्थात्पू र्वी कट्टरवाद को समझना	159
20. संयुक्त पेन्टिकोस्टलवाद को समझना	167

धर्मसिद्धान्त हस्तपुस्तिका 173
प्रश्नों का पुनरावलोकन 185
सुझावित संसाधन 191
निर्धारित कार्यों का लेखा 197
पवित्रशास्त्र से उद्धृत वचन 199
अनुक्रमणिका 203

पाठ्यक्रम का पुनरावलोकन

मसीहियत का दावा करने वाले पंथ	गैर-मसीही धर्म	विकृत परम्पराओं वाली कलीसियाएं
मॉर्मनवाद	हिन्दू धर्म	सैवंथ-डे एडवेंटिज्म को समझना
यहोवा विट्नेस	बौद्ध धर्म	रोमन कैथोलिकवाद को समझना
इग्लेसिया नी क्रिस्टो	ताओवाद	ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी अर्थात्पू र्वी कट्टरवाद को समझना
पूर्वी दिशा का प्रकाश	इस्लाम	संयुक्त पेन्टिकोस्टलवाद को समझना
सुख-समृद्धि वाला ईशविज्ञान	यहूदी धर्म	
अनधिकृत प्रकाशन वाले पंथ	नव युगवादी धर्म	
	जीववाद	
	वूडू	

पाठ्यक्रम का विवरण

यह पाठ्यक्रम अठारह चुने हुए पंथों और धर्मों के इतिहास और बुनियादी मतों का उल्लेख, ऐतिहासिक मसीहीयत से उनकी तुलना और बाइबल के आधार पर उनके सिद्धान्तों और व्यवहारों का अवलोकन करता है। इसके द्वारा छात्र गलत धर्मों की त्रुटियों का जवाब देने और मसीहियों को किसी भी प्रकार के धोखे से बचाने के योग्य हो जाएंगें।

पाठ्यक्रम के लक्ष्य

1. मसीहियों के सर्वाधिक प्रभावशाली पंथों और धर्मों के बुनियादी सिद्धान्तों में से कुछ को समझने में मदद करना।
2. मसीहियों की यह समझने में मदद करना कि क्यों झूठी शिक्षाएं हानिकारक हैं।
3. पासबानों को तैयार करना ताकि वे अपनी मण्डलियों को पंथों के प्रभाव से बचा सकें।
4. मसीहियों को बाइबल के आधार पर उन पंथों की त्रुटियों का उत्तर देने के लिए प्रशिक्षित करना।
5. पंथ के सदस्यों को सुसमाचार सुनाने हेतू व्यवहारिक दिशा प्रदान करना ।

कक्षा के अगुवों के लिए व्याख्या और मार्गदर्शन

प्रत्येक अध्याय में कुछ निर्देशों को *इटालिक* अर्थात् तिरछे शब्दों में लिखा गया है।

जहाँ पर वचन को अनुच्छेद के मूल खण्ड में तथा कोष्ठक में लिखा गया है, आगे बढ़ने से पहले कक्षा में इन वचनों को पढ़ा जाना चाहिए।

धार्मिक समूहों से सम्बन्धित अध्यायों में (अध्याय 3-20) निम्नलिखित निर्देशनों में दर्शाए गये नमूनों का इस्तेमाल किया गया है। पहले दो अध्याय दो विशेष विषयों पर लिखे गये हैं।

इन निर्देशों में बताया गया है कि किस प्रकार से कक्षा में सर्वोच्च गुणवत्ता के साथ शिक्षा प्रदान की जा सकती है। कक्षा के अगुवे के लिए उन छात्रों के इस स्तर को बना कर रखना अनिवार्य है जो शैपर्ड ग्लोबल क्लासरूम से एक प्रमाणपत्र की अपेक्षा करते हैं। इसके अलावा अन्य समूहों के लिए जो इन मागों को पूरा नहीं कर पाते हैं,शिक्षक उनकी योग्यता के हिसाब से उन्हें अनुकूल शिक्षा प्रदान करें तथा अलग प्रमाणपत्र प्रदान करें ।

हमारा अनुमान है कि हर एक अध्याय की सारी बातों को पढ़ने के लिए दो घण्टों का समय लगेगा। यदि समूह कम समय के लिए मिल रहा है तो, अध्याय को दो सभाओं में विभाजित किया जा सकता है।

सामूहिक गतिविधियों का क्रम

1. **सुसमाचार वार्तालाप की रिपोर्ट्स** (अनुमानित समयः यदि रिपोर्टों की संख्या अधिक है तब, 20 मिनट)

जिन छात्रों ने पिछले अध्याय पर वार्तालाप करने का निर्धारित कार्य पूरा कर लिया है उनके लिए रिपोर्ट देना अनिवार्य है। उन्हें अपनी बातचीत को केवल एक कहानी के रूप में बताना है। अन्य छात्र भविष्य के लिए अपना सुझाव दे सकते हैं। छात्रों को किसी एक रिपोर्ट की आलोचना करने की अनुमति न दें।

2. कक्षा में पुनरावलोकन करने का समय (अनुमानित समय: 5-10)

कक्षा के अगुवे को पुनरावलोकन करने के लिए पिछले अध्याय से प्रश्न पूछने चाहिए, उसके बाद वह उन अध्यायों से भी प्रश्न कर सकता है जिन पर अध्ययन किया जा चुका है। इसका उद्देश्य छात्रों की स्मरण शक्ति को मज़बूत करना और उनकी गलतफहमियों को दूर करना है। पुनरावलोकन करने वाले प्रश्नों को पूछने से उन्हें महत्वपूर्ण तथ्यों को याद करने में सहायता मिलती है। पुनरावलोकन करने वाले प्रश्नों का उपयोग करके प्रशिक्षक पाठ्यक्रम को बहुत प्रभावशाली बना सकता है। पुनरावलोकन करने वाले प्रश्न इस पाठ्यक्रम के अन्त में दिये गये हैं।

3. पहली मुलाकात

कोई जन "पहली मुलाकात" नामक खण्ड को पढ़ें। यह काम बिना किसी टिप्पणी या चर्चा के होना चाहिए। अध्ययन करने वाले समूह के प्रति जिज्ञासा को उत्पन्न करने के कारण अधिकतर कहानियों का कोई निष्कर्ष नहीं होता। कुछ मामलों में, अध्याय के अन्त में दी जाने वाली गवाही उस व्यक्ति की होती है जिसका उल्लेख पहली मुलाकात में किया गया है।

4. पवित्रशास्त्र का अध्ययन- भाग 1 (अनुमानित समयः 15 मिनट)

दिये गये बाइबल खण्ड को जोर से पढ़ें। कई बच्चों से बारी-बारी करके खण्ड पढ़वाया जा सकता है। उसके बाद थोड़ा समय दें जिसमें छात्र शान्त अवस्था में उस अनुच्छेद के सार और वाक्यों की सूची को लिखें (विशेष निर्देश प्रत्येक अध्याय में दिये गये हैं)। जब वे लिख चुकें हों, तब उनमें से कुछ छात्र बताएं कि उन्होंने क्या लिखा है ताकि हर एक दूसरे से कुछ सीख सके।

5. धार्मिक समूह में अध्ययन (अनुमानित समयः 20 मिनट)

धार्मिक समूह से सम्बन्धित प्रदान की गयी जानकारियों का अध्ययन करें। समूह का अगुवा या अन्य कोई व्यक्ति सामग्री को समूह के लिए पढ़कर उसे समझा सकता है। अलग अलग छात्र उद्धरण को पढ़कर हाशिये पर उसका वर्णन कर सकते हैं। अध्ययन के इस भाग के दौरान, पाद-टिप्पणियों में दिए गए वचनों को देखना आवश्यक नहीं है।

चर्चा के लिए प्रश्न और कक्षा में गतिविधियों **को चिन्ह से इंगित** किया गया है कक्षा के अगुवे को प्रश्न पूछना और छात्रों को उत्तर पर चर्चा करने के लिए समय देना चाहिए। प्रत्येक पाठ में ऐसे कई प्रश्न होंगे। (अनुमानित समयः 10 मिनट)।

6. पाद-टिप्पणियों में दिए गए वचनों को पढ़ना (अनुमानित समयः 10 मिनट)

अब पिछली सामग्री पर वापस जाएं और पाद-टिप्पणी में दिए गए प्रत्येक बाइबल आधारित तथ्य और संदर्भ को पढ़ें। सभी छात्रों को पवित्रशास्त्र के उल्लेखित वचनों को देखना चाहिए और उन्हें बारी-बारी से समूह में पढ़ना चाहिए।

7. *धर्मसिद्धांत हस्तपुस्तिका* का उपयोग करना (अनुमानित समयः 20 मिनट)

धर्मसिद्धांत हस्तपुस्तिका पाठों के बाद मुद्रित इस पाठ्यक्रम में सामग्री का एक भाग है। पाठ में इस पड़ाव पर, इस खंड के अधीन सूचीबद्ध *धर्मसिद्धांत* हस्तपुस्तिका के विषयों को देखें। छात्रों को पवित्रशास्त्र में से एक साथ साथ पढ़कर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे समझ गए हैं कि अनेकों वचन मिलकर कैसे एक बात को साबित करते हैं। प्रत्येक छात्र को दिखाना चाहिए कि वह पवित्रशास्त्र से एक बात को साबित करने में सक्षम है। कुछ बातों का प्रयोग अनेक पाठों में किया जाता है। यदि छात्र अच्छी तरह से सीख रहे हैं, तो उन्हीं बातों का अभ्यास दोहराना आवश्यक नहीं है।

8. सुसमाचार प्रचार (अनुमानित समयः 10 मिनट)

यह खंड विशेष धार्मिक समूह के सदस्यों के साथ बात करते समय याद रखने योग्य कुछ व्यवहारिक बातें प्रदान करता है। कुछ पाठों में इस खंड को "*धर्मसिद्धांत हस्तपुस्तिका का उपयोग करना*" खंड के साथ जोड़ा गया है।

9. एक गवाही

किसी को "एक गवाही" शीर्षक वाली सामग्री का भाग पढ़ना चाहिए। सभी गवाहियां वास्तविक घटनाएं हैं, हालांकि कभी-कभी नाम बदल दिए गए हैं।

10. पवित्रशास्त्र का अध्ययन - भाग 2 (अनुमानित समयः 20 मिनट)

अध्ययन सत्र के अंत में, नियत पवित्रशास्त्र खंड को फिर से पढ़ें। प्रत्येक छात्र द्वारा एक अनुच्छेद लिखे जाने के लिए कुछ मिनट प्रतीक्षा करें, जिसमे अध्ययन किये गए धार्मिक समूह के सदस्य के लिए दिये संदेश की व्याख्या की गयी हो। होने दें कि कुछ छात्र साझा करें कि उन्होंने क्या लिखा है।

11. कार्यभार

हमेशा छात्रों को सुसमाचार प्रस्तुति के लिए एक अवसर निर्धारित करने के लिए याद दिलाने के द्वारा पाठ का समय समाप्त करें। यदि संभव हो तो छात्र को अध्ययन किये जा रहे धार्मिक समूह के सदस्य के साथ बातचीत करनी चाहिए। उसे सुसामाचार और अन्य मसीही सत्यों को प्रस्तुत करने का प्रयास करना चाहिए। यदि उसके लिए किसी विशेष धार्मिक समूह के सदस्य को खोजना संभव नहीं है, तो उसे किसी अन्य व्यक्ति को खोजना चाहिए जो सामग्री को सुनने में रूचि रखता हो। उसे धर्म की बुनियादी मान्यताओं का वर्णन करना चाहिए, फिर बाइबल की प्रतिक्रिया देनी चाहिए। उसे कक्षा को अपनी बातचीत के बारे में बताने की तैयारी करनी चाहिए।

प्रत्येक छात्र को पाठ्यक्रम के माध्यम से 10 विभिन्न धर्मों के बारे में बातचीत की रिपोर्ट देनी चाहिए। प्रत्येक वार्तालाप की लिखित रिपोर्ट में उस धर्म की विशेषताओं का वर्णन होना चाहिए जिसे एक सुसमाचार प्रचारक के लिए जानना महत्वपूर्ण है। रिपोर्ट में छात्र को यह बताना चाहिए कि उसने बातचीत में क्या प्रस्तुत किया, और दूसरे व्यक्ति ने कैसे प्रतिक्रिया दी। प्रत्येक बातचीत की रिपोर्ट दो पृष्ठों की होनी चाहिए। प्रशिक्षक को पहले कुछ पाठों के दौरान इस कार्यभार को कई बार समझाना चाहिए। छात्रों द्वारा लिखे गए पृष्ठों को उदाहरण के तौर पर समूह को दिखाया जा सकता है।

दस मौखिक और लिखित कार्यभार इस पाठ्यक्रम के प्राथमिक निर्धारित कार्य हैं। प्रशिक्षक के उपयोग हेतु, लेखा-जोखा रखने के लिए इस पुस्तक के अंत में एक फार्म छापा गया है।

12. सुझावित संसाधन

यदि छात्र किसी धार्मिक समूह के बारे में अधिक जानना चाहते हैं तो उन्हें उपलब्ध संसाधनों को देखने के लिए पुस्तक के पीछे सुझावित संसाधनों को देखना चाहिए।

अध्याय 1

धार्मिक मतभेद को समझना

परिचय

» धार्मिक मतभेद क्यों मौजूद हैं ? क्या धार्मिक मतभेद आवश्यक है, या इसे टाला जा सकता है?

» इन प्रश्नों पर संक्षिप्त चर्चा के बाद, कक्षा को निम्नलिखित पवित्रशास्त्र के संदर्भों को देखना चाहिए: 1 तीमुथियुस 3:15, यहूदा 3, 2 तीमुथियुस 2:17, मत्ती 16:6 और मत्ती 16:12, तीतुस 1:9, और 1 पतरस 3:15। संक्षेप में चर्चा करें कि ये पद धार्मिक मतभेद के बारे में क्या कहते हैं।

यीशु ने कुएँ पर सामरी महिला से कहा कि सामरियों की आराधना के साथ एक समस्या यह थी कि वे नहीं जानते थे कि वे किसकी आराधना करते हैं (यूहन्ना 4:22)। ईश्वर को लेकर मनुष्य की अवधारणा उसकी सबसे महत्वपूर्ण विशेषता है और निश्चित रूप से उसके पूरे धर्म की नींव है। ईश्वर को पहिचानने में गलती करने से ज़्यादा गंभीर गलती और कोई नहीं हो सकती।

उसके बारे में कुछ विश्वास किए बिना परमेश्वर की आराधना करना असंभव है। यदि किसी व्यक्ति के पास ईश्वर की गलत अवधारणा है, तो वह उन विशेषताओं का सम्मान करेगा जो ईश्वर के पास नहीं हैं और उन विशेषाताओं का सम्मान करने में असफल होगा जो ईश्वर के पास हैं। उपासक का अपना चरित्र उस चरित्र के अनुसार बदल जाएगा जो उसे लगता है कि ईश्वर के पास है।

एक व्यक्ति यीशु के बारे में कुछ विश्वास किए बिना उद्धार के लिए यीशु पर अपना विश्वास नहीं ला सकता। यदि कोई व्यक्ति, यीशु के बारे में गलत बातों पर विश्वास करता है, तो उसके पास एक सिद्धांत है जो सुसमाचार का समर्थन नहीं करता है। वह एक झूठे सुसमाचार पर विश्वास कर सकता है जो उसे बचा नहीं सकता।

सत्य को स्थापित करने की ज़िम्मेदारी कलीसिया की है। प्रेरित पौलुस ने कहा कि कलीसिया "सत्य का खंभा और नींव है।"[1]

सत्य को स्थापित करने के लिए, कलीसिया की ज़िम्मेदारी है कि वह उसे समझाए और उसका बचाव करे। प्रेरित यहूदा हमें बताते हैं कि जब लोग गलत सिद्धांत सिखा रहे हैं, तो हमें "उस विश्वास के लिए संघर्ष करना चाहिए जो एक बार संतो को दिया गया था।"[2]

झूठा सिद्धांत एक बीमारी के समान है जो अपने परिणाम फैलाती है। सिद्धांत की[3] तुलना खमीर से की गयी है, जो धीरे-धीरे रोटी के एक पाव को प्रभावित करता है।[4]

परमेश्वर पासबानों को सत्य की रक्षा करने वाला अगुवा होने के लिए बुलाते हैं। पौलुस ने तीतुस से कहा कि एक पासबान से यह अपेक्षा की जाती है कि वह "[5] खरी शिक्षा से उपदेश दे और विरोधियों का मुँह भी बंद कर सके।" उसने यह भी कहा कि धोखेबाजों के कारण पूरे परिवार को सत्य से दूर किया जा रहा है।

यह पाठ्यक्रम उन सिद्धांतों के बारे में नहीं है जो विभिन्न मसीही कलीसियाओं को मेथोडिस्ट, बैपटिस्ट या पेंटेकोस्टल जैसी श्रेणियों में विभाजित करते हैं। ये कलीसियाएँ आम तौर पर इस पाठ्यक्रम के पीछे "धर्मसिद्धांत हस्तपुस्तिका" में संदर्भित आवश्यक बाइबल आधारित सिद्धांतों पर सहमत होते हैं। इसके बजाय इस पाठ्यक्रम में उन धार्मिक समूहों पर प्रकाश डाला गया है जो उन सिद्धांतों को नकारते हैं जो मसीही विश्वास की नींव हैं।

इस अध्याय में हम मसीहियों को धार्मिक मतभेद का सामना करने के लिए तैयार करने हेतु सात महत्वपूर्ण भागों का अध्ययन करेंगे।

व्यक्तिगत रूप से उद्धार का अनुभव

» धार्मिक बहस में पड़ने से पहले किसी व्यक्ति का उद्धार होना क्यों महत्वपूर्ण है?

यदि किसी व्यक्ति ने व्यक्तिगत रूप से परमेश्वर के अनुग्रह का अनुभव नहीं किया है, तो उसके पास (1) सत्य की आध्यात्मिक समझ की कमी होगी, (2) उसके प्रयासों में पवित्र आत्मा की शक्ति और ज्ञान नहीं होगा, और (3) उसके पास धार्मिक मदभेद के लिए गलत मकसद होंगे।

---

1 1 तीमुथियुस 3:15
2 यहूदा 3
3 2 तीमुथियुस 2:17
4 मत्ती 16:6
5 तीतुस 1:9

त्रुटि के खतरे को समझें

हमें धार्मिक त्रुटियों के खिलाफ बहस करने के लिए तैयार रहना चाहिए। धार्मिक त्रुटियों के गंभीर परिणाम होते हैं।

धार्मिक त्रुटियों के गंभीर परिणाम होते हैं क्योंकि:

1. हर धर्म आपको परमेश्वर में विश्वास करने और स्वर्ग जाने के लिए नहीं कहता है।

कुछ धर्म एक सर्वोच्च ईश्वर में विश्वास नहीं करते जो एक व्यक्ति है (बौद्ध धर्म)। लाखों धार्मिक लोग यह नहीं मानते हैं कि वे एक स्वर्ग में जा सकते हैं जहाँ वे एक निरंतर एक व्यक्ति के रूप में मौजूद रहेंगे (बौद्ध और अधिकांश हिंदू)।

2. कुछ धर्म बुरे चरित्र और बुरी गतिविधियों को पैदा करते हैं।

धर्म ने कभी-कभी मानव जाति के सबसे बुरी गतिविधियों को उचित ठहराया है, जैसे हिटलर द्वारा लाखों यहूदियों की हत्या। धर्म इस्लामी आंतकवादियों को हजारों लोगों की हत्या करने के लिए प्रेरित करता है।

3. धार्मिक राय व्यक्तिगत सोच का विषय नहीं है।

एक व्यक्ति जिस तरह से अपनी पंसद की टॉफी चुनता है उस तरह से उसे अपनी धार्मिक राय नहीं चुननी चाहिए। हर धर्म वास्तविकता को परिभाषित करने का दावा करता है। यदि लोग वास्तविक हैं, और यदि ब्रह्मांड वास्तविक है, और यदि ईश्वर वास्तविक है, तो कुछ धर्म वास्तविकता की व्याख्या करने में गलत हैं। उदाहरण के लिए यदि कोई सर्वोच्च ईश्वर है जो संसार का न्याय करेगा, तो जो लोग आत्माओं की उपासना करते और आत्माओं को अपने जीवन को नियंत्रित करने देते हैं (जीववाद और वूडू यानी जादू-टोना) न्याय के लिए तैयार नहीं होंगे। एक व्यक्ति को न केवल अपनी पसंद का धर्म चुनना चहिए बल्कि उसे वास्तविकता के अनुकूल धर्म चुनना चाहिए।

4. यह मायने रखता है कि एक व्यक्ति परमेश्वर का वर्णन कैसे करता है।

यदि कोई व्यक्ति किसी ऐसी चीज़ के बारे में बात कर रहा है जो वास्तविक नहीं है, तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह इसका वर्णन कैसे करता है। लेकिन यदि ईश्वर वास्तविक है तो उसके बारे में कुछ विचार सही हैं और कुछ विचार गलत। जैसा कि आपके बारे में दिए गए कुछ बयान गलत होंगे, वैसे ही परमेश्वर के बारे में कुछ बयान गलत हैं, क्योंकि वह वास्तविक है। क्योंकि यीशु परमेश्वर हैं और उसकी आराधना की जानी चाहिए, यह कहना एक भयानक गलती होगी कि वह केवल एक व्यक्ति है, जैसा कि कई धर्म करते हैं।

5. एक मनुष्य की अनंत मंजिल सत्य पर निर्भर करती है।

जब लोग उद्धार के लिए किसी ऐसी चीज़ पर भरोसा कर रहे हैं जो वास्तव में उन्हें बचा नहीं सकती है, तो हमें उनके हमेशा के लिए खो जाने से पहले उनके विचारों को बदलने की कोशिश करनी चाहिए।

धार्मिक त्रुटियों के गंभीर परिणाम होते हैं से सम्बंधित पांच कारणों की सूची की समीक्षा करें। देखें कि छात्र पृष्ठ को देखे बिना कितने कारण याद कर सकते हैं।

एक धनी व्यक्ति के घर में आग लग गई। अंदर कई कीमती चीजें थीं जिन्हें वह बचाना चाहता था। जब लोग मदद के लिए आगे आए, तो वे जलती हुई इमारत के अंदर जाने से डरते थे। घर के मालिक ने जल्दी से उन्हें प्लास्टिक के रेन कोट दिए। उसने उन्हें बताया कि कोट विशेष रूप से आग से बचने के लिए बनाए गए थे। उस पर भरोसा करते हुए वे इमारत में दाखिल हुए और उसकी मनचाही चीजों को बाहर निकालने की कोशिश की। उनमें से कुछ की मृत्यु हो गई क्योंकि कोट उनकी रक्षा नहीं कर सके। उनके विश्वास ने उन्हें नहीं बचाया क्योंकि उन्होंने एक ऐसी बात पर विश्वास किया जो सत्य नहीं थी।

परमेश्वर वास्तविक है, और स्वर्ग और नरक वास्तविक हैं। सभी पापों का अंतिम न्याय होगा और प्रत्येक व्यक्ति अनंत काल के लिए स्वर्ग या नरक में जाएगा। यदि किसी व्यक्ति का धर्म उसे गलत बात पर विश्वास करने के लिए प्रेरित करता है, तो परिणाम भयानक और अनंत होंगे। यदि यह सत्य नहीं है तो उसका धर्म उसे नहीं बचाएगा। इसलिए धार्मिक तर्क होना ज़रूरी है।

पंथ के सदस्यों को समझें

यह समझना महत्वपूर्ण है कि पंथ के सदस्य कैसे सोचते और महसूस करते हैं। यदि हम उनकी ज़रूरतों को नजर अंदाज़ करते हैं, तो हम सुसमाचार को इस तरह से पेश करने में असफल हो सकते हैं जिससे उनका ध्यान आकर्षित हो।

विचार करें कि आप पहली बार कलीसिया में कैसे आए। ऐसा शायद इसलिए नहीं था क्योंकि किसी ने आपको बहस में हराया था। इसलिए हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि हम किसी पंथ के सदस्य को केवल तर्क-वितर्क में हरा कर उसका धर्म परिवर्तन करा देंगे।

सत्य को सिद्ध करने के साधन के रूप में तर्क महत्वपूर्ण है, लेकिन केवल तर्क ही किसी व्यक्ति की प्रतिबद्धताओं को नहीं बदलता है।

यह खंड उन लोगों की कुछ विशेषताओं को प्रदान करता है जिन्होंने एक धार्मिक पंथ में शामिल होने का चुनाव् किया। ये विशेषताएँ अनिवार्य रूप से किसी ऐसे व्यक्ति का वर्णन नहीं करती हैं जिसका धर्म उसकी संस्कृति का हिस्सा है।

» आप उन लोगों के बारे में क्या जानते हैं जो एक पंथ में शामिल हो गए हैं? उनके पास आमतौर पर क्या विशेषताएं हैं।

1. पंथ के सदस्य विश्वास करते हैं कि उनके अगुवे ही सत्य का एकमात्र स्त्रोत हैं।

वह व्यक्ति सोच सकता है कि वह अपने विश्वास को संस्थापक की शिक्षाओं और पंथ के शास्त्रों से प्राप्त कर रहा है, लेकिन वह समझता उन बातों को है जो अगुवे उसे बताते हैं। इस प्रकार वह पंथ के लेखन और प्रकाशनों में अंतर्विरोधों को अनदेखा कर सकता है।

पंथ के अगुवे सत्य का एकमात्र स्त्रोत बनने के उद्देश्य से अद्वितीय सिद्धांत सिखाते हैं जो और कहीं नहीं पाए जाते। वे एक अंतिम आधार प्रदान करते हैं, या तो लिखित या जीवित, जो व्यवहारिक रूप में बाइबल का स्थान ले लेते हैं, भले ही वे बाइबल पर विश्वास करने का दावा करते हों।

2. पंथ का सदस्य सामान्य रूप से मसीही कलीसिया पर विश्वास नहीं करता।

पंथ के सदस्यों को सिखाया जाता है कि मसीही कलीसिया धर्मत्यागी है, उनके पास सत्य नहीं है, और उनके पास परमेश्वर की आशीष नहीं है। पंथ के अगुवे लगातर मसीही कलीसियाओं का उपहास करते हैं। इसके विपरीत, वास्तविक मसीही कलीसियाएँ स्वीकार करती हैं कि अन्य कलीसियाओं में भी सच्चाई है जो एक व्यक्ति के परमेश्वर को जानने और स्वर्ग पाने के लिए आवश्यक है।

कुछ पंथ अगुवे नए प्रकाशन के निरंतर प्रवाह को बनाए रखते हैं, इसलिए उनके लोग सोचते हैं कि वे सत्य का प्राथमिक स्त्रोत है।

3. पंथ का सदस्य कलीसिया के इतिहास और परंपरा से अनभिज्ञ है।

पंथ के सदस्यों को इस बात का बहुत कम ज्ञान है कि कलीसिया ने अतीत के मुद्दों का सामना कैसे किया है। वे यह नहीं समझते कि बाइबल को कैसे संरक्षित किया गया। वे नहीं जानते कि कौन से सिद्धांत सुसमाचार की नींव है और मसीहियत के लिए आवश्यक हैं। उन्हें लगता है कि कलीसिया अपने अधिकांश इतिहास के लिए अपने सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांतों पर गलत रही है। उन्हें इस बात का एहसास नहीं है कि मूलभूत सिद्धांतों को खारिज करके वे एक नए धर्म का हिस्सा बन गए हैं।

4. पंथ का सदस्य सताव और मतभेद की अपेक्षा करता है।

यदि आप पंथ के किसी सदस्य के साथ बहस करते हैं, तो वह मानता है कि आप धोखेबाज, अज्ञानी, गलत इरादों का पालन करने वाले, और शायद शैतान द्वारा नियंत्रित किए गए हैं।

पंथ के सदस्य अन्य धार्मिक लोगों द्वारा सताए जाने की अपेक्षा करते हैं। यदि कोई उनके साथ गलत व्यवहार करता है, तो इससे उनके सही होने की पुष्टि होती है।

5. पंथ के सदस्य के पास ऐसी मान्यताएँ होती हैं जो एक दूसरे के विपरीत हैं।

यह ऐसा है जैसे पंथ का सदस्य अपनी मान्यताओं को अलग-अलग डिब्बों में रखता है। वह एक डिब्बे के विश्वास की तुलना दूसरे के साथ नहीं करता। जब लोग विरोधाभासों की ओर इशारा करते हैं तो उन्हें आश्यर्च होता है, और उन्हें इसे सुलझाने की आवश्यकता महसूस नहीं होती।

6. पंथ का सदस्य तर्क से अधिक अनुभव से आश्वस्त था।

पंथ के सदस्य जब बाहरी लोगों के सामने अपने सिद्धांत प्रस्तुत करते हैं तो आप उन्हें तर्क करते हुए देख सकते हैं। हालांकि उनका तर्क पंथ के अंधविश्वास पर आधारित होता है। वे जिन बातों पर पहले से ही विश्वास करते हैं, उनका समर्थन करने के लिए कारणों का पता लगाते हैं।

उसने पंथ को इसलिए स्वीकार किया क्योंकि उसे सदस्यों द्वारा प्यार और स्वीकृति मिली, या उसे उनकी आराधना के समय अच्छा महसूस हुआ, या किसी ऐसे ही व्यक्तिगत आत्मिक अनुभव के कारण। पंथ के साथ एक संबंध को स्थापित करने के बाद, उन्होंने उनकी शिक्षाओं का मूल्यांकन किए बिना उन्हें स्वीकार करना शुरू कर दिया। जब बाहरी लोग सिद्धांतो के साथ बहस करते हैं, तो उन्हें लगता है कि वे समझ नहीं पा रहे हैं कि उन्होंने क्या अनुभव किया है। वह सोचता है कि यदि वह उन्हें तर्कों और अनुभवों से परे ले जा सका तो वे आश्वस्त हो जाएंगे।

7. पंथ का सदस्य एक अलग तरह के सुसमाचार को मानता है।

लोगों को वफादार बनाने के लिए, एक पंथ के लिए केवल मामूली सिद्धांतों में अद्वितीय होना काफी नहीं है; उसे कुछ आवश्यक क्षेत्रों में अद्वितीय होना ज़रूरी है। इसलिए एक पंथ के विशिष्ट सिद्धांतों में एक अलग सुसमाचार शामिल है। पंथ के सदस्य मानते हैं कि पंथ के माध्यम से ही उद्धार मिलता है।

8. पंथ का सदस्य आत्मिक रूप से असंतुष्ट होता है।

उसका उद्धार न होने के कारण, उसके पास क्षमा का आश्वासन नहीं है; उसके पास पाप की शक्ति पर विजय नहीं है; उसके पास वह आनंद नहीं है जो परमेश्वर के साथ संबंध से आता है; और उसकी अपने पंथ के साथी सदस्यों के साथ सच्ची मसीही संगति नहीं है। उसे सुसमाचार सुनने की आवश्यकता है।

झूठे धर्म की उत्पत्ति को समझना

» झूठे धर्म कहाँ से आते हैं?

यह सोचना कि एक झूठा धर्म केवल लाभ के उद्देश्य से, झूठे अनुभव से, या दुष्टात्माओं से आता है, धर्म की जटिलता को गलत समझना है। झूठे धर्मों को प्रतिउत्तर देना के लिए हमें उनकी उत्पत्ति के कई तत्वों को समझना चाहिए।

1. मानवीय तर्क

झूठे धर्मों को बुद्धिमान लोगों द्वारा विकसित किया और समझाया जाता है जो परमेश्वर के प्रकाशन और पवित्र आत्मा के मार्गदर्शन के बिना धार्मिक विश्वासों के बारे में तर्क करते हैं (1कुरिन्थियों 2:6-9)।

2. व्यक्तिगत लाभ का मकसद

सभी धार्मिक शिक्षक ईमानदार नहीं होते। बाइबल सिखाती है कि झूठे धर्म सिद्धांत ऐसे लोगों द्वारा सिखाए जाते हैं जिन्होंने अपने विवेक कि नहीं सुनी है, सत्य को ठुकरा दिया और जो पांखड़ी हैं (1 तीमुथियुस 1:5-6, 19; 1 तीमुथियुस 4:2)। कुछ धार्मिक अगुवे अपनी झूठी शिक्षाओं के द्वारा धनी हो गए हैं (2 पतरस 2:1-3)।

3. आत्मिक अंधापन

जिन लोगों का परमेश्वर के साथ संबंध नहीं है वे आत्मिक रूप से अंधे हैं। उनमें न केवल आत्मिक बोध का अभाव होता है, बल्कि उनका स्वभाविक बोध भी ठीक नहीं है (2 कुरिन्थियों 4:3-4)।

4. सत्य की अस्वीकृति

पवित्र आत्मा संसार को पाप, धार्मिकता और न्याय के लिए कायल करने में विश्वासयोग्य

है (यूहन्ना 16:7-11)। जो व्यक्ति सत्य को ठुकराता है, वह जानबूझकर चुनाव कर रहा है। इसलिए समझाना और स्पष्टीकरण उसके हृदय को बदलने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। बाइबल कहती है कि एक व्यक्ति जो आवश्यक सिद्धांतों गलती करता है, उसे कलीसिया से निकाल दिया जाना चाहिए क्योंकि वह पाप कर रहा है (तीतुस 3:10-11)।

5. आत्मिक अनुभव

झूठे धर्म केवल आडम्बरी कर्मकांड नहीं हैं। दुष्टात्माएँ झूठी उपासना में शामिल हैं। बाइबल हमें बताती है कि जो लोग मूर्तियों की पूजा करते हैं वे दुष्टात्माओं की पूजा कर रहे हैं (1 कुरिन्थियों 10:20-21)। इसका अर्थ है कि झूठे धर्मों में लोगों को आत्मिक अनुभव होते हैं।

6. झूठा प्रकाशन

झूठे धर्मों के सिद्धांत सभी मानवीय अविष्कार नहीं हैं। बाइबल हमें बताती है कि ऐसी शिक्षाएँ भी हैं जो दुष्टात्माओं की ओर से आती है (1 तीमुथियुस 4:1)।

ऊपर दिए गए छः बिंदुओं पर चर्चा करने के बाद, देखें कि छात्र अपने पेपर को देखे बिना कितने बिंदुओं का नाम और व्याख्या कर सकते हैं।

पंथों के सामान्य लक्षण [6]

- समूह अपने मानवीय अगुवे के प्रति उत्साह और निर्विवाद प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है, और उनकी विश्वास पद्धतियों और प्रथाओं को पूर्ण सत्य मानता है।
- प्रश्न, संदेह और असहमति को निरुत्साहित किया जाता है, या दंडित भी किया जाता है।
- समूह मन को बदलने वाली प्रथाओं (जैसे ध्यान, जप और उन्माद से भरी आराधना) का उपयोग करता है।
- अगुवे तय करते हैं कि सदस्यों को कैसे सोचना, कार्य करना और महसूस करना चाहिए (उदाहरण के लिए, सदस्यों को किससे मिलना, शादी करने या नौकरी बदलने की अनुमति मिलनी चाहिए। अगुवे निर्धारित करते हैं कि क्या पहनना है, कहाँ रहना है, सदस्यों के बच्चे होने चाहिए या नहीं, आदि)।
- समूह अपने लिए, अपने अगुवे और अपने सदस्यों के लिए एक विशेष, उच्च दर्जे

6 http://www.apologeticsindex.org/268-characteristics-of-cults से लिया गया। प्राप्ति तिथि जून 3, 2020

का दावा करता है (उदाहरण के लिए, अगुवे को एक विशेष जन या मसीहा माना जाता है)।

- अगुवे किसी भी अधिकारी के प्रति जावाबदेह नहीं हैं।
- अगुवा सदस्यों को नियंत्रित करने के लिए शर्म/या दोष भावनाओं को प्रेरित करता है।
- अगुवे या समूह के प्रति अधीनता का अर्थ होता है कि सदस्यों को परिवार और दोस्तों के साथ संबंध तोड़ने और अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों को मौलिक रूप से बदलने की आवश्यकता है।
- समूह नए सदस्यों को लाने में व्यस्त रहता है।
- समूह पैसा बनाने में व्यस्त रहता है।
- सदस्यों से अपेक्षा की जाती है कि वे समूह और समूह से संबंधित गतिविधियों के लिए अत्यधिक राशि समर्पित करें।
- सदस्यों को केवल समूह के अन्य सदस्यों के साथ रहने और/या केवल उन्हीं के साथ मेल-जोल रखने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जाता या इसकी मांग की जाती है।

सुसमाचार को साझा करें

पंथ के विशेष लक्षणों समझना और त्रुटियों का खंडन करना सीखना अच्छा है। हालांकि, सुसमाचार को साझा करना सबसे महत्वपूर्ण कार्य है।

सुसमाचार को साझा करने का अवसर प्राप्त करने के लिए, छोटी-छोटी बातों पर बहस करने में समय बर्बाद न करें। पंथ के सदस्य को उसके पंथ के बारे में ऐतिहासिक तथ्यों के विषय पर बहस करके नाराज न करें, जिसे आप साबित नहीं कर सकते। उन बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करें जो सुसमाचार के लिए आवश्यक हैं, और उन्हें उत्तर दिए बिना उन बिंदुओ से बचने की अनुमति न दें।

जब बातचीत समाप्त हो जाती है, तो यह सबसे महत्वपूर्ण है कि उन्होंने यह संदेश सुना हो कि उद्धार कैसे पाएं। अन्य बातों के विषय में तर्क उनका उद्धार नहीं कराएगा, भले ही आप उनकी तुलना में उनसे बेहतर बहस करें।

पंथ के किसी सदस्य से बात करते समय, एक मसीही के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वह व्यक्ति के लिए ईमानदारी और चिंता दिखाए। मसीही विश्वासी को उस व्यक्ति के समान होना

चाहिए जो अपने मित्र की चिंता करता है। एक मसीही विश्वासी को उसी प्रकार क्रोधित होना चाहिए जिस प्रकार किसी मित्र को हानि पहुँचाने वाले व्यक्ति के प्रति क्रोध होता है। यदि पंथ का सदस्य आपको शत्रु के रूप में देखता है तो वह आश्वस्त होने से इंकार कर देगा। यदि चर्चा एक प्रतियोगिता की तरह दिखाई देती है तो वह कभी हार नहीं मानेगा।

एक मसीही को प्रेम, स्वीकृति, सच्ची चिंता और सच्चाई के प्रति खुलापन दिखाना चाहिए - जिससे दिखे कि वह वास्तव में समझना चाहता है।

कलीसिया का प्रदर्शन करें

एक स्वस्थ स्थानीय कलीसिया किसी समुदाय में पंथ प्रभाव पर अंतिम जीत है।

पंथ के सदस्यों को सुसमाचार प्रचार केवल व्यक्तियों को राजी करने के द्वारा नहीं किया जा सकता है। एक व्यक्ति आमतौर यह सोचे बिना अपना धर्म नहीं बदलता कि वह किस विश्वास के समुदाय को छोड़ देगा और किस में वह प्रवेश करेगा। यदि एक पंथ का सदस्य किसी मसीही व्यक्ति की गवाही से आकर्षित होने लगता है, तो वह उस विश्वास के समुदाय को देखना चाहता है जिसका वह मसीही व्यक्ति प्रतिनिधित्व करता है। वह देखना चाहता है कि विश्वास को वास्तव में कैसे जिया जाता है। वह मानता है कि जो संदेश वह सुन रहा है उस संदेश ने पहले से ही विश्वास का एक समुदाय बना रखा है जिसमें यदि वह परिवर्तित हो जाता है तो वह प्रवेश करेगा।

इसका मतलब है कि स्थानीय कलीसिया की स्वभाव अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक ऐसे व्यक्ति के लिए आकर्षक होने के लिए जो विश्वास के एक अलग समुदाय को छोड़कर दूसरे में प्रवेश करने पर विचार कर रहा है, स्थानीय कलीसिया में कुछ विशेषताएँ होनी चाहिए।

» कलीसिया की क्या विशेषताएँ है जो लोगों को एक पंथ से अलग होने के लिए आकर्षित कर सकती हैं?

एक आकर्षक स्थानीय कलीसिया के लक्षण

- इसमें सदस्य दिखाते हैं कि परमेश्वर के साथ उनका रिश्ता वास्तविक और संतोषजनक है। (पंथ के सदस्य का पमेश्वर के साथ कोई संबंध नहीं है।)
- इसमें कलीसिया सिद्धांतों को वास्तविकता के विवरण के रूप में और परमेश्वर के साथ संबंध के लिए शर्त के रूप में प्रस्तुत करती है। (पंथ के सिद्धांत एक दूसरे का खंडन करते हैं और एक व्यक्ति को परमेश्वर के पास नहीं लाते हैं।)

- इसमें कलीसिया प्रदर्शित करती है कि वे परमेश्वर की आराधना करने का आनंद लेती है। (पंथ की आराधना मानवीय, शारीरिक और शैतानी होती है।)

- इसमें कलीसिया के सदस्य जीवन के उद्देश्य को अनंत काल के दृष्टिकोण से दिखाते हैं। (पंथ अनंत प्राथमिकताओं के लिए काम करने का दावा करते हैं। कलीसिया को यह दिखाना चाहिए कि आज कैसे अनंत काल के मूल्यों के साथ जीना है।)

- इसमें कलीसिया सांसारिक लक्ष्यों के बजाय सेवकाई की प्राथमिकता को दर्शाती है। (पंथ सेवकाई के प्रति प्रतिबद्धता की मांग करते हैं, लेकिन उनके अगुवों के पास सांसारिक लक्ष्य होते हैं।)

- इसमें कलीसिया का संदेश गहरी आत्मिक आवश्यकताओं को पूरा करता है। (पंथ में वह सुसमाचार नहीं है जो आत्मिक आवश्यकताओं को पूरा करता हो।)

- इसमें कलीसिया विश्वास वाला एक ऐसा परिवार है जो अपने सदस्यों से प्रेम करता है और उनकी परवाह करता है। (पंथ अपने सदस्यों की देखभाल करने का दावा कर सकता है, लेकिन सच्ची मसीही संगति नहीं रख सकता।)

» ऐसे कौन सी विशिष्ट कार्य हैं जिन्हें आप एक कलीसिया में देखने की अपेक्षा करेंगे जिनमें सूचीबद्ध विशेषताएं पाई जाती हैं?

पवित्र आत्मा पर निर्भर होना

हमेशा याद रखें कि केवल पवित्र आत्मा ही पापियों को उनके अपराध को जानने, सच्चाई को समझने और परमेश्वर के लिए चाहत को उत्पन्न करने में मदद कर सकता है। एक सुसमाचार प्रचारक तब तक प्रभावी नहीं हो सकता जब तक वह पवित्र आत्मा द्वारा निर्देशित और अभिषिक्त न हो।

» पवित्र आत्मा पर निर्भर व्यक्ति और पवित्र आत्मा पर निर्भर न रहने वाले व्यक्ति के बीच आप अंतर का वर्णन कैसे करेंगे?

अध्याय 2

सुसमाचार के आवश्यक बिंदु

सुसमाचार के आवश्यक बिंदु

निम्नलिखित बिंदु सुसमाचार के लिए आवश्यक हैं। एक व्यक्ति के लिए उन्हें पूरी तरह से जाने बिना उद्धार पाना संभव है। हालांकि इनमें से किसी भी बिंदु का इंकार सुसामाचार की नींव को छीन लेता है। एक व्यक्ति या संगठन जो इनमें से किसी भी अनिवार्यता को अस्वीकार करता है, उद्धार के झूठे साधनों पर भरोसा करते हुए, एक और सुसमाचार विकसित करने की ओर अग्रसर होगा।

जब आप किसी के साथ सुसमाचार साझा करते हैं, तो कुछ बिंदु विशेष रूप से उन त्रुटियों के कारण महत्वपूर्ण होंगे जिन पर वह पहले से विश्वास करता है। उदाहरण के लिए, यदि वह मानता है कि उद्धार केवल एक निश्चित संगठन के माध्यम से है, तो वह विश्वास करेगा कि संगठन की सदस्यता कि मांगों को पूरा करना उद्धार पाने के लिए आवश्यक शर्त है। उसे यह जानने की जरूरत है कि एक व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से क्षमा प्राप्त करता है और परमेश्वर के साथ सीधे संबंध में आता है।

1. **परमेश्वर ने मनुष्य को अपने स्वरूप में बनाया ताकि वह उसके साथ संगति रख सके (उत्पत्ति 1:27, प्रेरितों 17:24-28)।**

यह सत्य हमारे अस्तित्व के उद्देश्य और उद्धार के लक्ष्य को दर्शाता है। इस सत्य का उन धर्मों द्वारा खंडन किया जाता है जो सभी लोगों से प्रेम रखने वाले परमेश्वर के व्यक्तित्व पर विश्वास नहीं रखते। यह सत्य संसार के साथ वास्तविक समस्या को दर्शाता हैं; लोग परमेश्वर के साथ संबंध में नहीं हैं।

» यदि एक व्यक्ति विश्वास नहीं करता कि परमेश्वर उससे प्रेम करते हैं, तो क्या होगा?

2. **आरम्भिक लोगों ने पाप किया और परमेश्वर से अलग हो गए (उत्पत्ति 3:3-6, यशायाह 59:2)।**

यह पाप की उत्पत्ति और संसार की स्थिति के कारण को दर्शाता है। पाप के कारण संसार में दुःख और पीड़ा है। परमेश्वर की रचना के कारण अभी भी आनंद और उद्देश्य है, लेकिन दुनिया वैसी नहीं है जैसी परमेश्वर ने इसकी योजना बनाई थी।

» यदि एक व्यक्ति विश्वास न करे कि वास्तव में पाप संसार की वास्तविक समस्या है, तब क्या होगा?

3. हम में से प्रत्येक ने परमेश्वर के विरूद्ध पाप किया है (रोमियों 3:10, 23)।

प्रत्येक व्यक्ति परमेश्वर के विरूद्ध जानबूझकर किए गए पाप का दोषी है। ऐसा कोई व्यक्ति नहीं है जिसने हमेशा वही किया हो जो सही है।

» यदि एक व्यक्ति सोचता है कि वह अपने द्वारा किए गए कार्यों को सही ठहरा सकता है, तब क्या होगा?

4. प्रत्येक पापी जिसे दया नहीं मिलती, उसका परमेश्वर द्वारा न्याय किया जाएगा और वह अनंत दंड का दोषी ठहरेगा (इब्रानियों 9:27, रोमियों 14:12, प्रकाशितवाक्य 20:12)।

यह पापी की उद्धार की आवश्यकता की गंभीरता और तात्कालिकता को दर्शाता है।

» यदि एक व्यक्ति विश्वास नहीं करता है कि एक धर्मी परमेश्वर है जो उसके पापों के विषय में क्रोधित है, तब क्या होगा?

5. एक व्यक्ति परमेश्वर के विरूद्ध किए गए पापों का भुगतान करने के लिए कुछ भी नहीं कर सकता (रोमियों 3:20, इफिसियों 2:4-9)।

अच्छे काम और वरदान पाप के लिए भुगतान नहीं कर सकते क्योंकि पाप एक अनंत परमेश्वर के विरूद्ध है और सब कुछ पहले से उसी का है।

» यदि कोई एक व्यक्ति यह मानता है कि उसे स्वयं को क्षमा के योग्य बनाना चाहिए, तब क्या होगा?

6. क्षमा के लिए एक आधार होना चाहिए क्योंकि पाप गंभीर है और परमेश्वर न्यायी है (रोमियों 3:25-26)।

परमेश्वर क्षमा करना चाहता है, परन्तु यदि वह बिना किसी आधार के क्षमा करता है, तो पाप तुच्छ प्रतीत होगा, और परमेश्वर अन्यायी प्रतीत होगा।

» मसीह की मृत्यु क्यों आवश्यक थी?

7. यीशु, परमेश्वर के पुत्र, ने एक सिद्ध जीवन जिया और एक बलिदान के रूप में मर गया ताकि हमें क्षमा किया जा सके, एक पवित्र परमेश्वर के सामने धर्मी बनाया जा सके, और अनंत जीवन प्राप्त किया जा सके (यूहन्ना 3:16, रोमियों 5:8-9)।

क्योंकि यीशु परमेश्वर का पुत्र है, उसके बलिदान का अनंत मूल्य है और यह संसार में किसी को भी क्षमा करने का आधार प्रदान करता है। यदि वह केवल एक मनुष्य मात्र होता, तो उसके बलिदान का सीमित मूल्य होता। यदि वह परमेश्वर नहीं होता तो वह हमें पूरी तरह से बचाने में सक्षम नहीं होता, और हमें उद्धार का दूसरा रास्ता खोजना पड़ता।

» कुछ धर्म क्यों सिखाते हैं कि लोगों को कामों के द्वारा उद्धार मिलेगा?

8. यीशु परमेश्वर के पुत्र के रूप में अपनी पहचान को साबित करते हुए, और अनंत जीवन देने की अपनी सामर्थ्य का प्रदर्शन करते हुए शारीरिक रूप से मृतकों में से जी उठा, (यूहन्ना 11:25-26, यूहन्ना 20:24-28, रोमियों 1:4, प्रकाशितवाक्य 1:18)।

जो पंथ यीशु के पुनरूत्थान को नकारते हैं, आमतौर पर उसके ईश्वरत्व और उद्धार के लिए उसके बलिदान की पर्याप्तता को भी नकारते हैं। फिर वे उद्धार के अन्य उपायों का आविष्कार करते हैं।

» यीशु के मुर्दों में से जी उठने के कारण हम किन-किन बातों को जानते हैं?

9. यीशु का बलिदान उद्धार के लिए पर्याप्त है (इफिसियों 2:8-10, 1यूहन्ना 2:2)।

उद्धार *अनुग्रह* के द्वारा, *विश्वास* से, *केवल* यीशु मसीह में है, भले कामों से नहीं। कई धर्म सिखाते हैं कि एक व्यक्ति आंशिक रूप से अपना उद्धार अर्जित कर सकता है। यह लोगों को एक धार्मिक संगठन के नियंत्रण में रखता है जो उन्हें बताता है कि उद्धार पाने के लिए क्या करना चाहिए।

» कुछ लोग ऐसा क्यों सोचते हैं कि उनके धार्मिक संगठन के बिना उनका उद्धार नहीं हो सकता?

10. परमेश्वर प्रत्येक उस व्यक्ति को बचाता है जो यह स्वीकार करता है कि वह पापी है, अपने पाप से पश्चाताप करता है, और सुसमाचार पर विश्वास करता है (मरकुस 1:15, 1 यूहन्ना 1:9)।

किसी भी मानवीय संगठन को यह अधिकार नहीं है कि वह उद्धार के लिए आवश्यकताओं में वृद्धि करे या उद्धार के किसी अन्य साधन की पेशकश करे।

» किस तरह के व्यक्ति को यह विश्वास करने का अधिकार है कि उसका उद्धार हुआ है?

11. पश्चाताप का अर्थ है कि एक व्यक्ति अपने पापों के लिए खेदित है और अपने पापों को छोड़ने के लिए तैयार है (यशायाह 55:7, यहेजकेल 18:30, यहेजकेल 33:9-16, मत्ती 3:8)।

पश्चाताप का अर्थ यह नहीं है कि एक व्यक्ति को परमेश्वर द्वारा स्वीकार किए जाने से पहले अपने जीवन को परिपूर्ण बनाना होगा। पापी को उसके पापों की शक्ति से केवल परमेश्वर ही छुड़ा सकता है। पश्चाताप का अर्थ यह है कि व्यक्ति को अपने पापों के लिए इतना खेद है कि वह उनसे मुड़ने के लिए तैयार है। यदि कोई व्यक्ति अपने पापों को छोड़ने के लिए तैयार नहीं है तो उसका उद्धार नहीं हो सकता।

» पश्चाताप के बिना किसी व्यक्ति को क्षमा क्यों नहीं किया जा सकता?

12. एक पश्चातापी, अर्थात विश्वास करने वाला पापी परमेश्वर से उसे बचाने के लिए प्रार्थना करने पर उद्धार पाता है (रोमियों 10:13, प्रेरितों 2:21)।

यीशु के कारण प्रत्येक व्यक्ति की परमेश्वर की दया तक पहुंच है। किसी व्यक्ति को परमेश्वर की दया प्राप्त करने के लिए किसी संस्था या मानवीय बिचवई की आवश्यकता नहीं है। एक व्यक्ति इसे व्यक्तिगत रूप से प्राप्त करता है और परमेश्वर के साथ सीधा संबंध शुरू हो जाता है।

» हम कैसे जानते हैं कि एक व्यक्ति क्षण भर में मसीही बन सकता है?

अध्याय 3

मॉर्मनवाद

पहली मुलाकात

जॉन उनसे पहली बार तब मिले जब वह अपने घर के रास्ते में एक पार्क से गुजर रहे थे। वे दो युवक थे, जिन्होंने काली पैंट और सफेद कमीज पहनी थी, और दोनों ने नाम के बिल्ले लगा रखे थे। वे मिलनसार थे और उससे अपने धर्म के बारे में बात करना चाहते थे। जॉन ने सुना और बहुत सारे प्रश्न नहीं पूछे। वे एक सामान्य कलीसिया से आने वाले की तरह लग रहे थे और ऐसा लग रहा था कि वे वही बातें कह रहे हैं जो उसने कलीसिया में सुनी थीं। उन्होंने कहा कि वे चर्च ऑफ जीसस क्राइस्ट ऑफ लैटर-डे सेंट्स से थे, जिन्हें मॉर्मनवादी भी कहा जाता है।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन - भाग 1

यशायाह 41 को एक साथ जोर से पढ़िए। प्रत्येक छात्र एक अनुच्छेद लिखे जो इस पवित्रशास्त्र के इस खण्ड को सारांशित करता हो। यह खंड हमें परमेश्वर के बारे में क्या बताता है? प्रत्येक छात्र से कथनों की एक सूची लिखने को कहें। एक समूह के रूप में आपने जो लिखा है उस पर चर्चा करें।

मॉर्मनवाद

उत्पत्ति और इतिहास

मोर्मोवाद की शुरूआत जोसेफ स्मिथ नाम के एक व्यक्ति से हुई थी। जोसेफ ने दावा किया कि 1820 में एक दिन, उसने प्रार्थना की कि परमेश्वर उसे दिखाए कि कौन सी कलीसिया सही है। प्रार्थना करते हुए उसने एक दर्शन देखा। उसने सफेद वस्त्र पहने हुए दो व्यक्तियों को देखा जो यीशु और परमेश्वर पिता थे। परमेश्वर ने उसे बाताया कि कोई भी कलीसिया सही नहीं थी और उनकी मान्यताएँ घृणित थीं।

» इस दर्शन में ऐसी कौन सी कुछ चीजें है जो बाइबल के आधार पर गलत हैं?

जोसेफ ने बाद में एक दर्शन देखने का दावा किया जिसने उसे दिखाया कि उसे किस पर खोदना है जहां पर लिखी हुई सोने कुछ प्लेटें मिलेंगी। उसने जादुई चश्मे की सहायता से इस लेखों का अनुवाद किया और इसे *मॉर्मनवाद की पुस्तक* के रूप में प्रकाशित किया। स्वर्गदूत उन प्लेटों या चश्मे को सुरक्षित रखने के लिए स्वर्ग में ले गए, इस कारण किसी और ने उन्हें कभी नहीं देखा।

जोसेफ मेसोनिक सभा का सदस्य था, उसने मॉर्मनवाद के गुप्त अनुष्ठानों और नियमावली से की प्रतिलिपि बनाई जिसमें खून की शपथ, पासवर्ड और गुप्त हाथ मिलाना शामिल है।[7]

न्यू यॉर्क में 1830 में मॉर्मनवादी कलीसिया को संगठित किया गया। 1839 में, वे पहले नौवो, इलिनोइस, फिर मिसौरी चले गए। स्मिथ ने कहा कि मिसौरी मॉर्मनवाद के लिए प्रतिज्ञा किया गया स्थान था, और यह कि मंदिर इन्डीपेन्डेन्स, मिसौरी में बनाया जाएगा।[8] मंदिर कभी नहीं बनाया गया, और मॉर्मनवादी फिर वहां से चले गए। स्मिथ ने कई भविष्यद्वाणियाँ की जो कभी सच नहीं हुईं।[9]

स्मिथ ने कहा, "मैं किसी अन्य व्यक्ति की तुलना में अधिक घमंड कर सकता हूँ। मैं जो आदम के दिनों से अब तक पहला अकेला आदमी हूँ जो पूरी कलीसिया को एक साथ रखने में सक्षम रहा। एक बड़ा बहुमत मेरे साथ खड़ा हुआ है। न पौलुस, पतरस, और न ही यीशु ने कभी ऐसा काम किया था। मैं घमंड करता हूँ कि मेरे जैसा काम कभी किसी ने नहीं किया। यीशु के चेले उससे दूर चले गए थे; लेकिन अंतिम-दिनों के संत अभी तक मुझसे दूर नहीं हुए हैं।"[10]

जोसेफ ने एक अखबार के प्रिंटिंग प्रेस पर हमला किया और उसे नष्ट कर दिया, जिसने उसकी बहुविवाह प्रथा की निंदा की थी।[11] जब जोसेफ जेल में अपने मुकदमें की प्रतीक्षा कर रहा था, एक भीड़ ने जेल पर हमला किया और जोसेफ और उसके भाई हीराम को मार डाला।

स्मिथ ने अपने बेटे का नाम अपने उत्तराधिकारी घोषित किया था, लेकिन स्मिथ की मृत्यु के बाद अधिकांश भीड़ ने बिघ्रम यंग का अनुसरण किया और "प्रतिज्ञा किया हुआ देश" छोड़कर सॉल्ट लेक सिटी चले गए।

---

7 मोर्मोंस में बहुत से गुप्त विधान पाए जाते हैं जिन्हें मेसोनिक सभा से लिया गया है। बाइबल कहती है कि प्रेरितों को कोई गुप्त धर्म नहीं था वरन वे हर विश्वास की गयी चीज़ का खुलकर अभ्यास करते थे। 2कुरिन्थियों 4:2 और 2 तीमुथीयुस 2:2 को देखें।

8 जोसेफ स्मिथ, सिद्धान्त व वाचाएं, खण्ड 57।

9 बाइबल कहती है कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा की गयी भविष्यद्वाणी पूरी नहीं होती है तो वह भविष्यद्वक्ता नहीं हो सकता। व्यवस्थाविवरण 18:22 को देखें।

10 जोसेफ स्मिथ, सिद्धान्त व वाचाएं, खण्ड 57।

11 बाइबल कहती है कि पासबान को नीच कमाई का लोभी और मारपीट करने वाला नहीं होना चाहिए। तीतुस 1:7 को देखें।

मॉर्मनवादियों का मानना था कि वास्तविक मसीहियत प्रेरितों की मृत्यु के साथ समाप्त हो गई थी और जब तक स्मिथ ने मॉर्मनवादी कलीसिया की शुरूआत नहीं की, तब तक पृथ्वी पर मसीहियत अस्तित्व में नहीं थी।

» मार्मोन कलीसिया में कुछ शुरूआती घटनाएं क्या हैं जो हमें संदेह करने पर विवश करती हैं कि पृथ्वी पर सच्ची मसीहियत को पुनःस्थापित किया गया?

वर्तमान प्रभाव

कई अलग-अलग मॉर्मनवादी संप्रदाय पाए जाते हैं जो जोसेफ स्मिथ द्वारा शुरू किए गए मूल आंदोलन से अलग हो गए हैं। उनमें से कुछ बहुत छोटे हैं।

मॉर्मनवादियों की सबसे बड़ी कलीसिया का मुख्यालय सॉल्ट लेक सिटी, ऊटाह में है जो 14,700,000 की विश्वव्यापी सदस्यता का दावा करता है। वे 177 भाषाओं में सामग्री प्रकाशित करते हैं।

उनके पास लगभग 80,000 पूर्णकालिक मिशनरी हैं।[12] मिशनरी आमतौर पर युवा वयस्क होते हैं जो 1.5 या 2 वर्षों के लिए स्वयंसेवा करते हैं। उन्हें अपनी मर्जी से स्थान न चुनते हुए कहीं भी भेजा जा सकता है जहाँ मॉर्मनवादी सेवकाई है। वे बिना वेतन के काम करते हैं।

मॉर्मनवाद के कठिन सिद्धांत

बहुविवाह

जोसेफ स्मिथ ने दावा किया कि बहुविवाह की आज्ञा परमेश्वर ने दी थी क्योंकि मनुष्य मृत्यु के बाद देवता बन जाते हैं[13], यही हरेक मॉर्मनवादी का अंतिम लक्ष्य है। पुरूषों को अनंत काल के लिए कई पत्नियाँ रखनी चाहिए थी, ताकि वे नई दुनिया को उसी प्रकार आबाद कर सकें जिस प्रकार परमेश्वर ने पृथ्वी को आबाद किया था।[14]

स्मिथ ने 27 पत्नियों से विवाह किया। सबसे छोटी 14 साल की थी। उनमें से कई पहले से ही अन्य पुरूषों के साथ विवाहित थीं, लेकिन स्मिथ ने कहा पिछले विवाह वैध नहीं थे जो मॉर्मनवाद से बाहर किए गए थे।[15] स्मिथ के बाद के अगुवे ब्रिघम यंग की 57 पत्नियाँ और 165 बच्चे थे।

---

12 2014 में अभिलिखित।

13 बाइबल कहती है कि पासबान की केवल एक ही पत्नी होनी चाहिए। तीतुस 1:6 को देखें।

14 जोसेफ स्मिथ, सिद्धान्त व वाचाएं, भाग 132

15 बाइबल कहती है कि अगर कोई व्यक्ति किसी तलाकशुदा व्यक्ति से विवाह करता है तो वह व्यभिचार करता है। देखें मत्ती 5:32।

स्मिथ ने कहा, कि बहुविवाह परमेश्वर की चिरस्थायी वाचा है, और यह संसार की नींव धरने से पहले स्थापित की गई थी। मॉर्मनवादी कलीसिया के अंतिम प्रेरितों ने कहा बहुविवाह ईश्वरत्व[16] तक पहुंचने का एकमात्र तरीका है और इसे कभी नहीं बदला जाएगा।

मॉर्मनवादियों ने 1890 तक बहुविवाह का अभ्यास जारी रखा, तब संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकार ने कलीसिया की भूमि को जब्त करने की धमकी दी क्योंकि वे कानून तोड़ रहे थे। उस समय, मॉर्मनवादी भविष्यद्वक्ता वुडूफ ने परमेश्वर से एक प्रकाशन प्राप्त करने का दावा किया कि बहुविवाह समाप्त हो गया था।

» अधिकांश मॉर्मनवादी अब बहुविवाह का अभ्यास नहीं करते हैं। उनके बहुविवाह का इतिहास अभी भी उनकी विश्वसनीयता के लिए एक समस्या क्यों है?

जातिवाद

मॉर्मनवादी सिद्धांत के अनुसार, हर व्यक्ति पैदा होने से पहले स्वर्ग में एक आत्मा था। स्वर्ग में एक युद्ध चल रहा था, और जो लोग परमेश्वर के लिए अपनी पूरी शक्ति से नहीं लड़े वे काले रंग की त्वचा के रूप में शापित हुए। इस खंड में उद्धृत सभी पुरुष मॉर्मनवादी कलीसिया के अध्यक्ष थे और अभी भी मॉर्मनवादियों द्वारा परमेश्वर के भविष्यद्वक्ता माने जाते हैं। जोसेफ स्मिथ ने कहा यदि काले लोग मॉर्मनवादी सिद्धांत पर विश्वास करते हैं और भलाई करते हैं तो कई पीढ़ियों के बाद उनकी त्वचा सफेद हो जाएगी। ब्रिघम यंग ने कहा कि काली त्वचा और सपाट नाक कैन का अभिशाप है। उसने कहा कि यह परमेश्वर की ओर से अनंत सिद्धांत है कि अफ्रीकी लहू वाला व्यक्ति याजक पद नहीं पा सकता। उसने यह भी कहा कि लोगों की गुलामी प्रथा एक दैवीय संस्था है। जोसेफ फील्डिंग स्मिथ ने कहा कि काले लोगों को संसार में वह मिल रहा है जिसके वे हकदार हैं और यह इसका कारण यह है जो उनकी आत्माओं ने उनके पैदा होने से पहले किया था। डेविड मैके ने कहा कि नीग्रो के खिलाफ कलीसिया का भेदभाव मनुष्य से नहीं बल्कि परमेश्वर से शुरू हुआ था।[17]

मॉर्मनवाद में प्रत्येक पुरुष को याजक बनना चाहिए। अपने अधिकांश इतिहास में, मॉर्मनवादियों ने अश्वेत पुरूषों को याजक बनने की अनुमति नहीं दी, जिसका अर्थ था कि वे वास्तव में सदस्य नहीं थे। 1978 में, मॉर्मनवादी कलीसिया ने एक नया प्रकाशन प्राप्त करने का दावा किया जिसने शुरूआत से ही अश्वेत लोगों के बारे में उनके द्वारा कही गई हर बात को बदल दिया, और अब वे अश्वेत पुरूषों को याजक बनाने की अनुमति देते हैं।[18]

---

16 ब्रीहगम यंग, जरनल ऑफ डिस्कोर्स, खण्ड 11,269

17 बाइबल कहती है कि मसीह में कोई जाति का भेदभाव नहीं है। देखें गलातियों 3:28।

18 ErikaWittlieb from Pixabay द्वारा प्राप्त चित्र, https://pixabay.com/photos/moroni-angel-statue-prophet-mormon-1467937/ से प्राप्त की गई है।

» मॉर्मनवादी अन्य जातियों के साथ समान शर्तों पर अश्वेत लोगों को स्वीकार करने का दावा करते हैं। उनके जातिवाद का इतिहास अभी भी उनकी विश्वसनीयता के लिए एक समस्या क्यों है?

हर मॉर्मनवादी मंदिर के शीर्ष पर मोरोनी स्वर्गदूत की एक मूर्ति है।.

अंतर्वस्त्र

मॉर्मनवाद के सभी सदस्यों को अपने बाहरी कपड़ों के नीचे विशेष कपड़े पहनने की आवश्यकता होती है। विशेष वस्त्र सफेद होते हैं और शरीर के अधिकांश भाग को ढक लेते हैं। इसे आत्मिक सुरक्षा प्रदान करने वाला की तरह देखा जाता है। यह कलीसिया के प्रति वफादार रहने की उनकी प्रतिज्ञा का प्रतिनिधित्व करता है। उनसे इन्हें इसे दिन-रात पहनने की अपेक्षा कि जाती है।

मॉर्मनवाद के झूठे सिद्धांत

मॉर्मनवाद के प्रत्येक सदस्य को यह विश्वास करना चाहिए कि जोसेफ स्मिथ परमेश्वर के भविष्यद्वक्ता थे और मॉर्मनवाद की पुस्तक मसीह का एक और नियम है, जो अधिकार में बाइबल के बराबर है। उनके पास एक प्रकाशन की पुस्तक भी है जिसे *सिद्धांत और वाचाएँ* कहा जाता है, उनका मानना है कि यह बाइबल की तरह ही प्रेरित है। उनका मानना है कि बाइबल उनके सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांतों को स्थापित करने के लिए पर्याप्त नहीं है।

मोर्मोनियों का दावा है कि उनका धर्म सच्चा मसीही धर्म है। उनके कई सिद्धांत, बाइबल, उन ऐतिहासिक सिद्धांतों का खडंन करते हैं जो सुसमाचार का समर्थन करते हैं। मोर्मोनियों से बात करते समय झूठी शिक्षाओं का पता लगाना मुश्किल है क्योंकि उनमें से बहुत से लोग नहीं जानते कि उनके भविष्यद्वक्ताओं ने क्या सिखाया।

मॉर्मनवादी कलीसिया का मानना है कि परमेश्वर एक बार हमारे जैसा इंसान था, लेकिन वह तब तक विकसित होता चला गया जब तक कि वह परमेश्वर नहीं बन गया जैसे वे आज हैं।[19] उनका मानना है कि परमेश्वर पिता के पास शारीरिक देह है। उसकी बहुत सी पत्नियाँ हैं। उसके बच्चे पहले आत्माओं के रूप में पैदा होते हैं, फिर उन्हें इंसान के रूप में जन्म लेने के लिए धरती पर भेजा जाता है।

19 कलीसिया के इतिहास में जोसेफ स्मिथ, खण्ड 6, पृष्ठ संख्या 305

मॉर्मनवादी कहते हैं कि उनका मानना है कि यीशु एक कुंवारी से पैदा हुआ, लेकिन मॉर्मनवादी कलीसिया सिखाती है कि परमेश्वर पिता ने अपने शरीर का उपयोग करके मरियम को प्राकृतिक तरीके से गर्भवती किया, और यीशु का जन्म उसी प्रकार हुआ जिस प्रकार कोई अन्य इंसान पैदा होता है।[20]

मॉर्मनवादियों का मानना है कि यीशु के पृथ्वी पर जन्म लेने से पहले, वह अन्य स्वर्गदूतों की तरह ही एक आत्मा था; वह परमेश्वर नहीं था।[21]

मॉर्मनवादी मानते हैं कि पवित्र आत्मा और यीशु पिता से अलग जन है, और वह पिता के बराबर नहीं है। वे त्रिएकता में विश्वास नहीं करते हैं।

"जितना सकारात्मक रूप से भाषा कह सकती है, पुराना नियम पुष्टि करता है कि परमेश्वर बिना शुरूआत या अंत के, समय की सीमाओं से परे अनंतकालीन है।"

डब्ल्यू टी पुरकिसर
(परमेश्वर, मनुष्य और उद्धार, 151)

» कुछ शब्दों में, आप परमेश्वर के प्रति मॉर्मनवादी दृष्टिकोण की व्याख्या कैसे करेंगे?

मोर्मोनियों का मानना है कि एक पुरुष मॉर्मनवादी परमेश्वर की तरह ही विकसित हो सकता है। उनका मानना है कि बहुतों ने ऐसा पहले ही कर लिया है, इसलिए कई देवता है। प्रेरित लोरेंजो स्नो ने कहा कि, "जैसा मनुष्य है, परमेश्वर कभी था; और जैसा परमेश्वर है, वैसा ही मनुष्य बन सकता है।"

जोसेफ स्मिथ ने कहा कि, "अनंत जीवन यह है - एकमात्र बुद्धिमान और सच्चे परमेश्वर को जानना; और आपको सिखना होगा कि स्वयं परमेश्वर कैसे बनें, और परमेश्वर के लिए राजा और याजक बनें, जैसा कि सभी देवताओं ने आपसे पहले किया है।"

"सच्चे धर्म की नींव परमेश्वर के वचनों पर टिकी है। यह भविष्यद्वक्ताओं और प्रेरितों पर बनाई गई है, यीशु मसीह स्वयं इसके कोने के सिरे का पत्थर है।"

जॉन वेस्ली
("द केस ऑफ रिजन कन्सिडर्ड")

20 बाइबल कहती है कि मरियम ने पवित्र आत्मा की सहायता से एक बालक को जन्म दिया। लूका 1:35 व मत्ती 1:18 को देखें।

21 बाइबल कहती है कि यीशु परमेश्वर का वचन है और वह इस संसार में जन्म लेने से पहले भी परमेश्वर था। यूहन्ना 1:1, 14 को देखें।

मॉर्मनवाद का मानना है कि केवल कुछ ही लोग अनंत नरक में जाएंगे।[22] अधिकांश लोगों को मृत्यु के बाद मॉर्मनवाद को स्वीकार करने का मौका दिया जाएगा। वफादार मॉर्मनवादी स्वर्ग के उच्चतम स्तर पर जाएंगे।

मॉर्मनवादी का मानना है कि उद्धार परमेश्वर के प्रति वफादार सेवा के जीवन के लिए दिया गया प्रतिफल है।[23] मॉर्मनवादी उद्धार के व्यक्तिगत आश्वासन का दावा नहीं करते हैं।

मॉर्मनवादी विश्वास करते हैं कि अन्य सभी कलीसियाएँ शैतानी हैं और मॉर्मनवादी कलीसिया के अलावा और कहीं उद्धार नहीं है। मॉर्मनवादियों और मसीहियों को बीच कोई वास्तविक एकता संभव नहीं है।

» मसीहियों और मॉर्मनवादियों के बीच एकता क्यों संभव नहीं है? कुछ कारण दीजिए।

मॉर्मनवादी रणनीति

मॉर्मनवादी लोगों से प्रार्थना करने के लिए कहते हैं कि परमेश्वर उन्हें दिखाएगा कि क्या मॉर्मनवाद की किताब सत्य है और क्या जोसेफ स्मिथ एक भविष्यद्वक्ता था। बहुत से लोग उस प्रार्थना के उत्तर के रूप में अपने दिल में गर्माहट को महसूस करने का दावा करते हैं। वे सोचते हैं कि गर्माहट से भरा हुआ यह अहसास इस बात की पुष्टि करती है कि मॉर्मनवाद सत्य है। यह अहसास उन्हें इस बात की पुष्टि नहीं दिलाता कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से उद्धार पाया है।[24]

मॉर्मनवादी बाइबल पर विश्वास करने का दावा करते हैं लेकिन बाइबल उनके सिद्धांतों का खंडन करती है। वे कहते हैं

"हमारे पास पवित्र वचन हैं, कम से कम संक्षेप और सार में, क्योंकि वे मूसा और भविष्यद्वक्ताओं और यीशु, उसके सुसमाचार प्रचारकों और प्रेरितों द्वारा मसीह की कलीसिया को दिए गए थे, और इब्रानी या यूनानी पांडुलिपियों में कुछ भी ऐसा नहीं पाया जा सकता है जो सिद्धांत में त्रुटि को मजबूत करें।"

एडम कलार्क
(क्रिश्चियन थियोलॉजी, 51)

22 बाइबल कहती है कि बहुत से लोगों को शैतान और दुष्टात्माओं के साथ नरक में डाल दिया जाएगा। मत्ती 25:41 को देखें।

23 बाइबल कहती है कि उद्धार परमेश्वर की ओर से एक वरदान है जिसे कार्यों के द्वारा नहीं खरीदा गया है। देखें इफिसियों 2:8-9।

24 बाइबल कहती है कि अगर स्वर्गदूत भी आकर किसी और सुसमाचार का प्रचार करे तो उसका विश्वास न करना। गलातियों 1:8 को देखें।

कि नकल और अनुवाद में त्रुटियों के कारण बाइबल में त्रुटियाँ हैं। वे कहते हैं कि बाइबल में त्रुटियों के कारण और अधिक प्रकाशन की आवश्यकता थी। एक मॉर्मनवादी के लिए जोसेफ स्मिथ का प्रकाशन सर्वोच्च अधिकार है।[25] क्योंकि वे मानते हैं कि वह परमेश्वर का भविष्यद्वक्ता था, वे मॉर्मनवाद की सभी मान्यताओं को स्वीकार करते हैं जो बाइबल का खंडन करती हैं।

मॉर्मनवादी मसीहियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले शब्दों का उपयोग करते हैं, लेकिन उनका अर्थ भिन्न होता है। वे कहते हैं कि यीशु परमेश्वर का पुत्र है, लेकिन उसका अर्थ यह नहीं है कि वह परमेश्वर है। वे कहते हैं पवित्र आत्मा ईश्वरत्व का तीसरा सदस्य है लेकिन वे त्रिएकता में विश्वास नहीं करते हैं।

वे कहते हैं कि यीशु एक कुंवारी से पैदा हुआ, लेकिन वे विश्वास करते हैं कि परमेश्वर पिता के पास एक भौतिक शरीर है जिसका उपयोग मरियम को प्राकृतिक तरीके से गर्भवती करने के लिए किया गया था।

वे कहते हैं कि यीशु ने दुःख उठाया और हमारे पापों के प्रायश्चित के रूप में मर गया, और हम क्षमा के लिए प्रार्थना कर सकते हैं, लेकिन उनका मानना है कि स्वर्ग एक विश्वासयोग्य जीवन के लिए प्रतिफल है।

"मैं विश्वास करता हूँ.... यीशु मसीह, परमेश्वर के एकमात्र पुत्र हमारे प्रभु में; जो पवित्र आत्मा द्वारा गर्भ में आया।"

प्रेरितों का विश्वास वचन
(प्रेरितों के धर्मसिद्धांत को संक्षेप में प्रस्तुत करने के लिए पहली शताब्दी में लिख गया था)

मॉर्मनवादी वास्तविक मसीहियत होने का दावा करते हैं। उनका दावा है कि अन्य सभी कलीसियाएँ झूठी हैं। लेकिन यदि कोई व्यक्ति मॉर्मनवाद के सभी सिद्धांतों को समझता और मानता है, तो वह पवित्रशास्त्र के सुसमाचार को नहीं मानता और न ही वह मसीही है।

अब वापस जाएं और मोर्मोवाद पर पूरे खंड के लिए पाद-टिप्पणियों को पढ़ें। सभी छात्रों को पवित्रशास्त्र के उल्लेखित वचनों को देखना चाहिए और उन्हें बारी-बारी से समूह में पढ़ना चाहिए।

25 यीशु ने कहा आकाश और पृथ्वी टल जाएगें लेकिन उसका वचन कभी न टलेगा (मत्ती 24:35)। उसने कहा कि परमेश्वर का वचन कभी काम किये बगैर खाली नहीं लौटता (मत्ती 5:18) पतरस कहता है कि परमेश्वर का वचन अटल है (1पतरस 1:25)। परमेश्वर चाहते हैं कि हम नया प्रकाशन खोजने की बजाय उसके वचनों पर विश्वास करें।

धर्मसिद्धांत हस्तपुस्तिका का उपयोग करना

निम्नलिखित सूची में सभी दिए गए सिद्धांत मॉर्मनवादियों द्वारा अस्वीकार कर दिए गए हैं। प्रत्येक सिद्धांत के महत्व और उसके प्रमाण को देखने के लिए धर्मसिद्धांत हस्तपुस्तिका को देखें। सुनिश्चित करें कि आप समझते हैं कि संदर्भित पद सिद्धांत को कैसे साबित करते हैं।

1. बाइबल सिद्धांत के लिए पर्याप्त है।

2. परमेश्वर एक ही है।

3. परमेश्वर पिता एक इंसान नहीं है।

4. परमेश्वर कभी नहीं बदला।

5. यीशु परमेश्वर है।

7. पवित्र आत्मा परमेश्वर है।

8. परमेश्वर त्रिएकता है।

9. उद्धार केवल मसीह के प्रायश्चित से है।

11. हम विश्वास से उद्धार प्राप्त करते हैं।

12. हमारे पास उद्धार का व्यक्तिगत आश्वासन हो सकता है।

13. जिनका उद्धार नहीं हुआ वे अनंत दंड भुगतेंगे।

सुसमाचार प्रचार

मॉर्मनवादी के मन को बदलना असंभव लग सकता है, लेकिन तथ्य यह है कि हर साल हज़ारों मॉर्मनवादी अपनी कलीसिया को छोड़ देते हैं।

मॉर्मनवादी को यह दिखाने के प्रयास को याद रखें कि उनकी सबसे बड़ी मान्यताएँ सुसमाचार के विपरीत हैं। *धर्मसिद्धांत हस्तपुस्तिका* में दिए गए सबूतों का इस्तेमाल करें। मॉर्मनवाद में रूचि रखने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए यह सबूत प्रदान करें।

प्रार्थना करने के लिए सहमत न हों कि परमेश्वर आपको दिखाएगा कि क्या मॉर्मनवाद सही है। यदि आप पहले से ही सत्य जानते हैं तो आपको कभी भी परमेश्वर से आपको कुछ नया दिखाने के लिए नहीं कहना चाहिए। इस तरह की प्रार्थना करने से शैतान को आपको एक ऐसा अनुभव देने का अवसर मिलता है जो आपको भ्रमित कर देगा।

मॉर्मनवादी के पास उद्धार का व्यक्तिगत आश्वासन नहीं है। उनमें से कई इस डर में रहते हैं कि उनका जीवन परमेश्वर के द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा। सुनिश्चित करें कि आप उनके

साथ सुसमाचार साझा करते हैं और उन्हें बताते हैं कि कैसे उन्हें उद्धार का आश्वासन मिल सकता है। यह किसी भी और बात से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है जो आप उन्हें बता सकते हैं।

हो सकता है कि आपको अपनी बहस के परिणाम न दिखाई दे। हो सकता है मॉर्मनवादी बातचीत के अंत में आपको यह न बताए कि उसने अपना मन बदल लिया है। हालांकि आप बात-चीत के दीर्घकालिक प्रभावों को नहीं जानते हैं। पवित्र आत्मा उस सत्य का उपयोग करना जारी रखेंगे जो आपने उसे दिया।

एक गवाही

क्रिस मॉर्मनवादी कलीसिया मे पली-बढ़ी और उसने उन सब कामों में भाग लिया जो वे करते हैं। उसे एक मॉर्मनवादी लड़की का अच्छा उदाहरण माना जाता था। जब वह इडाहो के विश्वविद्यालय में भाग लेने के लिए घर से निकली, तो उसे एक मसीही बाइबल अध्ययन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया। वह इस उम्मीद से वहाँ गई कि वह किसी को मॉर्मनवाद में परिवर्तित होने के लिए राजी कर सकती है। बाइबल अध्ययन में, उसने बाइबल से परमेश्वर के बारे में ऐसी बातें सीखीं जो उसे पता नहीं थीं। उसने यह भी देखा कि वहाँ के मसीहियों का परमेश्वर के साथ ऐसा संबंध था जैसा उसका कभी नहीं था। उसने मॉर्मनवादी कलीसिया छोड़ दी और अब परमेश्वर के लिए जी रही है भले ही उसके परिवार और अधिकांश मॉर्मनवादी दोस्तों ने उसे अस्वीकार कर दिया। परमेश्वर ने उसे एक नया मसीही परिवार और पहले से ज़्यादा दोस्त दिए। क्रिस कहती है, "वे लोग जिन्होंने मॉर्मनवादी कलीसिया छोड़ दी है और परमेश्वर को हमेशा के लिए छोड़ने के बारे में सोच रहे हैं, ऐसा न करें....परमेश्वर के पास अभी भी आपके लिए एक उद्देश्य है।"

पवित्रशास्त्र का अध्ययन - भाग 2

अब यशायाह 41 को फिर से पढ़िए। प्रत्येक छात्र एक अनुच्छेद लिखे जिसमें उस संदेश की व्याख्या हो जो इस खंड में मॉर्मनवाद के एक अनुयायी के लिए है। होने दें कि कुछ छात्र साझा करें कि उन्होंने क्या लिखा है।

प्रत्येक अध्याय के लिए कार्यभार

इस पूरे पाठ्यक्रम के दौरान आप विभिन्न धर्मों और पंथों के अनुयायियों के साथ बातचीत करेंगे जिनका आप अध्ययन कर रहे हैं। आपको कम से कम 10 विभिन्न धार्मिक समूहों के सदस्यों के साथ बातचीत करनी होगी। आपको सुसमाचार और अन्य मसीही सत्य प्रस्तुत करने चाहिए।

किसी विशेष पाठ में आप जिस धार्मिक समूह में अध्ययन कर रहे हैं, यदि आपके लिए उस धार्मिक समूह के सदस्य को खोजना संभव नहीं है, तो आपको किसी अन्य व्यक्ति को ढूंढना चाहिए जो सामग्री को सुनने में रूचि रखता हो।

बातचीत के बाद आप दो रिपोर्ट्स देंगे।

1. आप 2-पृष्ठों की रिपोर्ट लिखेंगे और इसे अपनी कक्षा के अगुवे को देंगे। इसमें आपको धार्मिक समूह की बुनियादी मान्यताओं, उन मान्यताओं के प्रति बाइबल की प्रतिक्रिया, अविश्वासियों के साथ आपकी बातचीत और आपने जो कहा है, उस पर उनकी प्रतिक्रिया का वर्णन करना चाहिए।

2. जब आप कक्षा के लिए मिलेंगे तो आप अपने सहपाठियों को उस बातचीत के बारे में बताएंगे।

दस लोगों से वार्तालाप और लेखन कार्य इस पाठ्यक्रम के प्राथमिक कार्य हैं।

अध्याय 4

यहोवा विट्नेस

पहली मुलाकात

उन्होंने सैम का दरवाजा खटखटाया और उसे *अवेक* पत्रिका की प्रति भेंट की। आगंतुक एक महिला थी जिसके दो बच्चे थे। वे अच्छे कपड़े पहने हुए और मिलनसार थे। पत्रिका का मुख पृष्ठ लेख इस बारे में था कि बच्चों को स्कूल में बेहतर प्रदर्शन करने में कैसे मदद की जाए। महिला ने पवित्रशास्त्र का एक पद पढ़ा, उस पर टिप्पणी की, और फिर सैम से पूछा कि क्या वह बाइबल अध्ययन के लिए आने में दिलचस्पी लेगा। सैम ने कहा कि वह इसके बारे में सोचेगा।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन - भाग 1

इब्रानियों 1 को एक साथ जो से पढ़ें। प्रत्येक छात्र एक अनुच्छेद लिखे जो इस पवित्रशास्त्र के इस खण्ड को सारांशित करता हो। यह खंड हमें यीशु के बारे में क्या बताता है? प्रत्येक छात्र से कथनों की एक सूची लिखने को कहें। एक समूह के रूप में आपने जो लिखा है उस पर चर्चा करें।

यहोवा विट्नेस

इतिहास

चार्ल्स रस्सेल ने अपनी विशिष्ट शिक्षाओं को प्रकाशित करने के लिए 1881 में जायन्स वॉच टावर ट्रैक्ट सोसाइटी की शुरूआत की। 1931 में संगठन ने अपना नाम बदलकर यहोवा विट्नेस रख लिया।

रस्सेल ने पवित्रशास्त्र का अध्ययन का छः खंडों की एक श्रृखंला लिखी। उसने कहा कि लोगों के लिए बिना उसकी किताबों के बाइबल पढ़ने से बेहतर होगा वे उसकी किताबों को बिना बाइबल के पढ़ें। उसने कहा कि यदि कोई व्यक्ति उसकी किताबें पढ़ना बंद कर देता

है और केवल बाइबल पढ़ता है, तो वह दो साल के भीतर अंधेरे में होगा, लेकिन अगर वह बिना बाइबल के केवल उसकी किताबें पढ़ेगा, तो वह प्रकाश में होगा।[26]

यहोवा विट्नेस के सिद्धांत कई बार बदले गए हैं।

यहोवा विट्नेस के अगुवे ने कई भविष्यद्वाणियाँ की हैं जो सच नहीं हुईं हैं। उदाहरण के लिए, दूसरे अगुवे रूदरफोर्ड ने भविष्यद्वाणी की थी कि अब्राहम, इसहाक और याकूब 1925 में पुनर्जीवित होंगे और एक आलीशान घर में रहेंगे जो उसने उनके लिए तैयार किया था। वे तो नहीं आए, लेकिन वह स्वयं उस घर में रहा।[27]

यहोवा विट्नेस का मानना है कि अन्य सभी कलीसियाएँ शैतानी हैं, और उनके संगठन के बिना उद्धार नहीं है।[28]

» ऐसी कौन सी कुछ बातें हैं जो आप पहले से देख सकते हैं जो दर्शाती हैं कि यहोवा विट्नेस पवित्रशास्त्र आधारित मसीहियत नहीं है?

वर्तमान प्रभाव

यहोवा विट्नेस दावा करते हैं कि वे 239 देशों में काम कर रहें हैं, और 595 भाषाओं में अपने लेखों को प्रकाशित करते हैं। पिछले 10 वर्षों में उन्होंने साहित्य की 20 अरब प्रतियों को छापी हैं। उनके पास 111000 कलीसियाएँ हैं और 70 लाख से अधिक सक्रिय सदस्यों की सदस्यता है।[29]

यहोवा विट्नेस का मुख्यालय ब्रुकलिन, न्यू यॉर्क में है।

यहोवा विट्नेस के कठिन सिद्धांत

यहोवा विट्नेस सरकार चनने वाले चुनावों में भाग नहीं लेते हैं और न ही कोई सरकारी पद धारण करते हैं, क्योंकि उनका मानना है कि वे इस दुनिया के राज्यों से अलग हैं।[30]

---

26 बाइबल कहती है की परमेश्वर का वचन मार्गदर्शन करने वाली ज्योति है (भजन 119:105)। अगर हमारा शिक्षक न भी हो तो पवित्र आत्मा हमें सिखाता है (1 यूहन्ना 2:27) पर विश्वास करें।

27 बाइबल कहती है कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा की गयी भविष्यद्वाणी पूरी नहीं होती है तो वह भविष्यद्वक्ता नहीं हो सकता। व्यवस्थाविवरण 18:22 को देखें।

28 यीशु ने अपने चलों से कहा कि परमेश्वर के सभी दास एक ही संस्था में नहीं होगें (लूका 9:50)।

29 2014 में अभिलिखित।

30 नहेम्याह, मोर्दकै और दानिय्येल जैसे लोगों ने परमेश्वर की सेवा की लेकिन उसके साथ साथ उन्होंने अन्यजातियों में काम भी किया (नहेम्याह 2:7-8, ऐस्तर 2:21, दानिय्येल 6:2)।

वे सेना में सेवा नहीं करते हैं और नहीं मानते कि युद्ध कभी सही होता है।

वे कोई छुट्टी नहीं मनाते, चाहे राष्ट्रीय अवकाश हो, मसीही अवकाश, या जन्मदिन ही क्यों न हो, क्योंकि उनका मानना है कि सभी उत्सव मूर्तिपूजक रीति-रिवाजों का पालन करते हैं।

वे जीवन बचाने के लिए भी रक्तदान स्वीकार नहीं करते, यहां तक कि जब बात जीवन बचाने की ही क्यों न हो, क्योंकि पवित्रशास्त्र में लहू खाने की मनाही है।

वे दशमांश नहीं देते, और उनके पास्टरों को वेतन नहीं मिलता।

यहोवा विट्नेस विश्वास नहीं करते हैं कि एक व्यक्ति को मसीह में अपना विश्वास रखने से तुरंत बचाया जा सकता है। उनका मानना है कि उन्हें उनके संगठन में शामिल होना चाहिए, उनके सिद्धांतों को सीखना चाहिए और उनकी शर्तों का अभ्यास करना शुरू करना चाहिए। उद्धार एक प्रक्रिया है, और किसी को उस क्षण के निश्चित रूप से बारे में नहीं पता है कि उसका उद्धार हो गया है।[31]

प्रत्येक सदस्य को गवाही देने संबंधी गतिविधि की मासिक रिपोर्ट देनी होती है। एक सदस्य जो रिपोर्ट देने के लिए नहीं आता है उसे सक्रिय सदस्यों की सूची से हटा लिया जाता है और उसे उद्धार पाया हुई सदस्य नहीं माना जाता है।[32]

» यहोवा विट्नेस के अनुसार, एक व्यक्ति को कैसे उद्धार पात है?

यहोवा विट्नेस क्रूस को मसीहियत के प्रतीक के रूप में स्वीकार नहीं करते हैं, और मानते हैं कि यीशु की मृत्यु एक काठ पर हुई थी।

वे कहते हैं कि त्रिएकत्व के सिद्धांत को खारिज कर दिया जाना चाहिए क्योंकि यह अतार्किक और समझने में असंभव है, क्योंकि परमेश्वर के स्वभाव में कुछ भी ऐसा नहीं होना चाहिए जो हमारी समझ से परे हो।

यहोवा विट्नेस मानते हैं कि पवित्र आत्मा ईश्वर नहीं है, बल्कि एक अवैयक्तिक शक्ति है जो ईश्वर से आती है, वह बिजली की शक्ति के बराबर है।

---

31 नए नियम में, लोग उस समय मसीही बन गए जब उन्होंने पश्चाताप किया और मसीह में अपना विश्वास रखा (प्रेरितों के काम 2:41, प्रेरितों के काम 8:26-39)। यह इसलिए संभव है क्योंकि हम अनुग्रह से बचाए गए हैं न कि कर्मों से।

32 बाइबल कहती है कि परमेश्वर के पास स्वर्ग में उद्धार पाने वालों की सूची है। वह सूची किसी संसारिक संगठन से संबंधित नहीं है (लूका10:20, प्रकाशितवाक्य 21:27)।

वे यीशु के पुनरुत्थान में विश्वास करने का दावा करते हैं, लेकिन उनका मानना है कि केवल उसकी आत्मा जी उठी थी, उसका शरीर नहीं।

» इन धर्मसिद्धांतों को "कठिन धर्मसिद्धांत" क्यों कहा जाना चाहिए?

यहोवा विट्नेस की सबसे गंभीर सैद्धांतिक त्रुटि मसीह और पवित्र आत्मा के ईश्वरत्व को नकारना है।

यहोवा विट्नेस वास्तविक मसीहियत होने का दावा करते हैं। उनका दावा है कि अन्य सभी कलीसियाएँ झूठी हैं। लेकिन अगर कोई व्यक्ति यहोवा विट्नेस के सिद्धांतों को समझता है और उन पर विश्वास करता है, तो वह पवित्रशास्त्र आधारित सुसमाचार को नहीं मानता और न ही वह मसीही है।

"मैं विश्वास करता हूँ... प्रभु यीशु मसीह में, जो परमेश्वर का एकलौता पुत्र है; जो सर्वयुगों से पहले पिता से उत्पन्न हुआ, परमेश्वर से परमेश्वर, ज्योति से ज्योति, परमेश्वर से परमेश्वर, कृत नहीं वरन् उत्पन्न हुआ; उसका और पिता का एक तत्व है.... और मैं पवित्र आत्मा में विश्वास करता हूँ, वह प्रभु और जीवन देनेदाता है, वह पिता और पुत्र से निकलता है; पिता और पुत्र के साथ उसकी आराधना और स्तुति की जाती है।"

नीकया का विश्वास-वचन
(325 ई. में कलीसिया द्वारा लिखित)

यहोवा विट्नेस की कार्यनीतियाँ

एक व्यक्ति जो उनके साक्षी अर्थात् विट्नेस के साथ जुड़ने में दिलचस्पी रखता है, वह कई महीनों तक बाइबल अध्ययन करता है। वह जो सीख रहा है उसका पालन करने के लिए उसे अपने जीवन में बदलाव लाने होंगे। फिर वह बपतिस्मा लेता है और एक "प्रकाशक" बन जाता है और वह संगठन की ओर से साहित्य वितरित करने वाला बन जाता है।

एक नए सदस्य को जीतने के लिए साक्षी औसतन 8000 घंटे गवाही देते हैं।

प्रत्येक सदस्य वितरित करने के लिए संगठन से मुद्रित सामग्री खरीदता है।

वे अपनी मंडलियों को कलीसिया नहीं कहते हैं। उनका मानना है कि सभी कलीसियाएँ शैतानी हैं। वे अपनी इमारतों को "किंगडम हॉल्स" या राज्य का भवन कहते हैं।[33]

33 नया नियम कलीसियाओं के लिए लिखा गया है (प्रकाशितवाक्य 1:4, 1 कुरिन्थियों 14:33)।

वे अपने सिद्धांतों को पवित्रशास्त्र के द्वारा उन लोगों के सामने सिद्ध करने का प्रयास करते हैं जो बाइबल के बारे में अधिक जाने बिना उस पर विश्वास करते हैं। उन्होंने बाइबल का अपना संस्करण प्रकाशित किया है, जिसे *द न्यू वर्ल्ड ट्रांसलेशन* या नई दुनिया अनुवाद कहा जाता है, जिसमें उनके सिद्धांत का समर्थन करने वाले परिवर्तन पाए जाते हैं। उन्होंने कई वचनों को बदल दिया जो मसीह के ईश्वरत्व को दर्शाते हैं। यह संस्करण बाइबल की मूल भाषाओं को जानने वाले विद्वानों द्वारा निर्मित नहीं किया गया था।

वे कहते हैं कि यीशु परमेश्वर का पुत्र और संसार का उद्धारकर्ता है, और उसने उद्धार को संभव बनाया। उनका मानना है कि यीशु वह पहली सृष्टि थी जिसे परमेश्वर ने बनाया था, लेकिन वह केवल एक सिद्ध व्यक्ति था, न कि परमेश्वर।

» कुलुस्सियों 1:16-17 में, न्यू वर्ल्ड ट्रांसलेशन ने शब्द "अन्य" को जोड़ा है, ताकि वचन यह कहे कि, यीशु ने अन्य सभी चीजों को बनाया, और वही सब अन्य वस्तुओं में प्रथम है, और सब अन्य वस्तुएँ उसी में स्थिर रहती हैं। आपको क्या लगता है यहोवा विट्नेस ने यह शब्द क्यों जोड़ा होगा?

"पुनरूत्थान यीशु को प्रमाणित करने वाला प्रमाण था और है। इसके द्वारा यीशु की पहचान और उसके उद्देश्य की सच्चाई हमेशा के लिए स्थापित हो गई।"

विलार्ड टेलर
(परमेश्वर, मनुष्य और उद्धार, 361)

अब वापस जाएं और यहोवा विट्नेस पर एक साथ पूरे खंड के लिए पाद-टिप्पणियों को पढ़ें। सभी छात्रों को पवित्रशास्त्र के उल्लेखित वचनों को देखना चाहिए और उन्हें बारी-बारी से समूह में पढ़ना चाहिए।

धर्मसिद्धांत हस्तपुस्तिका का उपयोग

नीचे दी गई सूची में सभी सिद्धांतों को यहोवा विट्नेस द्वारा अस्वीकार किया गया है। प्रत्येक सिद्धांत और इसके प्रमाण को देखने के लिए धर्मसिद्धांत हस्तपुस्तिका को देखें। सुनिश्चित करें कि आप समझते हैं कि संदर्भित पद कैसे सिद्धांत को साबित करते हैं।

5. यीशु परमेश्वर है।

6. यीशु मरे हुओं में से शारीरिक रूप से जी उठा।

7. पवित्र आत्मा परमेश्वर है।

8. परमेश्वर त्रिएक है।

9. उद्धार केवल मसीह के प्रायश्चित के द्वारा है।

11. विश्वास के द्वारा उद्धार प्राप्त करते हैं।

12. हमारे पास उद्धार का व्यक्तिगत आश्वासन है।

13. उद्धार न पाए हुए लोग अनंत दंड भुगतेंगे।

सुसमाचार प्रचार

यहोवा विट्नेस के साथ रूठा हुआ व्यवहार न करें। क्योंकि उनका मानना है कि उन्हें सच्चाई के लिए सताया जाता है, वे अपेक्षा करते हैं कि सुसमाचार प्रचारवादी मसीही उनके साथ बुरा व्यवहार करेंगे। इसके बजाय उन्हें मसीह का प्रेम और वास्तविक चिंता दिखाएँ।

छुट्टियां मनाने या सेना में सेवा करने जैसे छोटे मुद्दों पर बहस न करें। सुसमाचार की मूल बातों और उद्धार के आश्वासन के बारे मे बात करना कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।

प्राथमिकता सुसमाचार को साझा करना है। यहोवा विट्नेस के पास उद्धार का आश्वासन और परमेश्वर के साथ एक व्यक्तिगत संबंध नहीं है।

एक गवाही

रॉबर्ट को एक यहोवा विट्नेस के रूप में पाला गया था, और उसके कई रिश्तेदार अभी भी इस पंथ में है। एक व्यस्क के रूप में वह संगठन से दूर चले गए, लेकिन फिर भी उन्हें विश्वास था कि वे सही हैं। उनकी पत्नी एक मसीही बन गई, और उन्होंने निर्णय लिया कि वे अपनी पत्नी को यह साबित करेंगे कि यहोवा विट्नेस सही थे। अपने अध्ययन में उन्होंने पाया कि उन्होंने कई झूठी भविष्यद्वाणियाँ की थीं। उन्होंने बाइबल पढ़ना शुरू किया और महसूस किया की यीशु ही परमेश्वर है, न कि एक स्वर्गदूत, जैसा कि उन्हें सिखाया गया था। उन्होंने वह पद पढ़ा जहाँ यीशु ने कहा है कि, "मार्ग, सत्य और जीवन मैं ही हूँ," और महसूस किया कि उन्हें केवल धार्मिक विश्वास की नहीं, बल्कि यीशु के साथ एक संबंध की आवश्यकता थी।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन - भाग 2

अब इब्रानियों 1 को फिर से पढ़िए। प्रत्येक छात्र को एक भाग लिखना चाहिए जिसमें उस संदेश की व्याख्या की गई हो जो यह खंड में एक यहोवा विट्नेस के लिए है। होने दें कि कुछ छात्र साझा करें कि उन्होंने क्या लिखा है।

प्रत्येक अध्याय के लिए कार्यभार

इस धार्मिक समूह के किसी व्यक्ति को सुसमाचार सुनाने का अवसर खोजने के प्रयास को याद रखें। अपनी कक्षा के साथियों के साथ कक्षा में हुई बात पर चर्चा करना न भूलें। 2 - पृष्ठों की लिखित रिपोर्ट लिखें और इसे अपनी कक्षा के अगुवे को दें।

अध्याय 5

इग्लेसिया नी क्रिस्टो

पहली मुलाक़ात

थियो एक रोमन कैथोलिक अनुयायी और पहले एक पासबान थे, लेकिन उन्होंने पासबानी छोड़ दी थी। एक दिन उन्होंने एक नया कार्य करना आरम्भ किया। जब एक व्यक्ति उन्हें कार्य करना सिखा रहा था, तब उन्हें पता चला कि वह इग्लेसिया नी क्रिस्टो नामक पंथ का सदस्य था। थियो ने कहा, "मैं बस यीशु को थामे रहता हूँ; वह मेरा परमेश्वर है।" उस व्यक्ति ने उनसे कहा कि यीशु परमेश्वर नहीं है, और उसके पासबान बाइबल से यह साबित कर सकते हैं कि यीशु केवल एक मध्यस्थ है। उन्होंने थियो को पवित्रशास्त्र के कई वचन दिखाए, जिससे वह भ्रमित हो गये, लेकिन उन्होंने उन्हें विश्वास दिला दिया कि यीशु परमेश्वर नहीं है।

"यह प्रकाशन [बाइबल का] अब पूरा हो गया है। परमेश्वर इसमें और कुछ नहीं जोड़ेगा, क्योंकि इसमें वह सब कुछ है जो मनुष्यों के लिए इस संसार और आनेवाले दोनों के सन्दर्भ में आवश्यक है, और जो उस में कुछ जोड़ेगा या उसमें से कुछ घटाएगा, उस पर उसने भारी दण्ड की आज्ञा दी है।"

एडम क्लार्क
(मसीही ईशविज्ञान, 341)

पवित्रशास्त्र का अध्ययन - भाग 1

प्रकाशितवाक्य अध्याय 1 को एक साथ ज़ोर से पढ़िए। प्रत्येक छात्र को एक अनुच्छेद लिखने के लिए कहें जो इस पवित्रशास्त्र के अंश को सारांशित करता हो। यह अनुच्छेद हमें मसीह के बारे में क्या बताता है? प्रत्येक छात्र को कथनों की एक सूची लिखने को कहें। एक समूह के रूप में, आपने जो कुछ लिखा है उस पर चर्चा करें।

इग्लेसिया नी क्रिस्टो

उत्पत्ति और प्रभाव

इस संगठन का नाम "चर्च ऑफ क्राइस्ट" के रूप में परिभाषित किया गया है। ऐसे अन्य संगठनभी हैं जो इस नाम के जैसे ही शब्दों का उपयोग करते हैं।

इग्लेसिया नी क्रिस्टो की शुरुआत 1914 में, फिलीपींस में फेलिक्स मनालो द्वारा की गई थी, जो पहले सेवेंथ-डे एडवेंटिस्ट नामक पंथ के अनुयायी रह चुके थे। उनकी मृत्यु के बाद, उनका पुत्र अगुवा बन गया, फिर उसके बाद उनका पोता अगुवा बना।

इग्लेसिया की 112 देशों में 5,000 से अधिक कलीसियाएँ हैं।[34] अधिकतर कलीसियाएँ फिलीपींस में हैं। यह रोमन कैथोलिक कलीसिया के बाद फिलीपींस में सबसे बड़े मसीही संगठन है।

इग्लेसिया नी क्रिस्टो पंथ सामुदायिक सुधार के लिए काम करता है। पंथ राजनीति में शामिल है और अपने सदस्यों को चुनाव में अपना मत देने के लिए कहता है। राजनीतिक नेताओं द्वारा इस कलीसिया से अनुमोदन प्राप्त किया जाता है। इग्लेसिया ने फिलीपींस में मार्कोस शासन का समर्थन किया था।

इग्लेसिया एक धनी संगठन है। जो विशाल चर्च भवनों पर जोर देता है।[35] इग्लेसिया ने दुनिया का सबसे बड़े गुम्बदनुमा इनडोर ऑडिटोरियम का निर्माण किया है। हालांकि इसके कई सदस्य गरीब हैं, लेकिन उनके कई अगुवे डॉक्टर या वकील जैसे पेशेवर हैं।

इग्लेसिया के पास अपने रेडियो स्टेशन हैं। यह दो पत्रिकाएं, *पासुगो* और *गॉड्स मैसेज* प्रकाशित करता है। पत्रिकाएँ लगातार रोमन कैथोलिक और सुसमाचारक कलीसियाओं पर हमला करती हैं।

---

34 2014 में अभिलिखित।

35 चित्र प्राप्त किया गया : “8651Iglesia Ni Cristo churches Malolos City 09” by Judgefl oro, retrieved from https://commons.wikimedia.org/wiki/File:8651Iglesia_Ni_Cristo_churches_Malolos_City_09.jpg.

इग्लेसिया के कई अनुयायी पूर्व रोमन कैथोलिक हैं जो पहले से ही यह मानते थे कि बाइबल सच है लेकिन उन्हें बाइबल का अच्छा ज्ञान नहीं था। इग्लेसिया के सदस्य उन्हें बाइबल के वचन दिखाते हैं जिनकी वजह से वे उन सिद्धांतों को छोड़ देते हैं जो उन्हें सिखाए गए थे।

इग्लेसिया की विश्व भर के प्रमुख शहरों में कलीसियाएँ हैं। फिलीपींस के बाहर इग्लेसिया के अधिकांश अनुयायी फिलिपिनो हैं जो उन देशों में आकर बस गए हैं।

» इग्लेसिया में अधिकांश अनुयायी रोमन कैथोलिक कलीसिया से क्यों हैं?

कलीसिया और प्रायश्चित का सिद्धांत

इग्लेसिया का सबसे महत्वपूर्ण विश्वास यह है कि केवल वही सच्ची कलीसिया है, जिसे फेलिक्स मनालो द्वारा बहाल किया गया है। इस सिद्धांत पर इतना बल दिया गया है कि इग्लेसिया का सुसमाचार उनकी कलीसिया के मूल सिद्धांत और इसकी उत्पत्ति से मिलकर बना हुआ है।

इग्लेसिया के अनुयायियों का मानना है कि फेलिक्स मनालो परमेश्वर के विशेष अंतिम दूत थे। उनका मानना है कि मनालो का उल्लेख विशेष रूप से बाइबल की भविष्यद्वाणी में कई बार उल्लेख किया गया है, जैसे कि यशायाह 41:9-10, यशायाह 43:5-7; यशायाह 46:11, और प्रकाशितवाक्य 7:2-3।

यशायाह 41:9-10 परमेश्वर के विशेष रूप से अभिषिक्त सेवक के बारे में है। मसीही मानते हैं कि यह संदर्भ यीशु, अर्थात् मसीहा को दर्शाता है, लेकिन इग्लेसिया के अनुयायियों का कहना है कि यह फेलिक्स मनालो को दर्शाता है। वे कहते हैं कि "पृथ्वी के छोर" वाक्यांश का अर्थ है पृथ्वी का अंतिम समय। उनका मानना है कि मनालो ने उस भविष्यद्वाणी को पूरा किया क्योंकि उन्होंने उसी दिन अपनी कलीसिया को पंजीकृत किया था जिस दिन प्रथम विश्व युद्ध शुरू हुआ था, जिसे वे *पृथ्वी के अंतिम समय* की शुरुआत कहते हैं। बाइबल में *पृथ्वी के छोर* वाक्यांश वास्तव में एक ऐसा स्थान है जो भौगोलिक रूप से दूर है।

यशायाह 46:11 में, परमेश्वर ने कहा कि वह पूर्व के दूर देश से उकाब के एक पक्षी को बुलायेंगे जो उनकी युक्ति को पूरा करेगा। मसीही विद्वानों ने आमतौर पर इस वचन को इस्राएल को दंडित करने के लिए विदेशी ताकतों के उपयोग के संदर्भ में समझा, जो उकाब के पक्षी के प्रतीक के अनुरूप है। इग्लेसिया का मानना है कि फेलिक्स मनालो की सेवकाई की भविष्यद्वाणी उस वचन से की गई थी।

इग्लेसिया के अनुयायियों का मानना है कि प्रेरितों की मृत्यु के तुरंत बाद मसीही कलीसिया स्वधर्मत्यागी हो गयी थी। उनका मानना है कि स्वयं उन्हें छोड़कर सभी कलीसिया

स्वधर्मत्यागी हैं, और मनालो ने उस सच्चाई को बहाल किया जो प्रेरितों की मृत्यु के बाद लुप्त गई थी।

» इग्लेसिया के इस दावे का आप किस प्रकार उत्तर देंगे कि मनालो ने बाइबल की विशिष्ट भविष्यद्वाणियों को पूरा किया? उनके द्वारा उपयोग किए जाने वाले छंदों को देखें और उनके संदर्भों पर विचार करें।

इग्लेसिया का प्रायश्चित के विषय में एक एक अनूठा सिद्धांत है। यह पुराने नियम की आज्ञा पर आधारित है कि एक व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति के अपराध के लिए दंडित नहीं किया जाना चाहिए। इग्लेसिया के शिक्षक कहते हैं कि यीशु दूसरों के पापों के लिए नहीं मर सकता था क्योंकि ऐसा करना परमेश्वर की व्यवस्था का उल्लंघन होगा। परन्तु, क्योंकि बाइबल कहती है कि कलीसिया मसीह की देह है, यदि कोई व्यक्ति कलीसिया में सम्मिलित होता है, तो वह दूसरा व्यक्ति नहीं, परन्तु मसीह का अंश है। इसलिए, यीशु किसी और के लिए नहीं बल्कि उन लोगों के लिए मरारे जो उसकी कलीसिया में हैं। प्रायश्चित का यह सिद्धांत उनकी कलीसिया को उद्धार के लिए अत्यंत आवश्यक बना देता है, क्योंकि वे ही एकमात्र सच्ची कलीसिया हैं।

» इस बात को समझाएं कि इग्लेसिया कैसे दावा करता है कि यीशु केवल उनकी कलीसिया के सदस्यों के लिए मरे।

इल्लेसिया के कई भजन कलीसिया के बारे में हैं। यहाँ "द ट्रू चर्च ऑफ़ क्राइस्ट" अर्थात् मसीह की सच्ची कलीसिया नामक भजन का एक उदाहरण दिया गया है:

महिमामय और ईश्वरीय सत्य
केवल मसीह की कलीसिया में
सुसमाचार को अपने हृदय में ग्रहण करें
परमेश्वर का वचन अति प्रभावशाली है

हम सच्ची कलीसिया के सदस्य हैं
ओह परमेश्वर की भविष्यद्वाणी की हुई कलीसिया
दृढ़ता से बने रहें
शिक्षा में जो हम सीखते हैं

हे प्रिय भाइयों न त्यागें
सच्ची कलीसिया प्रभु से प्रेम करती है
अपने मन से सभी प्रकार के संदेहों को दूर कर दें
और हमेशा विश्वासयोग्य रहें

अन्य विश्वास और रीति रिवाज

इग्लेसिया के अगुवों लोगों के विश्वास को बदलने के लिए बहुत उत्साही रहते हैं। वे अपने लोगों से कलीसिया के संदेश को फैलाने का कार्य करने के लिए अनुरोध करते हैं।

आराधना के दौरान पुरुषों और महिलाओं को आराधनालय के अलग-अलग किनारों पर बैठाया जाता है। शुरुआती समय में दरवाजा बंद होता है।

उनके भजनों में जिन विषयों पर बल दिया गया है, वे हैं कलीसिया, जीवन की कठिनाइयों को सहन करना और क्षमा के लिए प्रार्थना करना। वे प्रार्थना करते हैं कि परमेश्वर उनकी आज्ञाओं का पालन करने और क्षमा प्राप्त करने के योग्य बनने में सहायता करें।

इग्लेसिया के अगुवों का दावा है कि उनकी मन्यातओं का स्रोत बाइबल है। उनकी शिक्षण की सामान्य शैली पूरी बाइबल में से कई पदों का उपयोग करना पाया जाता है जो असंबंधित प्रतीत होते हैं। वे बाइबल के विभिन्न संस्करणों का उपयोग करते हैं और एक प्रचार में छह अलग-अलग संस्करणों से उद्धरण दे सकते हैं। वे पवित्रशास्त्र के द्वारा किसी भी प्रश्न का उत्तर देने का प्रयास करते हैं। उनके कई सदस्यों का दावा है कि उन्हें पंथ द्वारा पवित्रशास्त्र के उपयोग करते हुए उनमें शामिल होने के लिए मनाया गया था।

इग्लेसिया त्रिएकता या मसीह की ईश्वरत्व या पवित्र आत्मा में विश्वास नहीं करता है।

"हम, अब सभी आरम्भिक पवित्र कलीसियाई धर्माचार्यों का अनुसरण करते हुए, एक सहमति से, मनुष्यों को एकलौते और एक ही पुत्र, हमारे प्रभु यीशु मसीह को स्वीकार करना सिखाते हैं, वही ईश्वरत्व में सिद्ध और मनुष्यत्व में भी परिपूर्ण है; वही वास्तव में परमेश्वर और मनुष्य दोनों है।"

चाल्सीदोन का विश्वास वचन
(कलीसिया द्वारा 451 ई. में लिखा गया)

इग्लेसिया के सदस्य लगातार अपने प्रकाशनों में मसीह की ईश्वरत्व के सिद्धांत पर हमला करता रहता है। वे सिखाते हैं कि यीशु एक विशेष व्यक्ति था लेकिन परमेश्वर नहीं था। वे कहते हैं कि यदि कोई व्यक्ति सोचता है कि मसीह परमेश्वर हैं, तो वह वास्तव में मसीह को नहीं जानता और न ही बचाया गया है।

उनका मानना है कि मृत्यु के समय प्राण मर जाता है और तब तक अस्तित्व में नहीं रगागी जब तक कि परमेश्वर व्यक्ति को पुनर्जीवित नहीं करता है। वे नरक में विश्वास नहीं करते हैं।

वे यह नहीं मानते कि प्रचार किए गए सुसमाचार को सुनने या बाइबल पढ़ने के बाद मसीह पर भरोसा करने से एक व्यक्ति का उद्धार हो जाता है। उनका मानना है कि उद्धार एक प्रक्रिया है। इग्लेसिया नी क्रिस्टो के अनुसार, एक व्यक्ति को कलीसिया में शामिल होना चाहिए और बचे रहने के लिए कलीसिया की शर्तों का पालन करना चाहिए। हालांकि, वे इस बात की गारंटी नहीं देते हैं कि कलीसिया की सदस्यता लेने से एक व्यक्ति बचाया जाता है। उनका मानना है कि अगर एक व्यक्ति अपना जीवन सही तरीके से नहीं जीता है तो वह अपने उद्धार को खो देगा। इन सिद्धांतों के कारण, उनके कई सदस्य इस डर में हैं कि वे बचाए नहीं गये हैं।

» इग्लेसिया नी क्रिस्टो उद्धार का तुरंत आश्वासन क्यों नहीं देता है?

इग्लेसिया नी क्रिस्टो वास्तविक मसीहियत होने का दावा करते हैं। यह दावा करता है कि अन्य सभी कलीसियाएं झूठी हैं। लेकिन अगर कोई व्यक्ति इग्लेसिया के सभी सिद्धांतों को समझता है और उन पर विश्वास करता है, तो वह पवित्रशास्त्र के सुसमाचार को नहीं मानता और न ही वह मसीही है।

धर्मसिद्धान्त हस्तपुस्तिका का उपयोग करना

क्योंकि इग्लेसिया नी क्रिस्टो बाइबल पर विश्वास करने का दावा करते हैं, इसलिए बाइबल का उपयोग उनके सिद्धांतों का उत्तर देने के लिए किया जा सकता है। इस पंथ का उत्तर देने के लिए धर्मसिद्धान्त हस्तपुस्तिका से निम्नलिखित सैद्धांतिक खंडों का प्रयोग करें।

5. यीशु परमेश्वर है।

7. पवित्र आत्मा परमेश्वर है।

8. परमेश्वर त्रिएक है।

9. उद्धार केवल मसीह के प्रायश्चित से है।

11. हम विश्वास के द्वारा उद्धार पाते हैं।

12. हमारे पास उद्धार का व्यक्तिगत आश्वासन हो सकता है।

13. जो लोग बचाए नहीं गए वे अनन्त दण्ड भोगेंगे।

सुसमाचार प्रचार

आपने देखा होगा कि इग्लेसिया नी क्रिस्टो के सिद्धांत काफी हद तक यहोवा विट्नेस के सिद्धांतों के जैसे हैं। उनके सदस्य इस डर में रहते हैं कि वे अभी तक नहीं बचाए गए हैं।

बुनियादी सुसमाचार के मूलभूत सत्य पर बल देना अति महत्वपूर्ण है। याद रखें कि आप उन लोगों से बात कर रहे हैं जो इस सिद्धांत पर विश्वास करते हैं कि यदि वे सही कलीसिया में बने रहेंगे तो वे बच जाएंगे। पवित्रशास्त्र के उन वचनों पर बल दें जो व्यक्तिगत रूप से उद्धार का आश्वासन देते हैं। उन्हें दिखाएँ कि जब तक वे उद्धार के लिए मसीह पर अपना विश्वास नहीं रखेंगे, तब तक वे कभी भी निश्चित रूप से यह नहीं जान पाएंगे कि वे बचाए गए हैं।

एक गवाही

मिगुएल इग्लेसिया नी क्रिस्टो में एक सेवक थे। जब वह कलीसिया में कई अन्य पास्टरों से परिचित हो गये, तो वह यह जानकर निराश हुए कि वे पवित्र जीवन के उस स्तर से नहीं जी रहे थे जिसका वे प्रचार करते थे। उन्होंने अपने लोगों को सुसमाचार सुनाया कि उन्हें पवित्र और धर्मी जीवन जीना चाहिए। मिगुएल को ऐसा लग रहा था कि एक उपदेशक का जीवन जितना बुरा होगा, वह उतना ही मजबूत होकर धर्मी जीवन जीने का प्रचार करेगा। मिगुएल ने कहा कि कई पास्टर पंथ को छोड़ना चाहते हैं, लेकिन यह नहीं जानते कि यह कैसे करना है। वे सताव से डरते हैं। मिगुएल ने कलीसिया को छोड़ने और सुसमाचार सम्मत सिद्धांत को थामे रखने का फैसला किया।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन - भाग 2

अब प्रकाशितवाक्य अध्याय 1 को फिर से पढ़िए। प्रत्येक छात्र को इग्लेसिया नी क्रिस्टो के अनुयायी के लिए इस अनुच्छेद में दिए गए संदेश की व्याख्या करते हुए एक अनुच्छेद लिखने को कहें। होने दें कि कुछ छात्र साझा करें कि उन्होंने क्या लिखा है।

प्रत्येक अध्याय के लिए कार्यभार

इस धार्मिक समूह के किसी व्यक्ति को सुसमाचार सुनाने का अवसर खोजने के प्रयास को याद रखें। अपनी कक्षा के साथियों के साथ कक्षा में हुई बात पर चर्चा करना न भूलें। 2 - पृष्ठों की लिखित रिपोर्ट लिखें और इसे अपनी कक्षा के अगुवे को दें।

अध्याय 6

ईस्टर्न लाइटनिंग पूर्वी दिशा का प्रकाश

पहली मुलाक़ात

शांग हुई चीन में एक पास्टर थे। उन्होंने लोगों को कलीसिया छोड़कर चर्च ऑफ़ ऑलमाइटी गॉड में शामिल होने के बारे में सुनना शुरू किया। यहाँ तक कि उनके माता-पिता भी उनमें शामिल हो गए थे। जब वह इस पंथ के सदस्यों से मिले, तो उन्होंने कहा, "परमेश्वर का नाम यहोवा था, परन्तु वह पृथ्वी पर यीशु था। परमेश्वर फिर से एक नया कार्य कर सकता है, और पृथ्वी पर दूसरा मसीह बन सकता है।" शांग उनकी शिक्षाओं से भ्रमित हो गये। वह अपनी सेवकाई से खुश नहीं थे क्योंकि पंथ अत्याधिक तेजी से आगे बढ़ रहा था।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन - भाग 1

2 तीमुथियुस अध्याय 3 को एक साथ ज़ोर से पढ़िए। प्रत्येक छात्र को एक अनुच्छेद लिखने के लिए कहें जो इस पवित्रशास्त्र के अंश को सारांशित करता हो। यह अनुच्छेद हमें झूठे मसीही पंथों के बारे में क्या बताता है? प्रत्येक छात्र से कथनों की एक सूची लिखने को कहें। एक समूह के रूप में, आपने जो लिखा है उस पर चर्चा करें।

ईस्टर्न लाइटनिंग अर्थात् पूर्वी दिशा का प्रकाश

उत्पत्ति और प्रभाव

ईस्टर्न लाइटनिंग नामक पंथ का आधिकारिक नाम चर्च ऑफ़ ऑलमाइटी गॉड है। इस पंथ की शुरुआत 1989 में चीन में हुई थी। उनकी सदस्यता का अनुमान 100,000 से 1,000,000 तक है।

ईस्टर्न लाइटनिंग पंथ के अनुयायियों का मानना है कि परमेश्वर ने पुराने नियम के समय में स्वयं को यहोवा के रूप में प्रगट किया, फिर वह पृथ्वी पर यीशु के रूप में आया, और

अब एक महिला के रूप में पृथ्वी पर आया है जो स्वयं को लाइटनिंग डेंग कहती है। उसका मूल रूप से असली नाम यांग जियांगबिन था। डेंग सार्वजनिक रूप से प्रगट नहीं होती है, और यह कोई नहीं जानता कि वह कैसी दिखती है या वह कहाँ है।[36] पंथ के दिखाई देने वाले अगुवे झाओ वीशान हैं जो शायद यांग के पति हो सकते हैं।

ईस्टर्न लाइटनिंग दावा करता है कि बाइबल अब पुरानी हो चुकी है, और नए प्रकाशन की आवश्यकता है।[37] इस पंथ ने कई किताबें प्रकाशित की हैं, जिसमें *लाइटनिंग फ्रॉम द ओरिएंट* भी शामिल है, जो परमेश्वर की ओर से मसीह के महिला होने के प्रकाशन का दावा करती है। किताबें मसीहियों से बात करती हैं और उन्हें विस्तृत दंडों की धमकी देती हैं।

ईस्टर्न लाइटनिंग शिक्षा देता है कि यीशु का नाम अब पुराना और शक्तिहीन है, और डेंग ही अब मसीह है।

उन्होंने 21 दिसंबर, 2012 को संसार के अंत की भविष्यद्वाणी की।

» ऐसी कौन सी बातें हैं जो आप पहले से देख रहे हैं जो दर्शाती हैं कि यह संगठन मसीही नहीं है?

"यह प्रकाशन [बाइबल का] अब पूरा हो गया है। परमेश्वर इसमें और कुछ नहीं जोड़ेगा, क्योंकि इसमें वह सब कुछ है जो मनुष्यों के लिए इस संसार और आनेवाले दोनों के सन्दर्भ में आवश्यक है, और जो उस में कुछ जोड़ेगा या उसमें से कुछ घटाएगा, उस पर उसने भारी दण्ड की आज्ञा दी है।"

एडम क्लार्क
(मसीही ईशविज्ञान, 50)

गतिविधियां और कार्यनीति

ईस्टर्न लाइटनिंग विशेष रूप से मसीही कलीसियाओं को अपना लक्ष्य बनाती है, यहां तक कि सबसे दृढ़ मसीहियों का चयन भी करती है। कहानियां उन लोगों के बारे में बताई जाती हैं जो मसीही सेवकाईयों में शामिल होने के लिए कलीसिया छोड़कर चले गए थे। पंथ के सदस्य कलीसिया में शामिल होने का दिखावा करते हैं, फिर मसीही पास्टरों को बड़ी मात्रा में धन की पेशकश करते हैं यदि वे उनके अनुयायी बन जाते हैं। पंथ अन्य धर्मों या संप्रदायों के लोगों में कम रुचि रखता है।[38]

36 बाइबल कहती है, कि जब लोग कहें कि मसीह संसार में यहाँ या वहाँ है तो उनका विश्वास न कर लेना (लूका 17:23)

37 यीशु ने कहा कि उसके वचन कभी न टलेंगे। नए मसीह कि कोई ज़रूरत ही नहीं है मरकुस 13:31)।

38 बाइबल भलाई से घृणा करने वालों के बारे में बताती है (2 तीमुथियुस 3:3)।

ये पंथ संभावित परिवर्तित लोगों को आकर्षित करने के लिए वेश्यावृत्ति का उपयोग करते हैं। जो लोग इनमें शामिल होते हैं वे अपने अपने जीवनसाथी को छोड़कर उनसे अलग हो जाते हैं और उन्हें यौन गतिविधियों में शामिल होना पड़ता है।[39]

ईस्टर्न लाइटनिंग के सदस्य अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए यातना, अपहरण और हत्या का उपयोग करने के लिए जाने जाते हैं।[40] वे मसीही संगठनों के अगुवों पर शारीरिक हमला करते हैं। वे अपने अनुयायी को अपनी सदस्यता नहीं छोड़ने देते हैं।

यदि कोई व्यक्ति शामिल होने में दिलचस्पी लेता है, तो वे उन्हें उपहार देते हैं, लेकिन यदि कोई व्यक्ति उनका अनुयायी नहीं बनता है तो वे हिंसा करने की धमकी देते हैं।[41] पंथ के सदस्य पंथ का विरोध वालों को परमेश्वर की ओर से आने वाली घातक बीमारियों को प्राप्त करने वाले लोगों की कहानियां सुनाते हैं। वे मसीहियों को यौन पाप में फंसाने की कोशिश करते हैं, फिर उन्हें ब्लैकमेल करते हैं।

पंथ के सदस्यों दावा रकते हैं कि उन पर हिंसा का झूठा आरोप लगाया गया है, लेकिन चीन में कई मसीही और सेवकों ने उनके कार्यों को देखा है।

सदस्यों को पंथ में बने रहने के लिए अपना सब कुछ देना पड़ता है। उन्हें अपने परिवार को छोड़ने और पंथ के साथ रहने और संदेश फैलाने का कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

ईस्टर्न लाइटनिंग ने कई अन्य देशों में अपने संगठन का विस्तार करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कई अन्य देशों में अपने संगठन का विस्तार करना शुरू कर दिया है। उन्होंने चीनी कलीसियाओं में लोगों को मुद्रित सामग्री देकर आरम्भ किया।

» सच्ची कलीसिया की गतिविधियों की तुलना ईस्टर्न लाइटनिंग की गतिविधियों से किस प्रकार की जा सकती है?

---

39 मसीही लोग पवित्रता में जीवन जीते हैं और विवाह में किये गए वायदों को बनाए रखते हैं (इफिसियों 5:3)।

40 बाइबल कहती है कि एक मसीही को विनम्र होना चाहिए, कानून का पालन करना चाहिए, और हिंसक नहीं होना चाहिए (तीतुस 3:1-2)।

41 परमेश्वर कि ओर से प्राप्त बुद्धि मेल कराने वाली, दयालु और शुद्ध होती है (याकूब 3:17)।

मान्यताएं

ईस्टर्न लाइटनिंग के अनुयायी स्वीकार करते हैं कि मसीह हमारे पापों के लिए मरा, लेकिन इस बात पर विश्वास नहीं करते कि एक व्यक्ति को उनके संगठन के बिना मसीह द्वारा बचाया जा सकता है। उद्धार पाने के लिए, एक व्यक्ति को यीशु में अपने विश्वास को छोड़ देना चाहिए और इसके बजाय डेंग, अर्थात् महिला मसीôôह का अनुसरण करना चाहिए। वे पुनरुत्थान और मसीह के पुनः आगमन को नकारते हैं।

उनका मानना है कि जो कोई भी डेंग (महिला मसीह) के संदेश को स्वीकार नहीं करता है, उसे परमेश्वर द्वारा दण्ड दिया जायेगा।[42]

> अब एक व्यक्ति की यह ज़िम्मेदारी यह है कि वह महिला मसीह का अनुसरण करे, और केवल तब ही जब वह यीशु मसीह में अपने विश्वास को त्याग देता है, सार्वजनिक रूप से अपनी बाइबल को फाड़ देता है, स्वयं को "शैतान का पुत्र" कहता है, तब ही वह महिला मसीह के बोले गए शब्दों को पूरी तरह से प्रस्तुत करके "जयवन्त" और इस प्रकार "विजयी" बन जाता है, कि वह उस राज्य में भी प्रवेश कर सकता है जिसे महिला मसीह द्वारा पृथ्वी पर स्थापित किया जाएगा।[43]

» हम यह कैसे जानते हैं कि यीशु मसीह और परमेश्वर का वचन अभी भी मसीहियों के लिए आवश्यक हैं?

"वह [यीशु] वह अधोलोक में गया; तीसरे दिन वह मृतकों में से फिर जी उठा; वह स्वर्ग पर चढ़ गया; और सर्वसामर्थी पिता परमेश्वर की दाहिनी हाथ पर विराजमान है; जहाँ से वह जीवितों और मृतकों का न्याय करने के लिए आएगा "

प्रेरितों का विश्वास वचन

"प्रायश्चित की शिक्षा का मुख्य कथन यह है कि मसीह की मृत्यु उद्धार को हासिल करने योग्य कारण है। मसीह की मृत्यु हमारे उद्धार को संभव बनाती है।"

थॉमस ओडेन
(जीवन का वचन, 347-348)

42 बाइबल आशंका जताती है कि सत्य का विरोध करने वाले और कलीसिया को बाँटने वाले लोग कौन होंगे (यहूदा 17-19)।

43 "यीशु के लिए चीन" द्वारा लिखे गए पंथ के बारे में एक लेख से

चर्च ऑफ़ ऑलमाइटी गॉड (ईस्टर्न लाइटनिंग) वास्तविक मसीही विश्वासी होने का दावा करती है। यह दावा करती है कि अन्य सभी कलीसियाएँ झूठी हैं। लेकिन अगर कोई व्यक्ति उनके सभी सिद्धांतों को समझता और उन पर विश्वास करता है, पवित्रशास्त्र के सुसमाचार को नहीं मानता है तो वह मसीही नहीं है।

अब वापस जाएं और ईस्टर्न लाइटनिंग पर पूरे खण्ड के लिए एक साथ पाद-टिप्पणियों को पढ़ें। सभी छात्रों को पवित्रशास्त्र के उल्लेखित वचनों को देखना चाहिए और उन्हें बारी-बारी से समूह में पढ़ना चाहिए।

धर्मसिद्धान्त हस्तपुस्तिका का उपयोग करना

नीचे दी गई सूची के सभी सिद्धांत ईस्टर्न लाइटनिंग द्वारा नकारे दिए गए हैं। प्रत्येक सिद्धांत के महत्व और उसके प्रमाण को देखने के लिए धर्मसिद्धान्त हस्तपुस्तिका को देखें। सुनिश्चित करें कि आप यह समझ पायें कि हवाला दिए गए वचन धर्मसिद्धांत को कैसे साबित करते हैं।

5. यीशु परमेश्वर है।

7. पवित्र आत्मा परमेश्वर है।

8. परमेश्वर त्रिएक है।

9. उद्धार केवल मसीह के प्रायश्चित से है।

11. हम विश्वास से उद्धार प्राप्त करते है।

12. हमारे पास उद्धार का व्यक्तिगत आश्वासन हो सकता है।

सुसमाचार का प्रचार

भले ही इस पंथ की हिंसक, अनैतिक और भ्रामक रणनीतियाँ एक आतंकवादी संगठन की तरह लगती हैं, लेकिन उनके कई अनुयायी अगुवों की गतिविधियों के बारे में नहीं जानते हैं। विशेष रूप से चीन के अलावा अन्य देशों में, इस पंथ से प्रभावित लोग अपने ऊपर लगे आरोपों पर विश्वास नहीं करते हैं। इसलिए, एक मसीही के लिए यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि वह अपने सिद्धांतों का जवाब देने में सक्षम हो।

यह संभव नहीं है कि एक व्यक्ति जो पूरी तरह से पंथ का हिस्सा है और उनके सिद्धांतों को मानता है एक मसीही है। अंत:, उनके भीतर एक आत्मिक भूख है जो शान्त नहीं हुई है। एक मसीही विश्वासी की प्राथमिकता उनके साथ सुसमाचार बाँटने की होनी चाहिए।

बहुत से लोग डर के कारण ईस्टर्न लाइटनिंग में शामिल हो जाते हैं। हमें यह प्रचार करना चाहिए कि सत्य के प्रति विश्वासयोग्यता किसी भी सांसारिक परिस्थिति से अधिक महत्वपूर्ण है। हम यह भी जानते हैं कि परमेश्वर के राज्य की विजय होगी।

विशेष चेतावनी: ऐतिहासिक मसीही विश्वास को न छोड़ें

प्राचीन काल से अब तक मसीही विश्वास में कई तरह की मान्यताएं रही हैं। हालाँकि, परमेश्वर और मसीह के स्वभाव के बारे में मूलभूत सिद्धांत कलीसिया द्वारा सभी युगों में स्थापित किए गए थे और उनका बचाव भी किया जाता रहा है। सभी कलीसियाओं का प्रतिनिधित्व करने वाली प्रारंभिक परिषदों ने बाइबल के सिद्धांत के कथन लिखे, और सभी सुसमाचार-प्रचार करने वाली कलीसियाओं ने इन सिद्धांतों को विश्वास के लिए आवश्यक माना है। बाइबल आधारित कलीसियाएँ एक दूसरे से बहुत अलग दिखाई देती हैं, और कई बातों पर असहमत और कुछ अनिवार्य बातों पर सहमत होती हैं।

कुछ पंथ कहते हैं कि सभी कलीसियाएं वरन् उनकी अपनी कलीसिया आवश्यक सिद्धांतों के क्षेत्र में गलत है और वास्तव में मसीही नहीं हैं। वे न केवल छोटे सिद्धांतों पर, बल्कि उन सिद्धांतों पर असहमत होते हैं जो सुसमाचार के लिए आवश्यक हैं। वे उन बातों का भी खण्डन करते हैं जो मसीहियों को अन्य धर्मों से अलग करती हैं। एक पंथ जो आवश्यक मसीही विश्वास को नकारता है वह दूसरा धर्म है और उसे मसीही होने का दावा नहीं करना चाहिए।

जब एक पंथ यह कहता है कि वह सही और अन्य सभी कलिसियाएँ गलत हैं, तो हमें यह समझने की आवश्यकता है कि वे क्या कह रहे हैं। वे कह रहे हैं कि सभी कलीसियाओं का प्रतिनिधित्व करने वाली प्राचीन परिषदें गलत थीं। वे कह रहे हैं कि सभी युगों में रहने वाले लाखों मसीही गलत थे। वे कह रहे हैं कि जिन भक्त लोगों को आप जानते थे, जो मसीह के जैसे नमूने थे, वे गलत थे। वे कह रहे हैं कि संसार भर में सभी पुरुष और महिलाएं जो परमेश्वर से प्रेम करते, प्रार्थना करते, आराधना करते, परमेश्वर के अनुग्रह की गवाही देते, सताव सहते, बाइबल का पालन करते, और सुसमाचार का प्रचार करते हैं, वे सभी गलत हैं। पंथ का कहना है कि ये सब उस मूल सत्य पर भी गलत थे जो एक व्यक्ति को मसीही बनाता है।

यदि यह पंथ सही है, तो परमेश्वर ने सदियों से अपनी कलीसिया को आवश्यक सुसमाचार के सत्य में मार्गदर्शन करने के लिए क्यों नहीं चुना। यदि यह पंथ सही है, तो यह अजीब है कि ईमानदार, भक्त लोग हर जगह अभी भी उनके सिद्धांतों को अस्वीकार क्यों करते हैं। यह सच है कि धार्मिक संगठन सांसारिक, शक्तिशाली और समृद्ध हो सकते हैं और वास्तव में सत्य में रुचि नहीं रखते हैं, तो फिर हर जगह कलीसियाओं में भक्त और आत्मिक लोग बाइबल के अनिवार्य सत्य को क्यों थामे हुए हैं।

एक गवाही

लिया ईस्टर्न लाइटनिंग पंथ में शामिल हो गईं क्योंकि उन्हें लगा कि वे मसीही हैं, लेकिन बहुत जल्दी ही उन्हें इस बात का एहसास हुआ कि वे बाइबल या यीशु में विश्वास नहीं करते हैं। उसने उन्हें छोड़ देने का फैसला लिया, लेकिन उन्होंने उसके पैरों पर लोहे की छड़ से मारा, ताकि वह चल न सके। उन्होंने कहा कि यदि वह चली गई तो वे उसे मार देंगे। बाद में वह एक मसीही की सहायता से वहाँ से भाग निकली। वह अब एक कलीसिया में है और परमेश्वर से सहायता मांग रही है। वह अभी भी ईस्टर्न लाइटनिंग द्वारा दी गई चोटों की वजह से अपंग है।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन - भाग 2

अब 2 तीमुथियुस अध्याय 3 को फिर से पढ़ें। प्रत्येक छात्र को ईस्टर्न लाइटनिंग के अनुयायी के लिए इस अनुच्छेद में दिए गए संदेश की व्याख्या करते हुए एक अनुच्छेद लिखने को कहें। होने दें कि कुछ छात्र साझा करें कि उन्होंने क्या लिखा है।

प्रत्येक अध्याय के लिए कार्यभार

इस धार्मिक समूह के किसी व्यक्ति को सुसमाचार सुनाने का अवसर खोजने के प्रयास को याद रखें। शायद यह पंथ उस देश में मौजूद न हो जहाँ आप अध्ययन कर रहे हैं। यदि नहीं, तो सामग्री को किसी और को दें और उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करें। आपने जो बातचीत की है उसके विषय में अपने सहपाठियों के साथ साझा करने की तैयारी करें। 2 - पृष्ठों की लिखित रिपोर्ट लिखें और इसे अपनी कक्षा के अगुवे को दें।

अध्याय 7

सुख-समृद्धि वाला ईशविज्ञान

पहली मुलाकात

विलियम टेलीविजन पर बेनी हिन्न के प्रोग्राम को देख रहा था। हिन्न ने बताया कि कैसे उन्होंने और एक अन्य प्रचारक ने एक चंगाई सभा अयोजित की थी। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग चंगे हुए और अपनी व्हीलचेयर छोड़ दी और खाली व्हीलचेयर सड़कों पर पड़ी हुई थीं। विलियम को आश्यर्च हुआ कि यदि इस तरह के आश्चर्यकर्म वास्तव में हुए थे और क्या वे वास्तविक मसीहियत के चिन्ह थे।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन – भाग 1

2 कुरिन्थियों 11 को एक साथ ज़ोर से पढ़िए। क्या प्रत्येक छात्र एक भाग लिखता है जो इस पवित्रशास्त्र के अंश को सारांशित करता है। इस खण्ड में हम मसीही विश्वास और झूठे विश्वास के बीच क्या अंतर देखते हैं? एक समूह के रूप में आपने जो लिखा है उस पर चर्चा करें।

सुख-समृद्धि वाला ईशविज्ञान

परिचय

जो लोग सुख-समृद्धि वाले ईशविज्ञान को मानते हैं वे एक संगठन रूप में एकजुट नहीं हैं। इस धर्म को "विश्वास का आंदोलन" या "विश्वास के आंदोलन का वचन" भी कहा जाता है।

सुख-समृद्धि वाले ईशविज्ञान पर आधारित सेवकाई आमतौर पर ऐसे व्यक्तियों द्वारा शुरू की जाती है जो असामान्य सिद्धांतों और प्रतिभाशाली उपदेशों के साथ ध्यान आकर्षित करते हैं। प्रत्येक सेवकाई एक ऐसे व्यक्ति पर निर्मित होती है जो एक धार्मिक हस्ती बन

जाता है। उदाहरण के लिए, बेन्नी हिन्न, केनेथ कोपलैंड, मॉरिस क्रूलो, माइल्स मुनरों और केनेथ हेगिन इत्यादि।[44]

बहुत से लोग विश्वास करते हैं कि ये शिक्षक कलीसिया को आत्मिक सामर्थ्य के स्तर पर नवीनीकृत कर रहे हैं जो कि कलीसिया की पहली पीढ़ी के बाद से शायद ही कभी अनुभव किया गया हो। वे करिश्माई हैं, लेकिन वे नए सिद्धांत सिखाते हैं जो सभी करिश्माई और पेंटेकोस्टल मसीहियों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

» आप सुख-समृद्धि वाले ईशविज्ञान के प्रचारकों के कौन से उदाहरण जानते हैं?

सुख-समृद्धि वाले ईशविज्ञान के सिद्धांत

सुख-समृद्धि वाले ईशविज्ञान के शिक्षक नए प्रकाशन पर जोर देते हैं, और उनके कई धर्मसिद्धांत बाइबल में नहीं पाए जाते हैं।

वे विश्वास के बारे में अपनी शिक्षाओं को लेकर सबसे अधिक इस बात पर जोर देते हुए जाने जाते हैं, कि प्रत्येक व्यक्ति के पास स्वास्थ्य और धन हो सकता है यदि वे यह सीख जाएँ कि विश्वास का इस्तेमाल कैसे किया जाता है। वे वादा करते हैं कि हरेक व्यक्ति को चंगा हो सकता है। वे कहते हैं कि प्रत्येक मसीही के लिए धनवान होना परमेश्वर की योजना है।[45]

वे दावा करते हैं कि उनकी सेवकाई में कई आश्चर्यकर्म होते हैं, लेकिन अधिकांश आश्चर्यकर्मों के लिए अच्छे सबूत नहीं मिलते हैं। जो लोग धन हो रहे हैं वे वही हैं जो अपने अनुयायियों से दानों को प्राप्त कर रहे हैं।

सुख-समृद्धि वाले प्रचारक सिखाते हैं कि विश्वास कायनात की अवैयक्तिक शक्ति और तत्व है। उनका मानना है कि मनुष्य विश्वास का उपयोग आश्चर्यकर्म की रचना करने और उसे प्रगट करने के लिए कर सकता है जैसे परमेश्वर इसका उपयोग करता है।[46] इसके अतिरिक्त, वे सोचते हैं कि मनुष्य परमेश्वर पर निर्भर हुए बिना और परमेश्वर की इच्छा जानने की कोशिश किए बिना इसका उपयोग कर सकता है। हिन ने कहा, "कभी प्रार्थना

---

44 अन्य शामिल लोग ओरल रोबर्ट्स indexOral Roberts, फ्रेडेरिक प्राइस indexFrederic Price, रोबर्ट टील्टोन indexRobert Tilton, चार्ल्स कैप Charles Cappindex, और जॉन अवन्ज़िनी।index John Avanzini

45 बाइबल बताती है कि ऐसे शिक्षक होंगे जो लोगों को वही शिक्षा देंगे जो लोग सुनना चाहते हैं (2 तीमुथियुस 4:1-4) ।

46 बाइबल हमें बताती है कि विश्वास ही हमें परमेश्वर पर भरोसा करने और जो कुछ वह देता है उसे ढूंढने के लिए प्रेरित करता है (इब्रानियों 11:6)।

न करें कि तेरी इच्छा पूरी हो।"[47] हेगिन ने कहा, "मैं अपने अधिकारों की मांग करने के द्वारा प्रार्थना करता हूँ।"

विश्वास के बारे में उनके सिद्धांत परमेश्वर के सिद्धांतों पर आधारित हैं जो ऐतिहासिक मसीही सिद्धांत से अलग हैं। उनके सिद्धांत एक सुसंगत पद्धति नहीं बनाते हैं। उदाहरण के लिए, वे त्रिएकत्व पर विश्वास करने का दावा तो करेंगे, लेकिन वे ऐसे बयान देते हैं जो उस दावे का खण्डन करते हैं।

वे सिखाते हैं कि पिता परमेश्वर एक शरीरिक व्यक्ति है। केनेथ कोपलैंड ने कहा कि आदम लगभग परमेश्वर की तरह नहीं था, बल्कि उसकी एक सटीक प्रति था। वे इस बात पर जोर देते हैं कि क्योंकि लोग परमेश्वर के प्रतिरूप हैं, उन्हें वह करने में सक्षम होना चाहिए जो कुछ परमेश्वर करता है। हेगिन ने कहा कि वचन का ज्ञान रखने वाला कोई भी विश्वासी यीशु की तरह शैतान को नरक में हरा सकता था। हेगिन ने यह भी कहा कि पतन से पहले मनुष्य बिना किसी हीन भाव के परमेश्वर की उपस्थिति में खड़ा हो सकता था, और परमेश्वर के तुल्य शर्तों पर जी सकता था। कोपलैंड ने कहा कि मनुष्य को ईश्वर का सेवक नहीं बल्कि ईश्वर का सहयोगी बनाया गया है।

सुख-समृद्धि वाले ईश्वरविज्ञान के शिक्षकों का कहना है कि जैसे ईश्वर ने संसार को अस्तित्व के कहा, ठीक वैसे ही विश्वासी चीजों को अस्तित्व में आने के लिए कह सकते हैं। बेनी हिन्न ने कहा कि विश्वासी को यीशु पर निर्भर होने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि विश्वासी वह सब कुछ है जो यीशु है, या था, या रहेगा। केनेथ हेगिन ने कहा कि प्रत्येक विश्वासी यीशु मसीह के जैसे ही एक देहधारी है।

सुख-समृद्धि की शिक्षा देने वाले शिक्षकों का कहना है[48] कि परमेश्वर पृथ्वी का स्वामी नहीं है या उस पर शासन नहीं करता है। वे शिक्षा देते हैं कि परमेश्वर ने पृथ्वी पर मनुष्य को अधिकार दिया है, और मनुष्य ने शैतान को दिया है। उनका दावा है कि जब तक लोग उसे अनुमति नहीं देते तब तक परमेश्वर पृथ्वी पर कुछ भी नहीं कर सकता है।[49]

» सुख-समृद्धि वाले ईशविज्ञान के शिक्षकों का परमेश्वर के प्रति दृष्टिकोण में क्या गलत है? विश्वास के बारे में उनके दृष्टिकोण में क्या गलत है?

---

47 लेकिन हमारे लिए प्रार्थना का अर्थ पिता कि इच्छा का पूरा होना है (मत्ती 6:10) ।

48 बाइबल कहती है कि पृथ्वी और जो कुछ उस में है वह परमेश्वर का है (भजन 24:1)।

49 बाइबल कहती है कि परमेश्वर सारी पृथ्वी का न्यायी है और वह इसमें कार्य करता है (1 शमूएल 2:10)।

इस धर्म का विश्वव्यापी प्रतिरूप

विभिन्न देशों में सुख-समृद्धि संबंधी सुसमाचार की शिक्षा देने वाली कई नई कलीसियाएँ शुरू हो गई हैं। उनमें से कई उन बातों की नकल कर रही हैं, जिन्हें वे टेलीविजन पर अमेरिकी शिक्षकों को करते हुए देखते हैं। कुछ लोग अमेरिका में सुख-समृद्धि वाले प्रचारकों की पुस्तकों और वीडियों का उपयोग करते हैं।

कभी-कभी नए अगुवे अपने नए संप्रदायों को शुरू करते हैं और अपने व्यक्तित्व पर एक धार्मिक राज्य को बनाने की कोशिश करते हैं। उनका समूह नए प्रकाशन का दावा करने के कारण एक पंथ की तरह बन सकता है, इसलिए वे उन चीजों की पेशकश कर सकते हैं जो किसी अन्य कलीसिया के पास नहीं हैं।

सुख-समृद्धि वाले ईशविज्ञान के शिक्षक वास्तविक मसीहियत का प्रतिनिधित्व करने का दावा करते हैं। लेकिन यदि कोई व्यक्ति सुख-समृद्धि वाले ईशविज्ञान के सभी धर्मसिद्धांतों को समझता और मानता है, तो उसके लिए भी पवित्रशास्त्र के सुसमाचार पर विश्वास करना असंगत है।

"जिन पापों को करने के लिए मानव मन झुकाव रखता है, उनमें से मूर्तिपूजा को छोड़कर शायद ही कोई और पाप हो जिसके विरुद्ध परमेश्वर की दृष्टि घृणा रखती है, क्योंकि मूर्तिपूजा उसके चरित्र पर लगा हुआ एक दाग है.... पतित मन की छाया में जन्मा हुआ एक देवता स्वभाविक रूप से सच्चे ईश्वर की सच्ची समानता में नहीं होगा। प्रभु ने उस दुष्ट जन से भजन संहिता में कहा 50:21 है कि 'तू ने समझ लिया कि परमेश्वर बिल्कुल मेरे समान है।"

ए. डब्ल्यू टोजर

अब वापस जाएं और समृद्धि धर्मशास्त्र पर पूरे खण्ड के लिए एक साथ पाद टिप्पणियों को पढ़ें। सभी छात्रों को पवित्रशास्त्र के उल्लेखित वचनों को देखना चाहिए और उन्हें बारी-बारी से समूह में पढ़ना चाहिए।

सुख-समृद्धि वाले ईशविज्ञान को प्रत्युत्तर देना

पौलुस ने कुरिन्थ के विश्वासियों को मसीही जीवन के बारे में गलतफहमियों को दूर करने के लिए लिखा। 1 कुरिन्थियों 4:8-13 देखें। उनमें से कई मसीही बनने से पहले बहुत गरीब थे। उन्होंने सोचा कि क्योंकि वे परमेश्वर की संतान बन गए हैं, विश्वास और आत्मिक वरदानों के साथ, वे संसार में धन और पद प्राप्त करना शुरू कर सकते हैं। पौलुस ने कहा, "तुम तो तृप्त हो चुके; तुम धनी हो चुके, तुमने राजाओं के समान राज्य किया।" हम जानते

हैं कि वह उनके दावों के बारे में बात कर रहा था न कि वास्तविकता की, क्योंकि फिर वह कहता है कि, "भला होता कि तुम राज्य करते कि हम भी तुम्हारे साथ राज्य करते।" उसने आगे कहा कि कलीसिया के अगुवे होने के नाते प्रेरितों ने भी संसार में निम्न पद और गरीबी का सामना किया। यद्यपि उनके पास बड़ा विश्वास और आत्मिक वरदान थे, फिर भी वे कभी-कभी भूखे, बेघर रहे थे, और अपने आप को सहारा देने के लिए काम किया करते थे। विश्वास धनी होने की गारंटी नहीं है।

एक अन्य अनुच्छेद में, पौलुस ने समझाया कि सारी सृष्टि अभी भी पाप के कारण आए श्राप के परिणाम को भुगत रही है। देखें रोमियों 8:22-23। सभी जीवित प्राणी पीड़ित हैं और जीवित रहने के लिए संघर्ष करते हैं। उसने कहा अभी भी मसीही लोग भी शरीरिक रूप से पीड़ित होते हैं और उस समय की बाट जोह रहे हैं जब उनके शरीरों को छुड़ाया जाएगा। जबकि हमारा उद्धार हुआ है, फिर भी अभी उद्धार के सभी परिणाम समाप्त नहीं हुए हैं। जब तक हम स्वर्ग नहीं पहुंच जाते तब तक हमारे पास बीमारी, बुढ़ापा और मृत्यु होगी। कभी-कभी परमेश्वर चंगा करता है, लेकिन हमें इस बात की गारंटी नहीं है कि हम सभी शरीरिक समस्याओं से मुक्त रह सकते हैं।

इब्रानियों 12 विश्वास के कई वीरों के जीवन को दर्ज करता है। उन्होंने बड़े-बड़े काम किए क्योंकि उन्होंने परमेश्वर की प्रतिज्ञाओं पर विश्वास किया और परमेश्वर की आज्ञा का पालन किया। उनके विश्वास का एक प्रमाण यह था कि वे परमेश्वर के प्रति अपनी विश्वासयोग्यता के लिए कठिन समय को भी सहने में सक्षम रहे थे। न सिर्फ उन्हें संसार से सताव का सामना करना पड़ा बल्कि उन्हें जरूरतों का भी सामना करना पड़ा। उनमें से बहुत से बेघर थे और उनके पास भोजन और कपड़ों की कमी थी (इब्रानियों 11:37-38)। उन्होंने ये दुःख इसलिये नहीं झेले कि उन्हें विश्वास नहीं था, बल्कि इसलिए कि उन्हें विश्वास था। वे परमेश्वर के साथ अपने रिश्ते को बनाए रखने के लिए सब कुछ खोने के लिए तैयार थे।

"जो कोई आत्मा में होकर कहे, 'मुझे पैसा दो या ऐसा ही कुछ और, तुम उसकी न सुनना। परन्तु यदि वह तुम से दूसरों के लिए, जो दरिद्र हैं, देने को कहे, तो कोई उस पर दोष न लगाए।"

डीडाखे
(कलीसिया की पहली शताब्दी से)

» बाइबल के कुछ प्रमाण क्या हैं कि विश्वास धन की प्राप्ति की गारंटी नहीं है?

बाइबल धन से प्रेम किए जाने के प्रति चेतावनी देती है। 1 तीमुथियुस 6:6-10 को देखें। जो व्यक्ति धनी होने की कोशिश कर रहा है, वह आत्मिक फंदों में फँस जाएगा और बहुत

दुःख उठाएगा। पैसे का प्रेम हर प्रकार की बुराई का कारण बनता है। लालची होने की बजाए, हमे आवश्यकताओं की पूर्ति से संतुष्ट होना है।

सुख-समृद्धि वाला ईशविज्ञान पापियों को पश्चाताप के लिए बुलाने के बजाय सांसारिक लक्ष्यों की ओर आकर्षित करता है।

सुख-समृद्धि वाला ईशविज्ञान मानवीय पीड़ा के बारे में एक यथार्थवादी मसीही दृष्टिकोण नहीं देता।

सुख-समृद्धि वाला ईशविज्ञान एक घमण्डी रवैये को खड़ा करता है जो अन्य कलीसियाओं, पुराने मसीहियों और यहाँ तक कि परमेश्वर के प्रति अनादर है।

सुख-समृद्धि वाला ईशविज्ञान ऐसे वादे करता है जिसे परमेश्वर नहीं करता, जिससे निराशा और विश्वास की हानि होती है।

बाइबल आधारित सुसमाचार उस व्यक्ति के लिए एक आशा का संदेश है जो जानता है कि वह पाप का दोषी है और परमेश्वर के साथ शांति और क्षमा चाहता है। परमेश्वर के साथ संबंध पश्चाताप और अपनी इच्छा को उसके अधीन करने के साथ शुरू होता है। मसीही प्रतिदिन परमेश्वर की आज्ञाकारिता, नम्रता और परमेश्वर की इच्छा के प्रति समर्पित रहता है। परमेश्वर हमें प्रार्थना में उनके पास अपनी सभी आवश्यकताओं को लाने के लिए आमंत्रित करते हैं, लेकिन हमें हर स्थिति में उनकी इच्छा को स्वीकार करना चाहिए। परमेश्वर वायदा करते हैं कि सब कुछ उसके नियंत्रण में है और वह हमारी भलाई के लिए सब कुछ को करेगा, लेकिन वह सभी दुःखों को तुरन्त दूर करने का वायदा नहीं करता है।

प्रभु की प्रार्थना मसीही दृष्टिकोण का एक उदाहरण है। यह सुख-समृद्धि वाले शिक्षकों के रवैये के विपरीत है जो सामर्थ्य का दावा करते हैं और स्वयं को सम्मानित करते हैं। इस प्रार्थना में हम पाते हैं कि प्राथमिकता परमेश्वर का राज्य और महिमा है, और सब कुछ उसकी इच्छा के अधीन होना है। (मत्ती 6:9-13 को देखें)।

"यह कितनी अजीब बात है कि मसीहियत का दावा करने वाले लोग यह मान लेते हैं कि एक सांसारिक आत्मा, सांसारिक साथियों, और सांसारिक सिद्धांतों द्वारा शासित उनके जीवनों के साथ, वे परमेश्वर के अनुग्रह को भी प्राप्त कर सकते हैं या तिस पर भी स्वर्ग के राज्य को प्राप्त कर सकते हैं!"

एडम क्लार्क
(मसीही ईशविज्ञान, 252)

» चंगाई और धन के बारे में एक मसीही विश्वासी की मनोवृत्ति उस मनोवृत्ति से किस प्रकार भिन्न होनी चाहिए जो समृद्धि शिक्षक दिखाते हैं?

धर्मसिद्धान्त हस्तपुस्तिका का उपयोग करना

सुख-समृद्धि वाले सुसमाचार के शिक्षकों का दावा है कि वे एक ईश्वर में विश्वास करते हैं और वे परमेश्वर के पुत्र के रूप में यीशु की उपासना करते हैं जिसने हमारे उद्धार को पूरा किया। तथापि उनके अगुवों का कहना है कि मनुष्य परमेश्वर की पूर्ण नकल है और वह, वह कर सकता है जो परमेश्वर करता है। परमेश्वर और यीशु की विशिष्टता पर जोर देने के लिए, *धर्मसिद्धान्त हस्तपुस्तिका* के अनुभागों का उपयोग करें:

2. केवल एक ही परमेश्वर है।

9. उद्धार केवल मसीह के प्रयश्चित बलिदान के द्वारा मिलता है।

उनके विश्वास के सिद्धांत, परमेश्वर के प्रति उनके इस दृष्टिकोण पर आधारित हैं कि वह एक मनुष्य है जो विश्वास का उपयोग करता है। इससे उन्हें यह सोचने का कारण मिलता है कि मनुष्य भी ऐसा ही कर सकता है। धर्मसिद्धान्त हस्तपुस्तिका को देखें।

3. परमेश्वर पिता एक मनुष्य नहीं है।

एक गवाही

ऐनी अंधी थी जब उसने एक ऐसी कलीसिया में जाना शुरू किया जो "विश्वास के आंदोलन" की शिक्षाओं को मानती थी। उन्होंने उसे विश्वास द्वारा उसकी आँखों की पूर्ण चंगाई की प्राप्ति का दावा करने के लिए कहा। वह चंगी नहीं हुई। उन्होंने उससे कहा कि उसके पास पर्याप्त विश्वास नहीं है। उन्होंने उससे कहा उसके जीवन में कुछ गलत था जिसने उसके जीवन में परमेश्वर की इच्छा को पूरा होने से रोक दिया गया है। वह निराश हो गई, उसने अपना आनंद खो दिया, और यहाँ तक कि प्रार्थना करना भी बंद कर दिया। आखिरकार उसने महसूस किया कि कलीसिया के लोग केवल अपने ही ईशविज्ञान का बचाव करने की कोशिश कर रह थे। वे चाहते थे कि वह चंगी तो हो जाए, पर अपने लिए नहीं, बल्कि इसलिए कि वह उनके ईशविज्ञान के अनुसार मेल नहीं खा रही थी। उसने महसूस किया कि परमेश्वर ने उसे नहीं छोड़ा है, और उसने निश्चय किया कि वह परमेश्वर के साथ अपने रिश्ते के आनंद को बनाए रखेगी।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन - भाग 2

अब 2 कुरिन्थियों 11 को फिर से पढ़ें। सुख-समृद्धि वाले सुसमाचार के अनुयायी के लिए इस खण्ड में दिए गए संदेश की व्याख्या करते हुए एक भाग लिखें। कुछ छात्रों को जो उन्होंने लिखा है साझा करने का अवसर दें।

प्रत्येक अध्याय के लिए कार्यभार

याद रखें, कि आपको इस धार्मिक समूह के किसी व्यक्ति को सुसमाचार सुनाने के अवसर को खोजते रहना है। जिन कलीसियाओं में सुख-समृद्धि वाला सुसमाचार पाया जाता है, उनके विभिन्न नाम हैं, लेकिन वे उन लेखकों के अनुयायी हैं, जिनका उल्लेख इस अध्याय में किया गया है। आपने जो बातचीत की है उसके विषय में अपने सहपाठियों के साथ साझा करने की तैयारी करें। 2-पृष्ठों की लिखित रिपोर्ट लिखें और इसे अपनी कक्षा के अगुवे को दें।

अध्याय 8

अनधिकृत प्रकाशन वाले पंथ

पहली मुलाकात

पियरे एक कलीसिया का दौरा करने जा रहे थे, तब उन्होंने यह बड़े बोर्ड पर लिखा हुआ देखा: "न्याय का दिन, 21 मई, 2011। बाइबल इसकी गारंटी देती है!" पियरे ने सोचा कि अगर संदेश सच हुआ तो उसे क्या करना चाहिए। ऐसा लग रहा था कि अपने बच्चों को स्कूल भेजने, या अपने घर का निर्माण खत्म करने, या उधार लिए हुए पैसे वापस करने का कोई औचित्य ही नहीं रह गया था। वह सोचने लगे कि क्या उन्हें संदेश फैलाने में मदद करने के लिए अपने सभी पैसे दान कर देने चाहिए।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन - भाग 1

मरकुस 13 को एक साथ ज़ोर से पढ़ें। प्रत्येक छात्र एक अनुच्छेद लिखे जो इस वचन खण्ड को सारांशित करता हो। यीशु ने इस अंश में कौन-सी चेतावनियाँ दी हैं? प्रत्येक छात्र बयानों की एक सूची लिखें। एक समूह के रूप में, चर्चा करें कि आपने क्या लिखा है।

अनधिकृत प्रकाशन वाले पंथ

अनधिकृत प्रकाशन वाले पंथ का परिचय

संसार में सैकड़ों अनधिकृत प्रकाशन वाले पंथ पाए जाते हैं। उनमें अत्याधिक विविधता और उनके कई अलग-अलग नाम हैं। अक्सर वे एक ऐसे व्यक्ति द्वारा शुरू किए जाते हैं जो दावा करता है कि वह भविष्य से सम्बंधित नए प्रकाशन को जानता है। उनमें से कुछ केवल थोड़े ही सदस्यों के साथ थोड़े समय तक ही चलते हैं, जबकि अन्य अपने पहचान बना लेते हैं। इस पाठ्यक्रम के अन्य भागों में शामिल किये संगठनों में से कुछ में अनधिकृत प्रकाशन वाले पंथों की विशेषताएं दी गई हैं। उदाहरण के लिए, यहोवा विट्नेस ने कई बार अपने

सदस्यों को प्रेरित करने के लिए भविष्यद्वाणियां की हैं, लेकिन उनकी भविष्यद्वाणियां सच नहीं हुईं हैं।

अनधिकृत प्रकाशन वाले पंथ क्यों विद्यमान है

बहुत से लोगों का मानना है कि संसार में संकट का समय आ रहा है जिसकी वजह से हमारे आप पास सामान्य परिस्थितियां पूरी तरह से बदल जाएंगी। यह संकट आर्थिक, पर्यावरण संबंधी, युद्ध, राजनैतिक या सांस्कृतिक बदलावों से भरा हुआ हो सकता है।

बहुत से उपन्यास और फिल्में काल्पनिक कहानियों द्वारा किसी वैश्विक महामारी, परमाणु युद्ध, या किसी दानव द्वारा धरती के विनाश को दर्शाते हैं। इन कहानियों में धरती पर रहने वाले अधिकतर लोग मर जाते हैं, और बड़े संघर्ष के बाद जितने लोग बच जाते हैं वे एक ऐसी दुनिया में पहुँच जाते हैं जहां का जीवन धरती के जीवन से बिल्कुल अलग होता है।

इस भय और अपेक्षाओं के चलते, लोग भविष्य का सामना करने के लिए उत्तरों की तलाश में लग जाते हैं। कुछ लोग धार्मिक व्याख्याओं को खोज करते हैं। वे अनधिकृत प्रकाशन वाले पंथों के संदेश में रूचि लेने लगते हैं। अनधिकृत प्रकाशन वाला पंथ एक ऐसे व्यक्ति द्वारा प्रारम्भ होता है जो ऐसा भविष्यद्वक्ता होने का दावा करता है जो प्रकाशनों द्वारा बता सकता है कि भविष्य कैसा होगा और हमें क्या करना चाहिए।

अनधिकृत प्रकाशन वाले पंथ हर युग में पाये जाते रहे हैं। मोन्टानुस नामक एक प्रख्यात भविष्यद्वक्ता कलीसिया की दूसरी शताब्दी में रहता था और उसने भविष्यद्विणियां की कि जल्द ही परमेश्वर का राज्य आने वाला है और संसार की सारी पद्धतियों को अन्त होने जा रहा है। सम्पूर्ण इतिहास में ऐसे लोग होते रहे हैं जिन्होंने दावा किया है कि वे जानते हैं कि कब मसीही वापस आकर अपने राज्य की स्थापना और दुष्टों को न्याय करेगा। लाखों लोगों ने धोखा खाया है और उन्हें निराशा हुई है।

"यह शैतान की चाल है कि वह, परमेश्वर के कामों को प्रभावहीन बनाने तथा अपने द्वारा ठहराये हुए लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए, धार्मिक समाज में अपने कपटी और दुष्ट लोगों को भेज देता है।"

एडम क्लार्क
(मसीही ईशविज्ञान, 345)

» आपने किसी प्रकार के अनधिकृत प्रकाशन वाले पंथों के उदाहरणों को देखा या सुना है?

अनधिकृत प्रकाशन वाले पंथों के अगुवे वर्तमान युग के संकटों के लिए बाइबल के आधार पर उत्तर नहीं देते हैं, यद्यपि वे मसीही होने और बाइबल का इस्तेमाल करने का दावा करते हैं। नीचे ऐसे अनधिकृत प्रकाशन वाले धार्मिक की विशेषताओं को लिखा गया है।

"भविष्य के खतरनाक दृश्य की पृष्ठभूमि में पाई जाने वाली बातें उतनी ही डरावनी होती चली जाती है जितना कि हम उस समय के समीप आते जाते हैं, लेकिन हम उस परमेश्वर के देखते हैं जो सब कुछ के ऊपर राज्य करता है, और जिसकी इच्छा अंत में पूरी होगी।"

डब्लूय टी पर्किसेर
(परमेश्वर, मनुष्य, और उद्धार, 198)

अनधिकृत प्रकाशन वाले धार्मिक पंथों की विशेषताएं

1. वे विशेष भविष्यद्वाणियों के लिए तिथियाँ निर्धारित करते हैं।

वे यीशु के दूसरे आगमन का अनुमान लगा सकते हैं। वे संसार की सरकारों के अन्त का अनुमान लगा सकते हैं। वे उस विनाश का अनुमान लगा सकते हैं जिसके द्वारा संसार के सभी दुष्टों का अन्त हो जाएगा। वे सम्भवतः एक निश्चित समय भी बता सकते हैं जब ये सारी घटनाएं घटने वाली हैं। लेकिन जब उस समय में वे घटनाएं नहीं घटती तब वे कहते हैं कि उनके कहने का अर्थ कुछ और ही था। वे अगली तिथि निर्धारित कर सकते हैं।[50] इसके अलावा भी वे बहुत सी छोटी-छोटी भविष्यद्वाणियां करते हैं, लेकिन वे भी कभी पूरी नहीं होती। बाइबल कहती है कि यदि कोई व्यक्ति भविष्यद्वाणी करे और वह पूरी न हो, तो वह एक सच्चा भविष्यद्वक्ता नहीं है (व्यवस्थाविवरण 18:22)।

2. वे पवित्रशास्त्र के वचन की अपनी ही नई व्याख्याएँ बनाते हैं।

वे किसी विशेष अनुच्छेद का ऐसा अर्थ बताते हैं जिसे उनसे पहले कभी व्यक्ति ने नहीं बताया होता है। वह अर्थ ऐसा होता है जिसे वचन के आधार पर कभी प्रमाणित नहीं किया जा सकता। दावा करने वाला भविष्यद्वक्ता कहता है कि वह अर्थ उसे प्रकाशन के द्वारा मिला था, जो कि अपने आप में नया प्रकाशन होता है और किसी अनुच्छेद की व्याख्या नहीं होती है। यह बाइबल का गलत उपयोग है, क्योंकि वे कहते हैं कि बाइबल उनके ही विचारों की व्याख्या करती है, लेकिन वे वास्तव में बाइबल के वचनों के अर्थ को प्रमाणित करने के लिए ऐसे नये प्रकाशनों को जोड़ने पर निर्भर रहते हैं जो बाइबल में होता ही नहीं है। जो लोग इस संदेश पर विश्वास करते हैं, वे वह लोग हैं, जिन्होंने पहले से ही भविष्यद्वक्ता पर

50 यीशु ने कहा कि उसके वापस आने से समय के बारे में कोई नहीं जानता है (मत्ती 24:36)।

भरोसा करना निर्धारित कर लिया है। वे बाइबल के अधिकार पर भरोसा नहीं कर रहे हैं वरन् वे धार्मिक पंथ के अगुवे के अधिकार पर भरोसा कर रहे हैं।[51]

3. वे गैर मसीही गतिविधियों को करने की मांग करते हैं।

वे अपने सदस्यों से ऐसा व्यवहार करने की मांग करते हैं जो कभी मसीही समाज में किया ही नहीं गया होता है।[52] वे समाज और सामान्य जीवन से अलग होने की मांग कर सकते है। वे अपने शत्रुओं के साथ शत्रुतापूर्ण व्यवहार करते हैं और वे सम्भवतः हिंसा करने के लिए भी प्रोत्साहित कर सकते हैं। वे अपने सदस्यों और उनके परिवारों के विरूद्ध बल का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। जब वे अपने गतिविधियों के कारण मुसीबत में फंस जाते हैं, तो वह उसे सताव का नाम दे देते हैं। वे विश्वास करते हैं कि परमेश्वर उनके उग्र विश्वास का आश्चर्यजनक ढंग से उत्तर देगा। बहुत से अनधिकृत प्रकाशन वाले पंथों के अनुयायियों का अन्त आत्महत्या से हुआ है।

4. वे अपने सदस्यों को अन्य सम्बन्धों से अलग रखते हैं।

कुछ अनधिकृत प्रकाशन वाले पंथ चाहते हैं उनके सदस्यों के पास जो कुछ है वे उसे उनके संगठन को दे दें। उनके सदस्य अपने मित्रों और रिश्तेदारों से दूर जो उनके पंथ के सदस्य नहीं है, से अलग और अपने बनाए हुए परिसरों में रहते हैं। उन्हें अपने पंथ से बाहर के सभी लोगों को अपना शत्रु समझने की शिक्षा दी जा सकती है। उनके अनुयायियों को अन्त में निराशा होती है क्योंकि उनकी संगति सत्य पर आधारित नहीं होती है और वह सच्ची मसीही संगति नहीं हो सकती है।[53]

» यह प्रश्न अगले खण्ड से परिचित कराता हैः अनधिकृत प्रकाशन वाले धार्मिक पंथ से क्या नुकसान पहुंचता है?

अनधिकृत प्रकाशन वाले पंथ के प्रभाव

अनधिकृत प्रकाशन वाले पंथ अनेकों तरीकों से विनाशकारी होते हैं।

1. वे मसीही कलीसिया से विश्वासियों को झूठी शिक्षाओं की ओर आकर्षित करते हैं।

---

51 बाइबल कहती है कि वचन किसी भी मनुष्य कि इच्छा का समर्थन करने के लिये नहीं लिखा गया है। परमेश्वर ने ही वचन को प्रेरित व नियंत्रित किया है ताकि वह परमेश्वर कि इच्छा को व्यक्त कर सके (2 पतरस 1:20-21)।

52 तीतुस 3:1-5 बताता है कि इन गुणों को एक मसीही कि पहिचान होना चाहिए।

53 यीशु प्रार्थना करता है कि जिस तरह से वह इस संसार में रहते हुए भी इस संसार से अलग था वैसे हम भी संसार से अलग हों (यूहन्ना 17:14-16)।

2. वे अपने अनुयायियों को निराश करते और उन्हें पूरी तरह से आशाहीन बना देते हैं।

3. वे मसीही होने का दावा करते हैं, लेकिन उनके व्यवहार पूरी तरह से मसीहीयत के विपरीत होते हैं जिससे मसीह की प्रतिष्ठा पर दाग लगता है।

4. वे लोगों के मन में परमेश्वर के राज्य और मसीह के पुनःआगमन को लेकर सन्देह उत्पन्न करते हैं।

संसारिक के संकटों के प्रति मसीही उत्तर

बाइबल आने वाले ऐसे समयों के बारे में जिक्र करती है। दानिय्येल की पुस्तक और प्रकाशितवाक्य की पुस्तक अनिश्चित भविष्य, सामाजिक अव्यवस्था, अन्तर्राष्ट्रीय युद्ध, और सताव के बारे में लिखा हुआ है। यह ऐसे समय थे जिनमें परमेश्वर पर विश्वास करने वाले लोगों की परख हुई। ऐसा प्रतीत होता है कि हर एक चीज़ नियन्त्रण से बाहर थी और हर एक अच्छी चीज़ को नाश किया जा सकता था।

"यीशु महिमा के साथ जीवतों और मृतकों का न्याय करने के लिए वापस आयेगाः उसके राज्य का कभी अन्त न होगा।"

नीकिया का विश्वास कथन

भविष्यसूचक पुस्तकों का मुख्य विषय यह है कि परमेश्वर का सारी चीज़ों पर नियन्त्रण है और वह अन्त में अपने राज्य की स्थापना करेगा और धर्मियों को प्रतिफल देगा।[54] बाइबल बताती है कि वह समय कठिन होगा और कुछ समय के लिए बुराई राज्य करती हुई प्रतीत होगी। विश्वासियों को संसार की कठिन परिस्थितियों के बावज़ूद परमेश्वर पर विश्वास बनाये रखने और विश्वासयोग्यता के साथ जीवन जीने के लिए बुलाया गया है। जिस प्रकार से ये वचन उस समय के लिए काम कर रहे थे, ठीक उसी प्रकार वे किसी भी ऐसे समय में काम करते हैं, जब विश्वास वैसे ही परखा जाता है।

थिस्सलुनीकियों की पुस्तक उन मसीहियों के लिए लिखी गयी थी जो प्रभु यीशु के पुनःआगमन और परमेश्वर के न्याय के दिन के जल्द होने की अपेक्षा कर रहे थे। उन्हें ऐसे लोगों से शिक्षा मिल रही थी जो दावा कर रहे थे कि वे जानते हैं कि ये घटनाएं जल्द ही घटने वाली हैं (2 थिस्सलुनीकियों 2:2)। वे दुविधा में थे कि उन्हें ऐसे समय में क्या करना चाहिए।

54 दानिय्येल 2:44, दानिय्येल 4:34, दानिय्येल 6:26, दानिय्येल 7:27, प्रकाशितवाक्य 1:7, प्रकाशितवाक्य 6:15-17, प्रकाशितवाक्य 11:15, प्रकाशितवाक्य 17:14, प्रकाशितवाक्य 19:11-21।

पौलुस कुछ ऐसी घटनाओं का वर्णन करते हैं, जो मसीह के आगमन से कुछ समय पहले घटित होंगी, जिसमें उस व्यक्ति का राज्य भी शामिल है जिस "पाप का पुरुष" और "विनाश का पुरुष" भी कहा गया है (2:3)।

हमारे लिए विशेष तौर पर यह देखना महत्वपूर्ण है कि पौलुस विश्वासियों को लिखे अपने पत्र के वचन 15-17 को किस दिशा की ओर ले जाकर समाप्त कर रहे हैं। उसने उन से कहा कि वे स्थिर रहें; और जो जो बातें उन्हें सिखाई गयी हैं, वे उन्हें थामें रहें। उन्हें मसीही जीवन के बुनियादी सिद्धान्तों को न छोड़ने के लिए कहा गया क्योंकि प्रभु के आगमन की घटना कभी भी घट सकती है। पद 17 में वह प्रार्थना करता है कि परमेश्वर उन्हें हर एक अच्छे काम और वचन में दृढ़ करे।

भले ही संसार का अन्त निकट है, हमारे लिए मसीही जीवन के बुनियादी सिद्धान्तों को छोड़ने का यह समय नहीं है। जो बातें अभी तक हमारे लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण बनी रही हैं वे अन्त तक सर्वाधिक महत्वपूर्ण बनी रहेंगी। हमें भटके हुए लोगों को प्रभु का वचन सुनाना है,सच्ची शिक्षाओं को थामें रहना है, पवित्र जीवन जीना है,विश्वासियों के साथ में संगति करनी है, दूसरों की भलाई करनी है, और सारे लोगों को प्रेम करना है।

» यदि हम भविष्यसूचक समय में जीवन व्यतीत कर रहे हैं तो हमें सबसे अधिक क्या याद रखना चाहिए?

अब आप पीछे जाएं और अनधिकृत प्रकाशन वाले पंथों के सम्पूर्ण खण्ड में दी गई सारी पाद टिप्पणियों को एक साथ पढ़ें। सभी छात्रों को पवित्रशास्त्र के उल्लेखित वचनों को देखना चाहिए और उन्हें बारी-बारी से समूह में पढ़ना चाहिए।

सुसमाचार प्रचार

किसी अनधिकृत प्रकाशन वाले धार्मिक पंथ के सदस्य से बातें करते समय सबसे पहली प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि वे सुसमाचार को समझें। आपको ऐसा लगेगा कि एक विशेष पंथ का वह सदस्य मसीही शिक्षाओं पर विश्वास करता है और उसने केवल कुछ अलग भविष्यद्वाणियों को मूल शिक्षा में जोड़ दिया है, लेकिन वह पंथ मूल शिक्षाओं के प्रति पूरी तरह से विरोधाभासी हो सकता है।

इसके बाद यह बताना बहुत महत्वपूर्ण है कि वह पंथ किसी प्रकार से ऐतिहासिक मसीहियत से अलग है। उन शिक्षाओं और गतिविधियों को चिन्हित करें जिन्हें सदियों से कलीसिया के भक्त लोगों के द्वारा कभी स्वीकार नहीं किया गया।

इस तथ्य की ओर संकेत करें कि मत्ती 24:36 में पहले से ही मसीह की वापसी के समय के बारे में नहीं बताया गया है।

उन्हें बताएं कि उनके द्वारा भविष्यसूचक वचनों का अर्थ केवल अगुवे पर उनके भरोसे के कारण आधारित है न कि व्याख्या के सामान्य सिद्धान्तों पर।

बताएं कि व्यवस्था विवरण 18:22 हमें बताता है कि यदि भविष्यद्वक्ता की एक भी भविष्यद्वाणी सही नहीं निकलती है तो उसे भविष्यद्वक्ता की मान्यता नहीं जानी चाहिए।

एक गवाही

सिन्डी का पालन पोषण एक यहोवा विट्नेस परिवार में हुआ था। जब वह एक छोटी बच्ची थी तब उसने विश्वास किया कि परमेश्वर के 'राज्य के भवन' में दी जाने वाली शिक्षाएं सीधा परमेश्वर की ओर से आ रही है। एक रात अगुवों ने विशेष सभा का आयोजन किया। उन्होंने धोषणा की कि अरमागिदोन 1975 में दिखाई देगा। वह समय केवल सात वर्ष दूर था। सिन्डी उस रात यह सोच कर डर के मारे रोती रही कि जब अरमागिदोन आएगा तो क्या होगा। अगले कुछ वर्षों तक उसने और उसके परिवार ने उस पंथ के लिए बड़ी मेहनत से कार्य किया। उन्होंने विश्वास किया कि उनके पास अधिक समय बाकी नहीं बचा है। उस पंथ के लोगों ने पत्रिका में एक ऐसी तस्वीर छापी जिसमें यह दर्शाया गया था कि 1975 में, बच्चे, बड़े और बुजुर्ग लोगों को नाश किया जा रहा है। 1975 की रात में बहुत से लोग इस आशा के साथ अपने-अपने बिस्तर पर सोने के लिए गये कि आज की रात अन्त आने होने वाला है। सिन्डी अगली सुबह अत्याधिक हैरानी के साथ उठी, क्योंकि सब कुछ पहले के जैसा ही था। उसके माता-पिता ने फिर कभी भविष्यद्वाणी के बारे में बात नहीं की। सिन्डी ने भी अन्त में उस पंथ की सभाओं में जाना बन्द कर दिया, लेकिन उसे यह नहीं पता था कि उसे सत्य कहां मिलेगा। कई वर्षों के बाद में सिन्डी की मुलाकात एक पुरुष से हुए जिसने उसे उद्धार के बारे में बताया, और उसने उद्धार पा लिया।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन- भाग 2

मरकुस 13 *को एक साथ जोर से पढ़ें। प्रत्येक छात्र एक अनुच्छेद लिखे जो यह बताता हो कि यह अनुच्छेद अनधिकृत प्रकाशन वाले पंथ के अनुयायियों के लिए क्या सन्देश देता है। होने दें कि कुछ छात्र साझा करें कि उन्होंने क्या लिखा है।*

प्रत्येक अध्याय के लिए कार्यभार

याद रखें, कि आपको इस धार्मिक समूह के किसी व्यक्ति को सुसमाचार सुनाने के अवसर को खोजते रहना है। आपने जो बातचीत की है उसके विषय में अपने सहपाठियों के साथ साझा करने की तैयारी करें। 2-पृष्ठों की लिखित रिपोर्ट लिखें और इसे अपनी कक्षा के अगुवे को दें।

अध्याय 9

हिन्दू धर्म

पहली मुलाकात

अमित का पालन-पोषण एक हिन्दू परिवार में हुआ था और वह सभी धार्मिक रीति-रिवाजों में भाग लेता था। एक बच्चे के रूप में वह प्रतिदिन प्रार्थना किया करता था। वह ईमानदार था, लेकिन एक आत्मिक खालीपन महसूस करता था। अमित ने अपने धर्म को बेहतर ढंग से समझने कि कोशिश करने के लिए हिन्दू लेखों को पढ़ा। उसे सिखाया गया था कि मान्यताएँ कोई मायने नहीं रखती हैं क्योंकि सारे धर्म ईश्वर तक पहुंचने के मार्ग हैं। वह वास्तविक सत्य की खोज करना चाहता था जो उसे ईश्वर की ओर ले जाए, लेकिन उसे आश्चर्य होता था कि क्या ऐसा सत्य वास्तव में मैजूद है।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन - भाग 1

यशायाह 46 को एक साथ ज़ोर से पढ़िए। प्रत्येक छात्र एक भाग लिखे जो इस पवित्रशास्त्र के अंश को सारांशित करता है। यह खण्ड परमेश्वर और मूर्तियों के बीच क्या अंतर करता है? प्रत्येक छात्र से कथनों की एक सूची लिखने को कहें। एक समूह के रूप में, आपने जो लिखा है उस पर चर्चा करें।

हिन्दू धर्म

हिन्दू धर्म का परिचय

किसी भी इतिहास के निर्धारण से पहले हिन्दू धर्म भारत में शुरू हुआ। हिन्दू धर्म का कोई व्यक्तिगत संस्थापक और कोई संगठन नहीं है जिसमें सभी अनुयायी हों। एक अरब से अधिक हिन्दू हैं, लेकिन उनके पास कई तरह की मान्यताएं हैं। कई हिन्दू केवल कुछ हिन्दू धार्मिक रीति-रिवाजों का पालन करते हैं।

"परमेश्वर को असीम रूप से बुद्धिमान मानने का विचार सभी सत्यों का मूल है। यह परमेश्वर के बारे में अन्य सभी मान्यताओं की दृढ़ता के लिए आवश्यक मान्यताओं का एक आधार है।"

ए. डब्ल्यू टोजेर
(द नॉलेज ऑफ द होली, 66)

हिन्दुओं का मानना है कि उनके धर्म की उत्पत्ति *वेद* नाम के प्राचीन भारतीय लेखनकार्यों से हुई है। वेद लेखों की सैकड़ों पुस्तकों से मिलकर बने हैं।

ईश्वर के बारे में सार्वभौमिक हिन्दू विश्वास का प्रतिनिधित्व करने वाला कोई सैद्धांतिक कथन नहीं है।। अधिकांश हिंदू ऐसे कई देवताओं को मानते हैं जिनका व्यक्तित्व हैं और जो भले और बुरे दोनों कार्यों को करते हैं। हिन्दू कई मूर्तियों का उपयोग करते हैं जो देवताओं और आत्माओं का प्रतिनिधित्व करती हैं जिनकी वे पूजा करते हैं।[55]

कुछ हिन्दू एक ईश्वर को सर्वोच्च मानते हैं। कुछ हिन्दू अपना सर्वोच्च ईश्वर *शिव* को मानते हैं; अन्य हिन्दुओं के पास उनके सर्वोच्च ईश्वर के लिए अन्य नाम और विवरण हैं। शिव की एक पत्नी और बच्चे हैं। शिव भले और बुरे दोनों कामों को करता है। कुछ लोग शिव को सृष्टिकर्ता कहते हैं, लेकिन उनका अर्थ यह नहीं है कि संसार एक विशेष समय पर रचा गया था।

यहाँ तक कि जब हिन्दू एक सर्वोच्च ईश्वर के बारे में बात करते हैं, तो उनका अर्थ वह नहीं होता जो मसीहियों का होता है जब वे परमेश्वर को संदर्भित करते हैं। मसीही मानते हैं कि परमेश्वर संसार की सर्वोच्च वास्तविकता और व्यक्तिगत सृष्टिकर्ता है। हिन्दू कहते हैं कि वे एक ईश्वर में विश्वास करते हैं लेकिन यह वह ईश्वर नहीं है, जो सोचता है या संवाद करता है, वह ऐसा विभिन्न देवताओं के द्वारा करता है, जिन्होंने शारीरिक रूप धारण किया है।[56]

" मैं स्वर्ग और पृथ्वी के बनाने वाले सर्वशाक्तिमान परमेश्वर पिता पर विश्वास करता हूँ।"

प्रेरितों का विश्वास कथन

हिन्दुओं का मानना है कि संसार की उत्पत्ति करने वाली एक परम, अवैयक्त वास्तविकता है। कुछ हिन्दू परम सत्य को ब्रह्म कहते हैं। उनका मानना है कि जो कुछ भी है वह ब्रह्म का हिस्सा है। उनका मानना है कि ब्रह्म प्रत्येक जीवित वस्तु में प्राण या आवश्यक स्वयं है।[57] वे यह भी कह सकते हैं कि वे केवल एक ईश्वर में विश्वास करते हैं, लेकिन उसका अर्थ यह है कि जो कुछ भी अस्तित्व में है वह एक है और वह ईश्वर है।

हिन्दुओं का मानना है कि कोई भी महान अगुवा जो लोगों का भला करता है, वह बाद में

55 यीशु ने कहा कि हमें केवल सच्चे परमेश्वर कि आराधना करनी है (लूका 4:8)।

56 यिर्मयाह भविष्यद्वक्ता कहता है कि परमेश्वर ने हर वस्तु को अपने वचनों से रचा है, और सारे झूठे देवताओं का नाश होगा (यिर्मयाह 10:9-12)।

57 बाइबल कहती है कि परमेश्वर ने सारी वस्तुओं को आज्ञा देकर बनाया था। लेकिन वह अपनी रची हुई वस्तुओं से अलग है (उत्पत्ति 1:1)।

देवता बन सकता है। प्रत्येक व्यक्ति ब्रह्म की अभिव्यक्ति है, लेकिन एक देवता वह व्यक्ति है जिसने दूसरों की तुलना में ब्रह्म को अधिक प्रकट किया।[58]

» परमेश्वर को लेकर मसीही और हिन्दू अवधारणाओं के बीच कुछ अंतर क्या हैं?

हिन्दू सभी धर्मों के प्रति सहिष्णु होने का दावा करते हैं। उनकी एक कहावत है कि "सब सत्य एक है।" वे कहते हैं कि लक्ष्य तक पहुँचने के कई रास्ते हैं, भले ही अलग-अलग धर्मों में एक व्यक्ति को कैसे जीवन जीना चाहिए और जिस लक्ष्य तक पहुंचने का उसे प्रयास करना चाहिए उसके लिए अलग-अलग अवधाराणाएं कुछ भी क्यों न हैं। "सभी सत्य एक हैं" इस संदर्भ में उनका अर्थ यह नहीं है कि विभिन्न धर्मों के सभी सत्य तर्कसंगत रूप से एक दूसरे के अनुरूप हैं। उनका अर्थ है कि सभी सत्य परम वास्तविकता की अभिव्यक्ति है जिसे कथनों में बयान नहीं किया जा सकता।[59]

मसीहियों का मानना है कि भले ही परमेश्वर जितना हम समझ सकते हैं उससे बड़ा है, तथापि उसने अपने बारे में कुछ सच्चे कथनों का खुलासा किया है। यदि कोई धर्म उस सत्य का खंडन करता है जिसे परमेश्वर ने अपने बारे में प्रकट किया है, तो वह धर्म गलत है।

कुछ हिन्दुओं का मानना है कि यीशु ऐसा व्यक्ति था जो हिन्दू धर्म के सिद्धांतों का पालन करता और अन्य समय में रहने वाले अन्य लोगों की तरह एक महान शिक्षक था। वे नहीं मानते कि वह परमेश्वर का अद्वितीय पुत्र है।

हिन्दू समय के समाप्त न होने वाले चक्रों में विश्वास करते हैं, जिसका कोई आरंभ नहीं है, कोई अंत नहीं है, और ऐसी कोई घटना नहीं है जो चीजों को स्थायी रूप से बदल दे।

हिन्दू पुनर्जन्म में विश्वास करते हैं। उनका मानना है कि यह कई बार विभिन्न जीवन रूपों में एक व्यक्ति के आवश्यक स्वयं का पुनर्जन्म है।[60]

---

58 अनस्प्लैश से गणेश चतुर्थी का चित्र, htt ps://unsplash.com/photos/Mawa0oZ3YKs से प्राप्त किया गया।

59 प्रेरित पौलुस कहता है कि एक पास्टर कि प्राथमिक जिम्मेदारी धर्मसिद्धांतों कि शिक्षा देना है (1 तीमुथियुस 1:3-6)।

60 बाइबल कहती है लोग मरने के बाद परमेश्वर के सामने न्याय सिंहासन के सामने जाकर खड़े होते हैं (इब्रानियों 9:27)।

हिन्दू कर्म में विश्वास करते हैं। कर्म की अवधारणा के अनुसार, व्यक्ति को अपने कर्मों के लिए इस जन्म और अगले जन्म में अच्छे और बुरे परिणाम मिलते हैं। कर्म ब्रह्मांड का एक प्राकृतिक नियम है, जो किसी भी ईश्वर द्वारा लगाए गए कानूनों पर आधारित नहीं है, और किसी भी ईश्वर द्वारा नियंत्रित नहीं हैं।[61]

एक व्यक्ति दोषी है यदि वह ऐसा कुछ करता है जो खुद को या दूसरों को नुकसान पहुंचाता है। वह बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए अच्छे कर्मों के साथ गलत कर्मों को संतुलित कर सकता है। लेकिन, कोई क्षमा नहीं है।

"मसीही मनुष्य में विश्वास करता है, व्यक्ति विशेष के अनंत मूल्य और अमूल्य क्षमता को परमेश्वर के छुटकारे के अनुग्रह के माध्यम से महसूस किया जा सकता है।"

डब्ल्यू टी पुरकिसर
(एक्सप्लोरिंग आवर क्रिश्चियन फेथ, 204)

एक हिन्दू का अन्तिम लक्ष्य पुनर्जन्म के चक्र से निर्वाण नामक अनंत स्थिति में मुक्ति पाना है। कुछ हिन्दू इस स्थिति को स्वयं के अनंत अस्तित्व के रूप में परिभाषित करते हैं, जबकि अन्य इसे ब्रह्म में लीन होने के रूप में देखते हैं, जैसे समुद्र में पानी की एक बूंद गिरती है।[62] बहुत से हिन्दुओं का मानना है कि जब व्यक्ति ब्रह्म में लीन हो जाता है तो उसका एक सचेत व्यक्ति के रूप में अस्तित्व समाप्त हो जाता है।

» हिन्दू की निर्वाण संबंधी अवधारणा और मसीही की स्वर्ग संबंधी अवधारणा के बीच कुछ अंतर क्या हैं?

हिंदू जीवन शैली

जो लोग संसार को पूरी तरह त्याग देते हैं, वे भोजन का उत्पादन, तैयारी या भंडारण नहीं करते। उन्हें हर दिन अपने भोजन के लिए भीख माँगना अनिवार्य है। कुछ रिश्तेदारों पर निर्भर रहते हैं; अन्य घर-घर भीख माँगने जाते हैं।[63]

---

61 मसीही परमेश्वर की व्यवस्था का पालन करता है और परमेश्वर के साथ उसका व्यक्तिगत सम्बन्ध होता है (भजन संहिता 119:1)।

62 एक मसीही का लक्ष्य स्वर्ग में परमेश्वर के साथ व्यक्तिगत तौर पर अनन्त जीवन व्यतीत करना है (प्रकाशितवाक्य 22:3-4)।

63 हिन्दू श्रद्धालुओं के उत्तम उदाहरण अपने लाभ के लिए कार्य नहीं करते हैं, लेकिन बाइबल कहती है कि किसी भी व्यक्ति को दूसरों पर निर्भर नहीं होना चाहिए और काम करने से मना नहीं करना चाहिए (2 थिस्सलुनीकियों 3:10)।

बहुत से हिन्दू शाकाहारी हैं। जो लोग मांस खाते हैं उनमें से ज्यादातर गाय का मांस नहीं खाते हैं क्योंकि गायों की पूजा की जाती है।घरों में भी, खाना खाने से पहले भोजन अक्सर मूर्तियों को चढ़ाया जाता है।[64]

हिन्दुओं में धार्मिक महत्व वाली बहुत ही विस्तृत मंदिर कला और वास्तुकला, वेशभूषा और व्यक्तिगत अलंकरण पाए जाते हैं।

हिन्दुओं का मानना है कि उन्हें जीवन के हर रूप की समान रूप से परवाह करनी चाहिए। उनका मानना है कि एक व्यक्ति को एक पीड़ित कुत्ते की देखभाल ठीक उसी तरह से करनी चाहिए जैसे वह अपने बेटे की करता है। उनका मानना है कि किसी भी रिश्ते से किसी व्यक्ति की किसी भी जरूरतों के बारे में भावनाएं पैदा नहीं होनी चाहिए। उनका मानना है कि किसी रिश्ते की वजह से किसी की परवाह करना गलत प्रेरणा है। उनका मानना है कि ब्रह्म में किसी भी चीज के बारे में कोई भावनाएँ नहीं है; न कोई दुःख है, और न ही कोई आनंद है। एक हिन्दू को उसी स्तर तक पहुंचने की कोशिश करनी चाहिए।

जब हिन्दू सभी के बारे में समान रूप से देखभाल करने की बात करते हैं, तो ऐसा लग सकता है कि उनके विचार मसीहियों के समान हैं। वास्तव में ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। मसीहियों का मानना है कि उन्हें दूसरों से वैसे ही प्रेम करना चाहिए जैसे वे स्वयं से करते हैं। हिन्दुओं का मानना है कि आपको दूसरों की या अपने बारे में चिंता नहीं करनी चाहिए।

एक हिन्दू के लिए, मनन करने का अर्थ अपने मन पर पूर्ण नियत्रंण रखना है, ताकि आपकी अनुमति के बिना कोई विचार न आए। उनकी आराधना मन को खाली करने के लिए होती है। इसलिए वे बार-बार आने वाली ध्वनियों और शब्दों और अभ्यासों का प्रयोग करते हैं। मनन का उद्देश्य कुछ नहीं के बारे में सोचना है। योगा मन को साफ करने के लिए अभ्यास की एक हिन्दू प्रद्धति के रूप में शुरू हुआ था।

हिन्दू मन को एकाग्र करने के लिए देवताओं से प्रार्थना करते हैं। यदि एक हिन्दू पूर्ण ध्यान को प्राप्त कर लेता है, तो उसे अब आगे के लिए देवताओं की सहायता की आवश्यकता नहीं होगी और उसे प्रार्थना करने की आवश्यकता नहीं होगी। वे सीधे ब्रह्म से प्रार्थना नहीं करते हैं।

अब वापस जाएं और हिन्दू धर्म पर दिए गए पूरे खंड की पाद टिप्पणियों को पढ़ें। सभी छात्रों को पवित्रशास्त्र के उल्लेखित वचनों को देखना चाहिए और उन्हें बारी-बारी से समूह में पढ़ना चाहिए।

64 बाइबल कहती है कि सब प्रकार का माँस खाने कि अनुमति है (1तीमुथियुस 4:3-4)।

सुसमाचार प्रचार

चूँकि हिन्दू बाइबल पर विश्वास नहीं करते हैं, इसलिए उनकी मान्यताओं का खंडन करने के लिए प्रमाणित मूलपाठों का उपयोग करने से उनका विचार नहीं बदलेगा। इसके बजाय बाइबल के सुसमाचार को इस तरह प्रस्तुत किया जाए जो उनकी आवश्यकताओं को संबोधित करता हो। परमेश्वर के साथ एक मसीही के व्यक्तिगत संबंध की गवाही हिन्दू की परमेश्वर को जानने की आवश्यकता को छूने में मदद करती है।

परमेश्वर, संसार का सृष्टिकर्ता और इसे संभालने वाला, एक ऐसा व्यक्ति है जो हिन्दू ब्रह्म के विपरीत सोचता और बोलता है।

परमेश्वर धर्मी और प्रेमी है, उसके स्वभाव का कोई बुरा पक्ष नहीं है। उस पर हमेशा भरोसा किया जा सकता है, हिन्दू देवताओं के विपरीत, जिनके अपने चरित्र में स्वार्थी उद्देश्य और विरोध पाया जाता है।

परमेश्वर मनुष्य जाति से प्रेम करता है और उसने हमें उसके साथ संबंध में रहने के उद्देश्य से बनाया है। उसके पास हमारे जीवन के लिए एक रूपरेखा और हमारे लिए उसके साथ अनंत काल तक स्वर्ग में रहने की योजना है। हम में से प्रत्येक व्यक्तिगत रूप से परमेश्वर को पिता के रूप में जान सकता है।

लोग व्यक्तिगत रूप से परमेश्वर से अलग हो गए हैं क्योंकि उन्होंने उसकी इच्छा के विरूद्ध पाप किया है। पाप के लिए प्रत्येक व्यक्ति का परमेश्वर के द्वारा व्यक्तिगत रूप से न्याय किया जाएगा। यह अवैयक्तिक कर्म की हिन्दू अवधारणा से अलग है जो प्रकृति के नियम के रूप में कार्य करता है।

यीशु हमारे पापों के लिए बलिदान के रूप में मरने के लिए परमेश्वर के देहधारी होने के लिए आए ताकि हमें क्षमा किया जा सके। प्रत्येक व्यक्ति यीशु के बलिदान के आधार पर क्षमा माँगने के द्वारा परमेश्वर के साथ संबंध में आ सकता है।

क्षमा के द्वारा हम उस परमेश्वर के साथ व्यक्तिगत संबंध में आ जाते हैं जो हमसे प्रेम करता है और जिसने हमें अपनी संतानों के रूप में अपनाने का वादा किया है, बजाय इसके कि हम दूर, चिन्ता न करने वाले देवताओं की पूजा करें जिन्होंने हमसे कोई वादा नहीं किया।

एक गवाही

जब अमित पहली बार एक मसीही से मिला, तो वह इस विचार से नाराज था कि परमेश्वर तक पहुंचने के लिए केवल एक ही मार्ग है। जब उसने बाइबल में यीशु के दृष्टांतों को पढ़ा तो वह हैरान हो गया कि वे उसके जीवन पर कैसे लागू होते हैं। जब उसने बाइबल की सटिकता के बारे में शोध अध्ययन किया, और माना कि बाइबल को उसके मूल लेख के रूप में अच्छी तरह संरक्षित किया गया है। एक दिन उसने यीशु को क्रूस पर चढ़ाए जाने के बारे में एक फिल्म देखी और अपने विश्वास को मसीह में रखने का निर्णय लिया। अमित कहता है कि, "यदि मसीहियत कई समान रूप से मान्य धर्मों में से एक है, तो मेरे परिवार की शांति को खोने सहित, मेरे द्वारा किए गए बलिदान व्यर्थ थे। मैं अपने हिन्दू विश्वास में सहज था और एक सक्रिय प्रार्थना वाले जीवन का आनंद लेता था; मैंने धीरे-धीरे एक सूनेपन को महसूस किया और कलीसिया के भीतर से आने वाली परमेश्वर की बुलाहट का हठपूर्वक विरोध किया। यह सत्य और प्रेम था जिसने अंततः मुझे मसीह को प्रभु के रूप में स्वीकार करने लिए विवश किया।"

पवित्रशास्त्र का अध्ययन - भाग 2

अब यशायाह 46 को फिर से पढ़ें। प्रत्येक छात्र इस खण्ड में एक हिन्दू के लिए दिये संदेश को सारांशित करते हुए एक अनुच्छेद लिखे। होने दें कि कुछ छात्र साझा करें कि उन्होंने क्या लिखा है।

प्रत्येक अध्याय के लिए कार्यभार

याद रखें, कि आपको इस धार्मिक समूह के किसी व्यक्ति को सुसमाचार सुनाने के अवसर को खोजते रहना है। आपने जो बातचीत की है उसके विषय में अपने सहपाठियों के साथ साझा करने की तैयारी करें। 2-पृष्ठों की लिखित रिपोर्ट लिखें और इसे अपनी कक्षा के अगुवे को दें।

अध्याय 10

बौद्ध धर्म

पहली मुलाकात

येओ फिलीपींस में एक बौद्ध परिवार में पला बढ़ा। वह उस समय को याद करता है जब बाजार जाना सुरक्षित नहीं था क्योंकि वह मुसलमान बौद्ध अनुयायियों को उनके धर्म के कारण मार रहे थे। येओ कभी-कभी अपनी माँ के साथ बौद्ध मंदिर में धूप जलाने जाया करता था। एक दिन उसकी बहन बीमार थी और मर रही थी। एक डॉक्टर वहाँ था लेकिन वह उसकी मदद नहीं कर सका। येओ की माँ ने व्याग्रतापूर्वक बुद्ध से उनकी मदद करने के लिए प्रार्थना की।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन - भाग 1

उत्पत्ति 3 को एक साथ ज़ोर से पढ़िए। प्रत्येक छात्र एक भाग लिखे जो इस पवित्रशास्त्र के अंश को सारांशित करता है। यह खण्ड परमेश्वर, मनुष्य, पाप और संसार के बारे में क्या बताता है? प्रत्येक छात्र से कथनों की एक सूची लिखने को कहें। एक समूह के रूप में, आपने जो लिखा है उस पर चर्चा करें।

बौद्ध धर्म

बौद्ध धर्म की उत्पत्ति

बौद्ध धर्म की शुरुआत सिद्धार्थ गौतम ने की थी। सिद्धार्थ गौतम की मृत्यु के 400 साल बाद तक भी उनके जीवन के बारे में कुछ नहीं लिखा गया था, इसलिए उनके जीवन के बारे में विवरण निश्चित नहीं है।

गौतम का जन्म लगभग 563 ई.पू में हुआ। वह भारत के एक छोटे से हिस्से के एक राजा का बेटा था। जवान होने पर वह दुनिया को देखने के लिए अपने रखवालों से बच कर बाहर निकल गया। उसने लोगों को गरीबी और बीमारी में देखा, और निष्कर्ष निकाला कि जीवन का दूसरा नाम दुःख और पीड़ा है।

गौतम को एक अनुभव हुआ जिसके बारे में उसने कहा कि उसे वास्तविकता की प्रकृति के बारे में ज्ञान प्राप्त हुआ। *बुद्ध* शब्द का अर्थ "प्रबुद्ध" होना है। गौतम को अक्सर "बुद्ध" कहा जाता है।[65]

वर्तमान प्रभाव

आज बौद्ध धर्म के कई अलग-अलग संप्रदाय पाए जाते हैं। वे एक विश्वव्यापी संगठन के रूप में एकजुट नहीं हैं।

बौद्ध अनुयायियों द्वारा पवित्र माने जाने वाले ग्रंथों कि संख्या हजारों में होगी। इसलिए प्रत्येक संप्रदाय उन सभी का अध्ययन करने की कोशिश करने के बजाय कुछ विशेष पर ध्यान केंद्रित करता है।

» जिस तरह से एक बौद्ध अपने धर्मग्रंथों को देखता है, उसकी तुलना में एक मसीही बाइबल को किस तरह से भिन्न रूप में कैसे देखता है?

इस संसार में बौद्ध धर्म की शिक्षाओं का पालन करने वाले बौद्ध अनुयायियों की संख्या कम से कम 35 करोड़ है। ऐसे लोगों की संख्या जो स्वयं को बौद्ध कहते हैं, एक अरब से अधिक होगी क्योंकि उन्हें इसकी शिक्षा दी गई है और वे किसी भी भिन्न धर्म के प्रति वफादार नहीं है।

बहुत से लोग स्वयं को बौद्ध कहते हैं लेकिन वे बौद्ध ग्रंथों की कुछ ही शिक्षाओं का पालन करते हैं। वे बौद्ध धर्म के मूलभूत सिद्धांतों को नहीं समझ सकते हैं और न ही संगठित समूहों में भाग ले सकते हैं।

"ईश्वर वास्तव में यहाँ है। वह वहाँ है जैसे वह यहाँ और हर स्थान पर है, वह एक पेड़ या पत्थर तक सीमित नहीं है, लेकिन ब्रह्मांड में स्वतंत्र से विद्यमान है, हर चीज के करीब, हर किसी के इर्दगिर्द, और यीशु मसीह के द्वारा हरेक प्रेम करने वाले की पहुँच में है।"

ए.डब्ल्यू. टोज़र
(पवित्र का ज्ञान, 82)

ईश्वर और समय के बारे में मान्यताएँ

बौद्ध एक सर्वोच्च ईश्वर में विश्वास नहीं करते हैं जो कि एक व्यक्ति है। इसके बजाय, वे एक परम वास्तविकता में विश्वास करते हैं जो कि विद्यमान हर

65 बाइबल कहती है कि जो आत्मा यीशु को नहीं मानती है उसके सन्देश पर भरोसा मत करो। जो प्रकाश गौतम को मिला था वह झूठा था (1 यूहन्ना 4:3)।

चीज का कुल योग है। इसलिए, बौद्ध ध्यान लागते हैं, लेकिन वे प्रार्थना नहीं करते हैं, क्योंकि वे यह नहीं मानते हैं कि कोई ईश्वर है जो बोलता और सुनता है। बौद्ध अनुयायियों के पास ऐसे लेखे हैं जिन्हें प्रार्थना कहा जाता है, लेकिन वे किसी विशेष ईश्वर के लिए नहीं लिखे गए हैं। बौद्ध धर्म में किसी भी प्रकार के देवता का महत्व नहीं है।[66]

बौद्ध अनुयायी समय के समाप्त न होने वाले चक्रों में विश्वास करते हैं, जिसका कोई आरंभ नहीं है, कोई अंत नहीं है, और ऐसी कोई घटना नहीं है जो चीजों को स्थायी रूप से बदल दे।[67]

पुनर्जन्म और निर्वाण

गौतम और उसकी संस्कृति के अधिकांश लोग अपने धर्म को विकसित करने से पहले ही पुनर्जन्म में विश्वास करते थे। पुनर्जन्म का अर्थ है कि मरने के बाद एक व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति या प्राणी जैसे जानवर या कीट के रूप में फिर से जन्म लेता है। पुनर्जन्म के द्वारा एक व्यक्ति कई जीवन जीता है।

बौद्ध अनुयायियों का मानना है कि यदि किसी व्यक्ति के भले काम (अच्छे कर्म) उसके बुरे कामों (बुरे कर्म) से अधिक हो जाते हैं, तो वह अगली बार एक बेहतर जीवन में जन्म ले सकता है।[68]

गौतम के अनुसार, किसी व्यक्ति का सचेत स्वयं का पुनर्जन्म नहीं होता है। केवल कुछ सामग्री जिससे वह बना था, एक नया प्राणी बनाने के लिए उपयोग में लाई जाती है। इसका मतलब यह है कि एक व्यक्ति के जीवन में मृत्यु वास्तव में एक व्यक्तित्व की समाप्ति नहीं है।[69]

कभी-कभी लोग पुनर्जन्म की अवधारणा को पसंद करते हैं, लेकिन क्योंकि जीवन इतना दयनीय है, कि गौतम को लगा कि कई जीवन जीना अच्छी बात नहीं है। उनका मानना था कि व्यक्ति का लक्ष्य पुनर्जन्म के चक्र से बाहर निकलना होना चहिए।

एक सच्चा बौद्ध अनुयायी अपने आप को सभी इच्छाओं से मुक्त करने के लिए बौद्ध जीवन शैली का अनुसरण करता है। यदि वह सफल हो जाता है, तो वह किसी भी चीज या किसी

---

66 विश्वास के साथ प्रार्थना करना मसीही विश्वासियों के लिए एक बड़ा सौभाग्य है जिसे परमेश्वर सुनता है (मत्ती 6:6-8, 1 यूहन्ना 5:14-15)।

67 बाइबल कहती है कि अभी बहुत सी महत्वपूर्ण घटनाएँ होनी बाकी हैं और वह समय हमेशा पहले जैसा नहीं रहेगा (प्रकाशितवाक्य 10:6)।

68 बाइबल कहती है कि कोई प्राणी व्यवस्था के कामों से उसके सामने धर्मी नहीं ठहरेगा या अपने पापों का दाम चुकाएगा (रोमियों 3:20)

69 यीशु विश्वास करने वालों को अनंत जीवन प्रदान करता है (यूहन्ना 10:28)।

भी मानवीय रिश्ते इच्छा नहीं करेगा या उसका आनंद नहीं लेगा।[70] जब वह मरता है, तो वह दूसरे जीवित जीव के रूप में जन्म लेने के बजाय निर्वाण में प्रवेश करेगा। यही एक समर्पित बौद्ध का अंतिम लक्ष्य है।

कभी-कभी लोग यह मान लेते हैं कि निर्वाण की धारणा मसीहियों की स्वर्ग की अवधारणा के समान है। लेकिन बौद्ध धर्म में निर्वाण का अर्थ शून्य होना है, स्वयं की समाप्ति है, यह एक मोमबत्ती का जलकर बुझ जाना है। एक प्रतिबद्ध बौद्ध का मुख्य लक्ष्य निर्वाण तक पहुँचना है। यदि कोई व्यक्ति निर्वाण तक पहुँच जाता है, तो वह एक विचारशील प्राणी के रूप में मौजूद नहीं रहता है।

मूल बौद्ध धर्म में, एक बौद्ध भिक्षु को छोड़ किसी को अपने वर्तमान जीवन के अंत में निर्वाण तक पहुंचने की संभावना नहीं थी। एक महिला के लिए निर्वाण तक पहुंचने की संभावना नहीं थी जब तक कि वह एक पुरुष के रूप में जन्म न ले और एक संन्यासी न बनें।

"अपने आरम्भिक पृष्ठों पर ही पर, बाइबल दोनों अर्थात् दार्शनिक सर्वेश्वरवाद (यह शिक्षा कि ईश्वर और सम्पूर्ण ब्रह्मांड समान है) और तटस्थेश्वरवाद (यह सिद्धांत कि ईश्वर ने कायनात को आरम्भ किया और उसके बाद इसे अपने स्वयं के अवैयक्तिक नियमों पर छोड़ दिया) दोनों को खारिज कर देती है। परमेश्वर की पहचान उसकी कायनात से नहीं है। यह उसके हाथों का काम है। दूसरी ओर, परमेश्वर की रचनात्मक और थामे रखने वाली सामर्थ्य के अलावा कायनात अस्तित्व में नहीं रह सकती है।"

डब्ल्यू टी पुरकिसर
(परमेश्वर, मनुष्य और उद्धार, 55)

बौद्ध धर्म के चार आर्य सत्य

गौतम द्वारा ज्ञान प्राप्ति के बाद उनके द्वारा सिखाई गई मान्यताओं को चार आर्य सत्यों में सारांशित किया गया है।

1. जीवन वास्तविक आनन्द न होने के कारण दु:ख और पीड़ा से भरा हुआ है।
2. दुखों का परिणाम इच्छाएँ है, क्योंकि हम जो कुछ भी चाहते हैं वह स्थायी नहीं होता।
3. सभी इच्छाओं से अलग होना दु:ख से बचने का तरीका है।

70 मसीहियों के लिए, मनुष्यों के साथ सम्बन्ध बनाना बहुत महत्वपूर्ण है और इस से आनंद मिलता है (1थिस्लुनिकियों 3:12)।

4. जीवन के लिए बौद्ध नैतिकता के आठ सिद्धांत एक व्यक्ति को सभी इच्छाओं से दूर और निर्वाण की ओर ले जाते हैं।

» क्या चार आर्य सत्यों में कुछ ऐसा है जिससे एक मसीही सहमत हो सकता है?

गौतम के अनुसार सभी दुःख इच्छाओं के कारण आते हैं। यदि कोई व्यक्ति कुछ भी न चाहने की इच्छा रखे तो उसे दुःख नहीं होगा। एक सर्मपित बौद्ध होने के लिए, किसी भी चीज में आनंद न लेना सीखना चाहिए।

यह कहानी संगमाजी नाम के एक बौद्ध भिक्षु की है। वह एक संन्यासी बन गए और सारा समय भटकने और ध्यान लगाने लिए अपने परिवार को छोड़ दिया। एक बार जब उनकी पत्नी ने उन्हें ढूंढ लिया, तो वह उनके बच्चों को उनके सामने ले आई, और उनसे उनकी सहायता करने के लिए विनती करने लगी। संगमाजी बिना उत्तर दिए तब तक बैठे रहे जब तक कि वह वहाँ से चली नहीं गई। गौतम ने कहा कि यह व्यक्ति बौद्ध धर्म के लक्ष्य तक पहुँच गया था क्योंकि पत्नी के आने पर भी उसे कोई खुशी नहीं हुई और न उसके जाने पर दुःख हुआ।[71]

» सिद्ध जीवन के लिए बौद्ध अवधारणा मसीही अवधारणा से किस प्रकार भिन्न है?

बौद्ध अनुयायियों की जीवन शैली

बौद्ध धर्म सदाचार के जीवन पर जोर देता है। बौद्ध अनुयायियों का मानना है कि एक गतिविधि तब अच्छी हो जाती है जब वह स्वयं को और दूसरों को लाभ पहुँचाती है, और किसी को नुकसान नहीं पहुँचाती है। एक व्यक्ति के इरादों को उसके कार्यों के वास्तविक परिणामों से अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है।

बौद्ध अनुयायियों द्वारा किये जाने वाला मानसिक और आत्मिक अभ्यास एक व्यक्ति को स्वयं-पर-ध्यान लगाने में मदद देने के लिए तैयार किया गया है। बौद्ध अनुयायियों का मानना है कि सारी चिंताएं स्वयं के बारे में अत्याधिक चिन्ता करने से आती हैं। वे स्वयं को भूल जाना चाहते हैं और

71 मसीही विश्वासी विवाह को एक ऐसे सम्बन्ध के रूप में देखता है जो आनन्द लाता है (इफिसियों 5:28)।

सभी सचेत जीवों (जीव जिनके पास दिमाग है) से प्रेम करना चाहते हैं। समस्या यह है कि परमेश्वर के साथ संबंध के बिना, यहाँ पर निस्वार्थ भाव और प्रेम के लिए कोई आधार नहीं है।[72]

» एक व्यक्ति परमेश्वर के साथ संबंध के बिना वास्तव में निःस्वार्थ और प्रेमपूर्ण क्यों नहीं हो सकता?

बहुत से लोग जो खुद को बौद्ध कहते हैं, वे बौद्ध धर्म की संस्कृति में पले-बढ़े हैं और उन्होंने कभी किसी और चीज पर गंभीरता से विचार नहीं किया। उन्हें उनके धर्म की मान्यता ही एकमात्र वास्तविकता लगती है। रीति-रिवाज ही उनके दैनिक जीवन का हिस्सा है।

आमतौर पर, जो लोग दूसरे धर्म से बौद्ध धर्म को अपनाते हैं, वे इस धर्म के जीवन दर्शन के कारण इसकी ओर आकर्षित होते हैं। वे इसलिए इसमें शामिल नहीं होते क्योंकि वे निर्वाण की खोज करना चाहते हैं। वे इसमें इसलिए शामिल होते हैं क्योंकि बौद्ध धर्म एक ऐसा जीवन प्रदान करता है जो चिंता और संघर्ष से मुक्त है। बहुत से लोगों को लगता है कि बौद्ध धर्म में उन्हें तनाव से मुक्ति मिलती है और उनका जीवन पहले की तुलना में अधिक व्यवस्थित है।

अब वापस जाएं और बौद्ध धर्म पर पूरे खण्ड के लिए एक साथ पाद-टिप्पणियों को पढ़ें। सभी छात्रों को पवित्रशास्त्र के उल्लेखित वचनों को देखना चाहिए और उन्हें बारी-बारी से समूह में पढ़ना चाहिए।

सुसमाचार प्रचार / *धर्मसिद्धान्त हस्तपुस्तिका* का उपयोग करना

क्योंकि बौद्ध मसीही होने का दावा नहीं करते हैं और न बाइबल को अंतिम अधिकार के रूप में स्वीकार करते हैं इसलिए उन्हें केवल यह दिखाना पर्याप्त नहीं है कि उनकी मान्यताएँ बाइबल के अनुरूप नहीं हैं। वे पहले से ही जानते हैं कि बाइबल उनके धर्म से भिन्न का समर्थन करती है।

अभी भी, सुसमाचार को बाँटना महत्वपूर्ण और प्रभावी है। जब आप किसी बौद्ध के साथ बातचीत कर रहे हों, तो उसे बताएं कि आप अपनी मान्यताओं की नींव की व्याख्या करना चाहते हैं। सुसमाचार को सरलता से साझा करें। भले ही बौद्ध बाइबल पर विश्वास करने का दावा नहीं करते, लेकिन पवित्र आत्मा के कार्य के कारण परमेश्वर की सच्चाई में सामर्थ्य है।

---

72 पिक्साबे से हनी कोचफॉन ओनशावी द्वारा लिया गया चित्र, https://pixabay.com/photos/buddhists-monks-meditate-thailand-453393/ से प्राप्त किया गया।

आपको अपनी गवाही भी साझा करनी चाहिए। बताएं कि कैसे सुसमाचार के परमेश्वर के साथ आपका सम्बन्ध स्थापित हुआ, आपको क्षमा प्राप्त हुई और पाप से छुटकारा मिला और उन्होंने आपके जीवन को सार्थक बनाया।

"मैं विश्वास करता हूँ.... प्रभु यीशु मसीह में...जिसके द्वारा सब चीजें रची गई, जो हमारे लिए और हमारे उद्धार के लिए स्वर्ग से नीचे आया... और मनुष्य बन गया और हमारे लिए क्रूस पर चढ़ाया गया।"

निकिया का विश्वास वचन

सुसमाचार की प्रस्तुति और व्यक्तिगत गवाही की मूल बातों से हटकर, आप सुसमाचार की सच्चाई के साथ बौद्ध अनुयायियों की विशेष आवश्यकताओं के बारे में बात कर सकते हैं। बौद्ध धर्म जीवन के दुःख और पीड़ाओं की व्याख्या करने में संघर्ष करता है। यह अच्छी चीजों की वास्तविकता और मौजूद आनंद की व्याख्या करने में असफल रहता है। बौद्ध धर्म की शिक्षाएँ मानवीय रिश्तों सहित जीवन में महत्वपूर्ण लगने वाली हर चीज के महत्व को नकारता है। यह एक व्यक्तिगत परमेश्वर के बिना वाला धर्म है जिसका उसके उपासकों के साथ संबंध है। यह न तो अनंत जीवन और न ही किसी विशेष व्यक्तिगत गंतव्य को प्रदान करता है।

बौद्ध अनुयायी मानते हैं कि दुःख अर्थहीन और अवास्तविक हैं। यह एक असंतोषजनक व्याख्या है।

मसीहियत संसार में दुःखों की स्थिति की व्याख्या करती है। संसार को परमेश्वर के द्वारा सिद्ध बनाया गया था, परन्तु मनुष्य पाप के कारण संसार पर श्राप आ गया। यह व्याख्या कहती है कि बुढ़ापा, बीमारी और मृत्यु क्यों हैं। लोगों के निरतंर बुरे कामों में भी पाप का प्रदर्शित होता है।

बौद्ध अनुयायी मानते हैं कि जीवन में कोई वास्तविक सुख नहीं है, और इसलिए हमें किसी भी चीज की इच्छा नहीं करनी चाहिए। यह लोगों के आनंद और खुशी के अनुभव का खण्डन करता है, विशेषकर व्यक्तिगत संबंधों में।

परमेश्वर के द्वारा संसार की रचना बताती है कि अभी भी जीवन में बहुत अधिक आनंद और खुशी क्यों है, भले ही संसार पूर्ण रूप से सिद्ध नहीं है जैसा कि इसे परमेश्वर द्वारा इसे असल में बनाया गया था।

बौद्ध अनुयायियों अनुयायियों की तरह मसीही भी महसूस करते हैं कि सांसारिक चीजें स्थायी नहीं हैं। हमें ऐसे नहीं जीना चाहिए कि जैसे जो कुछ हमारे पास है वह हमेशा के

लिए रहेगा। हालाँकि एक मसीही, जीवन का आनंद ले सकता है क्योंकि वह जानता है कि वह हमेशा परमेश्वर के साथ रहेगा। हालाँकि चीजें स्थायी नहीं हैं, वे वास्तविक हैं, और हमारे चुनावों के अनंत परिणाम हैं। यह मानव जीवन को उद्देश्य और महत्व देता है।

अगर शिक्षाओं को पूरी तरह से जीवन में उतार लिया जाए, तो बौद्ध धर्म की शिक्षाएँ एक व्यक्ति को संबंधों से दूर ले जाएँगी क्योंकि संबंधों को अर्थहीन माना जाता है। लेकिन मानवीय स्वभाव को सर्मपित संबंधों की गहरी जरूरत है।

परमेश्वर ने हमें अन्य मनुष्यों के साथ संबंधों बनाने के लिए बनाया है। हम चाहते हैं कि दूसरे हमें महत्व दें। हम दूसरों के लिए प्रतिबद्धता बनाना चाहते हैं। संबंध विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं क्योंकि हम जानते हैं कि सभी लोगों को विशेष रूप से अनंत गंतव्य के साथ अनंत प्राणियों के रूप में बनाया गया है।

बौद्ध धर्म बिना परमेश्वर का धर्म है। लेकिन हम में से प्रत्येक को परमेश्वर को जानने और उसकी उपासना करने की गहरी आवश्यकता है।

परमेश्वर ने हमें उसके साथ संबंध में बनाने के लिए बनाया है। एक व्यक्ति तब तक पूर्ण और संतुष्ट नहीं होता जब तक कि वह परमेश्वर के साथ व्यक्तिगत संबंध में न हो। हमारे सृष्टिकर्ता के साथ हमारा संबंध अनंत रहेगा, और स्वर्ग वह स्थान है जहाँ हम परमेश्वर के साथ रहेंगे।

बौद्ध धर्म में पापों के लिए क्षमा की कोई अवधारणा नहीं है। मनुष्य को गलत करने के लिए जवाबदेह ठहराने वाला कोई भी नहीं है, और ऐसा कुछ भी नहीं है जो किए गए गलत कामों का प्रायश्चित कर सके। इन बातों के कारण, बौद्ध अनुयायियों के पास क्षमा प्राप्ति के लिए कोई आश्वासन नहीं है।

बाइबल हमें बताती है कि प्रत्येक व्यक्ति दोषी है और उसे पाप से क्षमा किए जाने की आवश्यकता है। क्योंकि यीशु ने हमारे लिए प्रायश्चित किया, हमें विश्वास है कि हमें क्षमा किया जा सकता है। एक बौद्ध के साथ साझा करने के लिए धर्मसिद्धांत हस्तपुस्तिका से निम्नलिखित खण्डों का प्रयोग करें:

9. उद्धार केवल मसीह के प्रायश्चित से है।

11. हम विश्वास से उद्धार प्राप्त करते हैं।

12. हमारे पास उद्धार का व्यक्तिगत आश्वासन हो सकता है।

एक गवाही

येओ की माँ ने अपनी मरती हुई बेटी को ठीक करने के लिए बुद्ध से बहुत प्रार्थना की, लेकिन ऐसा लग रहा था कि कोई मदद नहीं मिली। फिर उसे वोंग नाम के एक मसीही मिश्नरी की याद आई जो पास में ही प्रचार कर रहा था। उसने येओ को उसे लाने के लिए भेजा। जब वोग पहुँचा तो उसने कहा, "बुद्ध से प्रार्थना मत करो; प्रभु यीशु से प्रार्थना करो।" वोंग ने प्रार्थना करना शुरू किया, और लड़की ठीक हो गई। येओ कि माँ मसीही बन गई और बाद में येओ भी मसीही बन गाय।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन - भाग 2

अब उत्पत्ति 3 को फिर से पढ़ें। प्रत्येक छात्र इस खण्ड में एक बौद्ध के लिए दिये संदेश को सारांशित करते हुए एक अनुच्छेद लिखे। होने दें कि कुछ छात्र साझा करें कि उन्होंने क्या लिखा है।

प्रत्येक अध्याय के लिए कार्यभार

याद रखें, कि आपको इस धार्मिक समूह के किसी व्यक्ति को सुसमाचार सुनाने के अवसर को खोजते रहना है। आपने जो बातचीत की है उसके विषय में अपने सहपाठियों के साथ साझा करने की तैयारी करें। 2-पृष्ठों की लिखित रिपोर्ट लिखें और इसे अपनी कक्षा के अगुवे को दें।

अध्याय 11

ताओवाद

पहली मुलाकात

जेम्स का पालन पोषण मलेशिया के एक ताओ परिवार में हुआ। उसके परिवार में मूर्तियां और उनके पूर्वजों की पूजा करने के लिए एक वेदी भी थी। जेम्स उन मूर्तियों से डरता था, लेकिन वह उन्हें भेटें चढ़ाता था क्योंकि उसे इस बात का डर था कि अगर उसने ऐसा नहीं किया तो वे उसे दण्ड देगीं। उसने यीशु के बारे में सुना था, लेकिन उसने सोचा कि यीशु पश्चिमी लोगों का ही ईश्वर है।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन – भाग 1

भजन संहिता 16 को ज़ोर से पढ़ें। हर एक छात्र एक अनुच्छेद को लिखें जिसमें इन वचनों के खण्ड का सार निहित हो। इस अनुच्छेद के अनुसार परमेश्वर अपने लोगों के लिए क्या करता है? होने दें कि हर एक छात्र कथनों की एक सूची लिखे। एक समूह के रूप में चर्चा करें कि आपने क्या लिखा है।

ताओवाद

ताओवाद का परिचय

ताओवाद का आरम्भ सम्भवतः *ताओ टी चिंग* नामक किताब से हुआ होगा जिसे लाओजी नामक एक चीनी व्यक्ति के द्वारा 350 ईसा पूर्व से पहले लिखा गया था। यह बात निश्चित नहीं है कि यह पुस्तक लाओजी के द्वारा लिखी गयी थी या फिर इसे अनेकों लेखकों के लेखों को एकत्र करके बनाया गया था। जूहांगज़ी नामक व्यक्ति के लेखों ने भी इस धर्म को प्रभावित किया है।

ताओवाद को डाओवाद भी कहा जाता है।

ताओ धर्म के शास्त्रों में 1000 से अधिक किताबों को संग्रहित किया गया है। उस ग्रन्थ को *ताओ जैंग* कहा जाता है।

ताओवाद की प्रथाएँ और विचारधाराएँ कन्फयूशसवाद और स्थानीय चीनी धर्मों और उनकी संस्कृतियों के पहलूओं द्वारा प्रभावित थी। ताओवाद की प्रथाओं में एक जगह से दूसरी जगह में बहुत सी विविधताएं पायी जाती हैं।[73]

बहुत से लोग ताओ धर्म का व्यक्तिगत तौर पर अभ्यास करते हैं और क्योंकि यह कई धर्मों से मिलकर बना है इसलिए इसके मानने वालों की संख्या का पता लगा पाना कठिन है। ऐसा अनुमान लगाया जाता है कि करीब 400 करोड़ लोग ताओवाद को मानने वाले चीन में होंगे। ताओवाद, सिंगापुर और ताईवान जैसे देशों में चीनी समुदायों के बीच में पाया जाता है। इसके अलावा बहुत से ताओ अनुयायी वियतनाम और कोरिया में भी रहते हैं।

ताओवादियों के बहुत से मठ और स्कूल हैं, लेकिन वे एक संगठन के रूप में जुड़े हुए नहीं हैं। ताओवादी ऐसी प्रथाओं का पालन करते हैं जिन्हें देवताओं और आत्माओं को प्रभावित करने के लिए तैयार किया गया है। बहुत से ताओवादी मठों में उनके मठवासियों को शाकाहारी होना अनिवार्य होता है। उनकी विधियों में सुअरों, बत्तखों, या फलों का भेंट चढ़ाना शामिल होता है। उनके अनुष्ठानों में कई बार तस्वीर बने हुए कागज़ों को इस मनसा से जलाया जाता है, कि इस कागज में जिस की तस्वीर है वह आत्माओं के संसार में वास्तविकता चीज बन जाएगा, इस तरह वे आत्माओं के इस्तेमाल के लिए कुछ चीजों को तैयार करते हैं।[74]

» एक मसीही को किस प्रकार आत्मिक संसार में शामिल होना चाहिए?

" हम एक परमेश्वर, सर्वशक्तिमान पिता पर विश्वास करते हैं, जो स्वर्ग और पृथ्वी का, और समस्त दृश्य एवं अदृश्य वस्तुओं का सृष्टिकर्ता है।"

नीकिया का विश्वास वचन

ताओवाद के विभिन्न समूह असंख्य देवताओं के अलग-अलग मन्दिरों पर विश्वास करते हैं। वे देवताओं, आत्माओं और पूर्वजों के साथ बातचीत

73 अनस्प्लैश से जूलियन टोंग द्वारा चित्र, htt ps://unsplash.com/photos/ng7f_jtgbCc से प्राप्त किया गया।

74 बाइबल हमें बताती है कि आत्माओं के संसार को प्रभावित करने के लिए उन चीज़ों का इस्तेमाल न करें जिनका इस्तेमाल अन्य धर्म करते हैं। परमेश्वर एक व्यक्ति है, वह हमारा पिता है, और हम उससे बातें कर सकते हैं(मत्ती 6:7-9)।

करते हैं।[75] वे भविष्य बनाते के लिए बहुत से प्रारूपों को इस्तेमाल करते हैं। कुछ लोग ओझाओं पर विश्वास करते हैं, अर्थात किसी ऐसे व्यक्ति पर जिसमें होकर आत्मा वार्तालाप करती है। चीन तथा अन्य स्थानों में जहां पर बहुत से ताओ अनुयायी रहते हैं, वे हर वर्ष अनेकों जुलूस निकालते हैं। प्रतिभागी अलग अलग प्रकार के वस्त्रों को पहन कर अनेकों देवताओं और आत्माओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसा माना जाता है कि जो प्रतिभागी जिस देवता का प्रतिनिधित्व कर रहा है उस देवता ने उस व्यक्ति में प्रवेश कर लिया है।[76]

" यह वह स्वतंत्र जन है जो सृष्टि के साथ घनिष्ठता से व्यवहार करता है, यह अनंत जन जो हर स्तर पर सीमित को संभालता और पोषित करता है, यह अपरिमित जन पूरे ब्रह्मांड और सबसे छोटी गौरैया की परवाह करता है, यह अनंत जन ही है जो समय और लौकिक प्रवाह को देता और उसे बनाए रखता है।"

थॉमस ओडेन
(जीवित परमेश्वर, 53)

संसार पर राज्य करने वाले देवता को यू-हयूआंग, अर्थात् सम्राट जेड पुकारा जाता है। दंतकथाओं के आधार पर वह एक सम्राट के घर में पैदा हुआ पुरुष था, जो आगे चलकर आज का देवता बना गया। वह सारे देवताओं और आत्माओं पर राज्य करता है। हांलाकि यू-हयूआंग राज्य करने वाला देवता है, लेकिन उसके ऊपर भी एक देवता है, जो इस संसार से कोई सम्बन्ध नहीं रखता है, जो सर्वगुण सम्पन्न है। यूआन-शीश तिआन-त्सून को प्रथम सिद्धान्त माना जाता है, और माना जाता है कि उसका कोई प्रारम्भ और कोई अन्त नहीं है, वह सब कुछ से पहले विद्यमान था। माना जाता है कि वह स्व-अस्तित्व, असामयिक, अपरिवर्तनीय, अदृश्य, सर्वगुणसम्पन्न और सर्वव्यापी, और सत्य का स्रोत है।

» परमेश्वर से जुड़े ताओवादी विचार में किस बात की कमी है?

ताओ, वास्तविकता के लिए एक ताओवादी शब्द है जिसमें सभी कुछ शामिल है और वही अस्तित्व में पाई जाने वाली सभी चीज़ों को संभालता है। ताओ का अनुवाद "एक तरीका" भी किया गया है क्योंकि यह उस तरीके के बारे में बताता है जिसके द्वारा चीज़ें संभाली और पुनः आकार दी जाती हैं।[77]

---

75 बाइबल बताती है कि जो लोग पराए देवताओं के पीछे भागते हैं उनका दुः ख बढ़ जाएगा (भजन 16:4)।

76 बहुत से धर्मों में आत्मा द्वारा किसी व्यक्ति को अधीन किया जाना अच्छी बात मानी जाती है, लेकिन बाइलब बताती है कि आत्मा के द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाला व्यक्ति एक गुलाम होता है जिसे छुटकारे की आवश्यकता है (प्रेरितों 16:16-18)।

77 बाइबल कहती है कि यीशु ही सारी वस्तुओं के रचने और उन्हें सम्भालने वाला परमेश्वर है (कुलुस्सियों 1:16-17)।

तओवादी मानते हैं कि न तो ताओ की व्याख्या की जा सकती है और न ही उसे समझा जा सकता है। उन का कहना है कि ताओ कोई ऐसी चीज़ नहीं है जिसे ताओ के बारे में बोला जा सके।[78]

» मसीही ईश-विज्ञान ताओ के सम्बन्ध में ताओवादियों के कथनों से किस प्रकार भिन्न है? क्या हम परमेश्वर को समझ सकते हैं?

ताओवादी विश्वास करते हैं कि सारी विरोधी शक्तियाँ केवल भ्रम या वास्तविकता के[79] पूरक तत्व हैं। एक ताओवादी का लक्ष्य जगत की सारी शक्तियों के साथ सामंजस्य बैठाना है। उसका लक्ष्य अपने स्वास्थ्य में सुधार करना तथा अपनी आयु को लम्बा करना है। एक ताओवादी विश्वास करता है कि यदि कोई व्यक्ति जगत की शक्तियों के साथ सिद्धता में आते हुए सही तालमेल बना लेता है तो वह अमर बन सकता है। ताओवादी मानते हैं कि कई लोगों ने इस उपलब्धि को हासिल कर लिया है और इसलिए उनकी उपासना देवताओं के रूप में की जानी चाहिए। ताओवादियों का मानना है[80] कि यीशु मसीह आत्मिक क्षेत्र में एक अग्रिम व्यक्ति था जिसने लोगों को देवता बनने का मार्ग दिखाया था।

"यिन ओर यांग" चित्र ताओवादियों की अवधारणा को दर्शाता है कि सारी विपरीत चीज़ें जैसे कि अच्छाई और बुराई असल में वास्तविकता के दो पहलू हैं।

हिन्दुओं और बौद्ध अनुयायियों के समान, ताओवादी भी समय के अनन्त चक्र पर विश्वास करते हैं, जिसका न तो कोई प्रारम्भ, न ही कोई अन्त है और न ही कोई ऐसी घटनाएँ हैं जिन्होंने चीज़ों को हमेशा के लिए बदल दिया हो। हिन्दू और बौद्ध अनुयायियों मान्यताओं के विपरीत, ताओ पुर्नजन्म, कर्मों ओर निर्वाण पर विश्वास नहीं करते हैं।

अब वापस जाएं और ताओवाद पर दिए गए पूरे खंड के लिए एक साथ पाद टिप्पणियों को पढ़ें। सभी छात्रों को पवित्रशास्त्र के उल्लेखित वचनों को देखना चाहिए और उन्हें बारी-बारी से समूह में पढ़ना चाहिए।

---

78 हम परमेश्वर से सम्बन्धित सारी बातों को नहीं समझ सकते हैं, क्योंकि वह अथाह परमेश्वर हैं, लेकिन उसने अपने बारे में सच्चाई को व्यक्त किया है। यीशु इस संसार में हमें यह दिखाने के लिए आया था कि परमेश्वर कैसा है (यूहन्ना 1:18,यूहन्ना 14:6-9)।

79 चित्र: "बिन्दुओं से अर्कित पारंपरिक यिन और यांग का चित्र", क्लेमो द्वारा, https://commons.wikimedia.org/wiki/ से प्राप्त किया गया।फाइल:Traditi onal_yin_and_yang_with_dots.png.

80 बाइबल हमें बताती है कि मृत्यु से परे की शक्तियों अर्थात स्वर्गदूतों की आराधना नहीं करनी चाहिए। (प्रकाशितवाक्य 22:8-9)।

सुसमाचार

तओवादी अनुयायी बाइबल पर विश्वास नहीं करते हैं, इसलिए लिखित वचनों का इस्तेमाल करके उनके विश्वास का खण्डन करने से उनका मन नहीं बदलेगा। इसके बजाय, किसी ऐसे तरीके से बाइबल के सुसमाचार को उन्हें सुनाएं जिससे उनकी आवश्यकता की पूर्ती होती हो। मसीह विश्वासियों की व्यक्तिगत् गवाही, ताओवादियों की परमेश्वर को जानने की आवश्यकता की पूर्ति में मदद करती है।

हम ताओवादियों की कुछ नैतिक शिक्षाओं के साथ सहमत हो सकते हैं। वे सिखाते हैं लोगों को दूसरों से प्रेम करना चाहिए, कोमलता भरा व्यवहार करना चाहिए, स्वार्थी नहीं होना चाहिए, दूसरों पर दोष नहीं लगाने वाला होना चाहिए, और धन के पीछे नहीं भगाने वाला होना चाहिए।

वे विश्वास करते हैं कि ताओं सारी चीज़ों का स्रोत है और वह सारी चीज़ों में वास करता है। हम विश्वास करते हैं कि परमेश्वर सारी चीज़ों के रचयिता है और वह सर्वव्यापी है। अन्तर सिर्फ इस बात का है कि हम विश्वास करते हैं कि परमेश्वर मन और उद्देश्य के साथ में एक प्राणी है, और हम उसके साथ सम्बन्ध बना सकते हैं।

वे विश्वास करते हैं कि ताओ सारी चीज़ों की देखभाल करता है। हम विश्वास करते हैं कि परमेश्वर ने सारी सृष्टि की रचना की है और वही सब कुछ संभाले हुए है, लेकिन वह पूर्ण विवेक के साथ, हमें प्रेम करने वाले पिता के समान इस कार्य को करता है।

ताओवादी विश्वास करते हैं कि एक परमेश्वर है, जो सर्वगुण सम्पन्न होना चाहिए, जो सारी चीज़ों को जानता है, जो सभी जगहों पर विद्यमान है, और जिसमें सभी गुण पाए जाते हैं। यह बात मसीही विश्वास से मेल खाती है, और हम उन्हें बता सकते हैं कि परमेश्वर ने मनुष्यों को अपने स्वरूप में रचा ताकि वह उसके साथ रिश्ता बना सके। उन्हें बताएं कि जिस परमेश्वर के पास हमारा पहुँचना सम्भव नहीं था उस परमेश्वर ने मसीह में होकर मनुष्य का रूप धारण किया। उन्हें बताएं कि हम पापों के कारण परमेश्वर से दूर हो गये थे, लेकिन हम यीशु के कारण फिर से परमेश्वर के साथ संबंध में आ सकते हैं।

मसीह विश्वासी विश्वास करते हैं कि अनन्त और पूर्ण परमेश्वर ने बोला और बाइबल में लिखित वचनों के रूप में मनुष्यों को अपना संदेश प्रदान किया। ताओवादी को सुसमाचार सुनाने का प्रस्ताव रखें, ताकि वह इस बात का निर्णय ले सके कि यह संदेश परमेश्वर की ओर से है या नहीं।

नीचे तीन धर्मों से सम्बन्धित एक विशेष टिप्पणी ("एक जटिल विविधता") दी गयी है जिन पर अभी अभी हम ने चर्चा की है। कोई एक जन इस नोट को पढ़कर उसका वर्णन करे, फिर कक्षा के सदस्य कहें कि इन धर्मों की किन शाखाओं के बारे में उन्होंने सुना है।

एक जटिल विविधता

हिन्दू धर्म, बौद्ध धर्म ओर ताओवाद की अनेकों नामों से अनेकों शाखाएं है। उदाहरण के लिए, फालुन गौंग तीनों धर्मों में विशेष रूप से बौद्ध धर्म पर आधारित एक धर्म है। फालुन गौंग के समान ही, एक धार्मिक आन्दोलन किसी एक शिक्षक के द्वारा प्रारम्भ हो सकता है जो कुछ चीज़ों को बदलता है और धर्म का पालन करने के लिए अपने ही तरीके को अपनाने की शिक्षा देता है। ऐसा बहुत आसानी से हो सकता है क्योंकि इन धर्मों की मूलभूत मान्यताओं के कोई स्पष्ट कथन नहीं होते हैं।

पूर्वी धर्मों की शाखाओं के अनुयायियों में बहुत सी बातें समान पाई जाती हैं और वे अपनी शाखाओं को ही एकमात्र सच्चा धर्म नहीं मानते हैं। वे दूसरे धर्मों के समूहों से जानकारियां को लेते हैं।

कई शाखाएं जीवन के शारीरिक स्वास्थ्य या जीवन के तनावों के प्रति प्रतिउत्तर देने के तरीकों पर ज़ोर देती हैं। बहुत से लोग व्यवहारिक लाभों की प्राप्ति के लिए मानसिक और शारीरिक साधनाओं का अभ्यास करते हैं और वे धार्मिक मान्यताओं की अधिक चिन्ता नहीं करते हैं। वे ऐसा भी सोच सकते हैं कि जो कुछ वह कर रहे हैं वह कोई धर्म नहीं है। कुछ भी हो, उनकी प्रथाएँ, ईश-विज्ञान और सांसारिक ज्ञान पर आधारित होते हैं जो बाइबल की शिक्षाओं के विरूद्ध हैं।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन – भाग 2

अब फिर से भजन संहिता 16 को पढ़ें। हर एक छात्र एक अनुच्छेद को लिखें जिसमें ताओवादियों के लिए लिखें संदेश सार निहित हो। होने दें कि कुछ छात्र साझा करें कि उन्होंने क्या लिखा है।

प्रत्येक अध्याय के लिए कार्यभार

इस धार्मिक समूह के किसी व्यक्ति को सुसमाचार सुनाने का अवसर खोजने के प्रयास को याद रखें। अपनी कक्षा के साथियों के साथ कक्षा में हुई बात पर चर्चा करना न भूलें। 2 - पृष्ठों की लिखित रिपोर्ट लिखें और इसे अपनी कक्षा के अगुवे को दें।

अध्याय 12

इस्लाम

पहली मुलाकात

डैनी एक चैम्पियन हैवी वेट बॉक्सर था। तुर्की में एक दौरे के दौरान उसने मुसलमानों की अज़ान को सुना, और वह उससे बहुत ही ज्यादा प्रभावित हुआ। वह इस्लाम का अध्ययन करने लगा और उसे लगा कि यही उसके लिए सही धर्म है। वह पहले मसीही था, लेकिन उसे ऐसा लगा कि बाइबल में कुछ गलतियां हैं।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन – भाग 1

एक साथ मिलकर 1 यूहन्ना 1 को पढ़ें। होने दें हर एक छात्र एक अनुच्छेद लिखे जिसमें इस बाइबल खण्ड का सार निहित हो। यह अनुच्छेद परमेश्वर के साथ विश्वासियों के सम्बन्ध के बारे में क्या कहता है? होने दें कि हर एक छात्र कथनों की एक सूची तैयार करें। जो कुछ आपने लिखा है उस पर सामूहिक रूप में चर्चा करें।

इस्लाम

इस्लाम की उत्पत्ति

इस्लाम दुनिया का दूसरा सबसे विशाल धर्म है, जिसके 1.5 अरब अनुयायी हैं। कई देश इस्लाम के सिद्धान्तों का पालन करते हैं। इस्लाम शब्द का अर्थ "अधीनता" से है, जो कि अल्लाह के प्रति उनकी अधीनता से सम्बन्धित है। इस्लाम का मानने वाला व्यक्ति एक मुस्लिम कहलाता है। मुस्लिम शब्द का अर्थ, "अधीनता को स्वीकार करने वाले" व्यक्ति से होता है। मुस्लिम अपने आपको "मोमिन" और वे गैर मुस्लिम को "काफिर" (अविश्वासी) कहते हैं।

इस्लाम धर्म के संस्थापक मोहम्मद थे। वह 570-632 ई.प. में इस दुनिया में रहे।

मोहम्मद ने दावा किया कि उन्हें प्रकाशन मिला है। बहुत से लोगों ने उनके प्रकाशनों के बारे में लिखा है, और उनकी मृत्यु के पश्चात इन्हीं लेखों के संग्रह से क़ुरान का निर्माण हुआ। कुरान कई खण्डों में बंटा हुआ है जिन्हें *सूरा* कहते हैं।

» कुरान का मूल बाइबल के मूल से किस तरह अलग है?

मुहम्मद का धर्म उस समय के लगभग सभी धर्मों से अलग था क्योंकि यह एक खुदा पर विश्वास करने वाला और मूर्तिपूजा के विरूद्ध था। वह यूहदियों और मसीहियत के बारे में जानते थे, लेकिन उन्होंने इनका खण्डन किया।

मुहम्मद एक गरीब परिवार से थे, लेकिन उन्होंने एक धनी विधवा से विवाह किया था। उनके विवाह करने के बाद उन्होंने 12 और पत्नियों के साथ विवाह किया, जिसमें उनके गोद लिये बेटे की पत्नी भी शामिल थी, जिसका उन्होंने अपने बेटे से तलाक करवाया था। कुरान के अनुसार एक आदमी को चार पत्नियाँ रखने की अनुमति है।

जब मुहम्मद के पर्याप्त मात्रा में अनुयायी हो गये, तब उन्होंने मदीना शहर पर कब्ज़ा कर लिया, जो कि वर्तमान में सऊदी अरब में स्थित है। कई लड़ाईयों के बाद में, उन्होंने मक्का पर भी कब्ज़ा कर लिया और वह वहां पर जाकर रहने लगे। उन्होंने और उनके अनुयायियों ने आक्रमण करके आसपास के कई देशों को जीत लिया और लोगों को मुसलमान बनने के लिए मज़बूर किया।

अधिकतर मुसलमान आज हिंसक नहीं हैं। वे अपने गैर मुस्लिम पड़ोसियों के साथ शान्ति के साथ रहने का प्रयास करते हैं। फिर भी कुरान में, हिंसा के लिए आज्ञाएं पायी जाती हैं। कुरान मुस्लिमों को आदेश देती है कि वे मूर्ति पूजकों को मार दें।[81] कुरान कहती है कि जो लोग इस्लाम का विरोध करते या उनसे लड़ते हैं, उनकी हत्या कर देनी चाहिए या फिर उनके हाथ पांव काट देने चाहिए।[82] मुहम्मद ने यहूदियों के गाँवों को नाश किया, और उनके पुरुषों को मारकर उनके परिवारों को गुलामी में बेच दिया।

» इस्लाम धर्म का विस्तार मसीहियत के विस्तार से किस तरह अलग था?

इस्लाम की मान्यताएँ

इस्लाम का सर्वाधिक दोहराया जाने वाला विश्वास-कथन, *शाहदाह* कहलाता है: "अल्लाह को छोड़कर और कोई ख़ुदा नहीं है, और मुहम्मद उसका दूत है।"

81 सूरा 9:5
82 सूरा 5:33

मुस्लिम विश्वास करते हैं कि केवल अल्लाह ही परमेश्वर है, और वही इस संसार को बनाने वाला है। वह विश्वास करते हैं कि नूह, अब्राहम, और मूसा जैसे लोगों को प्रकाशन देने वाले वही है।

मुस्लिम त्रिएकता पर विश्वास नहीं करते और उनके विश्वास के अनुसार परमेश्वर का देहधारी होना असम्भव है।

» कैसे मुसलमानों का मुहम्मद के प्रति दृष्टिकोण मसीह के प्रति मसीहियों के दृष्टिकोण से अलग है?

"मैं विश्वास रखता हूँ सर्वसामर्थी पिता परमेश्वर पर, जो स्वर्ग और पृथ्वी का सृष्टिकर्ता है; और उसके एकलौते पुत्र, हमारे प्रभु यीशु मसीह पर; कि वह पवित्र आत्मा की सामर्थ्य से देहधारी होकर, कुंवारी मरियम से उत्पन्न हुआ।"

प्रेरितों का विश्वास वचन

मुस्लिम विश्वास करते हैं कि यीशु परमेश्वर की ओर से एक नबी था जिसने बहुत से आश्चर्यकर्म किये, वह मसीहा था और वह निष्पाप था। लेकिन वे यह विश्वास नहीं करते कि वह क्रूस पर मरा था, वे विश्वास करते हैं कि जब यहूदियों ने उसे मारने का प्रयास किया तब अल्लाह ने उसे ऊपर उठा लिया।[83] वे उसके परमेश्वर का पुत्र होने तथा उसके देहधारण करने की बात पर विश्वास नहीं करते हैं।[84] और न ही वे मानते हैं कि यीशु इस संसार के उद्धारकर्ता हैं।

मुस्लिम विश्वास करते हैं कि बाइबल परमेश्वर की ओर से है, लेकिन वे मानते हैं कि यदि बाइबल और उनकी पवित्र किताब में विरोधाभास पाए जाते हैं, और इस कारण कुरान ही श्रेष्ठ ठहरती है, क्योंकि यही अन्तिम प्रकाशन है। वे विश्वास करते हैं कि बाद में मिलने वाला प्रकाशन पहले मिले हुए प्रकाशन का विरोध कर सकता है।[85]

"मैं आज इस बात को लेकर पूरी तरह से कायल हूं कि जिस प्रकार से सूर्य की किरणें चमकती हैं उसी प्रकार से परमेश्वर का वचन है। और इसका निश्चय (जैसा कि प्रत्येक वरदान के साथ है) ज्योति के पिता की ओर से आता है।"

जॉन वैस्ली
(1747 में लिखे पत्र से)

83 सूरा 4:157-158

84 सूरा 9:30-31, 18:4-5

85 सूरा 2:106, 13:39 बाइबल कहती है कि परमेश्वर वचन कभी नहीं टलेगा वरन्अ टल रहेगा (यशायाह 40:8,1 पतरस 1:25)।

मुस्लिम विश्वास करते हैं कि कुछ कर्तव्यों का पालन करने के द्वारा उद्धार को कमाया जा सकता है जिसे इस्लाम के पांच स्तम्भ कहा जाता है। इस्लाम के पाँच स्तम्भ निम्न प्रकार से हैं"

1. *शाहदा*: गम्भीरता के साथ मुस्लिम ईमान का कलमा पढ़ना।
2. *सलातः* हर रोज़ पांच वक्त की नमाज़ पढ़ना
3. *जकातः* गरीबों को दान देना
4. *सौमः* रमज़ान के महीने में रोज़े रखना
5. *हजः* जीवन में एक बार मक्का की तीर्थयात्रा करना

इस्लाम के कठिन धर्मसिद्धान्त

मुस्लिम किस प्रकार का जीवन व्यतीत करते हैं यह देखने के लिए, हम उन देशों की ओर देख सकते हैं जिन में इस्लामिक कानूनों को पालन होता है। इस्लामिक कानूनों को *शरिया* कानून कहा जाता है। कई अरब देश कुछ हद तक शरिया कानून का पालन करते हैं। इस्लामी कानून बोलने की आजादी, धर्म की आजादी, इक्ट्ठे होने की आजादी या छापने की आजादी की अनुमति नहीं देता है।[86]

किसी भी इस्लामिक देश में एक व्यक्ति मसीहियत को स्वीकार करने या सुसमाचार प्रचार करने पर मारा जा सकता है।

शरिया के कानूनों के अनुसार, एक पुरुष अपनी पत्नि को किसी भी वजह से तुरन्त छोड़ सकता है। एक पत्नी अपने पति की सहमति के बिना तलाक नहीं ले सकती। कुरान के हिसाब से पति को पत्नी का पीटने की अनुमति है।[87] एक पुरुष चार पत्नियों से विवाह कर

86 अनस्प्लैश से जुआन कैमिलो गुआरिन पी द्वारा लिया गया चित्र, https://unsplash.com/photos/njEXjDmYn8w से प्राप्त किया गया।

87 सूरा 4:34

सकता है।[88] यदि कोई महिला इस्लाम की शर्तों को पूरा नहीं करती है तो उसकी उसके रिश्तेदारों द्वारा हत्या की जा सकती है। बहुत से देशों में महिलाओं को कार चलाने, स्कूल जाने, या बिना अपना चेहरा छुपाए सार्वजनिक स्थलों में जाने की आज्ञा नहीं है।[89] यदि कोई महिला नियमों का उल्लंघन करती है तो उसे सार्वजनिक तौर पर पीटा जा सकता है।

मुस्लिम विश्वास करते हैं कि अच्छा और बुरा सब कुछ अल्लाह की मर्जी से होता है। यदि अल्लाह चाहे तो सही का चुनाव कर सकते हैं क्योंकि अन्त में केवल उसकी मर्जी एक न बदलने वाले चरित्र के बजाए मायने रखती है।[90]

कुरान यह नहीं कहती कि लोगों को परमेश्वर के स्वरूप में बनाया गया है। अल्लाह को श्रेष्ठ और अथाह अज्ञात् और पूरी तरह से अलग बताया गया है।[91]

मुस्लिम अल्लाह से व्यक्तिगत सम्बन्ध बनाने की अपेक्षा नहीं करते हैं। अल्लाह को "सबसे-प्रेम" करने वाला कहा जाता है, लेकिन कुरान में ऐसा कहीं नहीं लिखा है कि वह लोगों से प्रेम करने वाला है। कुरान में बहुत बार इस बात का ज़िक्र किया गया है कि अल्लाह इस्लाम में विश्वास करने वालों को क्षमा करने वाला और दयालु है। लोग इस आशा के साथ पश्चाताप कर सकते है तथा अल्लाह को न्याय से बचाने के लिए प्रार्थना कर सकते हैं कि वह दयालु है, लेकिन उन्हें उद्धार का अनुभव या क्षमा का निश्चय प्राप्त नहीं होता है।[92]

"सुसमाचार यह है कि परमेश्वर ने मसीह के द्वारा उस काम को कर दिया है जो व्यवस्था नहीं कर सकीः अर्थात् उसने अपने पुत्र को पाप के लिए एक बलि के रूप में भेज दिया। मसीह ने अपनी मृत्यु के द्वारा पाप का प्रायश्चित किया।"

थॉमस ओडीन
(जीवन का वचन, 350)

88 सूरा 4:3

89 मसीहियों से अपनी पत्नी के साथ कोमलता से भरा हुआ व्यवहार करने के लिए कहा गया है (1 पतरस 3:7)। एक पुरुष को अपने जैसा ही अपनी पत्नी को प्रेम करना है (इफिसियों 5:28-29)।

90 बाइबल हमें बताती है कि परमेश्वर भला है और वह हर एक भली वस्तु का स्रोत है। परमेश्वर कभी नहीं बदलता है (याकूब 1:17)।

91 मनुष्यों को परमेश्वर के स्वरुप में बनाया गया है। इसीलिए हम परमेश्वर से सम्बंधित कुछ बातों को समझ सकते हैं और उसके साथ सम्बन्ध को बना सकते हैं (उत्पत्ति 1:27)।

92 बाइबल प्रतिज्ञा करती है कि यदि कोई व्यक्ति अपने पापों का अंगीकार करता और विश्वास करता है परमेश्वर उसे क्षमा करता है (1 यूहन्ना 1:9)।

» एक मसीही का परमेश्वर के साथ सम्बन्ध मुस्लिम के अल्लाह के साथ सम्बन्ध से किस प्रकार अलग है?

इस्लाम के लाभ अधिकतर पुरुषों के लिए हैं, और कुरान हर एक विषय को पुरुष के दृष्टिकोण से देखती है। महिलाएं केवल पुरुषों की जागीर होती हैं। मृत्यु के पश्चात इस्लाम को मानने वालों के लिए स्वर्गलोक पुरुषों के लिए है, महिलाओं को केवल उनके सुख विलास के लिए दिया गया है।[93]

अब वापस जाएं और इस्लाम पर दिए गए पूरे खंड की पाद-टिप्पणियों को पढ़ें। सभी छात्रों को पवित्रशास्त्र के उल्लेखित वचनों को देखना चाहिए और उन्हें बारी-बारी से समूह में पढ़ना चाहिए।

सुसमाचार प्रचार

बाइबल से ही मसीही सिद्धान्तों को प्रमाणित करना काफी नहीं है, क्योंकि मुस्लिम विश्वास करते हैं कि क्योंकि मुसलमानों का मानना है कि कुरान बाइबल की तुलना में सर्वोच्च अधिकार का स्थान ले लेती है।

हम इस्लाम की कुछ महत्वपूर्ण मान्यताओं से सहमत हो सकते हैं। मसीही विश्वास करते हैं कि एक परमेश्वर है जिसने संसार को बनाया है। मसीही विश्वास करते हैं कि न्याय के लिए एक दिन ठहराया हुआ है, और हर एक जन को या तो नरक में या फिर स्वर्ग में भेजा जाएगा।

बाइबल में से अन्य महत्वपूर्ण सत्यों को दिखाना भी ज़रूरी है। मुस्लिम विश्वास करते हैं कि बाइबल परमेश्वर की ओर से है लेकिन कुरान ने बाइबल की जगह ले ली है। लेकिन आप, यह कह सकते हैं कि कई निश्चित सत्य इतने अधिक बुनियादी हैं कि उन्हें बदला नहीं जा सकता है। इसके अलावा ऐतिहासिक प्रमाणों को भी नहीं बदला जा सकता है।

परमेश्वर ने मनुष्यों को अपने स्वरूप में बनाया है (उत्पत्ति 1:27)। वह उनसे प्रेम करता है और सदा उनके साथ सम्बन्ध में रहना चाहता है।

मसीही लोग इस्लाम के साथ सहमत हैं कि यीशु मसीहा था एवं वह निष्पाप था। उन्हें यह दिखाएं कि उसने सभी विश्वास करने वालों को अनन्त जीवन प्रदान करने की प्रतिज्ञा की है (यूहन्ना 10:28), उसने अपने वचन के द्वारा मृतकों को जीवित करने की प्रतिज्ञा की है (यूहन्ना 5:28-29), और उसने कहा है कि बिना उसके कोई पिता के पास तक नहीं पहुंच सकता है (यूहन्ना 14:6)।

93 सूरा 55:56

वचन से दिखाएं कि वह मात्र एक निष्पाप व्यक्ति से बढ़कर था; निम्ननिलिखित विषयों के लिए *धर्मसिद्धान्तों की हस्तपुस्तिका* को देखें

5. यीशु ही परमेश्वर है।

यदि यीशु की बातें सत्य न होतीं, तो वह एक भविष्यद्वक्ता या एक अच्छा व्यक्ति कभी नहीं हो सकता था। इस्लाम हमें बताता है कि यीशु परमेश्वर का एक नबी मात्र था, लेकिन उसे या तो वही होना चाहिए जिसका उसने होने का दावा किया था और वह अनंत जीवन देने में सक्षम था, या फिर वह एक दुष्ट या अपने आप को धोखा देने वाले व्यक्ति था जिसने लोगों को उस पर विश्वास करने के लिए उकसाया।

यीशु परमेश्वर के प्रेम को प्रगट करने के लिए आया था। उसने दिखाया कि परमेश्वर सभी लोगों को प्रेम करता है, जिसमें महिलाएँ और निम्न स्तर के लोग भी शामिल हैं। लोग अपने लिंग भेद या सामाजिक वर्गीकरण के आधार पर अलग नहीं हुए हैं। लोग केवल अपने पापों के कारण ही परमेश्वर से अलग हुए थे, और परमेश्वर क्षमा प्रदान करता है। परमेश्वर लोगों को पापों से क्षमा करने तथा उनके साथ एक निजी रिश्ता बनाने के लिए बुलाता है।

एक गवाही

जलाल सऊदी अरब में रहता था। वह इस्लाम धर्म के प्रति अति विश्वासयोग्य लड़का था। उसने कुरान के बहुत बड़े भाग को कण्ठस्थ कर रखा था और मस्ज़िद में मदद किया करता था। जब वह सोलह वर्ष का हुआ, वह पवित्र लड़ाई अर्थात जिहाद में भाग लेकर इस्लाम के लिए लड़ना चाहता था, लेकिन उसके माता पिता ने कहा कि वह अभी बहुत छोटा है। उसके बाद उसे एक नौकरी मिल गयी और वह व्यस्त हो गया और धर्म के कामों के लिए उसके पास समय नहीं बचा। उसे कुछ समस्या हुई और वह सहायता के लिए प्रार्थना करना चाहता था, लेकिन उसे अल्लाह से प्रार्थना करने में यह सोचकर डर लग रहा कि कहीं वह कहेगा कि तेरे पास तो धार्मिक कामों के लिए समय ही नहीं है। इसलिए उसने सहायता के लिए यीशु से प्रार्थना की, और दो दिनों के बाद ही उसकी समस्या का समाधान हो गया। उसे एक स्वपन भी दिखाई दिया जिसमें उसने देखा कि यीशु लोगों को स्वर्ग का रास्ता दिखा रहा है। उसने उद्धार के लिए यीशु पर विश्वास किया। जलाल कहता है कि, "मैं अपने हृदय में प्रेम को महसूस करता हूँ, और मैं यीशु मसीह को जानकर बहुत खुश हूँ। जब मैं एक मुस्लिम था, तो मुझे कभी यकीन नहीं होता था कि मसीही लोग सही हो सकते हैं। लेकिन उसके बाद, मुझे पता चला कि परमेश्वर मुझसे कितना प्रेम करता है। और मैं मसीही बन गया। जी हां, वह मुझसे प्रेम करता है, वह आपसे प्रेम करता है, और वह सारे संसार को प्रेम करता है। यीशु मसीह ने हम से प्रेम किया, और वह अब भी हमसे प्रेम करता है। और इस बात को याद रखें कि अन्तिम दिन केवल यीशु मसीह ही हमें बचा सकता है।"

पवित्रशास्त्र का अध्ययन – भाग 2

अब 1 यूहन्ना 1 को फिर से पढ़ें। हर एक छात्र एक खण्ड लिखें जिसे इस्लाम के अनुयायियों के लिए इस अनुच्छेद में दिये गये संदेश का उल्लेख किया गया हो। होने दें कि कुछ छात्र साझा करें कि उन्होंने क्या लिखा है।

प्रत्येक अध्याय के लिए कार्यभार

इस धार्मिक समूह के किसी व्यक्ति को सुसमाचार सुनाने का अवसर खोजने के प्रयास को याद रखें। अपनी कक्षा के साथियों के साथ कक्षा में हुई बात पर चर्चा करना न भूलें। 2 - पृष्ठों की लिखित रिपोर्ट लिखें और इसे अपनी कक्षा के अगुवे को दें।

अध्याय 13

यहूदी धर्म

पहली मुलाकात

हंस एक जर्मन व्यक्ति था जो जीवन यापन करने अमेरिका चला गया। कॉलेज में उसके दोस्त यहूदी धर्म से थे। उसने यहूदियों के इतिहास को जाना और उसे पता चला कि हिटलर के शासन में लाखों यहूदियों को जर्मन के लोगों द्वारा मारा गया था। उसे अपने जर्मन होने पर शर्मिन्दगी महसूस होने लगी, और वह सोचने लगा कि वह अपने देश के लोगों के द्वारा दी गई पीड़ा को कम करने के लिए यहूदी धर्म को अपना ले।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन- भाग 1

यशायाह 52:13-53:12 को ऊंची आवाज में पढ़ें। होने दें कि हर एक छात्र एक अनुच्छेद लिखे जिसमें इन वचनों का सार लिखा हो। यदि आप यीशु को नहीं जानते हैं, तब आप उस व्यक्ति के बारे में क्या समझते हैं जिसे इस अनुच्छेद में "दास" कहा गया है? होने दें कि हर एक छात्र कथनों की एक सूची तैयार करे। एक समूह के तौर पर लिखी हुई बातों पर चर्चा करें।

यहूदी धर्म

यहूदी धर्म का परिचय

यहूदी धर्म किसी भी अन्य धर्म की तुलना में मसीहियत के साथ सबसे अधिक निकटता में है जो मसीही होने का दावा नहीं करता है। यहूदी लोग प्राचीन इस्राएल के परमेश्वर की आराधना किया करते थे, जो वही परमेश्वर है जिसकी आराधना मसीह विश्वास के लोगों में की जाती है। यहूदियों का धर्मग्रन्थ मसीही बाइबल का पुराना नियम ही है।[94]

आधुनिक यहूदी धर्म पुराने नियम में वर्णित पौराणिक इस्राएल के इतिहास और धर्म से

94 यहूदी धर्म के अनुयायी पुराने नियम को मानते हैं, लेकिन वे पुराने नियम में मिलने वाले मसीहा के बारे में सबसे महत्वपूर्ण सत्य को नहीं समझते हैं (यूहन्ना 5:39)।

उत्पन्न हुआ है। बहुत सी प्रथाओं और मान्यताओं को सदियों से अभ्यास में लाया जा रहा है जो वास्तव में मूल सिद्धान्तों पर आधारित नहीं हैं।

तालमुद यहूदी रब्बियों द्वारा लिखित प्रचीन लेखों का संग्रह है। जिसे एक पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया गया है, इसमें 6000 से अधिक पृष्ठ हैं। यहूदी धर्म के सभी रीति रिवाजों का आधार *तालमुद* है।

करीब 1 करोड़ 40 लाख लोग यहूदी धर्म का अनुसरण करते हैं। उनमें से आधे इस्राएल देश में रहते हैं।

इस्राएल देश के लोगों का प्रमुख धर्म यहूदी है, और अधिकतर जातीय तौर पर यहूदी हैं, चाहे वे इस्राएल में रहते हों या फिर किसी अन्य देश में। जब किसी के बारे में कहा जाता है कि वह यहूदी है तो वह उसके धर्म और उसकी जाति और कभी-कभी यह उसकी नागरिकता को दर्शाता है।

फिर भी, इसे परिभाषित करना कठिन है। अधिकतर यहूदी अनुयायी मूल रूप से यहूदी हैं, लेकिन अन्य सम्प्रदायों से भी लोगों ने यहूदी धर्म को स्वीकार किया है। यहूदी धर्म यहां का राष्ट्रीय धर्म है, लेकिन इस्राएल में रहने वाले 25% लोग अपने धर्म और जाति के आधार पर यहूदी नहीं हैं। बहुत से यहूदी इस्राएल में नहीं रहते हैं, और जो इस्राएल में रहते हैं वे किसी भी धर्म का गम्भीरता से पालन नहीं करते हैं। जातीय तौर पर एक यहूदी, चाहे वह इस्राएल में रहता हो या फिर कहीं और, वह किसी अन्य धर्म को अपनाने वाला, या फिर नास्तिक भी हो सकता है।

» वर्णन करें कि एक यहूदी क्या है, पहले उसकी जातीय तौर पर परिभाषा दें, फिर उसकी धार्मिक परिभाषा दें।

" चुनना परमेश्वर के प्रेम का स्वभाव है। उसका उद्देश्य दूसरों को अलग करना नहीं वरन् उनके लिए एक सेतू प्रदान करना है जिससे परमेश्वर का प्रेम सारी जातियों के लिए प्रगट किया जा सके। परमेश्वर का प्रेम इस्राएलियों पर विशेष रूप से इस वजह से ज़ाहिर हुआ ताकि उसे सारी जातियों पर प्रगट किया जा सके।"

डब्ल्यू.टी. पुरकिसर
(परमेश्वर, मनुष्य और उद्धार, 158)

सामान्य तौर पर इस्राएल राष्ट्र के लोगों ने यीशु को मसीहा मानने से इनकार कर दिया था। यीशु पर विश्वास करने वाले पहले यहूदी मसीही कलीसिया के प्रथम सदस्य थे, उसके

बाद सुसमाचार प्रसार के द्वारा अन्यजातियों का कलीसिया में आना हुआ।[95]

यहूदी धर्म यहूदियों का धर्म था जिन्होंने पुराने नियम की आशाओं को पूरा करने वाले के रूप में यीशु का इनकार करते हुए पुराने नियम के धर्म को थामे रहने का प्रयास किया। आज ऐसी सगंठन पाए जाते हैं, जैसा कि यीशु के लिए यहूदी जो लोग मसीही बनकर भी यहूदियों की विरासत को बनाए रखने का प्रयास करते हैं। उन्हें "मसीही यूहदी" कहा जाता है क्योंकि वे यीशु को मसीह के रूप में स्वीकार करते हैं लेकिन अपनी पहचान यहूदी बताते हैं। वे यहूदी धर्म के हिस्सा नहीं हैं।

" यीशु ने दुःख उठाया, और गाड़ा गया; तीसरे दिन वह मृतकों में से फिर जी उठा; वह स्वर्ग पर चढ़ गया; और सर्वसामर्थी पिता परमेश्वर की दाहिनी हाथ पर विराजमान है "

नीकिया का विश्वास वचन

सदियों से यहूदियों ने प्राचीन परम्पराओं का पालन करते हुए, नियमित तौर पर नयी परम्पराओं का विकास किया है। बहुत से यहूदी ऐसे वस्त्र पहिनते हैं, जिसको पहिनने से वे यहूदी दिखें। उन्होंने खान-पान में भी यहूदियों की रीति के अनुसार परहेज़ किया जाता है, जैसे कि सूअर के मीट को न खाना इत्यादि।[96]

यहूदी धर्म में, उद्धार व्यक्तिगत तौर पर प्राप्त किया जाने वाला अनुभव नहीं है। यहूदी विश्वास करते हैं कि वे आज्ञाओं का पालन करने के द्वारा आशीषित, और परमेश्वर के साथ प्रतिज्ञा किया हुआ जीवन जी सकते हैं। उद्धार का अर्थ उन परिस्थितियों या तनावों से छुटकारा है जो हमें परमेश्वर की सेवा में उन कामों को करने से रोकते हैं जिन्हें हमें वास्तव में करने चाहिए। उद्धार व्यक्तिगत विषय होने की बजाय एक राष्ट्रीय या सामूहिक विषय है।

» यहूदी धर्म में उद्धार का क्या अभिप्राय है?

बाइबल आधारित मसीहियत के अनुसार, उद्धार का अर्थ पाप से व्यक्तिगत छुटकारा है। चाहे यहूदी हो या यूनानी, जिस किसी ने उद्धार पाया है उसने विश्वास के द्वारा उद्धार पाया है। हर एक ने पाप किया है और हर एक को क्षमा की आवश्यकता है। पुराने नियम की जानकारी रखने से उद्धार प्राप्त नहीं होता बल्कि वह विश्वास के द्वारा अनुग्रह से प्राप्त होता है।[97]

---

95 परमेश्वर चाहता है कि सभी यहूदी बच जाएँ (रोमियों 10:1, रोमियों 11:1)।

96 मसीही लोग पुराने नियम की विभिन्न दिनों को मानने तथा भोजन सम्बन्धी मांगों से स्वतंत्र हैं क्योंकि वे सारी बातें मसीह की प्रतीक हैं, और उसने अब उन सारी शर्तों को पूरा कर दिया है (कुलुस्सियों 2:16-17)।

97 कोई भी जन व्यवस्था का पालन करने से धर्मी नहीं ठहरता, क्योंकि सभी ने पाप किया है और व्यवस्था को तोड़ा है (रोमियों 3:20-23)।

जैसा कि पुराने नियम में बताया गया है, मसीही विश्वास इस्राएल के धर्म की परिपूर्णता और निरन्तरता है। इस्राएल के भविष्यद्वक्ताओं ने यीशु के आने की भविष्यद्वाणी की थी। पुराने नियम[98] के विश्वास का निचोड़ परमेश्वर के साथ सम्बन्ध था, जो उसकी क्षमा और अनुग्रह के द्वारा सम्भव हुआ। इसीलिए, मसीह विश्वासी पुराने नियम के लेखों को अपनी मिरास कहते हैं।[99] मसीहियों ने उन लोगों के उदाहरण का अनुसरण किया जो मानव जाति के प्रारम्भ से ही परमेश्वर के साथ सही सम्बन्ध बनाकर रखने वाले थे।[100]

» यह कहना कहां तक ठीक है कि मसीहियत कोई नया धर्म नहीं है?

सारे यहूदियों के लिए कोई एक संगठन नहीं है, न ही उनके पास पालन करने के लिए मान्यताओं का कोई एक विश्वास कथन है, और न ही धर्मसिद्धान्त की कोई एक निर्णायक शिक्षा है जिसे उनके द्वारा स्वीकृत किया गया हो। उनके कुछ संगठन अत्याधिक रूढ़ीवादी हैं, जो लेखों को अत्यधिक सम्मान देते और प्राचीन मान्यताओं और परम्पराओं में बने रहते हैं। लेकिन उदारवादी विचारधाराओं वाले यहूदी संगठनों ने उनकी मान्यताओं और प्रार्थाओं को ग्रहण किया है तथा जिन परम्पराओं और लेखों से मानना चाहते थे उनका अभ्यास कुछ इस तरह से किया है कि वे आधुनिक संस्कृति से मेल खाएं।

यहूदी विश्वास नहीं करते कि परमेश्वर त्रिएक है और न ही यह विश्वास करते हैं कि कभी परमेश्वर ने देहधारण किया था।[101] वे विश्वास करते हैं कि यीशु एक विवादास्पद शिक्षक था जो न तो मसीहा और न ही परमेश्वर था।

मसीह के आने की अपेक्षा यहूदियों के लिए केन्द्र बिन्दु है। वे विश्वास नहीं करते कि मसीह आ चुका है। उनका मानना है कि मसीहा परमेश्वर का देहधारी नहीं होगा, बल्कि विशेष रूप से एक अभिषिक्त व्यक्ति होगा, जो इस संसार में शांति लाएगा।

---

98 परमेश्वर यहूदियों और यूनानियों दोनों के ही परमेश्वर है, और उद्धार के निमित्त उसकी योजना सभी के लिए समान है (रोमियों 3:28-29)।

99 पिक्साबे से नेल्लील्टेनबर्गर द्वारा लिया गया चित्र, https://pixabay.com/photos/torah-scroll-israel-jewish-4299038/से प्राप्त किया गया।

100 एक तरह से देखा जाए तो यहूदी वे लोग हैं, जो परमेश्वर की कृपा के कार्यों को अपने हृदय में ग्रहण कर चुका है (रोमियों 2:28-29)। अब्राहम की आशीषें अन्यजातियों के लिए उपलब्ध हैं (गलातियों 3:14)।

101 पुराना नियम बताता है कि मसीह ही सर्वशक्तिमान परमेश्वर होगा (यशायाह 9:6)।

रूढ़ीवादी यहूदी विश्वास करते हैं कि मसीह वास्तव में एक मनुष्य होगा। उदारवादी यहूदी शांति के मध्यस्थक के लिए मसीह को एक दृष्टान्तरूपी अभिव्यक्ति मानते हैं, जो एक समूह या संगठन भी हो सकता है।

» मसीह के प्रति यहूदी धर्म की विचारधारा का वर्णन करें।

"रोमियों 9:3-4 में पौलुस अनिवार्य रूप से कहता है कि 'मानवीय तौर पर तो मसीह एक मनुष्य था लेकिन वास्तव में वह परमेश्वर था।"

विलार्ड टेलर के कथनों से लिया गया
(परमेश्वर, मनुष्य और उद्धार, 343)

बाइबल बताती है कि एक समय ऐसा आएगा जब इस्राएल के लोग भी मसीह को स्वीकार करेंगे। प्रेरित पौलुस कहता है कि वर्तमान में सुसामाचार अन्यजातियों के बीच में फैल रहा है लेकिन सुसमाचार को लेकर यहूदियों की आंखों में पट्टी बंधी हुई है। लेकिन वह आगे कहता है कि, "सभी इस्राएलियों का उद्धार होगा।" इसका अर्थ यह बिल्कुल भी नहीं है कि सारे इस्राएली बच जाएगें, लेकिन उसके कहने का अर्थ यह है कि एक राष्ट्र के रूप में उन्होंने यीशु का इनकार किया, एक राष्ट्र के रूप में वे पश्चाताप और उसे स्वीकार करेगें (देखें रोमियों 11:23-26)। यहां तक कि आज भी बहुत से यहूदी लोग मन परिवर्तित कर रहे हैं।

अब वापस जाकर एक साथ यहूदी धर्म पर दिए गए पूरे खंड की पाद-टिप्पणियों को पढ़ें। सभी छात्रों को पवित्रशास्त्र के उल्लेखित वचनों को देखना चाहिए और उन्हें बारी-बारी से समूह में पढ़ना चाहिए।

सुसमाचार प्रचार

कई यहूदी मसीहियों को लेकर पहले से ही न्यायिक विचार रखते हैं क्योंकि बीते समय में यहूदियों को मसीही कहलाने वाले लोगों के द्वारा बुरी तरह से सताया गया है। हम उन्हें सताव के सम्बन्ध में कुछ वास्तविकताओं को समझाने का प्रयास कर सकते हैं। सर्वप्रथम, यीशु ने कभी भी सताने की शिक्षा नहीं दी, और मसीही होने का दावा करके दूसरों से नफरत करने वाले लोग मसीह का अनुसरण नहीं कर रहे हैं। सताव राजनैतिक और धार्मिक भी होता है, और वह मसीही सिद्धान्तों के विपरीत सिद्धान्तों द्वारा प्रेरित होता है। एक यहूदी को यह समझाना कि मसीही विश्वासी उनके दुश्मन नहीं हैं, के लिए सबसे अच्छा तरीका यह है कि मसीही विश्वासी उन पर मसीह के प्रेम को प्रगट करें।

एक यहूदी विश्वासी का अपने धर्म में बहुत मज़बूती के साथ उसके विस्तृत परिवार, जीवन जीने के तरीके, और उनकी प्राचीन विरासत के साथ लगाव होता है। एक यहूदी सोच सकता

है कि यदि वह अपने धर्म को बदलता है तो वह अपने जीवन की सारी अहम चीज़ों को खो बैठेगा। मसीहियों को दिखाना चाहिए कि यीशु ने ही यहूदी धर्म की बातों को वास्तव में पूरा किया है। वही वह मसीह है जिसकी वे अपेक्षा कर रहे थे। उसने ही वह उद्धार प्रदान किया जिसका वर्णन पुराने नियम में किया गया है।

मसीह से सम्बन्धित पुराने नियम में की गयी भविष्यद्वाणियों के पूरा होने के द्वारा ही यह बात प्रगट हुई कि यीशु ही मसीह है। उदाहरण के तौर पर ये भविष्यद्वाणियां कहती हैं कि मसीह का जन्म बेतलेहम में होगा (मीका 5:2) वह यहूदा के गोत्र में पैदा होगा (उत्प. 49:10)। इसके अलावा यह और भी ज़्यादा महत्वपूर्ण है कि हम उन्हें यशायाह 52:13-53:12 में दिखाएं कि उसने वह छुटकारा हासिल किया जिसकी अपेक्षा मसीह से की जा रही थी। यीशु ने अभी तक मसीह से जुड़ी विश्व शान्ति की भविष्यद्वाणी को पूरा नहीं किया है, लेकिन यह तर्कसंगत है कि सबसे पहले पापों से छुटकारे होना चाहिए क्योंकि युद्ध लोगों को पापी मनों से ही उत्पन्न होता है।

सुसमाचार प्रचार करना तथा इस बात पर ज़ोर डालना बहुत आवश्यक है कि उद्धार पाने वाले व्यक्ति का परमेश्वर के साथ व्यक्तिगत सम्बन्ध जुड़ जाता है। यहूदी परमेश्वर पर विश्वास करते हैं लेकिन उनका परमेश्वर के साथ कोई व्यक्तिगत रिश्ता नहीं होता है।

केवल पुराने नियम का इस्तेमाल करते हुए सुसमाचार को वर्णन करना सम्भव है। सभी लोगों ने परमेश्वर के विरूद्ध पाप किया है (भजन 142:2-3)। पाप लोगों को परमेश्वर से दूर कर देता है (यशायाह 59:2)। मसीह ने हमारे पापों के कारण दुःखों को सहा और पापबलि के रूप में अपनी जान दे दी (यशायाह 53:5)। परमेश्वर पश्चाताप, और विश्वास करने वाले को क्षमा करने की प्रतिज्ञा करता है (यशायाह 1:16-18)।

भजन 51 पश्चाताप करने तथा विश्वास की प्रार्थना दी गई है। दाऊद क्षमा और शुद्धिकरण के लिए प्रार्थना करता है। यह परमेश्वर के आत्मा के द्वारा प्रेरित प्रार्थना है, जो हमें बताती है कि परमेश्वर हमें इस तरह से क्षमा प्रदान करता है। यदि कोई व्यक्ति विश्वास करता है कि परमेश्वर ने यीशु को पाप के लिए एक पापबलि के रूप में दिया है, तो वह विश्वास के साथ इस प्रार्थना को करके परमेश्वर के अनुग्रह को प्राप्त कर सकता है।

एक गवाही

हैरी एक यहूदी है जिसका परिवार जर्मनी से आया है। उसके दादा परदादा सब नाज़ियों के कैद में मारे गये थे। उसने कहा कि यहूदियों को ऐसा लगा कि उन्हें मसीहियों के द्वारा इसलिए मारा जा रहा है क्योंकि जर्मनी व संसार भर की कलीसियाएं उनके साथ ऐसा ही करना चाहती थी। उसके माता पिता ने उसे बताया था कि वह क्रूस की ओर कभी न देखें क्योंकि क्रूस मृत्यु की निशानी है। हर दिन उसकी स्कूल बस एक चर्च के सामने से

होकर गुजरती थी जिस पर क्रूस बना हुआ था लेकिन वह उसे नहीं देखता था। एक दिन एक यहूदी मित्र ने उसे नया नियम देने का प्रयास किया, लेकिन उसने उसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया, और उससे कहा कि यह यहूदियों के लिए नहीं है। बाद में उसे किसी अन्य मित्र ने पुराने नियम और नये नियम में से एक ऐसा वचन दिखाया जिसे उसने पहले कभी नहीं देखा था। हैरी के मन में संसार के इस तरह होने को लेकर बहुत से प्रश्न थे, और वह बाइबल के अन्दर उन प्रश्नों के उत्तरों को देखने लगा। और उसे विश्वास हो गया कि यीशु ही मसीह है।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन- भाग 2

अब यशायाह 52:13-53:12 को दोबारा पढ़ें। प्रत्येक छात्र एक अनुच्छेद लिखे जो यह बताता हो कि इस खण्ड में यहूदी धर्म के अनुयायियों के लिए दिये गये संदेश का वर्णन किया गया हो। होने दें कि कुछ छात्र साझा करें कि उन्होंने क्या लिखा है।

प्रत्येक अध्याय के लिए कार्यभार

इस धार्मिक समूह के किसी व्यक्ति को सुसमाचार सुनाने का अवसर खोजने के प्रयास को याद रखें। अपनी कक्षा के साथियों के साथ कक्षा में हुई बात पर चर्चा करना न भूलें। 2 - पृष्ठों की लिखित रिपोर्ट लिखें और इसे अपनी कक्षा के अगुवे को दें।

अध्याय 14

नया युगवादी धर्म

पहली मुलाकात

इलियट का पालन-पोषण एक रोमन कैथोलिक हुआ था, परन्तु जब वह वयस्क हो गया तो उसने चर्च में भाग लेने छोड़ दिया। उसने कई वर्षों तक सुख-विलास के जीवन को व्यतीत किया, परन्तु उसे लगने लगा कि उसे तत्काल अपने जीवन का उद्देश्य खोजने की आवश्यकता है। एक मित्र ने उसे ड्रग्स लेना सीखा दिया, और इलियट को लगा कि उसे ब्रह्मांड और स्वयं के विषय में एक नया दृष्टिकोण मिला है। उसे निर्देश देने वाली आवाजें भी सुनाई देने लगीं।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन- भाग 1

भजन संहिता 19 को एक साथ ऊंची आवाज में पढ़ें। प्रत्येक छात्र से एक अनुच्छेद लिखवाएँ जो पवित्रशास्त्र के इस अनुच्छेद को सारांशित करे। यह अनुच्छेद हमें परमेश्वर की सच्चाई के प्रभावों के विषय में क्या दिखाता है? प्रत्येक छात्र से कथनों की एक सूची लिखने को कहें। एक समूह के रूप में, अपने लेखनकार्यों पर चर्चा करें।

नया युगवादी धर्म

नए युगवादी धर्म का परिचय

नए युगवादी धर्म में विभिन्न प्रकार के समूह, संगठन और व्यक्ति पाए जाते हैं। नए युगवादी धर्म के अनुयायी एक निश्चित नाम या मान्यताओं के विश्वास कथनों के तहत एकजुट नहीं हैं। कुछ तो बहुत ही धार्मिक प्रतीत होते हैं, और अन्य धार्मिक होने के बजाय वैज्ञानिक प्रतीत होते हैं। वे सभी यह नहीं कहेंगे कि

स्टोनहेंज, इंग्लैंड का एक प्राचीन पत्थर का स्मारक, विभिन्न धार्मिक गतिविधियों का स्थल है।

वे एक नए युगवादी धर्म का भाग हैं, परन्तु वे सभी कुछ निश्चित गुणों को साझा करते हैं।[102]

नए युगवाद के अनुयायी सभी समस्याओं को हल करने के लिए मानवीय क्षमता में विश्वास करते हैं। उनका मानना है कि एक व्यक्ति अभी सामान्य सी मानी जाने वाली शक्तियों से कहीं अधिक शक्तियों वाले प्राणी में विकसित हो सकता है। उनका मानना है कि सभी उत्तर हमारे भीतर ही हैं।[103] उनका मानना है कि शिक्षा का उद्देश्य हमें यह बताना नहीं है कि क्या सच है, बल्कि हमें यह दिखाना है कि अपनी क्षमता को कैसे खोलें।

» नए युगवाद धर्म मनुष्य के विषय में किस मसीही शिक्षा की उपेक्षा करता है?

मानव क्षमता की सामर्थ्य को खोलने के लिए, नए युगवादी धर्म का अनुयायी मूर्तिपूजक धर्मों और गूढ़ ज्ञानवादी प्रथाओं में प्राचीन ज्ञान की खोज करता है। नए युगवादी धर्म का अनुयायी सभी प्रकार के जादू-टोने का उपयोग करते हुए आलौकिक से वार्तालाप करते हैं। नए युगवाद धर्म का अनुयायी आत्माओं और अतीत में रह चुके लोगों के साथ संवाद स्थापित करने का प्रयास करते हैं। वे भूत-सिद्धि का अभ्यास करते हैं, जिसमें अतीत में रहने वाले व्यक्ति की आत्मा अस्थायी रूप से एक जीवित व्यक्ति के शरीर और आवाज पर कब्जा कर लेती है।[104]

"कभी-कभी यह तर्क दिया जाता है कि हम एक अलग संस्कृत में रहते हैं और अब जो सही या गलत है वह बदलते समय के कारण बदल गया है.... मानव परिवर्तन की हड़बड़ी के बीच अनन्त सत्य की चट्टान खड़ी है जो कि परमेश्वर का वचन है और इसका स्तर कभी नहीं बदलता है।"

लेस्ली विलकॉक्स
(वेस्लियन धर्मविज्ञान में जानकारियाँ, खंड 3, 282)

वे यह नहीं मानते कि किसी भी धर्म में पूर्ण सत्य है। उनका मानना है कि सभी धर्म अनिवार्य रूप से एक समान हैं, परन्तु उनकी अलग-अलग मान्यताएँ और प्रथाएँ हैं जो सहायक हैं। चाहे कुछ निश्चित मान्यताएँ एक-दूसरे के विपरीत हों, वे सोचते हैं कि

102 अनस्प्लैश से डायना विंग द्वारा लिया गया चित्र, htt ps://unsplash.com/photos/NxvP54MX4no से प्राप्त किया गया।

103 जब तक परमेश्वर हृदय को न बदलें तब तक मनुष्य सबसे अधिक धोखा देने वाला और दुष्ट होता है। मनुष्य जीवन के प्रश्नों के उत्तर प्राप्त नहीं कर सकता। समस्याएँ उसके भीतर हैं (यिर्मयाह 17:9)।

104 लोग परमेश्वर को अस्वीकार करके मदद पाने के लिए अन्य स्रोतों के पास जाते हैं, क्योंकि वे पश्चाताप नहीं करना चाहते हैं। जो व्यक्ति मार्गदर्शन और सामर्थ्य चाहता है उसे परमेश्वर की खोज करनी चाहिए (यशायाह 8:19)।

दोनों एक गैर-तर्कसंगत तरीके से सत्य हो सकते हैं। वे किसी भी दावे को अस्वीकार करते हैं कि एक सिद्धान्त पूर्ण सत्य है। वे नहीं मानते कि कोई भी सिद्धान्त इस अर्थ में सत्य हो सकता है कि विरोधी सिद्धान्त झूठे होंगे। नए युगवाद धर्म का अनुयायी किसी भी धार्मिक समूह को स्वीकार करते हैं, सिवाय उन लोगों के जो सच्चाई का दावा करते हैं[105] कि सभी को उस पर विश्वास करना चाहिए। वे मसीहियत से घृणा करते हैं क्योंकि यह दावा करती है कि यही सही है और अन्य धर्म गलत हैं।

» नया युगवाद कौन से अन्य धर्मों को पसंद नहीं करता है?

नए युगवादी अनुयायी अच्छी शक्तियों और बुरी शक्तियों के बीच अंतर करने के लिए बिना किसी सिद्धांत के अलौकिक होने को स्वीकार करते हैं। वे मानते हैं कि आत्मा की पूर्ण भागीदारी अच्छी है।[106]

नए युगवाद के अनुयायी स्वयं को अन्य धर्मों से अलग नहीं करते हैं। वे सोचते हैं कि कुछ धर्म उनकी कई मान्यताओं को साझा करते हैं, विशेष रूप से पूर्वी धर्म जैसे बौद्ध धर्म, हिंदू धर्म और ताओवाद। वे जीववादी धर्मों को भी पसंद करते हैं, जो प्रकृति में आत्माओं के साथ बातचीत करते हैं (जीववाद का वर्णन अध्याय 15 में किया गया है)।

नए युगवाद का अनुयायी मृत्यु की वास्तविकता को नकारता है। वे सोचते हैं कि मृत्यु बस वह है जब एक व्यक्ति अस्तित्व के एक अलग स्तर पर चला जाता है। कुछ लोग कहते हैं कि मृत्यु के बाद का जीवन लगभग इस प्राकृतिक जीवन जैसा ही होता है। उनमें से कई पुनर्जन्म और कर्म के सिद्धांत में विश्वास करते हैं, जैसा कि हिंदू धर्म में पाया जाता है। पुनर्जन्म को एक बुरी चीज के रूप में देखने के बजाय, जैसा कि हिंदू धर्म और बौद्ध धर्म के अनुयायी देखते हैं, नए युगवादी धर्म का अनुयायी सोचता कि कई बार जीना अच्छा है। उनमें से कुछ सोचते हैं कि वे जानते हैं कि वे पिछले जन्म में कौन थे।

नया युगवादी धर्म परमेश्वर के सर्वेश्वरवादी होने के दृष्टिकोण को मानता है। उसका अर्थ है कि नए युगवाद का अनुयायी मानता है कि सारी वास्तविकता एक तत्व है, और सब कुछ एक साथ मिलकर परमेश्वर है। प्रत्येक वस्तु और प्रत्येक व्यक्ति परमेश्वर का अंश है। वे यह नहीं मानते कि परमेश्वर एक ऐसा व्यक्ति है जो सोचता या बोलता है, और वे परमेश्वर के सृष्टिकर्ता होने का इनकार करते हैं।

» क्या नए युगवाद का अनुयायी प्रार्थना करता है?

---

105 बाइबल उन लोगों पर दण्ड कि आज्ञा देती है, जो भलाई से बुराई को दूर नहीं करते और गलत और सही के पैमाने को अस्वीकार कर देते हैं (यशायाह 5:20)।

106 संसार में बहुत सी दुष्ट आत्माएँ कार्य कर रही हैं, और उन्हें पहले से ही अनंत दण्ड मिला हुआ है। उनका अनुसरण करने वाले भी उनके दण्ड के भागी होंगे (मत्ती25:41)।

नए युगवाद के अनुयायियों का मानना है कि यीशु एक ऐसा व्यक्ति था जो विशेष शक्तियों का उपयोग करना जानता था और दूसरों को भी ऐसा करने हेतु सिखाने का प्रयास करता था। उनका मानना है कि यीशु ने नैतिक मानकों की परवाह नहीं की और किसी के गलत काम पर दोष नहीं लगाया।

नए युगवाद का अनुयायी पाप की वास्तविकता में विश्वास नहीं करता है, क्योंकि वे एक ऐसे परमेश्वर में विश्वास नहीं करता जो एक मापदण्ड को ठहरता है और न्याय करता है। उनका मानना है कि संसार में बुराई केवल ज्ञान और समायोजन के लिए आवश्यक है ताकि सब कुछ सद्भाव में रह सके। नया युगवाद सभी प्रकार की पापमय विकृतियों को न्यायोचित ठहराता है।[107]

नया युगवाद बाइबल में दी उद्धार की अवधारणा को अस्वीकार करता है। वे पाप को वास्तविक नहीं मानते और मानते हैं कि मानवीय समस्याओं का समाधान आत्मिक जागरूकता और आत्मिक शक्तियों का विकास करने से है।

"शैतान तुम्हें अपनी दृष्टि में परमेश्वर से और परमेश्वर के सब वचनों से अधिक बुद्धिमान बनाने के लिए स्वयं तुम्हें ही आदर्श बनाएगा। ऐसा करने के लिए, उसे अपने शरीर में प्रकट नहीं होना है। यदि ऐसा है तो यह उसकी योजना को नुकसान पहुँचाएगा। इसके बजाय, वह आपको उसके अस्तित्व को नकारने के लिए अपने सारे कौशल का उपयोग करता है, जब तक कि वह आपको आपके सही स्थान पर लाकर न खड़ा कर दे।"

जॉन वेस्ली
("कट्टरता के विरुद्ध एक सावधानी")

नए युगवाद के अनुयायियों का मानना है कि मानवता एक विशेष युग में प्रवेश कर रही है जब नए युगवाद के सिद्धांतों को समझने वाले लोग पूरे समाज को बदल देंगे। उनका मानना है कि सभी के लिए शान्ति और आर्थिक सुरक्षा होगी।[108]

» उद्धार की बाइबल आधारित अवधारणा के स्थान पर नया युगवाद किस पर विश्वास करता है?

107 परमेश्वर लोगों को सच्चे समाधान पाने - अर्थात् क्षमा और पवित्रीकरण के लिए आमंत्रित करता है (यशायाह 1:18)।

108 बाइबल हमें सचेत करते हुए कहती है कि उन लोगों से शांति और सुरक्षा कि अपेक्षा न करें जो परमेश्वर के लिए समर्पित न हों (1 थिस्लुनिकियों 5:3)।

नए युग के प्रतिनिधियों को पहचान ना

ऐसी कई चीज़ें हैं जो किसी समूह, संगठन या लेखक को नए युगवाद के रूप में पहचानने में सहायता करती हैं। इसके कुछ उदाहरण यहां पर दिए गए हैं:

- धार्मिक या दार्शनिक कारणों से शाकाहारी जीवन व्यतीत करना
- रहस्यमय स्वास्थ्य विधियाँ हैं, जिन्हें वैज्ञानिक रूप से नहीं समझाया जा सकता है
- कर्म के संदर्भों में
- प्रकृति या ब्रह्मांड के साथ एकता में रहने के विषय में शब्दों का उपयोग करना
- गैर-तर्कसंगत समझ के साधन के रूप में ध्यान लगाना
- असीमित मानवीय क्षमता के विषय में शब्दों का उपयोग करना
- अजीब प्रकार की मनोवैज्ञानिक या रहस्यमय ऊर्जा और शक्ति का होना
- मृतकों या आत्माओं के साथ बातचीत
- भूत-सिद्धि के लिए विभिन्न चीजों का उपयोग करना
- ज्योतिषविद्या
- जादू टोना और विक्का
- प्रकृति के साथ धार्मिक भागीदारी
- पिरामिड और क्रिस्टल में रुचि रखना
- यूएफओ और उन प्राणियों में रुचि जो पृथ्वी से नहीं हैं
- आत्मिक मार्गदर्शकों और उच्च दर्जे के प्राणियों पर भरोसा करना
- पूर्वी धर्मों से प्राप्त अवधारणाएँ और प्रथाएँ में विश्वास करना इत्यादि

» आपने नए युगवाद की प्रथाओं के कौन से उदाहरण देखे या सुने हैं?

मसीही प्रतिक्रिया

नए युगवाद के धर्म के विषय में कुछ भी नया नहीं है। यशायाह 47:10-14 एक विशिष्ट राष्ट्र को संबोधित किया गया है जहाँ सभी प्रकार का टोना-टोटका होता था, और यह बिल्कुल नए युगवाद के समान लगता है। लोग दुष्टता का अभ्यास करने के लिए विशेष ज्ञान की खोज करते हैं। उन्होंने ईश्वर बनने का प्रयास किया। उन्होंने आत्मिक शक्ति पैदा करने के कई तरीकों की खोज की।

बाइबल हर प्रकार के जादू-टोने और टोना-टोटका करने से मना करती है, इसलिए नहीं कि यह वास्तविक नहीं है, बल्कि इसलिए कि यह बुराई है और परमेश्वर की सामर्थ्य का विरोध करती हैं (लैव्यव्यवस्था 19:26, 31, लैव्यव्यवस्था 20:6, व्यवस्थाविवरण 18:9-12)। परमेश्वर ने इस्राएली राष्ट्र को ओझा का काम करने वालों को मारने की आज्ञा दी थी (निर्गमन 22:18, लैव्यव्यवस्था 20:27)। आज मसीहियों के पास किसी को मारने की

जिम्मेदारी नहीं है, परन्तु यह आज्ञा उस पाप के प्रति परमेश्वर के पूर्ण न्याय को दर्शाती है। नए नियम में, जब लोग मसीह के लिए मन-परिवर्तित हुए तो उन्होंने अपनी जादूगरी की पुस्तकों को नष्ट कर दिया (प्रेरितों के काम 19:19)।

लोग परमेश्वर को अस्वीकार करते हैं परन्तु फिर भी आत्मिक सामर्थ्य चाहते हैं। परमेश्वर की सामर्थ्य महान् है, और वह अपनी सामर्थ्य का उपयोग उन लोगों के लिए करता है जो उस पर भरोसा करते हैं, परन्तु वह अपनी सामर्थ्य को लोगों के नियंत्रण में नहीं देता है। एक व्यक्ति जो जादुई तरीकों से सामर्थ्य और ज्ञान की खोज करता है, वह परमेश्वर को अस्वीकार करते हुए इसे खोजने का प्रयास कर रहा है। आत्माओं के साथ बातचीत करना और सामर्थ्य की खोज करना व्यक्ति को गहरी बुराई की ओर ले जाती है।

अब वापस जाएँ और नए युगवादी वाले धर्म पर दिए गए पूरे खंड की पाद-टिप्पणियों को पढ़ें। सभी छात्रों को पवित्रशास्त्र के उल्लेखित वचनों को देखना चाहिए और उन्हें बारी-बारी से समूह में पढ़ना चाहिए।

"मैं पापों की क्षमा के लिए एक बपतिस्मे को मानता हूं; और मैं मृतकों के पुनरुत्थान की और आने वाले युग के जीवन की प्रतीक्षा करता हूं। आमीन।"

नीकिया का विश्वासवचन

सुसमाचार प्रचार

नए युगवाद के अनुयायी के साथ सुसमाचार बाँटना प्राथमिकता है। उन तर्कों में न फंसें जो आपको सुसमाचार बाँटने से रोकते हैं। वह सोच सकता है कि वह कलीसियाओं से परिचित है, और उसने कलीसिया को अस्वीकार कर दिया है, परन्तु वास्तव में वह यह नहीं समझ पाया है कि सुसमाचार क्या है।

यीशु ने चंगा करने, भविष्यद्वाणी करने और सत्य को परखने के द्वारा महान् सामर्थ्य का प्रदर्शन किया। वह नए युगवाद के किसी भी अगुवे से बड़ा है। वह किसी ऐसे व्यक्ति का उदाहरण नहीं है जिसने स्वयं को विकसित किया हो और प्रकृति से आत्मिक शक्तियों का उपयोग किया। यीशु पिता के अधीन था और वह पूर्ण सत्य में विश्वास करता था। वह उन लोगों के साथ संघर्ष में था जिन्होंने परमेश्वर के अधिकार, पाप और न्याय की सच्चाई को नकार दिया था।

मसीही एक नए युग में विश्वास करते हैं जो परमेश्वर के राज्य के साथ आ रहा है। इसमें सभी दु:खों का अंत होगा, और यह शांति और समृद्धि लाएगा। केवल वे ही जो परमेश्वर के साथ सही संबंध में हैं, उस नए युग में प्रवेश कर सकते हैं।

एक गवाही

इलियट ने उन आवाजों का अनुसरण करने का प्रयास किया जो वह सुन रहा था। उन्होंने उससे कहा कि वह परमेश्वर का पुत्र मसीह है, परन्तु उसने इस भ्रम का विरोध किया। कभी-कभी उसे अलौकिक शक्ति और ज्ञान का अनुभव होता था। उसके कुछ मित्रों ने उसे बताया कि यीशु में विश्वास करना और बुद्ध या किसी और चीज़ में विश्वास करने के बीच कोई विरोध नहीं था। उसे लगने लगा कि जिस चीज ने उसे शक्ति दी है, वह उसे अपने अधिकार में लेने का प्रयास कर रही है। वह मसीहियों के एक समूह से मिला जो उसके मित्र बन गए। वह समझने लगा कि वह उन सभी आवाजों पर भरोसा नहीं कर सकता जिसे वह सुन रहा था। कभी-कभी परमेश्वर उससे बात कर रहा था, परन्तु कभी-कभी दुष्ट आत्माएँ उसे गलत दिशा में ले जाने का प्रयास कर रही थीं। उसने ठोस सत्य के साथ विचारों की जाँच करना सीखा। उसने पाया कि मसीह के साथ वास्तविक संबंध उन सभी अनुभवों से अधिक संतोषजनक था जिनसे वह गुज़रा था।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन- भाग 2

अब भजन संहिता 19 को फिर से पढ़ें। प्रत्येक छात्र को नए युगवाद के अनुयायी के लिए इस अनुच्छेद में दिए गए संदेश की व्याख्या करते हुए एक गंद्याश लिखना चाहिए। होने दें कि कुछ छात्र साझा करें कि उन्होंने क्या लिखा है।

प्रत्येक अध्याय के लिए कार्यभार

इस धार्मिक समूह के किसी व्यक्ति को सुसमाचार सुनाने का अवसर खोजने के प्रयास को याद रखें। अपनी कक्षा के साथियों के साथ कक्षा में हुई बात पर चर्चा करना न भूलें। 2 - पृष्ठों की लिखित रिपोर्ट लिखें और इसे अपनी कक्षा के अगुवे को दें।

अध्याय 15

जीववाद

पहली मुलाकात

पापुआ न्यू गिनी के एक गाँव में मिरी नाम का एक छोटा-सा बच्चा रहता था। उसके पास कुछ खिलौने थे, लेकिन कभी-कभी वह अपने दादा की खोपड़ी के साथ भी खेलता था। खोपड़ी को घर में उनके पूर्वजों का सम्मान करने और बुरी आत्माओं को दूर रखने के लिए रखा गया था।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन- भाग 1

भजन संहिता 147 को एक साथ ऊंची आवाज में पढ़ें। प्रत्येक छात्र से एक अनुच्छेद लिखवाएँ जो पवित्रशास्त्र के इस गद्यांश को सारांशित करे। यह गद्यांश सृष्टि के साथ परमेश्वर की भागीदारी के विषय में क्या कहता है? प्रत्येक छात्र से कथनों की एक सूची लिखने को कहें। एक समूह के रूप में, अपने लिखे हुए पर चर्चा करें।

जीववाद

जीववाद का परिचय

जीववाद एक धार्मिक विश्वास पद्धति या वैश्विक दृष्टिकोण है जो अधिकांश आदिम संस्कृतियों की विशेषता है, और अधिकांश आदिम समाजों में धार्मिक अभ्यास का आधार है। हिन्दू धर्म, बौद्ध धर्म, वूडूवाद और रोमन कैथोलिक धर्म सहित अन्य प्रमुख विश्व धर्मों के उपासकों के बीच कई जीवादी मान्यताएं और प्रथाएं भी पाई जा सकती हैं। नए युगवादी धर्म में बहुत से अनुयायी अलौकिक के साथ बातचीत करने के तरीके खोजने के लिए जीववादी प्रथाओं का अध्ययन करते हैं।

"परमेश्वर असृजित, आवश्यक, एक, अनन्त, अपार, सनातन, जो कुछ भी जीवित है, उन सभी का जीवन है।"

थॉमस ओडेन
(जीवित परमेश्वर, 53)

जीववादी अपनी मान्यताओं को एक धर्म नहीं कह सकते हैं। उनके लिए जीववाद सिर्फ वास्तविकता है।

आमतौर पर जीववाद का कोई आधिकारिक शास्त्र और कोई लिखित सिद्धांत नहीं है।

जीववादी लोगों का यह मानना है कि प्रकृति के तत्वों के चारों ओर आत्माएँ पायी जाती हैं। इसमें जानवर, पेड़, पहाड़ और नदियाँ शामिल हैं। उनका मानना है कि अनाज उगाने, घर बनाने और स्वस्थ रहने में सफल होने के लिए उन्हें उन आत्माओं को स्वीकार करना चाहिए और उनके साथ बातचीत करनी चाहिए।[109]

जीववादी लोग उन आत्माओं में भी विश्वास करते हैं जो ज़रूरी नहीं है कि किसी भौतिक शरीर या स्थान से जुड़ी हुईं हों। वे यह भी मानते हैं कि उनके पूर्वजों की आत्माएँ संसार में और उनके जीवनों में पायी जाती हैं।

» अभी तक पढ़े गए अन्य धर्मों और जीववाद के बीच आप क्या समानताएँ को देखते हैं?

जीववादी लोग मनुष्यों को संसार से अलग नहीं, बल्कि उसका एक हिस्सा मानते हैं, जिसका कोई विशेष दर्जा नहीं है।[110]

"यह परमेश्वर की ईश्वरीय सामर्थ्य है जो बाइबल के संसार में पूरी तरह से ईश्वरीय विधान को लाती और आश्चर्यकर्म करती है। परमेश्वर को उसकी रचना से कभी भी अलग नहीं किया जा सकता है।"

डब्ल्यू. टी. पुरकिसर
(परमेश्वर, मनुष्य और उद्धार, 154)

जीववादी आत्माओं के साथ बातचीत करने के लिए विशेष शब्दों, वस्तुओं या गतिविधियों का उपयोग करते हैं। ये रीति-रिवाज़ अलग-अलग समाजों में अलग-अलग पाए जाते हैं। माना जाता है कि इन रीति-रिवाज़ों से उन्हें विरोधी आत्माओं से बचने में सहायता, और संभवतः उनसे अच्छी प्रतिक्रिया मिलती है। एक व्यक्ति अपने साथ कोई ऐसी वस्तु ले जा सकता है जिसके पास शक्ति हो। अकसर, एक जीववादी यह व्याख्या नहीं कर सकता है कि यह रिवाज़ क्यों माने जाते हैं।[111]

109 जीववादी लोग आत्माओं में विश्वास करते हैं जो कुछ स्थानों पर रहती हैं, लेकिन समस्त सामर्थ्य परमेश्वर के पास है (1 राजा 20:28)।

110 परमेश्वर मनुष्यों को विशेष महत्व देता है और उनकी देखभाल करता है (मत्ती 10:31)।

111 परमेश्वर चाहता है कि हम सहायता के लिए आत्माओं पर निर्भर रहने के लिए उपयोग की जाने वाली किसी भी चीज़ से छुटकारा पाएँ। यदि हमारे पास वे चीजें हैं, तो हम पूरी तरह से परमेश्वर पर विश्वास नहीं कर रहे हैं (प्रेरितों के काम 19:19)।

जीववादी लोग यह मानते हैं कि सामर्थ्य प्राप्त करने के लिए किसी व्यक्ति या किसी वस्तु का प्रयोग किया जा सकता है। उनका मानना है कि किसी व्यक्ति को इस बात से सावधान रहना चाहिए कि वह विशेष वस्तुओं या स्थानों की हानिकारक शक्ति से प्रभावित न हो।[112]

अधिकांश प्रथाएँ जिन्हें अंधविश्वास कहा जाता है, जीववादी अवधारणाओं से आती हैं। एक अंधविश्वास यह विचार है कि किसी व्यक्ति को विशेष वस्तुओं या कार्यों या आत्मिक शक्ति वाले स्थानों के कारण कुछ निश्चित प्रथाओं का पालन करना चाहिए। मसीह विश्वासी अंधविश्वासी नहीं हैं, क्योंकि वे परमेश्वर की सर्वोच्च सामर्थ्य पर विश्वास रखते हैं, भले ही वे जानते हैं कि दुष्ट की अलौकिक शक्तियाँ वास्तविक हैं।

» बाइबल हमें उन चीज़ों का उपयोग करने के लिए मना क्यों करती है जो अंधविश्वास का हिस्सा हैं?

जीववादी लोग मानते हैं कि संसार आत्मिक खतरों से भरा हुआ है, और उन्हें इस बात से सावधान रहना चाहिए कि वे प्रकृति में पाई जाने वाली आत्माओं या उनके पूर्वजों की आत्माओं को ठेस न पहुँचाएँ। उनका जीवन निरंतर भय से निर्देशित होता है।[113] कभी-कभी लोग सोचते हैं कि जब तक सेवकाई करने वाले लोग संगठित धर्म के साथ नहीं आते, तब तक आदिम समाज आनन्दित और बिना किसी चिंता के हैं, लेकिन यह सच नहीं है। आदिम लोग जिनके पास सुसमाचार नहीं है वे आत्माओं के भय की गुलामी में रहते हैं। सुसमाचार छुटकारे के एक अद्भुत संदेश के रूप में आता है। वे सीखते हैं कि वे एक ऐसे परमेश्वर की सेवा कर सकते हैं जो उनसे प्रेम करता है और उन्हें आत्माओं से डरने की ज़रूरत नहीं है।

एक जीववादी समूह में एक पेशेवर "ओझा" होता है जिसे आत्माओं से संबंधित मामलों से निपटने के लिए विशेषज्ञ माना जाता है।

जीववादी लोग एक सर्वोच्च परमेश्वर में विश्वास कर सकते हैं जिसने इस सृष्टि की रचना की है, लेकिन वे यह नहीं सोचते कि उस परमेश्वर के साथ संपर्क स्थापि करना भी संभव है। वे यह सोचते हैं कि उनके आस-पास की आत्माएँ वही हैं जिनसे उन्हें अपने जीवन में परिणाम प्राप्त करने के लिए व्यवहार करना चाहिए।

---

112 अनस्प्लैश से ब्रूस वॉरिंगटन द्वारा लिया गया चित्र, htt ps://unsplash.com/photos/8Or5Z9-sH0Q से प्राप्त किया गया।

113 बाइबल हमें कई बार यह बताती है कि हमें डरने की ज़रूरत नहीं है क्योंकि हम परमेश्वर पर विश्वास कर सकते हैं (यशायाह 41:10)।

आत्माओं के साथ बातचीत करने का प्रयास अकसर जीववादी लोगों को दुष्टात्माओं के साथ बातचीत करने की ओर ले जाता है।

अब वापस जाएँ और जीववाद पर दिए गए पूरे खंड की पाद-टिप्पणियों को पढ़ें। सभी छात्रों को पवित्रशास्त्र के उल्लेखित वचनों को देखना चाहिए और उन्हें बारी-बारी से समूह में पढ़ना चाहिए।

सुसमाचार प्रचार

कई जीववादी लोग पहले से ही एक सर्वोच्च परमेश्वर पर विश्वास करते हैं, लेकिन वे यह नहीं मानते कि उनकी उस परमेश्वर तक पहुँच है या वह उनमें रुचि रखता है। सुसमाचार उन्हें बताता है कि परमेश्वर उनसे प्रेम करता है और उसने यीशु को भेजकर अपने प्रेम को दर्शाया है।

कई जीववादी लोग सोचते हैं कि उन्होंने परमेश्वर को अपमानित किया है। सुसमाचार बताता है कि परमेश्वर हमारे पापों को क्षमा करने के लिए तैयार है ताकि हम उसके साथ सम्बन्ध बना सकें।

"मैं पवित्र आत्मा पर विश्वास करता हूं, जो प्रभु और जीवनदाता है; जो पिता और पुत्र से निकलता है।"

नीकिया का विश्वास वचन

जीववादी लोग आत्माओं के डर में जीते हैं। हम उन्हें आश्वासन दे सकते हैं कि यदि वे परमेश्वर को जान जाते हैं, तो वे उसकी सुरक्षा में हैं और आत्माओं के बजाय उसके साथ व्यवहार कर सकते हैं।

एक गवाही

हाटो पापुआ न्यू गिनी की एक जनजाति का मुखिया था। वह आत्माओं और पूर्वजों से डर में रहता था। गाँव के लोग अकसर आपस में युद्ध किया करते थे। उनके गाँव में सेवकाई करने वाला एक व्यक्ति रहने के लिए आया। हाटो ने देखा कि कैसे उस व्यक्ति ने उस संकट के दौरान परमेश्वर पर विश्वास किया जब उसका बेटा खतरे में था। हाटो ने आत्माओं के बजाय परमेश्वर की सेवा करने का निर्णय लिया।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन- भाग 2

अब भजन संहिता 147 को फिर से पढ़ें। प्रत्येक छात्र को जीववादी के लिए इस गद्यांश में दिए गए संदेश की व्याख्या करते हुए एक अनुच्छेद लिखना चाहिए। होने दें कि कुछ छात्र साझा करें कि उन्होंने क्या लिखा है।

प्रत्येक अध्याय के लिए कार्यभार

इस धार्मिक समूह के किसी व्यक्ति को सुसमाचार सुनाने का अवसर खोजने के प्रयास को याद रखें। अपनी कक्षा के साथियों के साथ कक्षा में हुई बात पर चर्चा करना न भूलें। 2 - पृष्ठों की लिखित रिपोर्ट लिखें और इसे अपनी कक्षा के अगुवे को दें।

अध्याय 16

वूडू

पहली मुलाकात

चेल्सी सवाल पूछने के लिए एक वूडू की दुकान पर गयी। उस व्यक्ति ने कहा कि वूडू कैथोलिक धर्म के विरोध में नहीं है और एक व्यक्ति कैथोलिक विश्वासी होते हुए भी वूडू का अभ्यास कर सकता है। उसने कहा कि आत्माएँ लोगों की सहायता करती हैं, लेकिन लोगों को आत्माओं को स्वयं पर कब्ज़ा करने की अनुमति देकर उन्हें वापस उनका बदला देना चाहिए।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन - भाग 1

भजन संहिता 145 को एक साथ ऊंची आवाज में पढ़ें। प्रत्येक छात्र से एक अनुच्छेद लिखवाएँ जो पवित्रशास्त्र के इस गद्यांश को सारांशित करे। यह गद्यांश परमेश्वर की सामर्थ्य और भलाई के विषय में क्या कहता है? प्रत्येक छात्र से कथनों की एक सूची लिखने को कहें। एक समूह के रूप में, अपने लिखे हुए पर चर्चा करें।

"यीशु स्वर्ग पर चढ़ गया, वह पिता, सर्वशक्तिमान परमेश्वर के दाहिने हाथ पर विराजमान है, जहाँ से वह ज़िन्दों और मुर्दों का न्याय करने के लिए आएगा। जिसके आने पर सारे मनुष्य देह समेत जी उठेंगे, और अपने कामों का हिसाब देंगे। और जिन्होंने भलाई की है, वे अनन्त जीवन में प्रवेश करेंगे; और जिन्होंने बुराई की है, उन्हें अनन्त आग में डाल दिया जायेगा।"

अथनासियन का विश्वास वचन

वूडू

वूडू का परिचय

वूडू की उत्पत्ति अफ्रीकी आदिवासी धर्मों में हुई थी, लेकिन इसे अन्य स्रोतों में पाई जाने वाली विशेषताओं के साथ मिलाया गया। कई आधुनिक चिकित्सक *वोडुन* शब्द को महत्त्व देते हैं।

वूडू के अनुसार, एक परमेश्वर है, लेकिन लोग सहायता के लिए उसके पास पहुँच नहीं सकते हैं। इसके बजाय, लोग संसार में पायी जाने वाली आत्माओं के साथ बातचीत कर सकते हैं।[114]

» यह किस अन्य धर्म के समान लगता है?

जो लोग वूडू का अभ्यास करते हैं वे वास्तव में शैतान और बुरी आत्माओं की पूजा कर रहे हैं। कई वूडू उपासक स्वीकार करते हैं कि वे शैतान की सेवा कर रहे हैं।

वूडू के अभ्यास को हमेशा बाहरी लोगों द्वारा स्वीकार नहीं किया जाता है, क्योंकि यह अकसर रोमन कैथोलिक रीति-रिवाज़ों, मूर्तियों और संत के नामों का उपयोग करता है। वूडू के उपासक क्रूस और अन्य मसीही प्रतीकों का भी उपयोग करते हैं। वूडू के अनुयायियों की सँख्या की खोज करना मुश्किल है क्योंकि कई वूडू प्रतिभागी मसीही विश्वास सहित अन्य धर्मों से भी जुड़े हैं।[115]

कभी-कभी वे लोग जो स्वयं को मसीही कहते हैं लेकिन वास्तव में उनका जीवन बदला हुआ नहीं होता, वे वूडू और मसीही धर्म के बीच टकराव को नहीं देख पाते हैं। एक व्यक्ति जो चर्च में जाता है, वह किसी समस्या के समाधान के लिए किसी जादू टोना करने वाले ओझा के पास भी जा सकता है। एक व्यापारी अधिक माल बेचने में सहायता करने के लिए जादू की माँग कर सकता है। बीमार बच्चे की सहायता के लिए माता-पिता भी वहाँ जा सकते हैं।

"हमें यह याद रखना चाहिए कि जैसे परमेश्वर ज्योति की संतान में वास करता और कार्य करता है, वैसे ही शैतान अन्धकार की संतान में वास करता और कार्य करता है। जैसे पवित्र आत्मा अच्छे लोगों की आत्माओं में वास करता है, वैसे ही दुष्ट आत्मा दुष्टों की आत्माओं में वास करती हैं। इसलिए, प्रेरित उसे "इस संसार का ईश्वर" कहते हैं। उसके पास सांसारिक मनुष्यों को नियंत्रित करने की शक्ति है।"

जॉन वेस्ली
("कट्टरता के विरुद्ध एक सावधानी")

» एक वूडू उपासक के लिए भी एक वास्तविक मसीही होना असंभव क्यों है?

114 बाइबल हमें बताती है कि परमेश्वर हम में से प्रत्येक के बहुत निकट हैं, और हम उसे पा सकते हैं (प्रेरितों 17:27)।

115 परमेश्वर की सेवा करते हुए दूसरी आत्माओं की उपासना करना असंभव है (1 कुरिन्थियों 10:20-22)।

वूडू उपासक वेदियों, चढ़ावों, नृत्य और समारोहों का उपयोग करके आत्माओं के साथ बातचीत करते हैं। वे पूर्वजों से भी प्रार्थना करते हैं।

आत्माओं (*लोआ*) को पाँच जातियों में विभाजित किया गया है, और एक ही उपनाम वाले व्यक्तियों के कई परिवार हैं। कुछ आत्माएँ या आत्माओं के परिवार जीवन के कुछ पहलुओं से जुड़े हुए होते हैं, जैसे कृषि, सेना या प्रेम। यह उसी प्रकार है जिस प्रकार रोमन कैथोलिकों ने संतों को जीवन के विभिन्न पहलुओं के साथ जोड़ा हुआ है।

धर्म में, पुजारी और पुजारिन, उपासना की अगुवाई करते हैं और उन्हें टोना-टोटका करने या टोना-टोटका से बचाने के लिए काम पर रखा जा सकता है। उनकी एक मण्डली होती है जिसकी वे नियमित रूप से उपासना में अगुवाई करते और अन्य आत्मिक सेवाएँ प्रदान करते हैं। *बोकोर* नामक अन्य जादूगर हैं जो पुजारी हो भी सकते हैं या नहीं भी, और बुराई से भरे हुए टोने-टोटके से अधिक जुड़े हुए होते हैं। उदाहरण के लिए, किसी को शाप देने के लिए एक *बोकोर* को काम पर रखा जा सकता है।[116]

वूडू धर्म में कोई भी केंद्रीय संगठन या प्राधिकरण नहीं है। प्रत्येक पुजारी या पुजारिन की अपनी प्रस्तावित प्रथाएं होती हैं। प्रत्येक वूडू उपासक एक वूडू परिवार में रहता है।[117]

आमतौर पर, वूडू सभाएँ शुक्रवार या शनिवार की रात को होती हैं। एक वूडू सेवा में परिवार से जुड़ी विभिन्न आत्माओं के सम्मान में पढ़े जाने वाले श्लोक, कई गीत और प्रार्थनाएँ शामिल होती हैं। उपासक ढोल, डफ और बाँसुरी का प्रयोग उनकी सभाओं में करते हैं जो कि पूरी रात चल सकती है। एक वूडू सभा के दौरान, आत्माएँ विभिन्न उपासकों को अपने कब्ज़े में कर ले लेती हैं, वे उनके माध्यम से बोलती और कार्य करती हैं। वूडू की उपासना सभा में एक आत्मा के अधीन होना एक महत्वपूर्ण लक्ष्य होता है। ऐसा माना जाता है कि इस तरह के लोगों के परिवारों को विशेष लाभ मिलता है। कभी-कभी आत्माएँ सलाह या इलाज करती हैं।[118]

एक ओझे का कार्यालय

116 शमौन नामक एक व्यक्ति शक्तिशाली जादूगर था, लेकिन परमेश्वर की सामर्थ्य उससे बढ़कर थी (प्रेरितों 8:9-13)।

117 एक मसीही होने के नाते, हम एक आत्मिक परिवार हैं, जिसमें बहुत से भाई और बहन शामिल हैं, जो हमारे साथ जीवन को साझा करते हैं और व्यावहारिक ज़रूरतों में मदद करते हैं (याकूब 2:15-16, गलातियों 6:10)।

118 पवित्र आत्मा कलीसिया में मार्गदर्शन प्रदान करता है, और परमेश्वर होने के कारण उस पर भरोसा किया जा सकता है (प्रेरितों 13:2, प्रेरितों 15:28, गलातियों 3:5)।

» एक मसीही विश्वासी को आत्माओं से सहायता प्राप्त की खज क्यों नहीं करनी चाहिए?

विशेष समारोहों में मुर्गियों या सूअरों की बलि दी जाती और शराब पी जाती है और लहू बहाया जाता है। एक पुजारी मुर्गे का सिर काटता है। उपासक आग या पेड़ के चारों ओर नृत्य करते हैं। वे गाते हैं और आत्माओं को स्वयं के भीतर प्रवेश करवाने के लिए प्रार्थना करते हैं। वे आत्माओं के लिए भोजन रखते हैं। वे फर्श पर चित्र बनाते हैं जो आत्मा की शक्ति को नियंत्रित करने वाला होता है। वे समारोहों में सांपों का इस्तेमाल करते हैं। कभी-कभी वे सफेद वस्त्र पहनते हैं। कभी-कभी वे विभिन्न रंगों का उपयोग करके अपने चेहरे को रंगते हैं, लेकिन विशेष रूप से सफेद रंग का उपयोग करते हैं।

कभी-कभी अलौकिक शक्ति का प्रदर्शन किया जाता है। कुछ का दावा है कि उन्हें आत्माओं द्वारा चंगा किया गया है। वे उस आत्मा को दूर भगाने की कोशिश करते हैं जो बीमारी उत्पन्न करती है। कुछ जलती हुई लकड़ी को काट सकते हैं और जलते हुए अंगारों को अपने मुंह में रख सकते हैं।

कभी-कभी शापित होने वाले व्यक्ति का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक छोटी गुड़िया का उपयोग किया जाता है। पिन या चाकू को गुड़िया में चुभाया जाता है। बहुत से लोगों की श्राप के कारण मृत्यु हो चुकी है, लेकिन सच्चे मसीहियों ने यह गवाही दी है कि वूडू के श्राप उन्हें नुकसान नहीं पहुँचा सकते हैं।

एक उपासक के स्वयं के घर में, आत्माओं और पूर्वजों के लिए एक वेदी बनी होती है। वेदी में आत्माओं के चित्र और मूर्तियाँ, और फूल, मोमबत्तियाँ, इत्र, या भोजन जैसी चीज़ें होती हैं। एक सफेद मोमबत्ती और एक गिलास पानी एक साधारण भेंट होती है।

कुछ वूडू भक्त ऐसी चीज़ें पहनते हैं जो उन्हें हानिकारक आत्माओं से बचाने वाली होती हैं। वे उन चीज़ों को अपने बच्चों को भी पहनाते हैं।

उनका मानना है कि मृत्यु के बाद एक आत्मा पेड़ की तरह प्रकृति के किसी न किसी पहलू में वास करती है।

कुछ वूडू उपासक, हर समय दुष्टात्माओं से घिरे रहते हैं और उनके कब्ज़े में रहते हैं। कुछ पागल, हिंसक और आत्म-विनाशकारी हो जाते हैं।[119]

---

119 दुष्टात्मा से ग्रसित व्यक्ति भय और उन्माद से भरा हुआ होता है, और वह स्वयं को नुकसान पहुँचाता है (मरकुस 5:2-5)।

अब वापस जाएँ और वूडू पर दिए गए पूरे खंड की पाद-टिप्पणियों को पढ़ें। सभी छात्रों को पवित्रशास्त्र के उल्लेखित वचनों को देखना चाहिए और उन्हें बारी-बारी से समूह में पढ़ना चाहिए।

सुसमाचार प्रचार

वूडू उपासकों का परमेश्वर के साथ कोई सम्बन्ध नहीं होता है या उनके पास उद्धार का कोई आश्वासन नहीं है। इसका अर्थ है कि उनके पास आत्मिक आवश्यकता है जिसे सुसमाचार द्वारा संबोधित किया जा सकता है। एक मसीही जन सुसमाचार और मन-परिवर्तन की अपनी गवाही और उसके लिए परमेश्वर के साथ सम्बन्ध में रहने का क्या अर्थ होता है, को साझा कर सकता है।

वूडू उपासक भय के साथ अपने जीवन को व्यतीत करते हैं। वे उस परमेश्वर की सेवा नहीं करते जो उनसे प्रेम करता है। वे आत्माओं से अच्छे और बुरे दोनों कार्यों की अपेक्षा करते हैं। उन्हें उनके लिए की जाने वाली हर धार्मिक सेवा के लिए वूडू पुजारी को मूल्य चुकाना पड़ता है। कुछ देशों में लोग जादू-टोना करने वाले अगुवों की गुलामी में हैं।

एक व्यक्ति जो आत्माओं की आराधना करने का निर्णय लेता है वह ऐसा इसलिए करता है क्योंकि उसे लगता है कि उसे उनकी सहायता और सुरक्षा की आवश्यकता है। इसका परिणाम पाप की खोज के समान हैं; वह अच्छाई जिसे वह पाने की कोशिश कर रहा है, दूर हो जाती है, और पाप उसके जीवन में पारिवारिक सम्बन्धों सहित, जो कुछ भी अच्छा है, उसे नष्ट कर देता है।

एक व्यक्ति जो सुसमाचार को अस्वीकार करता है वह पाप में बने रहना चाहता है और परमेश्वर को स्वयं के जीवन का नियंत्रण देने के बजाय अपने आप ही उस पर नियंत्रण रखना चाहता है। हालाँकि, दुष्टात्माओं के साथ सम्बन्ध रखने के द्वारा एक व्यक्ति स्वयं पर नियंत्रण खो देता है और गुलामी में है।

सुसमाचार बुरी शक्तियों से छुटकारे का एक संदेश है। यह क्षमा का प्रस्ताव है। यह परमेश्वर के साथ सम्बन्ध की पेशकश है जो हमसे प्रेम और हमारी चिन्ता करता है।

एक गवाही

जैक्स हैती में एक जादू टोना चिकित्सक था। उसने बहुत से लोगों को शाप देकर मार डाला था। वह कई महिलाओं के साथ रहता था। एक दिन एक सेवक ने उससे कहा कि जिस आत्मा की वह सेवा करता है, वह किसी दिन स्वयं उसे ही नष्ट कर देगी। बाद में जैक्स ने

सेवक को उसके लिए प्रार्थना करने के लिए कहा। जैक्स ने पश्चाताप किया और अपने सभी जादू करने वाले उपकरणों को नष्ट कर दिया।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन- भाग 2

अब भजन संहिता 145 को फिर से पढ़ें। प्रत्येक छात्र को वूडू के अनुयायी के लिए इस गद्यांश में दिए गए संदेश की व्याख्या करते हुए एक अनुच्छेद लिखना चाहिए। होने दें कि कुछ छात्र साझा करें कि उन्होंने क्या लिखा है।

प्रत्येक अध्याय के लिए कार्यभार

इस धार्मिक समूह के किसी व्यक्ति को सुसमाचार सुनाने का अवसर खोजने के प्रयास को याद रखें। अपनी कक्षा के साथियों के साथ कक्षा में हुई बात पर चर्चा करना न भूलें। 2 - पृष्ठों की लिखित रिपोर्ट लिखें और इसे अपनी कक्षा के अगुवे को दें।

अध्याय 17

सैवंथ-डे एडवेंटिज्म को समझना

पहली मुलाकात

लिंडा अपनी गली में बहुत से लोगों हर शनिवार चर्च की ओर जाते देखकर बहुत हैरान होती थी। उसने अपने पड़ोसियों से इस बारे में पूछा, उन्होंने उससे कहा कि शनिवार आराम करने तथा आराधना करने के लिए बिल्कुल उपयुक्त दिन है। उन्होंने उसे बताया कि शनिवार के दिन वे किसी प्रकार का व्यापार या खरीदारी या मनोरजंन इत्यादि नहीं करते हैं। लिंडा ने सोचा कि इनका धर्म अन्य कलीसियाओं से बिल्कुल अलग होगा, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि वे तो परमेश्वर और उद्धार को लेकर समान विश्वास करते हैं।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन - भाग 1

1 तीमुथीयुस 1 को साथ मिलकर ऊँची आवाज़ में पढ़ें। प्रत्येक छात्र से एक अनुच्छेद लिखवाएँ जो पवित्रशास्त्र के इस गद्यांश को सारांशित करे। यह गद्यांश हमें परमेश्वर की सच्चाई के प्रभावों के विषय में क्या दिखाता है? प्रत्येक छात्र से कथनों की एक सूची लिखने को कहें। एक समूह के रूप मेंए अपने लिखे हुए पर चर्चा करें।

सैवंथ-डे एडवेंटिज्म

सैवंथ-डे एडवेंटिज्म का आरम्भ

1830 में, विलियम मिलर नामक[120], एक बैपटिस्ट प्रचारक, यह प्रचार करने लगा कि यीशु शीघ्र ही आने वाला है। उनके



विलियम मिलर

120 चित्र: "विलियम मिलर",by J. H. Bufford Lithography Company, retrieved from the National Portrait Gallery, Smithsonian Institution https://npg.si.edu/object/npg_NPG.80.107, public domain (CC0).

अनुयायियों को बहुत वर्षों तक मिलराइट्स कहा जाता था। 1844 में, मिलराइट्स ने घोषणा की कि 22 अक्टूबर, 1844 को यीशु का आगमन होने वाला है। हज़ारों लोगों ने उनकी बातों पर विश्वास कर लिया। बहुत से लोग यीशु के न आने पर उस आन्दोलन से अलग हो गये। हीराम ऐडसन ने दावा किया कि उसे प्रकाशन मिला है कि उस दिन यीशु ने स्वर्गीय मन्दिर में नयी सेवकाई का प्रारम्भ किया है। जितने लोग उस आन्दोलन के साथ बने रहे वे मिलकर एक दिन सैवंथ-डे ऐडवेन्टिस्ट चर्च कहलाए।

इसके अलावा बहुत सी ऐसी कलीसियाएं हैं जो जोर देती हैं कि शनिवार का दिन मसीही आराधना के लिए सही दिन है। इस संस्था से पहले भी अन्य लोग हुए जिन्होंने इस तरह की शिक्षा दी है, लेकिन सैवंथ-डे ऐडवेन्टिस्ट सबसे बड़े और सर्वाधिक प्रभावशाली हैं।

वर्तमान प्रभाव

सैवंथ-डे ऐडवेन्टिस्ट दावा करते हैं कि उनके पास 71 हजार कलीसियाएँ हैं और 1 करोड़ 70 लाख सदस्य हैं। वे 209 देशों व 921 भाषाओं में सेवकाई को करते हैं। उनके पास 173 अस्पताल और 7,800 विद्यालय हैं।[121]

सैवंथ-डे ऐडवेन्टिस्ट के सिद्धान्त

ऐडवेन्टिस्ट मसीहियत की बुनियादी शिक्षाओं अर्थात् परमेश्वर के बारे में जैसे त्रिएकता, मसीह की ईश्वरीयता, पवित्र आत्मा। वे साथ ही बाइबल के अन्तिम अधिकार, और विश्वास के द्वारा अनुग्रह से उद्धार पर भी विश्वास करते हैं।

ऐडवेन्टिस्ट कहते हैं वे नहीं मानते कि कोई व्यक्ति अपने कामों के द्वारा बचता है, लेकिन वे विश्वास करते हैं कि एक सच्चा मसीही उसके मन-परिवर्तन के बाद परमेश्वर के प्रति आज्ञाकारी जीवन जिएगा। वे विश्वास करते हैं कि परमेश्वर की व्यवस्था दिखाती है कि मसीहियों को किस प्रकार से जीवन व्यतीत करना चाहिए, और एक मसीही को पाप पर विजयी जीवन जीना चाहिए। वे विश्वास करते हैं कि यदि कोई परमेश्वर के लिए जीवन व्यतीत नहीं करता है तो वह अपने उद्धार से वंचित हो जाएगा।[122]

ऐडवेन्टिस्टों की मुख्य संस्था कामों के द्वारा उद्धार पाने पर विश्वास नहीं करती। फिर भी, ऐडवेन्टिस्टों में कई ऐसे समूह और लोग पाए जाते हैं जो व्यवस्था पालन पर इस हद

---

121 2014 में अभिलेखित।

122 ऐडवेन्टिस्ट ठीक कहते हैं कि पाप के कारण परमेश्वर के साथ हमारा सम्बन्ध टूट जाता है। यीशु ने कहा कि यदि हम उसकी आज्ञाओं को मानते हैं तो हम उसके साथ प्रेम के सम्बन्ध में बने रहते हैं (यूहन्ना 15:10)।

तक ज़ोर देते हैं कि मानो व्यवस्था पालन करना ही उद्धार पाने का तरीका हो। यदि कोई व्यक्ति अपने कामों के कारण परमेश्वर के सामने ग्रहणयोग्य ठहरना चाहता हो, तो वह मसीह द्वारा प्रदान किये गये अनुग्रह पर विश्वास नहीं कर रहा है।

» कामों के प्रति सही दृष्टिकोण क्या है? यद्यपि परमेश्वर की आज्ञाओं को मानना ज़रूरी है फिर भी हम इस बात को कैसे समझाएंगे कि हमारा उद्धार अनुग्रह के द्वारा हुआ है?[123]

ऐडवेन्टिस्ट विश्वास करते हैं कि मनुष्य को अनश्वरता विरासत में प्राप्त नहीं हुई है। मृत्यु के समय लोग अचेत अवस्था में चले जाते हैं और पुनरूत्थान तक उसी अवस्था में बने रहते हैं। पुनरुत्थान के समय, जो बचाए गए हैं वे अनन्त जीवन प्राप्त करेंगे। जितने लोगों का उद्धार नहीं हुआ होगा वे न्याय के लिए जी उठेगें और उन्हें आग में झील में डाल दिया जाएगा। वे विश्वास करते हैं कि शैतान और अन्य दुष्टात्माएं भी पूरी तरह से नाश की जाएंगी। कोई अनन्त दण्ड नहीं है।[124]

ऐडवेन्टिस्ट विश्वास करते हैं कि मसीहियों को पुराने नियम के भोजन सम्बन्धी कुछ नियमों का पालन करना चाहिए। वे[125] विश्वास करते हैं कि आहार सम्बन्धी नियम अच्छे स्वास्थ्य के लिए दिये गये थे। वे मानते हैं कि ऐडवेन्टिस्ट अन्य लोगों के मुकाबले लम्बे समय तक जीते हैं।

ऐडवेन्टिस्ट को अधिकतर उनके सब्त के दिन के सिद्धान्त के लिए जाना जाता है। वे विश्वास करते है कि शनिवार, अर्थात सप्ताह का सातवां दिन, मसीहियों के लिए आराधना और विश्राम करने का सबसे उचित दिन है। वे मानते हैं कि जो कलीसियाएं रविवार के दिन सभाएं करती हैं वे मूर्तिपूजकों के नियमों को मानती हैं।

दूसरी कलीसियाओं के प्रति रवैया

ऐडवेन्टिस्ट विश्वास करते हैं कि वे "बचे हुए" विश्वासी हैं जो कि आज भी समझौता करने वाले मसीही संसार में परमेश्वर की आज्ञाओं को मानते हैं। वे मानते हैं कि बाइबल की भविष्यद्वाणियों में बेबिलोन धर्मत्याग करने वाली धार्मिक संस्थाओं और संसार की प्रद्धति में उनके साथियों को दर्शाती है।

---

123 हम परमेश्वर के साथ सम्बन्ध बनाये रखने के लिए उसकी आज्ञाओं को मानते हैं, लेकिन हम अपने कामों से उद्धार को नहीं खरीद सकते और न ही उसके लायक बन सकते हैं। यीशु हमारे लिए मरा इसलिए हमें क्षमा मिली है। यदि कोई व्यक्ति उसकी आज्ञाओं को नहीं मानता, तो उसका सम्बन्ध परमेश्वर से टूट जाता है और उद्धार से वंचित हो जाता है।

124 यीशु ने कहा कि वहाँ पर अनंत दण्ड मिलेगा (मत्ती 25:46)।

125 1 तीमुथियुस4:4 के अनुसार, मसीही के लिए सब तरह के माँस को खाने की आज्ञा है।

वे विश्वास करते हैं कि विभिन्न मसीही संस्थाओं में ऐसे मसीही पाए जाते हैं जो अपनी समझ के अनुसार परमेश्वर की आज्ञाओं का पालन करते हैं, लेकिन जो कुछ परमेश्वर चाहता है, उसे नहीं समझते हैं। प्रभु के आगमन से पहले के अन्तिम दिनों में, हर एक जन के ऊपर संकट आएंगे और उन्हें ज्योति को ग्रहण करना और उसमें चलना होगा अन्यथा वह परमेश्वर के न्याय में नाश हो जाएगा। रविवार को आराधना करने वाले लोग जो सत्य को स्वीकार नहीं करते हैं वे अन्ततः "पशु के चिन्ह" को ग्रहण कर लेगें।

ऐडवेन्टिस्ट मानते हैं कि कलीसियाई इतिहास में क्रान्तिकारी अगुवों के समान बहुत से लोग सच्चे मसीही थे जिन्हें परमेश्वर ने इस्तेमाल भी किया। वे गैर ऐडवेन्टिस्ट ईश-शास्त्रियों और बाइबल के विद्वानों की बातों को उदाहरण के तौर पर इस्तेमाल करते हैं।

» अन्य कलीसियाओं के प्रति ऐडवेन्टिस्टों की सोच का आप कैसे वर्णन करते हैं?

"उत्तेजना [धर्मांधता] को सामान्य तौर पर इस प्रकार परिभाषित किया जाता है: एक धार्मिक पागलपन जिसका उदय किसी झूठे काल्पनिक प्रभाव या परमेश्वर की प्रेरणा से होता है; कम से कम परमेश्वर से की गयी उन अपेक्षाओं से जो उससे नहीं की जानी चाहिए थी।"

जॉन वैसली
("उत्तेजना का स्वभाव")

भविष्यद्वाणियों का महत्व

ऐडवेन्टिस्ट विश्वास करते हैं कि भविष्यद्वाणी कलीसिया के लिए वरदान है, जिसकी नियमित मार्गदर्शन के लिए आवश्यकता होती है। उनकी सबसे महत्वपूर्ण भविष्यद्वक्ता ऐलन व्हाइट थीं। उसने 1844 में भविष्यद्वाणी करनी प्रारम्भ की। उसने 2,000 से अधिक दर्शनों को लिखा। उसके दर्शनों और अन्य लेखों को मिलाकर 80 पुस्तकें बनी। ऐडवेन्टिस्ट अपने सदस्यों को नियमित तौर पर इन लेखों को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

ऐडवेन्टिस्ट विश्वास करते हैं कि बाइबल सर्वोपरी अधिकारी है, और सारी भविष्यद्वाणियों को वचन से मिलाकर परखा जाना चाहिए। ऐलन व्हाइट ने स्वयं कहा कि यदि लोग वचन को ध्यान से पढ़कर उसका अनुसरण करें तो उन्हें उनकी गवाहियाँ नाम पुस्तक को पढ़ने की ज़रूरत ही नहीं पड़ेगी। उसने कहा कि उसकी रचनाओं को किसी ऐसी बात प्रगट करने के लिए नहीं लिखा गया जो पहले से बाइबल में नहीं मिलती हों।[126]

126 एलन व्हाइट, गवाहियाँ, खण्ड 5, पृष्ठ 664-665

ऐडवेन्टिस्ट अभी भी ऐलन व्हाइट की पुस्तकों को उनके सिद्धान्तों की उत्तम व्याख्या के रूप में प्रकाशित व वितरित करते हैं। वे अपनी किताबों में नियमित तौर पर उसकी बातों के हवाले देते हैं। वे कभी यह दावा नहीं करते कि उसके लेख बाइबल के तुल्य अधिकार रखते हैं।

ऐलन व्हाइट की अधिकतर रचनाएं उन विचारों को अभिव्यक्त करती हैं जो बाइबल में नहीं है, और उन वचनों की व्याख्या करती हैं जो सामान्य व्याख्या की बजाय नये प्रकाशन पर आधारित होते हैं। केवल एक खतरा यह है कि ऐडवेन्टिस्ट बाइबल के बदले अन्य रचनाओं या पुस्तकों को अधिक महत्व देते हैं, और बाइबल को सर्वोच्च स्थान नहीं देते हैं।

» पास्टरों और शिक्षकों द्वारा लिखित किताबों का उचित इस्तेमाल करना क्या है?

ऐडवेन्टिस्ट, अन्त-के-समय की उन भविष्यद्वाणियों पर ध्यान देते हैं जो उनकी कलीसिया के नाम से की गयी हैं, जो प्रभु के आगमन की ओर संकेत करती हैं। वे बाइबल में दी गयी अन्त-के-समय की भविष्यद्वाणियों के अर्थ को समझाने पर अत्यधिक बल देते हैं, जिसमें बहुत से जटिल वचन भी शामिल हैं। ऐडवेन्टिस्ट उनकी आधुनिक सेवकाई में दर्शन और आश्चर्यकर्मों की भूमिका पर बल देते हैं।

सातवें दिन का मुद्दा

ऐडवेन्टिस्ट अपने सब्त को शुक्रवार की शाम सूर्य अस्त होने के साथ प्रारम्भ करते और शनिवार की शाम सूर्य अस्त के साथ समाप्त कर देते हैं, जैसा यहूदी भी करते हैं।

सैवंथ-डे ऐडवेन्टिस्ट विश्वास करते हैं कि शनिवार की जगह रविवार को आराधना करना प्रकाशितवाक्य की पुस्तक में दिये गये "पशु का चिन्ह" में विश्वास करना है। वे विश्वास करते हैं[127] कि समय आएगा जब संसार रविवार के दिन में ही आराधना करने की मांग करेगा और जो लोग शनिवार के दिन को सब्त के रूप में मानने का प्रयास करेंगें उन्हें सताएगा। वे विश्वास करते हैं कि वर्तमान में रविवार के दिन आराधना करने वाली कलीसियाओं में भी सच्चे मसीही पाए जाते हैं, लेकिन एक दिन आएगा जब वे शनिवार के दिन सब्त मनाने की सच्चाई को स्वीकार करते हुए अपने आप को बदलेगें या फिर सत्य का सामना करते हुए अपने प्राणों की हानि उठाएंगे। वे विश्वास करते हैं कि जब सताव आएगा तब मसीही लोग अपनी जान जाने तक भी शनिवार के दिन सब्त मनाने के प्रति विश्वासयोग्य रहेगें, और जो कोई रविवार को परमेश्वर का दिन मानते हुए पालन करता है वह मसीही नहीं है।

प्रकाशितवाक्य की पुस्तक में ऐसा कोई संकेत नहीं दिया गया है कि सप्ताह का दिन कोई मुद्दा है। बल्कि मुद्दा उस व्यक्ति की उपासना का है जो परमेश्वर नहीं है।

127 प्रकाशितवाक्य की पुस्तक में "पशु का चिन्ह" कहीं भी किसी आराधना के दिन के रूप में नहीं दिखाता है (प्रकाशितवाक्य 13:16)।

ऐडवेन्टिस्टों की मान्यताओं के निहितार्थों पर ध्यान दें। यदि वास्तव में वे सही हैं, तो पहली शताब्दी की लगभग सारी मसीही कलीसियाएं गलत थीं। परमेश्वर के लगभग करोड़ों भक्तों और इस संसार में रहने वाले आत्मिक मसीहियों में से किसी को यह पता नहीं चला कि वे "पशु के चिन्ह" का अनुसरण कर रहे थे और परमेश्वर ने उन्हें यह बात कभी बताई भी नहीं। यह कोई छोटा सिद्धान्त नहीं है जो कि खो गया था, वरन् ऐडवेन्टिस्ट के हिसाब से यह एक अति महत्वपूर्ण शिक्षा है, अन्त के दिनों में यदि कोई जन इसका पालन करने से चूक जाएगा तो उसे अपने प्राणों की हानि उठानी पड़ सकती है।

सारे संसार में रविवार का दिन मसीहियों के लिए आराधना का दिन है। संसार भर में करोड़ों लोग रविवार के दिन परमेश्वर की आराधना करने तथा उसके वचन को सुनने के लिए जमा होते हैं। वे उसके प्रेम और उसके अनुग्रह की गवाही देते और खुद को उसकी सेवा के लिए समर्पित करते हैं। करोड़ों लोग परमेश्वर के प्रति समर्पित होने के कारण घोर सताव का सामना करते हैं। क्या हम वास्तव में विश्वास कर सकते हैं कि वे शैतानी सिद्धान्त का पालन कर रहे हैं और अगर उन्होंने शनिवार को सब्त के दिन के रूप में स्वीकार नहीं किया तो उनके प्राण नाश हो जाएगें?

» प्रभु के उन सभी लोगों के बारे में विचार करें जो आपके जीवन में एक आशीष का कारण रहे हैं। क्या यह विश्वास करना सम्भव है कि अगर वे इस मुद्दे पर अपना मन नहीं बदलते तो वे सभी नाश हो जाएंगे?

ऐडवेन्टिस्ट कहते हैं कि रविवार की आराधना 325 ई.प. नीकिया की महासभा में प्रारम्भ हुई थी। वास्तविकता यह है कि महासभा द्वारा लिए गये फैसले से किसी नयी शिक्षा का प्रारम्भ नहीं हुआ। वे उन शिक्षाओं व सिद्धान्तों को दृढ़ कर रहे थे कि उनका विश्वास प्रेरितों की शिक्षाओं पर आधारित था।

मसीहियों ने रविवार को प्रभु के दिन के रूप में इतना पहले से मानना प्रारम्भ कर दिया था कि हम उसके आरम्भ होने की तिथि का पता नहीं लगा सकते हैं। डिडाखे, यानी कि 'बारह प्रेरितों के द्वारा प्रभु द्वारा दी गई शिक्षा' कलीसिया की प्रथम शताब्दी के अन्त में लिखी गयी थी। यह प्रेरितों की शिक्षाओं का सार है। इसे सभी कलीसियाओं में इस्तेमाल किया गया था। डिडाखे कहता है, कि मसीहियों को प्रभु भोज के लिए प्रभु के दिन इक्ट्ठा होना चाहिए। यह किताब कुछ नया सिखाने का प्रयास नहीं कर रही थी, वरन् उन शिक्षाओं को पुनरावलोकन कर रही थी जो

"प्रभु के दिन में, आपस में संगति किया करो और रोटी तोड़ो, धन्यवाद दो, लेकिन सबसे पहले अपने पापों को अंगीकार करो ताकि तुम्हारे बलिदान शुद्ध ठहरें।"

डिडाखे
(1ली शताब्दी की कलीसिया से)

पहले से ही स्थापित थीं, इसका अर्थ है कि यह प्रथा पहले से ही चली आ रही थी, और अधिकतर लोग इसे जानते थे।

बरनाबास की पत्री प्रथम शताब्दी के अन्त में लिखी गयी थी। इसे पवित्रशास्त्र में स्थान नहीं मिला है, लेकिन इसका इसका इस्तेमाल कलीसियाओं में भक्ति मनन संबंधी सामग्री के लिए किया जाता था। इसमें रविवार को "आठवां दिन" कहा गया है, अर्थात वह दिन जिसमें यीशु मृतकों में से जी उठा था। इसमें लिखा है कि मसीही लोग आठवें दिन को मनाते हैं।

बाइबल में हमें कहीं पर भी यह नहीं बताया गया है कि सब्त के दिन को रविवार में तबदील कर दिया गया है। बल्कि हम पाते हैं कि किसी व्यक्ति का न्याय सब्त के मानने या ना मानने के आधार पर नहीं करना चाहिए (कुलुस्सियों 2:16-17, रोमियों 14:5-6)। हम यह भी पाते हैं कि नये नियम के मसीहियों को रविवार को अपनी भेटें देनी थीं (1कुरिन्थियों 16:1-2), वे रविवार के दिन सभाओं के लिए मिले (प्रेरितों 20:7), और वे रविवार को प्रभु का दिन कहते थे (प्रकाशितवाक्य 1:10)।

यहूदियों का सब्त मसीहियों के लिए कोई शर्त नहीं है, लेकिन विश्राम दिन का सिद्धान्त हर समय के लिए सृष्टि का सार्वभौमिक सिद्धान्त रहा है। इसलिए, एक मसीही को रविवार के दिन किसी कार्य या व्यापार में शामिल होने से बचना चाहिए।

सातवें दिन के मुद्दे का सारांश

1. प्रकाशितवाक्य की पुस्तक में इस प्रकार का कोई संकेत नहीं दिया गया है कि "पशु का चिन्ह" सप्ताह में किसी एक दिन में आराधना करने के मुद्दे को दर्शाता है।

2. यह विश्वास करना अवास्तविक है कि इतनी सदियों और अलग-अलग देशों के इतने मसीही एक धर्मसिद्धान्त को लेकर गलत हो सकते हैं जिसका परिणाम उनके प्राण की हानि हो सकती है।

3. बाइबल हम से कहती है कि किसी का भी न्याय सब्त के दिन के आधार पर नहीं करना है।

4. रविवार के दिन इक्ट्ठे होकर प्रार्थना करना प्रथम शताब्दी से ही प्रेरितों द्वारा दी गयी मान्यता प्राप्त शिक्षा है।

5. नये नियम के मसीही रविवार को मिलते थे और उन्होंने इसे प्रभु का दिन कहा।

अब वापस जाकर एक साथ सैवंथ-डे एडवेंटिज्म पर दिए गए पूरे खंड की पाद-टिप्पणियों को पढ़ें। सभी छात्रों को पवित्रशास्त्र के उल्लेखित वचनों को देखना चाहिए और उन्हें बारी-बारी से समूह में पढ़ना चाहिए।

सुसमाचार प्रचार / धर्मसिद्धान्तों की हस्तपुस्तिका का प्रयोग करना

अगर कोई व्यक्ति सैवंथ-डे ऐडवेन्टिस्ट है तो हमें यह नहीं कहना चाहिए कि वह एक मसीही नहीं है। यह सम्भव है कि ऐडवेन्टिस्टों की शिक्षाओं को मानने वाला व्यक्ति भी उद्धार पाया हुआ व्यक्ति हो सकता है। ऐडवेन्टिस्टों के साथ संगति करने में समस्या यह नहीं है कि हम उन्हें अस्वीकार करते हैं वरन् समस्या यह है कि हम उन्हें स्वीकार नहीं करते हैं।

हम ऐडवेन्टिस्ट के साथ सहमत हैं कि एक मसीही परमेश्वर की आज्ञाओं का पालन करता है। हम उन कलीसियाओं के साथ सहमत नहीं हैं जो सिखाती हैं कि क्योंकि हमारा उद्धार अनुग्रह के द्वारा हुआ है इसलिए पापों पर विजय को पाते हुए जीवन जीना महत्वपूर्ण नहीं है।

कुछ ऐडवेन्टिस्ट ऐसा विश्वास करते हुए जान पड़ते हैं कि एक व्यक्ति अनुग्रह की बजाय अपने कामों के द्वारा उद्धार पाता है। कुछ ऐसा विश्वास करते हैं कि यदि कोई व्यक्ति पुराने नियम की मांगों को पूरा नहीं करता तो वह बचा हुआ नहीं है, चाहे वह अपनी समझ के हिसाब से कितनी भी गम्भीरता के साथ बाइबल का अनुसरण क्यों न करता हो। उन ऐडवेन्टिस्टों को पवित्रशास्त्र पर आधारित सुसमाचार समझ में नहीं आता है। उन ऐडवेन्टिस्टों के लिए धर्मसिद्धान्तों की हस्तपुस्तिका में से निम्नलिखित बिन्दुओं का इस्तेमाल करें:

9. उद्धार केवल मसीह के प्रायश्चित के द्वारा सम्भव है।

11. हम विश्वास के द्वारा उद्धार को प्राप्त करते हैं।

12. हम उद्धार के व्यक्तिगत निश्चय को प्राप्त कर सकते हैं।

आप इस अध्याय के एक खण्ड "सातवें दिन के मुद्दे" की सहायता से सब्त के मुद्दे के प्रति अपना उत्तर दे सकते हैं।

यदि एक ऐडवेन्टिस्ट वास्तव में विश्वास करता है कि बिना किसी अन्य प्रकाशन के बाइबल की शिक्षाएं उद्धार के लिए पर्याप्त हैं, तो बहुत अच्छा है। यदि एक ऐडवेन्टिस्ट ऐसा सोचता है, कि ऐलन व्हाइट के समान ही, किसी अन्य प्रकाशन का होना आवश्यक है, तो आप उन्हें धर्मसिद्धान्तों की हस्तपुस्तिका के इस भाग से पवित्रशास्त्र के हवालों को दिखा सकते हैं।

1. धर्मसिद्धान्त के लिए बाइबल पर्याप्त है।

एक गवाही

ईवान बारह वर्षों से सैवंथ-डे ऐडवेन्टिस्टस का सदस्य था। उसने उनकी शिक्षाओं का अध्ययन किया और ऐलन व्हाइट की किताबों को पढ़ा था। वह मुख्यतः यह जानना चाहता था कि एक व्यक्ति किस प्रकार उद्धार पाता और पवित्र होता है। वह कहता है कि ऐडवेन्टिस्टों की शिक्षा यह कहती है कि हम आज्ञाओं का पालन करके बच जाते हैं। वह गलातियों 5:4 को पढ़ता है जहां पर लिखा है, कि यदि हम अपने कामों के द्वारा धर्मी ठहराए जाते हैं तो मसीह हम में नहीं है। वह कहता है कि ऐडवेन्टिस्ट भी ऐसा ही कहते हुए प्रतीत होते हैं कि अन्त के दिनों में सुसमाचार बदल जाएगा, और जो लोगों सही दिन को सब्त के रूप में नहीं मनाते वे नहीं बच सकते हैं, भले ही आरम्भिक सच्चे विश्वासियों का उद्धार बिना सब्त का पालन करने से हो गया था। ईवान अब भी मानता है कि हमें परमेश्वर की आज्ञाओं का पालन करना चाहिए, लेकिन उसने ऐडवेन्टिस्टों को छोड़ दिया क्योंकि वह मानता है कि उनके पास कामों पर आधारित सुसमाचार है।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन - भाग 2

अब 1 तीमुथीयुस 1 को फिर से पढ़ें। हर एक छात्र एक खण्ड लिखें जिस में सैवंथ-डे ऐडवेन्टिस्टवाद के अनुयायियों के लिए इस अनुच्छेद में दिये गये संदेश का उल्लेख किया गया हो। होने दें कि कुछ छात्र साझा करें कि उन्होंने क्या लिखा है।

प्रत्येक अध्याय के लिए कार्यभार

इस धार्मिक समूह के किसी व्यक्ति को सुसमाचार सुनाने का अवसर खोजने के प्रयास को याद रखें। अपनी कक्षा के साथियों के साथ कक्षा में हुई बात पर चर्चा करना न भूलें। 2 - पृष्ठों की लिखित रिपोर्ट लिखें और इसे अपनी कक्षा के अगुवे को दें।

पाठ 18

रोमन कैथोलिकवाद को समझना

पहली मुलाकात

बचपन में अन्ना यह प्रार्थना करती थी कि परमेश्वर उसकी अगुवाई ऐसी कलीसिया की ओर करें जहाँ वह अपने आप को स्वीकृत महसूस करे। एक युवती के रूप में वह एक कैथोलिक चर्च में मास यानी कि मिस्सा प्रार्थना के लिए गई। उसे रोमन कैथोलिक चर्च के कई रिवाज अजीब लगे। उसे यह तथ्य पसन्द आया कि वे आराधना के लिए पूरे विश्व में एक जैसी ही प्रथा का पालन करते थे। उसे यह महसूस होने लगा कि यह एक आश्चर्य से भरा चमत्कार था कि मास हर बार यीशु की देह और लहू में बदल जाता था ताकि लोग यीशु के सम्पर्क में आ सकें।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन - भाग 1

तीतुस 2 को एक साथ ऊँची आवाज में पढ़ें। हर छात्र एक अनुच्छेद लिखे जो पवित्रशास्त्र के इस परिच्छेद का सारांश प्रस्तुत करे। यह परिच्छेद मसीही जीवन के बारे में क्या कहता है? प्रत्येक छात्र कथनों की सूची बनाए। जो कुछ आपने लिखा है उस पर एक समूह के रूप में विचार-विमर्श करें।

रोमन कैथोलिकवाद

रोमन कैथोलिकवाद का प्रारंभ

रोमन कैथोलिकवाद के विश्वव्यापी अगुवे को पोप कहा जाता है। रोमन कैथोलिक चर्च का मुख्यालय रोम में है।

कैथोलिक शब्द का अर्थ "सार्वभौमिक" या "पूर्ण" है। रोमन कैथोलिक चर्च परमेश्वर की पूर्ण कलीसिया होने का दावा करता है तथा बाकी दूसरी कलीसियाओं को झूठा बताता है।

कैथोलिकवाद यह दावा करता है कि यह वही मूल कलीसिया है जिसे मसीह ने स्थापित किया था। कैथोलिक दावा करते हैं कि पहला पोप पतरस था। और यह भी कि कैथोलिक चर्च के पोप के रूप में हमेशा पतरस का उत्तराधिकारी रहा है। वे विश्वास करते हैं कि उनके अगुवों का समूह जिसे "*कार्डिनल्स*" कहा जाता है वे प्रेरितों के उत्तराधिकारी हैं और उनके पास वही अधिकार है जो मूल प्रेरितों के पास था। इसके विपरीत, अधिकतर बाइबल आधारित कलीसियाएं विश्वास करती हैं कि प्रेरित केवल पहली पीढ़ी की कलीसिया तक ही थे और अब उनका अधिकार पवित्र वचन में उनकी लिखी रचनाओं से आता है।

"कलीसिया प्रेरितीय है, जैसा कि यह अभी भी प्रेरितीय अधिकार जो प्रेरितों के लेखों में रहता है उसके द्वारा चलती है, और यही अधिकार मापदण्ड है।"

विलियम पोप
(कम्पेंडियम ऑफ क्रिश्चियन थ्योलॉजी, III, 285)

रोमन कैथोलिकवाद अपनी मान्यताओं तथा धार्मिक संस्कारों में ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी चर्च अर्थात् पूर्वी कट्टरवादी कलीसिया के समान है।

प्रभाव

रोमन कैथोलिक चर्च एक विश्वव्यापी संगठन है। विश्व में एक अरब से भी अधिक कैथोलिक सदस्य हैं। कई देशों की जनसंख्या मुख्य रूप से कैथोलिक है। इन देशों में कैथोलिक धर्म उनकी संस्कृति का हिस्सा है। ऐसे लाखों लोग हैं जो कैथोलिक होने का दावा करते हैं परन्तु धार्मिक गतिविधियों में कभी-कभी ही हिस्सा लेते हैं।

कैथोलिक चर्च बहुत ही समृद्ध तथा राजनीतिक रूप से शक्तिशाली है। पहली सदियों में चर्च ने अक्सर देशों को चर्च के अधीन लाने के लिए मजबूर करने की खातिर सेनाओं का प्रयोग किया। जिन देशों को कैथोलिकवाद के द्वारा नियंत्रित किया जाता है, उनमें बहुत से लोगों को यातनाएं दी गईं और उन्हें मार डाला गया क्योंकि वे कैथोलिक सिद्धान्तों के साथ सहमति नहीं रखते थे।

» यह प्रश्न निम्नलिखित खण्ड को प्रस्तुत करता है। आपने रोमन कैथोलिकवाद के कौन कौन से धार्मिक व्यवहारों को देखा है?

रोमन कैथोलिकवाद की मान्यतताएँ

रोमन कैथोलिकवाद का आराधाना करने का तरीका बहुत ही औपचारिक है। कैथोलिक अनुयायियों के पास पूरे विश्व में बहुत से विशाल कैथेड्रल यानी महागिरजाघर हैं जो अपनी भव्य वास्तुकला के लिए जाने जाते हैं। इन कैथेड्रल्स को इतिहास के सन्तों की तस्वीरों तथा मूर्तियों से सजाया संवारा जाता है। पुरोहितों की पोशाकें अक्सर विशेष प्रकार की होती हैं। आराधना गतिविधियां अधिकतर पुरोहितों के द्वारा ही सम्पन्न की जाती हैं जिनमें समूह की बहुत मामूली हिस्सेदारी होती है।

बहुत सी संस्कृतियों के लोग कैथोलिक बन गए जबकि वे अपने पिछले धर्म के व्यवहारों को भी निभाते रहते हैं। मूर्तियों को कैथोलिक सन्तों के नाम दे दिए गए। कैथोलिकवाद के धार्मिक संस्कारों को एक मूर्तिपूजक और जीववादी धर्म के साथ मिश्रित कर दिया गया।

"मसीह ने परमेश्वर की उत्साह से भरी सुधारवादी पवित्रता की जरूरत को सन्तुष्ट करने के लिए हमारे स्थान पर दु:ख सहा, ताकि अपराधी को क्षमा तथा फिर से मेल कराने में आने वाली बाधा को हटाया जा सके। परमेश्वर की पवित्रता को जो चाहिए था उसे परमेश्वर के प्रेम ने क्रूस पर उपलब्ध करवाया।"

थॉमस ओडेन
(जीवन के वचन, 349)

परमेश्वर के बारे में कैथोलिक चर्च की मान्यताएँ बुनियादी मसीही सिद्धांतों जैसे कि त्रिएकत्व और ईश्वरत्व, मृत्यु, गाड़ा जाना, और मसीह के शारीरिक पुनरुत्थान और पवित्र आत्मा के ईश्वरत्व के अनुरूप हैं।

कैथोलिक चर्च यह दावा करता है कि उसके पास यह स्पष्ट करने का अधिकार है कि बाइबल में लिखी बातों का अर्थ क्या है भले ही चर्च का स्पष्टीकरण उससे अलग मालूम पड़ता हो जो बाइबल कहती है। कैथोलिक उन पुस्तकों को भी अपनी बाइबल में (शास्त्र के रूप में) शामिल करते हैं जिन्हें अन्य कलीसियाओं के द्वारा शामिल नहीं किया गया है।

» बाइबल के सम्बन्ध में कलीसिया के अधिकार का सही दृष्किोण क्या है?

कैथोलिक यह विश्वास करते हैं कि पोप पृथ्वी पर मसीह का प्रतिनिधि है। वे विश्वास करते हैं कि जब पोप धर्म के बारे में अधिकारिक निर्णय करता है तब वह गलती नहीं कर सकता। यह अधिकार उनकी परम्परा से आता है न कि बाइबल से। अतीत में बहुत से पोप दुष्ट मनुष्य रहे हैं यहां तक कि हत्या के दोषी भी रहे हैं।

ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी तथा कैथोलिकवाद दोनों ही ऐतिहासिक लोगों को सन्तों के रूप में मान्यता देते हैं। इन चर्चों में बहुत से सन्तों का दर्जा देवताओं के समान होता है। लोग उनसे सहायता के लिए प्रार्थना करते हैं। ऐसा समझा जाता है कि विशेष सन्त जीवन के विशेष पहलुओं या विशेष व्यवसायों में रुचि रखते हैं, इसलिए नाविकों, किसानों, और शिक्षकों के विशेष सन्त हैं, जिन्हें संरक्षक सन्त कहा जाता है, जिनसे वे प्रार्थना करते हैं। कुछ जगहों पर सन्तों ने मूर्तिपूजग देवालयों के ईश्वरों का स्थान ले लिया है। लोग यीशु और परमेश्वर को अपने से दूर और उदासीन समझते हैं, इसलिए वे सन्तों से प्रार्थना करते हैं।[128] चर्चों में सन्तों की तस्वीरें तथा मूर्तियां उपलब्ध कराई जाती हैं ताकि लोग उनसे प्रार्थना कर सकें।[129]

जिन वस्तुओं ("स्मृति चिन्ह") को सन्तों के द्वारा प्रयोग किया गया था उन्हें चर्चों में सम्मान के लिए रखा जाता है। कभी कभी शरीर के अवशेष जैसे दाँत या हड्डियों को भी चर्च में रखा जाता है। लोग आकर उन हड्डियों के सामने घुटने टेककर प्रार्थना करते हैं जो सन्त का प्रतिनिधित्व करती हैं।

रोमन कैथोलिक पुरोहितों को विवाह करने की अनुमति नहीं होती है।

मरियम (यीशु की माता) को विशेष सम्मान प्रदान किया जाता है। **निष्कलंक गर्भाधान** का सिद्धान्त सिखाता है कि मरियम पापरहित स्वभाव के साथ पैदा हुई थी और उसने कभी पाप नहीं किया था। बहुत से कैथोलिक परमेश्वर से ज्यादा मरियम से प्रार्थना करते हैं। वे महसूस करते हैं कि यीशु मरियम की सुनेगा और उसके द्वारा प्रभावित होगा। मरियम आराधक और यीशु के बीच मध्यस्थ बन गई है।[130]

» मरियम के बारे में सही मसीही दृष्टिकोण क्या है?

कैथोलिकवाद तथा ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी दोनों **तत्व-रूपान्तरण** के सिद्धान्त को सिखाते हैं। यह इस तरह का विश्वास है कि सहभागिता के दौरान रोटी और दाखरस शाब्दिक

---

128 परमेश्वर हमें प्रार्थना में साहस के साथ अपने पास आने के लिए आमंत्रित करता है (इब्रानियों 4:16)। हम में अपने आप कोई योग्यता नहीं है परन्तु यीशु ने हमें प्रायश्चित के द्वारा परमेश्वर की उपस्थिति में पहुँच प्रदान की है।

129 बाइबल मूर्तिपूजा से मना करती है (निर्गमन 20:4-5)। प्रार्थना और आराधना के लिए कोई स्वरूप बनाना मूर्तिपूजा है। जब एक पापी पश्चाताप करता है और परमेश्वर के साथ सम्बन्ध में आता है तो वह मूर्तियों का इन्कार करता है (1 थिस्स. 1:9)। बाइबल यह कभी नहीं कहती कि एक मसीही को परमेश्वर के अलावा किसी और से प्रार्थना करनी चाहिए या आराधना के लिए किसी स्वरूप का प्रयोग करना चाहिए।

130 केवल यीशु ही परमेश्वर और मनुष्यों के बीच में मध्यस्थक है (1 तीमुथियुस 2:5)। यीशु के पास सारा तरस है, और हमें इस बात की कोई जरूरत नहीं कि कोई उसे हमारी परवाह करने के लिए प्रभावित करे (यूहन्ना 11:35)।

रूप से यीशु की देह और लहू में बदल जाता है, इसलिए आराधक उन्हें उद्धार के लिए ग्रहण कर सकता है। इसलिए वे विश्वास करते हैं कि रोटी और दाखरस की आराधना की जानी चाहिए।

रोमन कैथोलिक मानते हैं कि उद्धार न केवल मसीह के प्रायश्चित पर निर्भर करता है, बल्कि कैथोलिक चर्च का हिस्सा होने, प्रभु भोज ग्रहण करने और अच्छे कामों को करने पर निर्भर करता है।

कैथोलिक इस सुसमाचार संदेश का प्रचार नहीं करते कि पापी अपने पापों से पश्चाताप कर सकता है, अपना विश्वास मसीह में रख सकता है, और उद्धार का निश्चय प्राप्त कर सकता है। इसके बजाय, एक व्यक्ति को ईमानदारी से पुरोहित के निर्देशों का पालन करना चाहिए और उद्धार की आशा करनी चाहिए।

लाखों कैथोलिक सदस्य खुलेआम पापों में बने रहते हैं।[131] वे यह आशा करते हैं कि वे मरने तक कैथोलिक बने रहेंगे, उसके बाद पापशुद्धि स्थान में समय व्यतीत करेंगे, तब स्वर्ग जाएंगे।

परगेटरी (पापशुद्धि स्थान) तथा दंड-मोचन पत्र

रोमन कैथोलिक यह विश्वास करते हैं कि मृत्यु के बाद अधिकतर लोग परगेटरी यानी पापशुद्ध स्थल में जाते हैं। परगेटरी में व्यक्ति पापों के लिए सजा प्राप्त करता

" एक सच्चा प्रोटैस्टेन्ट परमेश्वर में विश्वास रखता है, उसकी दया में पूरा भरोसा रखता है, पुत्र के आदर के साथ उससे डरता है, और अपने सारे प्राण के साथ उससे प्रेम करता है। वह आत्मा और सच्चाई में परमेश्वर की आराधना करता है, हर बात में उसका धन्यवाद करता है; वह अपने होठों के साथ साथ अपने हृदय से भी हर समय और हर स्थान पर उसे पुकारता है; उसके पवित्र नाम और उसके वचन का आदर करता है, और अपने जीवन के सब दिनों में सच्चाई से उसकी सेवा करता है।"

"मैं सब शपथ खानेवालों, सब्त तोड़नेवालों, पियक्कड़ों; सब वेश्यागामियों, झूठों, धोखेबाजों, जबर्दस्ती वसूली करने वालों का खण्डन करता हूँ; संक्षिप्त रूप से उन सभी का जो खुलेआम में पाप में जीते हैं। ये प्रोटैस्टेन्ट नहीं हैं; वे मसीही ही नहीं हैं।"

जॉन वेस्ली
("एक रोमन कैथोलिक के लिए पत्र")

131 बाइबल कहती है कि एक व्यक्ति मसीही है इस बात का सबूत यह है कि वह धार्मिकता का जीवन जीता है (1 यूहन्ना 3:7)।

है, ताकि बाद में वह स्वर्ग जा सके। वे विश्वास करते हैं पाप के लिए सजा जरूरी है भले ही उसे क्षमा कर दिया गया हो।[132] इसलिए विश्वासयोग्य कैथोलिक भी यह आशा करता है कि उसे कुछ समय उन पापों के लिए परगेटरी में बिताना पड़ेगा जो उसने किये हैं। लापरवाह पापी यह आशा करते हैं कि वे मृत्यु के बाद परगेटरी में समय व्यतीत करेंगे उसके बाद उन्हें स्वर्ग में प्रवेश करने दिया जाएगा। वे विश्वास करते हैं कि परगेटरी में जीवन की पीड़ा इस लौकिक जीवन में अनुभव की गई किसी भी पीड़ा से अधिक होगी।

वे विश्वास करते हैं कि मसीहियों को मरे हुओं के लिए प्रार्थना करनी चाहिए और उनके लिए चर्च में चढ़ावा दिया जाना चाहिए ताकि परमेश्वर उनके पापों को जल्दी क्षमा करे और उन्हें परगेटरी से बाहर जाने दे।[133]

कैथोलिक विश्वास करते हैं कि चर्च के पास मसीह और सन्तों की ओर से अतिरिक्त योग्यता रूपी जमा किया हुआ खजाना है।[134] पोप इस खजाने को लोगों को पापों की क्षमा प्राप्त करने में सहायता करने के लिए दे सकता है। यह योग्यता जीवित व्यक्तियों तथा मृत व्यक्तियों को जो परगेटरी में हैं दी जा सकती है।

» परगेटरी का सिद्धान्त कैसे उन लोगों की जीवनशैली को प्रभावित करता है जो इस पर विश्वास करते हैं?

कैथोलिकवाद के विशिष्ट सिद्धान्त पवित्रशास्त्र पर निर्भर नहीं करते। उनके सिद्धान्त मुख्य रूप से चर्च की परम्परा पर आधारित हैं।

अब पीछे जाएं और रोमन कैथोलिकवाद के ऊपर पूरे खंड को साथ मिलकर पढ़ें। सभी छात्रों को पवित्रशास्त्र के उल्लेखित वचनों को देखना चाहिए और उन्हें बारी-बारी से समूह में पढ़ना चाहिए।

---

132 यीशु ने दुःख सहा ताकि हमें पापों के लिए सजा न मिले (यशायाह 53:5)। कैथोलिक इन्कार करते हैं कि मसीह का प्रायश्चित पर्याप्त था ताकि हमें क्षमा मिले और पापों के लिए सजा न दी जाए।

133 बाइबल कहीं भी नहीं बतातीी कि हमें मुर्दों के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। इसके बजाए, यह संकेत करती है कि जो पापी बिना उद्धार प्राप्त किए मर गए उनके लिए कुछ नहीं किया जा सकता (लूका 16:23-26)।

134 यह विचार कि पापियों की सहायता करने के लिए सन्तों की योग्यता को मसीह की योग्यता में मिलाया जा सकता है, यह बड़ा भयानक धर्मसिद्धान्तहै। मानवीय कार्य क्षमा के लिए कोई कोई योग्यता नहीं देते हैं (इफिसियों 2:8-9)। एक विश्वासी को पूरी तरह अनुग्रह के आधार पर क्षमा किया जाता है, और कार्यों के आधार पर नहीं (रोमियों 4:5-8)।

सुसमाचार प्रचार / धर्मसिद्धान्त हस्तपुस्तिका का प्रयोग करना

रोमन कैथोलिकवाद बुनियादी मसीही सच्चाईयों त्रिएकत्व और मसीह तथा पवित्र आत्मा के परमेश्वर होने पर विश्वास करते हैं।

कुछ ऐसे कैथोलिक हैं जिन्होंने उद्धार के लिए मसीह में अपना विश्वास रखा है, परन्तु कैथोलिकवाद में सुसमाचार का सन्देश स्पष्ट नहीं है। अधिकतर कैथोलिकों ने पश्चाताप, क्षमा, और उद्धार के निश्चय का अनुभव नहीं किया है, और परमेश्वर के साथ सम्बन्ध में नहीं रह रहे हैं। इसलिए एक मसीही के लिए सुसमाचार को बाँटना महत्वपूर्ण है। सुसमाचार की आवश्यक बातें जिनकी कैथोलिकवाद में अनदेखी की जाती है उन्हें *धर्मसिद्धान्त हस्तपुस्तिका* के निम्नलिखित खंड से साबित किया जा सकता है:

9. उद्धार केवल मसीह के प्रायश्चित के द्वारा है।

10. केवल परमेश्वर की ही आराधना की जानी चाहिए।

11. हमें उद्धार विश्वास से मिलता है।

12. हम उद्धार का व्यक्तिगत निश्चय प्राप्त कर सकते हैं।

क्योंकि रोमन कैथोलिकों ने उन परम्पराओं को जोड़ दिया है जिन्हें वे मसीहियत के लिए आवश्यक समझते हैं, एक मसीही को उन्हें *धर्मसिद्धान्त हस्तपुस्तिका* में उल्लखित वचनों को दिखाना चाहिए इसके खण्ड में दिए गए हैं

1. बाइबल धर्मसिद्धान्त के लिए पर्याप्त है।

एक गवाही

कई वर्षों के अध्ययन के बाद बर्तुल्मेउ रोमन कैथोलिक पुरोहित बना। उसने पहले चर्च के पुरोहित के रूप में कैलीफोर्निया में सेवा की, बाद में उसने नौसेना में पुरोहित के रूप में सेवा की। उसकी माता सुसमाचार सम्मत मसीही बन गई। उसने अपनी मां में आश्चर्यजनक परिवर्तन देखा और उसके परिवर्तन के बारे में कई बार वार्तालाप भी किया। उसकी मां ने उसे यकीन दिलाया कि उसे अपने विश्वास के लिए निर्णायक अधिकार के रूप में बाइबल पर ही आश्रित रहना चाहिए। उसे यह महसूस होने लगा कि कैथोलिकवाद के कई महत्वपूर्ण सिद्धान्त बाइबल के विपरीत हैं। उसने रोमन कैथोलिक चर्च छोड़ दिया। आखिरकार उसे यह समझ आया कि उद्धार केवल मसीह के काम के कारण है न कि कामों और चर्च के संस्कारों के कारण।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन- भाग 2

अब तीतुस 2 को दुबारा पढ़ें। हर छात्र उस संदेश को स्पष्ट करते हुए एक अनुच्छेद लिखे जो इस परिच्छेद में एक रोमन कैथोलिक के लिए है। होने दें कि कुछ छात्र साझा करें कि उन्होंने क्या लिखा है।

प्रत्येक पाठ के लिए कार्यभार

इस धार्मिक समूह के किसी व्यक्ति को सुसमाचार प्रस्तुत करने का अवसर ढूँढना याद रखें। जो वार्तालाप हुआ उसको अपने सहपाठियों के साथ साझा करने के लिए तैयारी करें। 2 - पृष्ठों की लिखित रिपोर्ट लिखें और इसे अपनी कक्षा के अगुवे को दें।

पाठ 19

ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी को समझना

पहली मुलाकात

जैसे जैसे जोनाथन ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी से परिचित हुआ, उसे इस बात ने बहुत प्रभावित किया कि उन्होंने कई देशों में मुस्लिम और कम्युनिस्टों का सताव सहा। उनके नायक बड़े कलीसियाओं के पास्टर या संगीत अगुवे नहीं हैं। उनके नायक शहीद हैं। जोनाथन सोचता है कि यदि हर जगह सताव बुरे से बुरा होता है तो ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्स विश्वासी ही होंगे जो उसे सहन कर लेंगे।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन- भाग 1

1 थिस्सलुनिकियों 1 को एक साथ ऊँची आवज में पढ़ें। हर छात्र एक अनुच्छेद लिखे जो इस परिच्छेद का सार प्रस्तुत करे। जब ये लोग मसीही बने उस समय क्या हुआ? हर छात्र कथनों की एक सूची लिखे। जो आपने लिखा है उस पर एक समूह के रूप में विचार-विमर्श करें।

ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी

ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी का परिचय

ऑर्थोडॉक्स शब्द ऐसे यूनानी शब्द से आता है जिसका अर्थ "सही आराधना" होता है। ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्स चर्च विश्वास करती हैं कि वही सच्ची कलीसिया है क्योंकि उसके सिद्धान्त और प्रथाएँ परमेश्वर की सही आराधना उपलब्ध करवाते हैं।

ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी तथा रोमन कैथोलिकवाद अधिकारिक रूप से 1054 ईस्वी सन् में अलग हुए। प्रत्येक यीशु और उसके प्रेरितों द्वारा स्थापित की गई असली कलीसिया होने का दावा करता है। प्रत्येक पृथ्वी पर परमेश्वर की कलीसिया होने का दावा करता है जिसके पास सच्चे धर्मसिद्धान्त हैं जो प्रारंभिक मसीहियों की परम्पराओं पर आधारित हैं। वे बहुत

से समान सिद्धान्तों पर विश्वास करते हैं। जो उनसे परिचित नहीं हैं उसके लिए उनकी आराधना एक जैसी दिखाई देती है।

ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी के पास पन्द्रह स्वशासित कलीसियाई संगठन हैं। वे भौगोलिक रूप से बँटे हुए हैं। कुछ देशों में वे चर्च स्थापित करने के लिए उस देश का नाम प्रयोग करते हैं, जैसे रशियन ऑर्थोडॉक्स चर्च या साइबेरियन ऑर्थोडॉक्स चर्च। दूसरे पन्द्रह चर्चों में ऐन्टियोक का ग्रीक ऑर्थोडॉक्स चर्च, रोमैनियन ऑर्थोडॉक्स चर्च, और साइप्रस चर्च शामिल हैं।

इनके प्रत्येक कलीसियाई संगठन पर एक कुलपिता यानि पैट्रिआर्क या मुख्य धर्माध्यक्ष यानि आर्कबिशप का शासन होता है। पन्द्रह अगुवों में कॉन्स्टैन्टिनोपोल के पैट्रिआर्क का पद सबसे ऊँचा माना जाता है। प्राचीन शहर कॉन्स्टैन्टिनोपोल अब तुर्की का इस्ताम्बुल है। कॉन्स्टैन्टिनोपोल के पैट्रिआर्क का बाकी दूसरी कलीसियाई संगठनों पर कोई अधिकार नहीं है, परन्तु वे सब उसका सर्वोच्च के रूप में आदर करते हैं।

अनुमान के अनुसार ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्स विश्वासियों की संख्या 22.5 करोड़ से लेकर 30 करोड़ तक है। यह रोमन कैथोलिकवाद के बाद विश्व में दूसरा सबसे बड़ा मसीही संगठन है।

पूर्वी यूरोप के बहुत से देशों में, बहुसंख्यक लोग अपने आप को ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्स मानते हैं, और मध्यपूर्व के कई देशों में भी बड़ी संख्या में ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्स विश्वासी पाए जाते हैं।

» आप कौन कौन से ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्स चर्चों से परिचित हैं?

ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी की मान्यताएँ

ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्स चर्च बुनियादी मसीही धर्मसिद्धान्तों जैसे त्रिएकत्व और मसीह के ईश्वरत्व तथा पवित्र आत्मा पर विश्वास करती है।

ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्स चर्च की परम्परा पर बहुत अधिक निर्भर करती है। किसी धर्मसिद्धान्त को साबित करने के लिए, उनके अगुवे बाइबल के बजाए प्रारम्भिक कलीसियाई अगुवों का हवाला देना अधिक पसन्द करते हैं। वे सिखाते हैं कि बाइबल उनके सिद्धांत का अधिकार है, लेकिन बाइबल की व्याख्या चर्च द्वारा की जानी चाहिए।

"अब जैसे यीशु मसीह की कलीसिया प्रेरितों तथा भविष्यद्वक्ताओं की बुनियाद पर स्थापित की गई है, यीशु मसीह कोने का पत्थर है, इस मसीही कलीसिया के धर्मसिद्धान्त अलौकिक पवित्रशास्त्र में खोजे जाने चाहिए।"

ऐडम क्लार्क
(मसीही ईश-विज्ञान, 250)

ऑर्थोडॉक्स अनुयायियों ने विश्वास और व्यवहारों का ऐसा जटिल तंत्र विकसित किया है जो कि परम्परा पर आधारित है। चर्च दावा करती है कि उसके पास उद्धार से सम्बन्धित बातों को सिखाने का अधिकार है, भले ही यह उससे परे हो जो पवित्रशास्त्र में सिखाया गया है। ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्स अनुयायी विश्वास करते हैं कि उनकी परम्पराएं बाइबल के विरोध में नहीं हैं।

ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी कसीसियाओं में आराधाना करने का तरीका बहुत ही औपचारिक है। उनके पास पूरे विश्व में बहुत से विशाल कैथेड्रल हैं जो अपनी भव्य वास्तुकला के लिए जाने जाते हैं। इन कैथेड्रल्स को इतिहास के सन्तों की तस्वीरों तथा मूर्तियों से सजाया संवारा जाता है। पुरोहितों की पोशाकें अक्सर विशेष प्रकार की होती हैं। आराधना गतिविधियां अधिकतर पुरोहितों के द्वारा ही सम्पन्न की जाती हैं जिनमें समूह की बहुत मामूली हिस्सेदारी होती है।

बहुत सी संस्कृतियों के लोग ऑर्थोडॉक्स विश्वासी बन गए हैं जबकि वे अपने पिछले धर्म के व्यवहारों को भी निभाते रहते हैं। मूर्तियों को मसीही सन्तों के नाम दे दिए गए। चर्च के धार्मिक संस्कारों को एक मूर्तिपूजक और जीववादी धर्म के साथ मिश्रित कर दिया गया, यहाँ तक कि जादू-टोने के साथ भी।

बहुत से ऑर्थोडॉक्स अनुयायी परमेश्वर यहाँ तक कि यीशु को भी अपने से दूर तथा अपने बारे में कोई सरोकार नहीं रखने वाला समझते हैं, इसलिए वे सन्तों से प्रार्थना करते हैं। चर्चों में सन्तों की तस्वीरें तथा मूर्तियां उपलब्ध कराई जाती हैं ताकि लोग उनसे प्रार्थना करें।[135] जिन वस्तुओं ("स्मृति चिन्ह") को सन्तों के द्वारा प्रयोग किया गया था उन्हें चर्चों में सम्मान के लिए रखा जाता है। कभी कभी शरीर के अवशेष जैसे दाँत या हड्डियों को भी कलीसिया में रखा जाता है। लोग आकर उन हड्डियों के सामने घुटने टेककर प्रार्थना करते हैं जो सन्त का प्रतिनिधित्व करती हैं।[136]

---

135 पवित्र आत्मा हमें ऐसे तरीके से प्रार्थना करने में सहायता करता है जो परमेश्वर को ग्रहणयोग्य है (रोमियों 8:26-27)। हमें यह भरोसा होना चाहिए कि परमेश्वर हमारी प्रार्थनाओं को सुनता और उनका उत्तर देता है। जो व्यक्ति प्रार्थना करता है उसे अवश्य ही यह विश्वास करना चाहिए कि परमेश्वर प्रार्थना का उत्तर देता है, अन्यथा वह व्यक्ति ऐसा विश्वास नहीं रखता जो परमेश्वर को प्रसन्न करता है (इब्रानियों 11:6)।

136 पिक्साबे से फ्रेडी टोरेस द्वारा लिया गया चित्र, https://pixabay.com/photos/architecture-church-kiev-religion-2166264/ से प्राप्त चित्र।

» मूर्तिपूजा क्या है? क्या ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी के कुछ प्रथाओं में मूर्तिपूजा पाई जाती हैं?

मरियम को विशेष सम्मान प्रदान किया जाता है। ऑर्थोडॉक्सी के बहुत से अनुयायी परमेश्वर से ज्यादा मरियम से प्रार्थना करते हैं। वे महसूस करते हैं कि यीशु मरियम की सुनेगा और उसके द्वारा प्रभावित होगा।[137] मरियम आराधक और यीशु के बीच मध्यस्थक बन गई है। कैथोलिकवाद के विपरीत ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी यह विश्वास नहीं करती कि मरियम ऐसे मानव स्वभाव के साथ पैदा हुई जो बाकी सब से अलग था और वह पाप से मुक्त थी।

"प्रायश्चित में सभी पाप शामिल हैं, मूल पाप, साथ ही वास्तविक भी, अतीत और भविष्य के, छोटे और बड़े, इस समय में या अनन्तकाल में, चाहे वे कुछ भी क्यों न हों "

थॉमस ओडेन
(जीवन का वचन, 389)

कैथोलिकवाद तथा ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी दोनों तत्व **रूपान्तरण के सिद्धान्त** को सिखाते हैं। यानी यह विश्वास कि सहभागिता के दौरान रोटी और दाखरस शाब्दिक रूप से यीशु की देह और लहू में बदल जाता है, इसलिए आराधक उन्हें उद्धार के लिए ग्रहण कर सकता है।[138]

कैथोलिकवाद के विपरीत, ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्स चर्च परगेटरी में विश्वास नहीं करती है। वे ऐसे पोप में भी विश्वास नहीं करते जिसके पास विश्वव्यापी चर्च के ऊपर मसीह का दिया हुआ अधिकार हो। वे रोमन कैथोलिक पोप को अस्वीकार करते हैं और उनके पास भी अपना ऐसा कोई अगुवा नहीं है जिसे वे उसके जितना ही अधिकार दें।

ऑर्थोडॉक्स पुरोहितों को विवाह करने की अनुमति होती है, परन्तु बिशप केवल अविवाहित पुरोहित ही बन सकता है।

ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी ***थियोसिस*** अर्थात् ईश्वरापत्ति नामक सिद्धान्त की शिक्षा देती है। थियोसिस में एक विश्वासी धीरे-धीरे परमेश्वर की तरह बनने के लिए परिवर्तित होता चला

137 यीशु से प्रार्थना करना हर स्थान पर मसीहियों का एक चिन्ह है (1 कुरिन्थियों 1:2)। मसीही परमेश्वर पिता से भी प्रार्थना करते हैं (2 कुरिं 13:14) बाइबल हमें कभी भी मरियम से या परमेश्वर के अलावा किसी और व्यक्ति से प्रार्थना करने को नहीं कहती है।

138 जब यीशु ने अपने चेलों को यह सिखाया कि प्रभु भोज कैसे लेना चाहिए, वह जीवित था और चेलों के साथ था (1 कुरिं 11:23-25)। इसलिए जब उसने कहा कि, "यह मेरी देह है," तो उसका अर्थ यह था कि वह रोटी उसकी देह का प्रतीक थी। आज भी, प्रभु भोज को उसी रूप में देखा जाना चाहिए जैसे उस समय जब यीशु ने इसे स्थापित किया था।

जाता है, जिसमें उस जैसी ही पवित्र पूर्णता का स्वभाव होता है। यह अनुग्रह और पवित्र आत्मा के कार्य[139] के द्वारा पूरा किया जाता है। यह प्रक्रिया मृत्यु के बाद तक पूरी नहीं होती है। ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्स चर्च के लोग कहते हैं कि इस पवित्र पूर्णता को प्राप्त करने से, हम देवता बन जाते हैं, लेकिन उनका मतलब यह नहीं है कि हम परमेश्वर की तरह अनंत हैं।

वे मानते हैं कि मसीह ने हमारे लिए पाप को पराजित कर दिया है, लेकिन प्रत्येक मसीही को पवित्र आत्मा की सामर्थ प्राप्त करना आवश्यक है ताकि वह पाप और अशुद्धता के ऊपर अपनी व्यक्तिगत विजय प्राप्त कर सके। यह एक अच्छा ईशविज्ञान है, सिवाए इसके कि वे ये शिक्षा न दें कि परमेश्वर पवित्र आत्मा द्वारा किसी का भी हृदय एक पल में बदल सकता है।

ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्स चर्च शिक्षा देती है कि एक मसीही को मसीह में निर्दोष ठहराया जाता है, जिसका अर्थ यह है कि विश्वासी ने जो पाप पहले किए उन्हें क्षमा कर दिया गया है और वास्तव में उसे अपने जीवन में धर्मी बना दिया गया है। इसका अर्थ यह नहीं है कि व्यक्ति पाप करना जारी रखे तो भी उसे निर्दोष गिना जाएगा, और इसका अर्थ यह भी नहीं है कि यदि एक व्यक्ति वापस पाप में चला जाए तो भी उसे धर्मी ठहराया जाएगा। विश्वासी प्रतिदिन धार्मिकता के साथ जीवन बिताने के लिए पवित्र आत्मा की सामर्थ पर निर्भर है। यह भी अच्छी ईशविज्ञान है यदि एक व्यक्ति यह याद रखता है कि परमेश्वर उसे यीशु के कारण स्वीकार करता है न कि इसलिए कि उसके काम अच्छे हैं।

ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी के अनुयायी के लिए यह संभव है कि वह सुसमाचार पर विश्वास करे और परमेश्वर के अनुग्रह का अनुभव करे, जबकि वह अभी भी ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी का अनुसरण कर रहा है। बहरहाल, चर्च स्पष्ट रूप से सुसमाचार संदेश का प्रचार नहीं करती है कि उद्धार का तत्काल निश्चय प्राप्त करने के लिए एक पापी को अपने पापों से पश्चाताप करना और मसीह में अपना भरोसा रखना आवश्यक है। इसलिए लाखों ऑर्थोडॉक्स सदस्यों में से अधिकतर खुलेआम पाप में जीवन बिताते हैं जबकि वे धार्मिक रीति-रिवाजों को भी पूरा करते हैं। उन में से अधिकतर यह नहीं समझते कि उद्धार कैसे प्राप्त किया जाए।

» ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्स ईशविज्ञान के बारे में कुछ अच्छी बातें क्या हैं?

अब पीछे जाएं और ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी के ऊपर सम्पूर्ण खंड की पाद-टिप्पणियों को साथ मिलकर पढ़ें। सभी छात्रों को पवित्रशास्त्र के उल्लेखित वचनों को देखना चाहिए और उन्हें बारी-बारी से समूह में पढ़ना चाहिए।

---

139 बाइबल कहती है कि प्रत्येक विश्वासी परमेश्वर के स्वभाव को साझा करता है (2 पतरस 1:3-4)। हमें उसके स्वभाव को पाने के लिए मृत्यु के बाद तक की प्रतीक्षा करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

सुसमाचार प्रचार / धर्मसिद्धान्त हस्तपुस्तिका को प्रयोग करना

ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्स चर्च बुनियादी मसीही सत्यों, जैसे त्रिएकत्व और मसीह तथा पवित्र आत्मा के परमेश्वर होने पर विश्वास करती है।

कुछ ऐसे ऑर्थोडॉक्स आराधक हैं जिन्होंने उद्धार के लिए अपना विश्वास मसीह में रखा है, परन्तु उनकी कलीसिया में सुसमाचार का संदेश स्पष्ट नहीं है। अधिकतर ने पश्चाताप, क्षमा, और उद्धार के निश्चय का अनुभव नहीं किया है, और परमेश्वर के साथ सम्बन्ध में नहीं जी रहे हैं। इसलिए एक मसीही के लिए सुसमाचार को साझा करना महत्वपूर्ण है। सुसमाचार की आवश्यक बातें जिनकी अनदेखी ऑर्थोडॉक्सी में की गई है उन्हें *धर्मसिद्धान्त हस्तपुस्तिका* के निम्नलिखित खण्ड से साबित किया जा सकता है:

9. उद्धार केवल मसीह के प्रायश्चित के द्वारा है।

10. केवल परमेश्वर की आराधना की जानी चाहिए।

11. हमें उद्धार विश्वास से मिलता है।

12. हम उद्धार का व्यक्तिगत निश्चय प्राप्त कर सकते हैं।

क्योंकि ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी ने ऐसी परम्पराओं को जोड़ लिया है जिन्हें वे मसीहियत के लिए आवश्यक समझते हैं, एक मसीही को उन्हें *धर्मसिद्धान्त हस्तपुस्तिका* में उल्लखित पवित्रशास्त्र के वचनों को दिखाना चाहिए जो खण्ड में दिए गए है

1. बाइबल धर्मसिद्धान्त के लिए पर्याप्त है।

एक गवाही

जॉन रोमानिया के एक ऑर्थोडॉक्स परिवार में पला बड़ा था। उसके दादा दादी चर्च में अगुवे थे। उसका बपतिस्मा तथा विवाह चर्च में हुआ था परन्तु वह अक्सर आराधना में भाग नहीं लेता था। पुरोहित ने कभी उससे उसके पापों के बारे में बात नहीं की थी। जॉन के पास बाइबल नहीं थी और न कभी पुरोहित ने उसे बताया था कि उसे बाइबल पढ़नी चाहिए। एक जवान के रूप में वह कम्युनिस्ट पार्टी के साथ जुड़ गया। कम्युनिस्टों के द्वारा उसे बैपटिस्ट आराधना सेवा को देखने के लिए भेजा गया। उसे कहा गया कि वह उनसे पूछे कि वे ऑर्थोडॉक्स के बजाए बैपटिस्ट क्यों थे। आराधना में उसने महसूस किया कि उसने कभी अपने पापों से पश्चाताप नहीं किया था। उसने पश्चाताप करने और यीशु का

सच्चा अनुयायी बनने का निर्णय लिया। उस पर उसके परिवार तथा कम्युनिस्ट पार्टी के द्वारा दबाव डाला गया कि वह अपने नए विश्वास को छोड़ दे। उसे बाइबल पढ़ने में समय व्यतीत करने के लिए प्रोत्साहित किया गया था। जब उसके परिवार ने उसके जीवन में परिवर्तन देखा, तो उनमें से कई मसीही बन गए। जॉन कहता है कि ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी तथा सुसमाचारसम्मत मसीहियत के बीच सबसे बड़ा अन्तर यह है कि सुसमाचारसम्मत लोग नए जन्म पर ज़ोर देते हैं।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन - भाग 2

अब 1 थिस्सलुनिकियों 1 को फिर से पढ़ें। हर छात्र एक अनुच्छेद लिखे उस संदेश को स्पष्ट करते हुए जो इस परिच्छेद में एक ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी के अनुयायी के लिए है। होने दें कि कुछ छात्र साझा करें कि उन्होंने क्या लिखा है।

वैकल्पिक पठनः ओरिएन्टल ऑर्थोडॉक्स चर्च

ओरिएन्टल ऑर्थोडॉक्स चर्च ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्स चर्च से अलग हैं।

ओरिएन्टल ऑर्थोडॉक्सी में छह कलीसियाई संगठन हैंः कॉप्टिक, इथोपियन, इरिट्रियन, मलांकारा सीरियन, सीरियाक, और आर्मेनियन अपोस्टॉलिक। प्रत्येक संगठन स्वतंत्र रूप से शासित है। कॉप्टिक चर्च का पैट्रिआर्क सभी ओरिएन्टल ऑर्थोडॉक्सी का पोप होता है, परन्तु उसका अधिकार दूसरों पर नहीं होता, सिवाए इसके कि वह इन छह संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठकों की अगुवाई करता है।

आर्मेनिया, इथोपिया, और इरिट्रिया देशों में ओरिएन्टल ऑर्थोडॉक्स मसीही सबसे बड़ा धार्मिक समूह हैं। कुछ मुस्लिम देशों में जहाँ मसीही कुल जनसंख्या का कुछ प्रतिशत ही हैं, जैसे कि इजिप्ट, सूडान, सीरिया, और लेबनान, इनमें ओरिएन्टल ऑर्थोडॉक्स मसीहियों का प्रतिशत सर्वोच्च है। मुस्लिम देशों में उन्हें शताब्दियों से बुरी तरह सताया गया है।

451 ईस्वी सन् में धर्मसैद्धान्तिक असहमति के कारण ओरिएन्टल ऑर्थोडॉक्सी दूसरी मसीही कलीसियाओं से अलग हुई।

वे मसीह के स्वभाव के ऊपर ईशवैज्ञानिक असहमति के कारण अलग हो गए। उस समय एक ही प्रमुख कलीसियाई संगठन था जो मसीहियत का प्रतिनिधित्व करता था। यह कलीसिया तब तक ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्स चर्च तथा रोमन कैथोलिक चर्च में विभाजित नहीं हुई थी। इस समय तक थोड़ी ही चर्चों ने मुख्य चर्च को छोड़ा था।

चाल्सीदोन की परिषद ने सम्पूर्ण मसीहियत का प्रतिनिधित्व करने के इरादे से यह निर्णय लिया, कि इस बात पर विश्वास करना सही है कि मसीह में दो स्वभाव थे, मानवीय तथा ईश्वरीय। कुछ चर्चों ने इसे अस्वीकार कर दिया क्योंकि इससे ऐसा प्रतीत होता था कि मसीह में एक व्यक्ति के भीतर दो व्यक्ति थे। वे विश्वास करते थे कि मसीह का स्वभाव मानवीय तथा ईश्वरीय दोनों से आया था परन्तु यह सिर्फ एक स्वभाव ही था। उन्हें विश्वास था कि यही असली मसीहियत के विश्वास थे जो उनके पास थे। इसमें राजनीतिक समेत और भी मुद्दे शामिल थे, परन्तु ईशवैज्ञानिक मुद्दा सबसे महत्वपूर्ण था।

परिषद के बाद कुछ वर्षों के अन्दर, उन बिशपों को जो परिषद के निर्णय से अहसमत थे चर्च से बाहर निकाल दिया गया। इस समय के बाद ओरिएन्टल ऑर्थोडॉक्स चर्च स्थापित किया गया।

प्रत्येक पाठ के लिए कार्यभार

इस धार्मिक समूह के किसी व्यक्ति को सुसमाचार प्रस्तुत करने का अवसर ढूँढना याद रखें। जो वार्तालाप हुआ उसको अपने सहपाठियों के साथ साझा करने के लिए तैयारी करें। 2 - पृष्ठों की लिखित रिपोर्ट लिखें और इसे अपनी कक्षा के अगुवे को दें।

पाठ 20

संयुक्त पेन्टिकोस्टलवाद को समझना

पहली मुलाकात

स्टीव एक रोमन कैथोलिक परिवार में पला बड़ा था और बचपन में हर सप्ताह मास के लिए जाया करता था। किशोरावस्था में उसने धार्मिक व्यवहारों से अपने आप को अलग रखना आरंभ कर दिया और वह सांसारिक चीजों में लिप्त हो गया। हाई स्कूल में वह एक लड़की से मिला जिसने उसे अपने चर्च में आमंत्रित किया। वहाँ की आराधना शैली जिसमें तेज संगीत, नृत्य, अन्यभाषा बोलना, और चिल्लाना शामिल था, उसने उसे आश्चर्यचकित कर दिया जो कि कैथोलिक आराधना शैली के विपरीत था। उसने प्रगतिशील प्रचार तथा संगीत में रुचि लेना आरंभ कर दिया।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन - भाग 1

यूहन्ना 14 को एक साथ ऊँची आवाज में पढ़ें। हर छात्र एक अनुच्छेद लिखे जो इस परिच्छेद का सार प्रस्तुत करे। त्रिएकत्व के सदस्यों के बीच हम क्या पारस्परिक क्रिया देखते हैं? प्रत्येक छात्र कथनों की एक सूची लिखे। जो आपने लिखा है, उस पर एक समूह के रूप में विचार-विमर्श करें।

संयुक्त पेन्टिकोस्टलवाद

संयुक्त पेन्टिकोस्टलवाद का परिचय

संयुक्त पेन्टिकोस्टलवाद चर्च 203 देशों में 36,000 चर्च तथा 3,000,000[140] सदस्यता होने का दावा करता है। यह संगठन 1945 में दो पेन्टिकॉस्टल डिनॉमिनेशन को मिलाकर स्थापित किया गया था। इनके सिद्धान्त उन बेदारी वाले पेन्टिकॉस्टल अगुवों से निकले जो 1901 में प्रारंभ हुआ था।

---

140 2014 में अभिलिखित।

संयुक्त पेन्टिकॉस्टल चर्च दूसरे पेन्टिकॉस्टल्स से अलग है जो त्रिएकत्व में विश्वास करते हैं या बपतिस्मे की रस्म नहीं निभाते। वे "फेथ मूवमेन्ट" (इसे पाठ 7 में दिया गया है) से जुड़े नहीं हैं।

बुनियादी सिद्धान्त

इस संगठन का मौलिक और बुनियादी सिद्धान्त बाइबल के सम्पूर्ण उद्धार का मापदण्ड है, जो कि पश्चाताप, पापों की क्षमा के लिए प्रभु यीशु मसीह के नाम से पानी में डुबकी का बपतिस्मा, और जैसी आत्मा सामर्थ दे अन्यभाषाओं को बोलने के शुरूआती चिन्ह के साथ पवित्र आत्मा का बपतिस्मा है।[141]

"शैतान परमेश्वर की एकता का हिमायती है, जो संसार का सर्वशक्तिमान रचयिता है, परन्तु सिर्फ उसकी एकता को झूठी शिक्षा में बदलने के लिए। वह कहता है कि पिता स्वंय नीचे उतरकर कुवांरी के गर्भ में गया, स्वंय उससे पैदा हुआ, स्वयं उसने दुःख उठाया; वास्तव में, वही स्वंय यीशु मसीह था।"

तरतुलियन
(अगेन्स्ट प्रेक्सियस)

यूनाइटेड पेन्टिकॉस्टल्स निर्णायक अधिकार के रूप में बाइबल पर विश्वास करते हैं, और विश्वास करते हैं कि कलीसिया को प्रेरितों के काम की पुस्तकों में दी हुई कलीसिया के नमूने का अनुसरण करना चाहिए।। वे शब्द *प्रेरितीय* पर ज़ोर देते हैं क्योंकि वे विश्वास करते हैं कि वे वही सिद्धान्त सिखाते हैं जो प्रेरितों के थे।

वे त्रिएकत्व में विश्वास नहीं करते। वे विश्वास करते हैं कि पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा परमेश्वर के तीन प्रकटीकरण यानि अभिव्यक्तियाँ हैं। वे विश्वास करते हैं कि पुराने नियम के समय में परमेश्वर आत्मा था, फिर उसने देहधारण के द्वारा मानवता धारण की। वे विश्वास नहीं करते कि पिता और पुत्र दो व्यक्ति हैं। वे विश्वास करते हैं कि आत्मा के रूप में परमेश्वर यीशु का पिता था, परन्तु वे दोनों एक ही व्यक्ति हैं।

"उनका सिद्धान्त (विर्धमी सैबेलियन) यह है कि पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा एक व्यक्ति इस भाव में है कि तीन नाम एक ही तत्व से जुड़े हुए हैं।"

एपिफेनियस
(एडी 375 में बिशप, अगेन्स्ट हैरेसीज)

141 यूनाइटेड पेन्टिकॉस्ट चर्च के "विश्वास के कथनों" से

मसीह और पवित्र आत्मा के प्रति उनका दृष्टिकोण उन अधिकतर संप्रदायों से अलग है जो त्रिएकत्व का इन्कार करते हैं। क्योंकि वे यह विश्वास करते हैं कि यीशु और परमेश्वर पिता एक ही व्यक्ति हैं, इसलिए वे यीशु के ईश्वरत्व में विश्वास करते हैं। वे विश्वास करते हैं कि बाइबल में एक व्यक्ति के रूप में जहाँ कहीं पवित्र आत्मा का जिक्र किया गया है वहाँ परमेश्वर कार्यकारी रूप में है।

वे विश्वास के द्वारा अनुग्रह से उद्धार के सुसमाचार पर विश्वास करने का दावा करते हैं, जो पूरी तरह मसीह के बलिदान के द्वारा उपलब्ध कराया गया है। यह उन पंथों से अलग है जो मसीह के परमेश्वर होने में विश्वास नहीं करते, उन्हें एक भिन्न सुसमाचार का आविष्कार करना आवश्यक है।

» त्रिएकत्व के सिद्धान्त का इन्कार करने के क्रम में यहोवा विट्नेस और यूनाइटेट पेन्टिकॉस्टल्स के बीच क्या अन्तर है?

वे विश्वास करते हैं कि एक व्यक्ति का उद्धार तब तक नहीं हो सकता जब तक वह पवित्र आत्मा से भरने का अनुभव नहीं करता।[142] वे विश्वास करते हैं कि पवित्र आत्मा से भरने का सबूत हमेशा[143] अन्यभाषा का दान होता है। यदि एक व्यक्ति ने अपने पापों से पश्चाताप किया है और अपना विश्वास मसीह में रखा है फिर भी उसका उद्धार नहीं हुआ है जब तक वह आत्मा से न भर जाए और अन्यभाषा न बोले।

वे शिक्षा देते हैं कि एक व्यक्ति को यीशु के नाम में बपतिस्मा दिया जाना चाहिए, परन्तु त्रिएकता के कथन में नहीं। वे विश्वास करते हैं कि उद्धार के लिए यीशु के नाम में बपतिस्मा जरूरी है। यदि कोई व्यक्ति उनमें शामिल होता है जिसने पहले त्रिएकता के कथन में बपतिस्मा लिया है तो उसे फिर से बपतिस्मा लेना आवश्यक है।

» यूनाइटेड पेन्टिकॉस्टल्स के अनुसार व्यक्ति के उद्धार के लिए कौन कौन सी चीजें होना जरूरी हैं?

मसीही जीवन के बारे में विश्वास

उनका मानना है कि एक मसीही को पाप पर विजयी जीवन जीना चाहिए, और वे पवित्र

142 बाइबल कहती है कि प्रत्येक विश्वासी के पास आत्मा है (रोमियों 8:9)। एक व्यक्ति वास्तव में पश्चाताप नहीं कर सकता है और आत्मा की सहायता के बिना मसीह में अपना विश्वास नहीं रख सकता है। भले ही किसी व्यक्ति ने अभी तक पवित्र आत्मा की विशेष भरपूरी का अनुभव नहीं किया है, तौभी उसके पास आत्मा है।

143 बाइबल इशारा करती है कि सभी विश्वासी अन्य भाषा नहीं बोलते हैं (1 कुरिन्थियों 12:30)। 1 कुरिन्थियों 12:29-30 में दिए गए सभी प्रश्नों के उत्तर नकारात्मक मिलते हैं।

आत्मा की सामर्थ्य पर जोर देते हैं ताकि जीवन को विजयी बनाया जा सके। वे विश्वास नहीं करते कि यदि कोई वापस पाप के जीवन में चला जाए तो भी वह मसीही बना रहेगा।

यूनाइटेट पेन्टिकॉस्टल्स विश्वास करते हैं कि शारीरिक चंगाई प्रायश्चित में उपलब्ध कराई गई है, और वे बीमारों के लिए प्रार्थना करने पर ज़ोर देते हैं, परन्तु वे इस बात को समझते हैं कि परमेश्वर की इच्छा हर मामले में हमेशा चंगाई देना नहीं है।

वे रूढ़िवादी जीवन शैली में विश्वास रखते हैं। वे आभूषणों या श्रंगार प्रसाधनों में विश्वास नहीं करते। वे अशुद्ध मनोरंजन के विरुद्ध हैं और नहीं चाहते कि उनके सदस्यों के पास टेलीविजन हों। महिलाएँ पैन्ट नहीं पहनतीं और अपने बाल नहीं कटवातीं।

वे हिंसा के विरुद्ध आत्मरक्षा में विश्वास नहीं करते, और इसमें भी नहीं कि कोई सेना में किसी भी तरह की सेवा दे जहाँ उसे लड़ना पड़े।

वे पैर धोने के संस्कार का अभ्यास करते हैं क्योंकि यीशु ने चेलों को एक दूसरे के पैर धोने की आज्ञा दी थी (यूहन्ना 13:14-15)।

सुसमाचार प्रचार / धर्मसिद्धान्त हस्तपुस्तिका का प्रयोग करना

हमें यह नहीं कहना चाहिए कि एक व्यक्ति का उद्धार इसलिए नहीं हुआ क्योंकि वह यूनाइटेड पेन्टिकॉस्टलिज्म में विश्वास करता है। यह संभव है कि वह सुसमाचार पर विश्वास करता हो और उसने अपने पापों से पश्चाताप किया हो और अपना विश्वास मसीह में रखा हो।

इस खण्ड में *धर्मसिद्धान्त हस्तपुस्तिका* त्रिएकत्व के बारे में बाइबल आधारित सबूत उपलब्ध कराती है

8. परमेश्वर त्रिएक है।

यूनाइटेड पेन्टिकॉस्टलिज्म की सबसे बुनियादी गलती त्रिएकत्व का इन्कार करना है, यद्यपि यह सुसमाचार को उस तरह कमज़ोर नहीं करता जैसे कि वे पंथ जो मसीह के परमेश्वर होने का इन्कार करते हैं।

यूनाइटेड पेन्टिकॉस्टवाद के साथ सहभागिता रखने में समस्या यह है कि वे दूसरों को तब तक मसीही नहीं मानते जब तक उन्हें यीशु के नाम में बपतिस्मा न दिया जाए और वे अन्यभाषा न बोलें।

बाइबल कहती है कि हर विश्वासी में आत्मा है (रोमियों 8:9)। एक व्यक्ति आत्मा की सहायता के बिना वास्तव में पश्चाताप नहीं कर सकता और अपना विश्वास मसीह में नहीं रख सकता। यहां तक कि यदि एक व्यक्ति ने अभी तक पवित्र आत्मा द्वारा विशेष रूप से भरे जाने का अनुभव नहीं किया है, उसमें भी आत्मा है।

एक गवाही

स्टीव ने कैथोलिक चर्च को छोड़ दिया और वह संयुक्त पेन्टिकोस्टलवाद चर्च में शामिल हो गया। उसने पीना और धूम्रपान करना जारी रखा और उसका जीवन मसीही नहीं था। समय के एक पड़ाव पर उसे अनुभव हुआ था जब उसने विश्वास किया था कि उसे पवित्र आत्मा प्राप्त हुआ था, तब दूसरे लोगों ने उसे बताया था कि उसने अन्यभाषा में बातें की थीं। वह जानता था कि उसने वास्तव में अन्यभाषा नहीं बोली थी, परन्तु क्योंकि वह चाहता था कि उसे स्वीकार किया जाए इसलिए उसने अभिनय किया था कि यह सच है। उसने बिना किसी वास्तविक बदलाव के पाप में जीवन बिताना जारी रखा। बाद में उसने उद्धार प्राप्त किया और जीवन में बदलाव का अनुभव किया पर अन्यभाषा नहीं बोली। वह अपने चर्च में शिक्षक और प्रचारक बन गया परन्तु सिद्धान्त के बारे में अभी भी उसके मन में सन्देह था। आखिरकार उसने उस चर्च को छोड़ दिया और ऐसी चर्च में चला गया जो त्रिएकत्व में विश्वास करता था परन्तु वहाँ अन्य भाषा नहीं बोली जाती थी।

पवित्रशास्त्र का अध्ययन – भाग 2

अब यूहन्ना 14 को फिर से पढ़ें। हर छात्र एक अनुच्छेद लिखे उस संदेश को स्पष्ट करते हुए जो इस परिच्छेद में एक यूनाइटेड पेन्टिकॉस्टलिज्म के अनुयायी के लिए है। होने दें कि कुछ छात्र साझा करें कि उन्होंने क्या लिखा है।

प्रत्येक पाठ के लिए कार्यभार

इस धार्मिक समूह के किसी व्यक्ति को सुसमाचार प्रस्तुत करने का अवसर ढूँढना याद रखें। जो वार्तालाप हुआ उसको अपने सहपाठियों के साथ साझा करने के लिए तैयारी करें। 2 - पृष्ठों की लिखित रिपोर्ट लिखें और इसे अपनी कक्षा के अगुवे को दें।

धर्मसिद्धान्त हस्तपुस्तिका

यह हस्तपुस्तिका कुछ ऐसे सिद्धान्तों के लिए बाइबल आधारित समर्थन उपलब्ध कराती है जो झूठे पंथों द्वारा अक्सर इन्कार कर दिए जाते हैं। इस हस्तपुस्तिका को सभी मसीही सिद्धान्तों को सम्मलित करने के उद्देश्य से तैयार नहीं किया गया है, और न सभी महत्वपूर्ण सिद्धान्त इसमें दिए गए हैं।

1. बाइबल धर्मसिद्धान्त के लिए पर्याप्त है।

यह क्यों मायने रखता है

कुछ मत जो मसीही होने का दावा करते हैं वे अपने सर्वाधिक महत्वपूर्ण सिद्धान्तों के लिए नये प्रकाशन पर निर्भर करते हैं। वे दावा करते हैं कि धर्मसिद्धान्त के लिए जो कुछ आवश्यक है उसमें से हर बात का समावेश बाइबल में नहीं है। परन्तु बाइबल यह दावा करती है कि इसका संदेश पर्याप्त है, इसलिए यदि कोई व्यक्ति पूरी तरह इसका अनुसरण करता है, तो उसका उद्धार होता है।

पवित्रशास्त्रीय गवाही

"आकाश और पृथ्वी का टल जाना व्यवस्था के एक बिन्दु के मिट जाने से आसान है" (लूका 16:17)। एक बिन्दु कलम का घसीटा जाना मात्र था। यह पद वचन कहता है कि परमेश्वर का वचन संरक्षित किया गया है।

"परमेश्वर के वचन के..... द्वारा नया जन्म पाया है, जो जीवित है और सदा बना रहता है। परमेश्वर का वचन हमेशा तक बना रहेगा। यही वह वचन है जो सुसमाचार के द्वारा तुम्हें सुनाया गया था" (1 पतरस 1:23-25)। परमेश्वर का वचन कभी निष्फल नहीं होगा, और यह सुसमाचार प्रस्तुत करता है। इसलिए, सुसमाचार उन सिद्धान्तों में नहीं मिलेगा जो पवित्रशास्त्र के बाहर से हैं या उसके विरोधाभासी हैं।

"आकाश और पृथ्वी टल जाएंगे परन्तु मेरी बातें कभी नहीं टलेंगीं" (मर. 13:31)। यीशु ने कहा कि उसके वचन कभी नष्ट नहीं होंगे।

"पवित्रशास्त्र तेरा जाना हुआ है, जो तुझे उद्धार के लिए बुद्धिमान बनाने में समर्थ है" (2 तीमुथियुस 3:15)।

"सम्पूर्ण पवित्रशास्त्र परमेश्वर की प्रेरणा से दिया गया है....ताकि परमेश्वर का जन सिद्ध बने" (2 तीमुथियुस 3:16.17)। बाइबल में वह सब कुछ पर्याप्त रूप से है जो किसी व्यक्ति को बिल्कुल वैसा बना सकता है जैसा परमेश्वर उसे बनाना चाहता है।

2. केवल एक ही परमेश्वर है।

यह क्यों मायने रखता है

एक रचयिता और पिता होने के कारण परमेश्वर आराधना के योग्य है। वह हमसे उस निष्ठा की मांग करता है जो हम किसी और के साथ न बाँटें। वह कहता है कि वह जलन रखने वाला परमेश्वर है (निर्गमन 34:14, व्यवस्थाविवरण 4:24, व्यवस्थाविवरण 5:9, व्यवस्थाविवरण 6:15)। परमेश्वर तब क्रोधित होता है जब हम उस आराधना को किसी और को देते हैं जिसका वह हकदार है (व्यवस्थाविवरण 32:16, 21)। जब एक धर्म यह सिखाता है कि एक से अधिक ईश्वर हैं, या मनुष्य ईश्वर बन सकता है, तो इसका परिणाम परमेश्वर की महिमा में से कुछ कम करना होता है जो सिर्फ उसी के लिए है।

पवित्रशास्त्रीय गवाही

"मुझसे पहले कोई परमेश्वर न हुआ और न मेरे बाद कोई होगा"(यशायाह 43:10)।

"मैं सबसे पहला हूँ और मैं ही अन्त तक रहूँगा; मुझे छोड़ कोई और परमेश्वर है ही नहीं" (यशायाह 44:6)।

"क्या मेरे अलावा कोई और परमेश्वर है? नहीं, कोई परमेश्वर नहीं, मैं किसी और को नहीं जानता" (यशायाह 44:8)।

इस सबूत के लिए कि कोई और परमेश्वर नहीं है यशायाह 45:5, 6, 14, 21-22, और यशायाह 46:9 भी देखें।

"आकाश परमेश्वर की महिमा का वर्णन कर रहा है, और आकाशमण्डल उसकी हस्तकला को प्रकट कर रहा है" (भ.सं. 19:1)। "जब मैं आकाश को जो तेरी उंगलियों का कार्य है, और चन्द्रमा और तारागण जो तू ने नियुक्त किए हैं, देखता हूँ; फिर मनुष्य क्या है कि तू उसका स्मरण रखे?" (भजन संहिता 8:3)। परमेश्वर सिर्फ इस पृथ्वी का ही परमेश्वर नहीं है पर वह पूरे विश्व का रचयिता और परमेश्वर है।

3. परमेश्वर पिता मनुष्य नहीं है।

यह क्यों मायने रखता है

कुछ धर्म यह कहते हैं कि परमेश्वर मनुष्य है उसका कारण यह है कि वे मनुष्य को परमेश्वर की तुलना में ऊँचा उठाना चाहते हैं। यह परमेश्वर की महिमा को कम करता है। परमेश्वर की जलन के बारे में ऊपर "केवल एक ही परमेश्वर है" के अन्तर्गत वचनों को देखें।

पवित्रशास्त्रीय सबूत

"परमेश्वर मनुष्य नहीं है कि झूठ बोले; न वह मनुष्य का पुत्र है कि पछताए" (गिनती 23:19)

"मैं परमेश्वर हूँ मनुष्य नहीं" (होशे 11:9)।

"वे अपने आपको बुद्धिमान जताकर मूर्ख बन गए, और अविनाशी परमेश्वर की महिमा को नाशवान मनुष्य की समानता में बदल डाला" (रोमियों 1:23)। परमेश्वर को मनुष्य के स्वरूप के समान बनाना मूर्तिपूजा है।

"यीशु ने उसे उत्तर दिया और कहा, 'हे शमौन योना के पुत्र, तू धन्य है; क्योंकि माँस और लहू ने नहीं परन्तु मेरे पिता ने जो स्वर्ग में है, यह बात तुझ पर प्रगट की है" (मत्ती 16:17)। यीशु के कथन के अनुसार पिता माँस और लहू नहीं है।

"परमेश्वर आत्मा है" (यूहन्ना 4:24)।

4. परमेश्वर कभी नहीं बदलता।

यह क्यों मायने रखता है

झूठे धर्मों के पास यह कहने का अलग कारण है कि परमेश्वर बदल सकता है। वे कहना चाहते हैं कि वह हमारी तरह एक मनुष्य था, जो कि मनुष्य को परमेश्वर के स्तर तक ऊँचा उठाता है। वे शायद यह कहना चाहते हों कि परमेश्वर में अच्छाई और बुराई दोनों हैं, या परमेश्वर गलती कर सकता है।

पवित्रशास्त्रीय सबूत

"मैं बदलता नहीं" (मलाकी 3:6)।

"अनादिकाल से अनन्तकाल तक तू ही परमेश्वर है" (भजन संहिता 90:2)।

"ज्योतियों का पिता जिसमें न तो कोई परिवर्तन हो सकता है और न अदल बदल के कारण उस पर छाया पड़ती है" (याकूब 1:17)

5. यीशु परमेश्वर है।

यह क्यों मायने रखता है

1. क्योंकि यीशु परमेश्वर है, उसके मृत्युरूपी बलिदान का मूल्य अनन्त है – पूरे संसार के पापों को क्षमा करने के लिए काफी है।

2. क्योंकि वह परमेश्वर है, उसमें हमें बचाने की शक्ति है; वह मार्ग, सत्य, और जीवन है।

3. क्योंकि वह परमेश्वर है, हमें पिता की तरह उसकी भी आराधना करनी चाहिए।

यदि एक धर्म कहता है कि यीशु को परमेश्वर के द्वारा रचा गया या वह एक मनुष्य था परमेश्वर नहीं, तो वे उससे वह आराधना छीन लेते हैं जिसका वह हकदार है। वे उद्धार के लिए अपना विश्वास पूरी तरह यीशु में रखने के बजाए एक अलग तरह के सुसमाचार में विश्वास करते हैं।

पवित्रशास्त्रीय सबूत

"मैं और मेरा पिता एक हैं" (यूहन्ना 10:30)।

"इससे पहले कि अब्राहम हुआ, मैं हूँ" (यूहन्ना 8:58)।

"सब मनुष्य जैसे पिता का आदर करते हैं वैसे ही पुत्र का भी आदर करें" (यूहन्ना 5:23)।

यीशु ने हर वस्तु की रचना की और हर वस्तु उसकी महिमा के लिए ही है (कुलुस्सियों 1:17)।

यीशु परमेश्वर का पूर्ण स्वरूप है और वह विश्व को अपनी सामर्थ से संभालता है (इब्रानियों 1:3)।

यीशु "पहला और अन्तिम" है, जो उपाधि परमेश्वर रखता है उसका दावा वह अपने लिए करता है (प्रकाशितवाक्य 1:8, 11, 17-18, यशायाह 44:6)।

अन्य संदर्भ जहाँ यीशु को परमेश्वर कहा गया हैः यूहन्ना 1:1, 14, प्रेरितों 20:28, तीतुस 2:13, यशायाह 9:6, 1 तीमुथियुस 3:16, और यूहन्ना 14:9 ।

वे पद जो दिखाते हैं कि यीशु में परमेश्वर के गुण थेः मत्ती 18:20, मत्ती 28:20, फिलिप्पियों 3:21, इब्रानियों 13:8, यूहन्ना 2:24-25, और मीका 5:2।

पद जो यह दिखाते हैं कि यीशु की आराधना की गई जैसे पिता की आराधना की जाती हैः इब्रानियों 1:6, 1 कुरिन्थियों 1:2, फिलिप्पियों 2:9-11 (यशायाह 45:22-23 के समान), प्रकाशितवाक्य 1:6, प्रकाशितवाक्य 5:12-13, और यूहन्ना 17:5 (देखें यशायाह 42:8, यशायाह 48:11)।

6. यीशु देहसहित मुर्दों में से जीवित हुआ।

यह क्यों मायने रखता है

कलीसिया के प्रारंभिक समय से ही पुनरुत्थान सुसमाचार का जरूरी हिस्सा था। प्रेरितों ने प्रचार किया कि यह साबित करता है कि यीशु परमेश्वर का पुत्र और जगत का उद्धारकर्ता है। उसका पुनरुत्थान यह साबित करता है कि उसका सुसमाचार हमें बचा सकता है और अनन्त जीवन दे सकता है।

पवित्रशास्त्रीय सबूत

यीशु ने अपने पुनरुत्थान की भविष्यवाणी की थीः "इस मन्दिर को ढा दो और मैं उसे तीन दिन में खड़ा कर दूँगा। यह उसने अपने शरीर के मन्दिर के बारे में कहा था।" (यूहन्ना 2:19.21)

अपने पुनरुत्थान के बाद यीशु ने अपने चेलों से कहाः "मेरे हाथ और पावों को देखो कि मैं वही हूँः मुझे छूकर देखो, क्योंकि आत्मा में हड्डी माँस नहीं होता जैसा तुम मुझ में देखते हो" (लूका 24:39)।

यीशु ने थोमा से कहा, "अपनी उँगली यहाँ लाकर मेरे हाथों को देख, और अपना हाथ लाकर मेरे पंजर में डालः और अविश्वासी नहीं परन्तु विश्वासी हो" (यूहन्ना 20:27)।

1 कुरिन्थियों 15:20-23 हमें बताता है कि जैसे यीशु को जिलाया गया वैसे ही मसीहियों को भी जिलाया जाएगा। पूरा अध्याय मसीहियत के लिए मसीह के शारीरिक पुनरुत्थान की जरूरत को दिखाता है। यदि मसीह नहीं जिलाया गया तो हमारे पास जिलाए जाने की आशा नहीं है, और इसलिए हमारा सुसमाचार व्यर्थ है (15:17)। यदि मसीह नहीं जिलाया गया तो हम भी नहीं जिलाए जाएंगे, और हम अभागे तथा अनन्त आशा से विहीन हैं (15:19)।

प्रेरितों ने पुनरुत्थान को सुसमाचार के आवश्यक भाग के रूप में प्रचार किया (प्रेरितों 2:31.32, प्रेरितों 3:15, प्रेरितों 4:10, प्रेरितों 10:40-41, प्रेरितों 13:30-37, प्रेरितों 17:31, और 26:8, 23।

7. पवित्र आत्मा परमेश्वर है।

यह क्यों मायने रखता है

जो मत पवित्र आत्मा के परमेश्वर होने का इन्कार करता है वह अक्सर त्रिएकत्व और मसीह के परमेश्वर होने का इन्कार करता है। एक व्यक्ति जो यह विश्वास नहीं करता कि पवित्र आत्मा परमेश्वर है वह उसकी आराधना नहीं करेगा और उसे वह आदर नहीं देगा जिसके वह योग्य है।

पवित्रशास्त्रीय सबूत

पवित्र आत्मा को परमेश्वर कहा गया है (प्रेरितों 5:4 और 2 कुरि. 3:17)।

पवित्र आत्मा के पास वह ज्ञान है जो केवल परमेश्वर के पास है: वह परमेश्वर को पूरी तरह समझता है (1 कुरिन्थियों 2:10-11) और उसने प्राचीन समयों में भविष्यद्वाणी की (1 पतरस 1:10-11, 2 पतरस 1:21)।

पवित्र आत्मा हर जगह उपस्थित है (भजन संहिता 139:7)।

पवित्र आत्मा को मसीह का आत्मा कहा गया है और वह हर विश्वासी के साथ उपस्थित है (रोमियों 8:9)।

पवित्र आत्मा वह कार्य करता है जो केवल परमेश्वर कर सकता है (लूका 24:49, यूहन्ना 16:8-11, इफिसियों 3:16, गलातियों 5:22-23)।

पवित्र आत्मा की निन्दा की जा सकती है (लूका 12:10)।

8. परमेश्वर त्रिएकता है।

यह क्यों मायने रखता है

जो लोग त्रिएकत्व का इन्कार करते हैं वे आम तौर पर इस बात का इन्कार करते हैं कि यीशु और पवित्र आत्मा परमेश्वर हैं, और उनकी आराधना नहीं करते। एक व्यक्ति सबसे बुरी गलती यह कर सकता है कि वह उसकी आराधना करे जो परमेश्वर नहीं है, या फिर जो परमेश्वर है उसकी आराधना करने में असफल हो जाए। जो मत इन्कार करता है कि यीशु परमेश्वर है वह नया सुसमाचार विकसित कर लेगा।

पवित्रशास्त्रीय सबूत

त्रिएकत्व का सिद्धान्त तीन तथ्यों से आता है।

1. बाइबल कहती है कि केवल एक ही परमेश्वर है।
2. बाइबल परमेश्वर के रूप में पिता, पुत्र, और पवित्र आत्मा के बारे में बात करती है।
3. पिता, पुत्र, और पवित्र आत्मा व्यक्तियों की तरह एक दूसरे से संवाद स्थापित करते हैं।

पहले दो तथ्यों के लिए पवित्रशास्त्रीय सबूत के लिए धर्मसिद्धान्त हस्तपुस्तिका के इन खण्डों को देखें जिनका शीर्षक है, "केवल एक ही परमेश्वर है," "यीशु परमेश्वर है," और "पवित्र आत्मा परमेश्वर है।"

पिता, पुत्र, और पवित्र आत्मा व्यक्तियों की तरह एक दूसरे से तथा विश्वासियों से वार्तालाप करते हैं इस बात के साक्ष्य के लिए देखें यूहन्ना अध्याय 14-16। यूहन्ना 14 में देखें पद 10-13, 16, 21, 23, 24, 26, 28, और 31। यूहन्ना 15 में देखें पद 1-2, 9, 10, 15, 23-24, और 26। यूहन्ना 16 में देखें पद 7, 10, 13-16, 26-28, और 32।

9. उद्धार केवल मसीह के प्रायश्चित के द्वारा है।

यह क्यों मायने रखता है

झूठे मत एक व्यक्ति को परमेश्वर की दया की खोज करने के लिए गलत दिशा दिखाते हैं। उद्धार प्राप्त करने के लिए केवल एक ही मार्ग है।

पवित्रशास्त्रीय सबूत

"कोई दूसरा नाम नहीं दिया गया.....जिसके द्वारा हमें उद्धार प्राप्त हो" (प्रेरितों 4:12)।

"उसके पुत्र यीशु का लहू हमें हमारे सब पापों से शुद्ध करता है" (1 यूहन्ना 1:7)।

"क्योंकि विश्वास के द्वारा अनुग्रह से तुम्हारा उद्धार हुआ है, यह तुम्हारी ओर से नहीं परन्तु परमेश्वर का दान है" (इफिसियों 2:8)।

"विश्वास के द्वारा धर्मी ठहरने के कारण हमारे प्रभु यीशु मसीह के द्वारा हमारा मेल परमेश्वर से हुआ है" (रोमियों 5:1)।

"उसके अनुग्रह से उस छुटकारे के द्वारा जो मसीह यीशु में है सेंतमेंत धर्मी ठहराए गये हैं" (रोमियों 3:24)।

"उसके लहू के कारण धर्मी ठहरने से हम उसके द्वारा परमेश्वर के क्रोध से बचेंगे" (5:9)।

"परमेश्वर का दान हमारे प्रभु यीशु मसीह के द्वारा अनन्त जीवन है" (रोमियों 6:23)।

10. केवल परमेश्वर की आराधना की जानी चाहिए

यह क्यों मायने रखता है

अगर एक व्यक्ति परमेश्वर के अलावा किसी और की आराधना करता है तो वह परमेश्वर का शत्रु है और शैतान की सामर्थ के अधीन है। यह संभव नहीं कि कोई उचित रीति से परमेश्वर की आराधना करे और किसी और की भी आराधना करे। मानवीय अगुवों, सन्तों या मरियम की आराधना गलत है। आत्माओं से प्रार्थना करना या उनकी आज्ञा मानना गलत है।

पवित्रशास्त्रीय सबूत

परमेश्वर ने अपने लोगों को किसी भी सूरत या मूरत के आगे सिजदा करने से मना किया (निर्गमन 20:4.5)। इसलिए हम जानते हैं कि किसी भी वस्तु की आराधना करना गलत है।

शैतान ने यीशु की परीक्षा की कि वह शैतान को दण्डवत् करे, परन्तु यीशु ने कहा कि यह लिखा है कि हमें सिर्फ परमेश्वर की आराधना करनी चाहिए और उसी की सेवा करनी चाहिए (मत्ती 4:10)। इसलिए हम जानते हैं कि शैतान की आराधना करना गलत है।

प्रेरित पौलुस ने कहा कि दुष्टात्माओं की आराधना करना परमेश्वर के क्रोध और जलन को भड़काना है (1 कुरि. 10:20-22)। इसलिए हम जानते हैं कि जो आत्माएं परमेश्वर के विरुद्ध हैं उनकी आराधना करना गलत है।

पौलुस प्रेरित ने कहा कि वे लोग जो स्वर्गदूतों की आराधना करते हैं वे धोखे में हैं (कुलुस्सियों 2:18)। इसलिए हम जानते हैं स्वर्गदूतों की आराधना करना गलत है।

प्रेरित पतरस ने कुरनेलियुस से कहा कि वह उसे दण्डवत न करे क्योंकि वह भी एक मनुष्य था (प्रेरितों 10:25-26)। इसलिए हम जानते हैं कि एक मनुष्य की आराधना करना गलत है।

11. हमें उद्धार विश्वास से प्राप्त होता है।

यह क्यों मायने रखता है

क्योंकि उद्धार पूरी तरह से मसीह के प्रायश्चित के द्वारा उपलब्ध कराया गया है, लोग उसे अर्जित करने के लिए कुछ नहीं कर सकते, यहाँ तक कि आंशिक रूप से भी नहीं। कोई भी मानवीय संगठन दूसरी शर्तें स्थापित करने के द्वारा किसी को उद्धार से वंचित नहीं कर सकता है।

पवित्रशास्त्रीय सबूत

"व्यवस्था के कामों के द्वारा कोई प्राणी धर्मी नहीं ठहराया जाएगा" (रोमियों 3:20)।

"मनुष्य व्यवस्था के कामों के बिना विश्वास से धर्मी ठहरता है" (रोमियों 3:28)।

"इसलिए यह विश्वास से है, ताकि यह अनुग्रह से हो" (रोमियों 4:16)।

"विश्वास के द्वारा धर्मी ठहरने के कारण हमारे प्रभु यीशु मसीह के द्वारा हमारा मेल परमेश्वर से है" (रोमियों 5:1)।

"जो कोई प्रभु का नाम लेगा वह उद्धार पाएगा" (प्रेरितों 2:21)।

"क्योंकि विश्वास के द्वारा अनुग्रह ही से तुम्हारा उद्धार हुआ है... यह परमेश्वर का दान है... कामों से नहीं" (इफिसियों 2:8-9)।

"यदि हम अपने पापों को मान लें, तो वह हमारे पापों को क्षमा करने और हमें सब अधर्म से शुद्ध करने में विश्वासयोग्य और धर्मी है" (1 यूहन्ना 1:9)।

"यदि कोई मनुष्य तुम्हें कोई और सुसमाचार प्रचार करे... तो वह श्रापित हो" (गलातियों 1:9)।

12. हम उद्धार का व्यक्तिगत निश्चय प्राप्त कर सकते हैं।

यह क्यों मायने रखता है

क्योंकि उद्धार परमेश्वर का नि:शुल्क उपहार है, जो विश्वास से मिलता है, और एक व्यक्ति जान सकता है कि वह बच गया है। यदि एक व्यक्ति परमेश्वर के सामने अपने पापों को मान लेता है, और परमेश्वर द्वारा मसीह के प्रायश्चित के आधार पर क्षमा के वादे पर विश्वास करता है, वह व्यक्ति विश्वास कर सकता है कि वह बच गया है। झूठे पंथ आम तौर पर लोगों को भय में रखते हैं।

पवित्रशास्त्रीय सबूत

"मैं ने तुम्हें ये बातें इसलिए लिखीं हैं.....ताकि तुम जान लो कि अनन्त जीवन तुम्हारा है" (1 यूहन्ना 5:13)।

"ताकि हमें न्याय के दिन साहस हो" (1 यूहन्ना 4:17)।

"तुम्हें लेपालकपन की आत्मा मिली है जिसमें हम अब्बा, पिता कहकर पुकारते हैं। आत्मा आप ही हमारी आत्मा के साथ गवाही देता है कि हम परमेश्वर की सन्तान हैं" (रोमियों 8:15-16)।

13. उद्धाररहित लोग अनन्त दण्ड भुगतेंगे।

यह क्यों मायने रखता है

यदि एक धर्म अनन्त दण्ड की वास्तविकता का इन्कार करता है, तो यह मनुष्य के चुनाव के महत्व को कम करता है, और परमेश्वर की व्यवस्था के प्रति आदर को कम करता है। यीशु ने नरक के बारे में कई बार बातें करने के द्वारा इस सिद्धान्त के महत्व को दिखाया।

पवित्रशास्त्रीय सबूत

यीशु ने एक धनवान के बारे में बताया जो मृत्यु के बाद नरक की आग में था (लूका 16:24)।

"उनकी यातना का धुँआ युगानयुग उठता रहेगा, और उन्हें रात दिन विश्राम न मिलेगा" (प्रकाशितवाक्य 14:11)।

"आग के अनन्त दण्ड में पड़ेंगे" (यहूदा 7)।

"श्रापित लोगों, मेरे सामने से अनन्त आग में चले जाओ" (मत्ती 25:41)।

"और ये अनन्त दण्ड भोगेंगे, परन्तु धर्मी अनन्त जीवन में प्रवेश करेंगे" (मत्ती 25:46)।

प्रश्नों का पुनरावलोकन

ये प्रश्न उन पाठों के लिए हैं जिनके अन्तर्गत धार्मिक समूह आते हैं।

कक्षा के एक सत्र के प्रारम्भ में शिक्षक इनमें से कुछ प्रश्नों पर पुनर्विचार कर सकते हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में दिया जा सकता है। ये प्रश्न छात्रों को प्रत्येक धार्मिक समूह के बारे में सबसे महत्वपूर्ण विवरण को याद रखने में सहायता करेंगे।

पाठ 3 – मॉर्मनवादवाद

1. मॉर्मनवादी दूसरी कलीसियाओं के बारे में क्या सोचते हैं?

2. मॉर्मनवादी मसीहियत के इतिहास के बारे में क्या विश्वास रखते हैं?

3. मॉर्मनवादी क्या मानते हैं कि यीशु अपने जन्म से पहले क्या था?

4. एक मॉर्मनवादी का अन्तिम लक्ष्य क्या है?

5. एक मॉर्मनवादी के लिए सर्वोच्च अधिकार कौन है?

पाठ 4 - यहोवा विट्नेस

1. यहोवा विट्नेस दूसरी कलीसियाओं के बारे में क्या सोचते हैं?

2. यहोवा विट्नेस पवित्र आत्मा के बारे में क्या विश्वास रखते हैं?यहोवा विट्नेस यीशु के बारे में कौन-सी झूठे मान्यताओं को सिखाते हैं?

3. यहोवा विट्नेस क्या मानते हैं कि एक व्यक्ति को उद्धार पाने के लिए क्या करना चाहिए?

पाठ 5 - इग्लेसिया नी क्रिस्टो

1. इग्लेसिया नी क्रिस्टो का अनुवादित नाम क्या है?

2. कौन से बड़ा पंथ सिद्धान्तों में इग्लेसिया नी क्रिस्टो के समान है?

3. इग्लेसिया नी क्रिस्टो की सबसे महत्वपूर्ण मान्यता क्या है?

4. इग्लेसिया नी क्रिस्टो यीशु के बारे में क्या शिक्षा देते हैं?

5. इग्लेसिया नी क्रिस्टो के अनुसार, एक व्यक्ति को उद्धार के लिए कौन से दो काम करने चाहिए?

पाठ 6 - ईस्टर्न लाइटनिंग अर्थात् पूर्वी दिशा का प्रकाश

1. ईस्टर्न लाइटनिंग पंथ का अधिकारिक नाम क्या है?

2. ईस्टर्न लाइटनिंग यीशु के बारे में क्या सिखाती है?

3. ईस्टर्न लाइटनिंग के अनुसार, एक व्यक्ति को कैसे उद्धार पाता है?

पाठ 7 - प्रॉस्पैरिटी थ्योलॉजी अर्थात् सुख-समृद्धि वाला ईशविज्ञान

1. सुख-समृद्धि वाले ईशविज्ञान के प्रचारक विश्वास के बारे में अपनी शिक्षा में किस बात पर जोर देते हैं?

2. सुख-समृद्धि वाले ईशविज्ञान के अनुसार विश्वास क्या है?

3. सुख-समृद्धि वाले ईशविज्ञान के अनुसार, ईश्वर कौन है?

4. सुख-समृद्धि वाले ईशविज्ञान के अनुसार, लोग क्या हैं?

पाठ 8 - अनधिकृत प्रकाशन वाले पंथ

1. अनधिकृत प्रकाशन वाले पंथ लोगों की भावनात्मक और आत्मिक जरूरतों को पूरा करने का प्रयास कैसे करते हैं?

2. अनधिकृत प्रकाशन वाले पंथ बाइबल का दुरुपयोग कैसे करते हैं?

3. बाइबल में पाई जाने वाली भविष्यसूचक संबंधित लेखों का सबसे बड़ा विषय क्या है?

4. अनधिकृत प्रकाशन वाले पंथ कैसे विनाशकारी हैं?

पाठ 9 – हिन्दू धर्म

1. हिन्दुओं के अनुसार ब्रह्म क्या है?

2. हिन्दू धर्म के देवताओं का नैतिक चरित्र एक सच्चे ईश्वर के नैतिक चरित्र से कैसे भिन्न है?

3. एक हिन्दू का अंतिम लक्ष्य क्या है?

4. यीशु के बारे में हिन्दू दृष्टिकोण क्या है?

पाठ 10 – बौद्ध धर्म

1. बौद्ध अनुयायियों के अंतिम लक्ष्य के नाम बताएँ और इसे परिभाषित करें।

2. बौद्ध अनुयायी ईश्वर के बजाय किसमें विश्वास करते हैं?

3. जीवन में दुखों के लिए बौद्ध अनुयायियों के पास क्या स्पष्टीकरण है?

4. बौद्ध अनुयायी मानसिक और आत्मिक अभ्यास क्यों करते हैं?

पाठ 11 – ताओवाद

1. ताओवादी किससे प्रार्थना करते हैं?

2. ताओवादियों का सर्वोच्च ईश्वर कौन है?

3. एक ताओवादी का लक्ष्य क्या है?

4. ताओवाद के अनुसार यीशु कौन है?

पाठ 12 – इस्लाम

1. इस्लाम के ख़ुदा, नबी, और पवित्र पुस्तक का नाम बताएं

2. मुसलमान यीशु के बारे में कौन-सी झूठी मान्यताएँ थामे हुए हैं?

3. बाइबल के बारे में मुस्लिम क्या विश्वास रखते हैं?

4. उद्धार के बारे में मुस्लिम क्या विश्वास रखते हैं?

पाठ 13 - यहूदी धर्म

1. कौन सा ग्रन्थ यहूदियों और मसीहियों में सामान्य है?

2. यहूदियों के अनुसार यीशु कौन था?

3. यहूदी किसी प्रकार के मसीह के आगमन की अपेक्षा कर रहे हैं?

4. यहूदियों में उद्धार को किस नज़रिये से देखा जाता है?

पाठ 14 – नया युगवादी धर्म

1. नए युगवादी दूसरे धर्मों को किस प्रकार देखते हैं?

2. परमेश्वर के बारे में नए युगवाद का क्या नजरिया है?

3. नए युगवादी धर्म के लोग आलौकिक तत्वों के साथ किस तरह से व्यवहार करते हैं?

4. नया युगवाद के अनुयायी यीशु के बारे में क्या विश्वास रखते हैं?

5. पाप के बारे में नया युगवाद के अनुयायी क्या विश्वास रखते हैं?

6. उद्धार के बारे में नया युगवाद के अनुयायी क्या विश्वास रखते हैं?

पाठ 15 - जीववाद

1. क्या जीववादी मान्यताएँ एक विशेष धर्म तक ही सीमित हैं? समझाएँ।

2. जीववादी धर्म के लोग किस प्रकार से आत्माओं से बातचीत करते हैं?

3. जीववादी परमेश्वर से प्रार्थना क्यों नहीं करते हैं?

4. एक अन्धविश्वास क्या होता है?

5. एक मसीही अंधविश्वास से क्यों बंधा हुआ नहीं है?

पाठ 16 – वूडू

1. वूडू भक्त किसकी पूजा करते हैं?

2. वूडू उपासना सभा में एक भक्त का लक्ष्य क्या होता है?

3. वूडू धर्म किस चर्च के अनुष्ठानों, चित्रों और संत के नामों का इस्तेमाल करता है?

4. वूडू के अनुष्ठानों में इस्तेमाल की जाने वाली चीज़ों के उदाहरण बताएं?

पाठ 17 - सैवेन्थ डे ऐडवेन्टिज्म

1. वह कौन सी प्रमुख शिक्षा है जो ऐडवेन्टिस्टवादियों को अन्य कलीसियाओं से अलग करती है?

2. परमेश्वर के बारे में ऐडवेन्टिस्टवादी दृष्टिकोण क्या है?

3. उद्धार के बारे में ऐडवेन्टिस्टवादी दृष्टिकोण क्या है?

4. ऐडवेन्टिस्टवादी क्या मानते हैं कि पुनरुत्थान के समय लोगों का क्या होगा?

पाठ 18 - रोमन कैथोलिकवाद

1. रोमन कैथोलिक अपने नाम में किस चीज़ का दावा करते हैं?

2. रोमन कैथोलिकवादियों पर मूर्तिपूजा का आरोप क्यों लगाया जाता है?

3. परमेश्वर के बारे में रोमन कैथोलिकवादी क्या विश्वास रखते हैं?

4. उद्धार का रोमन कैथोलिकवादी दृष्टिकोण क्या है?

5. परगेटरी यानी पापशोधन स्थल संबंधी रोमन कैथोलिक शिक्षा क्या है?

पाठ 19 - ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी अर्थात् पूर्वी कट्टरवाद

1. ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी चर्च का नाम क्या दावा करता है?

2. ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी चर्च का परमेश्वर के बारे में क्या दृष्टिकोण है?

3. ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी के अनुयायी संतों से प्रार्थना क्यों करते हैं?

4. ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्स चर्च बाइबल के बारे में क्या सिखाती है?

5. ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी की शिक्षा के अनुसार थियोसिस में क्या होता है?

पाठ 20 - संयुक्त पेन्टिकोस्टलवाद

1. यीशु के बारे में संयुक्त पेन्टिकोस्टलवादी दृष्टिकोण क्या है?

2. संयुक्त पेन्टिकोस्टलवाद के अनुसार, एक व्यक्ति के पास उद्धार के लिए कौन सी बातें आश्यक रूप से होनी चाहिए?

3. मसीही जीवन के बारे में संयुक्त पेन्टिकोस्टलवाद क्या विश्वास रखते हैं?

4. बाइबल के बारे में संयुक्त पेन्टिकोस्टलवाद क्या विश्वास रखते हैं?

सुझावित संसाधन

जिन विषयों पर इस लेख में विचार-विमर्श किया गया है उनके बारे में और अधिक अध्ययन करने के लिए निम्नलिखित संसाधनों को देखें।

सुसमाचार प्रचार

कोलमैन, रॉबर्ट. द मास्टर प्लान ऑफ इवैंजेलिज्म। एडीएः रेवेल, 2010।

कम्फर्ट, रे. *हैल्स बैस्ट कैप्ट सीक्रेट।* न्यू कैन्सिन्गटनः व्हिटेकर हाउस, 2004।

लिटल, पॉल। *हाउ टू गिव अवे योर फेथ।* डोनर्स ग्रोवः आईवीपी बुक्स, 2019।

मॉर्मनवादवाद

मार्टिन, वाल्टर एण्ड रवी जकरियाज. *द किंगडम ऑफ द कल्ट्स।* ब्लूमिन्गटनः बैथेनी हाउस पब्लिशर्स, 2003.

गाइज्लर, नॉर्मन एण्ड विलियम निक्स. *फ्रॉम गॉड टू अस रिवाइज्ड एण्ड ऐक्स्पैन्डिडः* हाउ वी गॉट अवर बाइबल। शिकागोः मूडी पब्लिशर्स, 2012।

जिन पुस्तकों की सिफारिश यहोवा विट्नेस, इगलेसिया नी क्रिस्टो, और ईस्टर्न लाइटनिंग पर पाठों के लिए की गई है, वे भी इस पाठ के लिए प्रासंगिक हैं।

यहोवाज विट्नेस

स्ट्रोबल, ली। द केस फॉर क्राइस्टः *ए जर्नलिस्ट्स पर्सनल इन्वैस्टिगेशन ऑफ द ऐविडैन्स फॉर जीसस। ग्रान्ड रैपिड्सः* ज़ॉन्डरवैन, 2016.

कार्लसन, रोन एण्ड ऐड डेकर। *फास्ट फैक्ट्स ऑन फॉल्स टीचिंग्स।* यूजीनः हार्वेस्ट हाउस पब्लिशर्स, 2003।

जिन पुस्तकों की सिफारिश मोरमोनिज्म, इग्लेसिया नी क्रिस्टो, और ईस्टर्न लाइटनिंग पर पाठों के लिए की गई है वे इस पाठ के लिए भी प्रासंगिक हैं।

इग्लेसिया नी क्रिस्टो

स्ट्रोबल, ली। *द केस फॉर ईस्टरः ए जर्नलिस्ट इन्वैस्टिगेट्स द ऐविडैन्स फॉर द रिजरैक्शन।* ग्रैंड रैपिड्सः ज़ॉन्डरवैन, 2018।

मैक्डॉवल, जॉश एण्ड बॉब हॉस्टैट्लर। *बियॉन्ड बिलीफ टू कन्विक्शन्स।* कैरल स्ट्रीमः टिन्डेल हाउस पब्लिशर्स, इंक., 2002।

जिन पुस्तकों की सिफारिश मोरमोनिज्म, यहोवा विट्नेस, और ईस्टर्न लाइटनिंग पर पाठों के लिए की गई है वे इस पाठ के लिए भी प्रासंगिक हैं।

ईस्टर्न लाइटनिंग अर्थात् पूर्वी दिशा का प्रकाश

स्ट्रोबल, ली। *द केस फॉर द रीयल जीससः ए जर्नलिस्ट इन्वैस्टिगेट्स करंट अटैक्स ऑन द आइडैन्टिटी ऑफ क्राइस्ट।* ग्रान्ड रैपिड्सः ज़ॉन्डरवैन, 2009।

हैथवे, पॉल। *चाइनाज क्रिश्चियन मार्टर्स।* ग्रान्ड रैपिड्सः क्रेगेल पब्लिकेशन्स, 2007।

जिन पुस्तकों की सिफारिश मोरमोनिज्म, यहोवा विट्नेस, और इग्लेसिया नी क्रिस्टो पर पाठों के लिए की गई है वे इस पाठ के लिए भी प्रासंगिक है।

प्रॉस्पैरिटी थियोलॉजी अर्थात् सुख-समृद्धि वाला ईशविज्ञान

हैनेग्राफ, हैन्क। *क्रिश्चियैनिटी इन क्राइसिस।* नैशविलीः थॉमस नैल्सन, 2012।

गिब्सन, स्टीफेन। *प्रॉस्पैरिटी प्रॉफेट्स।* सालेमः आलेगेनी पब्लिकेशन्स, 2006।

साइडर, रोनाल्ड. *द स्कैन्डल ऑफ द इवैन्जेलिकल कॉन्शिऐन्स।* एडीएः बेकर बुक्स, 2005।

अनधिकृत प्रकाशन वाले धार्मिक पंथ

बर्ड, मार्क, ऐलेन ब्रॉउन, फिलिप ब्रॉउन, बेन डर, स्टीफिन गिब्सन, डैनिएल ग्लिक, रिचर्ड माइल्स, और लैरी स्मिथ। आई बिलीवः *फन्डामेन्टल्स ऑफ द क्रिश्चयन फेथ। सिनसिनाटीः* रिवाइवलिस्ट प्रैस, 2006।

लैड्ड, एल्डोन। द ब्लैस्ड् होप। ग्रान्ड रैपिड्सः ईयर्डमैन्स, 1990।

हिन्दू धर्म

स्ट्रोबल, ली। *द केस फॉर फेथः ए जर्नलिस्ट इन्वैटिगेट्स द टफैस्ट ऑब्जैक्शन्स टू क्रिश्चियैनिटी।* ग्रान्ड रैपिड्सः ज़ॉन्डरवैन, 2014।

ज़करियास, रवी। *वार्किंग फ्रॉम ईस्ट टू वैस्ट।* ग्रैंड रैपिड्सः ज़ॉन्डरवैन, 2010।

जिन पुस्तकों की सिफारिश बुद्धिज्म, ताओज्म, इस्लाम, और जूडियाज्म पर पाठों के लिए की गई है वे इस पाठ के लिए भी प्रासंगिक हैं।

बौद्ध धर्म

स्ट्रोबल, ली। *द केस फॉर ए क्रिएटरः ए जर्नलिस्ट्स इन्वैस्टिगेट्स साइन्टिफिक ऐविडैन्स दैट पॉइन्ट्स टुवार्ड गॉड।* ग्रैंड रैपिड्सः ज़ॉन्डरवैन, 2014।

ज़करियास, रवी। *द लोटस एण्ड द क्रॉसः जीसस टॉक्स् विथ बुद्धा।* कोलोराडो स्प्रिंग्सः मल्टनोमा, 2010।

जिन पुस्तकों की अनुशंसा हिन्दू धर्म, ताओवाद, इस्लाम, यहूदीवाद से संबंधित अध्यायों के लिए की गई है, वे भी इस अध्याय के लिए प्रासंगिक हैं।

ताओवाद

ज़करियास, रवी। *जीसस अमॉन्ग अदर गॉड्सः द ऐब्सोल्यूट क्लेम्स ऑफ द क्रिश्चियन मैसेज।* न्यू यॉर्कः डब्ल्यू पब्लिशिंग ग्रुप, 2002।

गाइज्लर, नॉर्मन। *क्रिश्चियन अपोलॉजैटिक्स।* एडीएः बेकर अकैडमिक, 2013।

जिन पुस्तकों की अनुशंसा हिन्दू धर्म, बौद्ध धर्म, इस्लाम, यहूदीवाद से संबंधित अध्यायों के लिए की गई है, वे भी इस अध्याय के लिए प्रासंगिक हैं।

इस्लाम

ज़करियास, रवी। *लाइट इन द शैडो ऑफ जिहाद।* कोलोराडो स्प्रिंग्सः मल्टनोमा, 2002।

रोहड्स, रोन। *रीजनिंग फ्रॉम द स्क्रिप्चर्स विथ मुस्लिम्स्।* यूजीनः हार्वेस्ट हाउस पब्लिकेशर्स, 2002।

जिन पुस्तकों की अनुशंसा हिन्दू धर्म, बौद्ध धर्म, इस्लाम, यहूदीवाद से संबंधित अध्यायों के लिए की गई है, वे भी इस अध्याय के लिए प्रासंगिक हैं।

यहूदी धर्म

मैक्डॉवल, जॉश। *मोर दैन ए कारपेन्टर।* कैरल स्ट्रीमः टिन्डेल मोमेन्टम, 2009।

काइजर, वाल्टर सी। *द मसीहा इन द ओल्ड टैस्टामेन्ट।* ग्रान्ड रैपिड्सः ज़ॉन्डरवैन, 1995।

जिन पुस्तकों की अनुशंसा यहोवा विट्नेस और इग्लेसिया नी क्रिस्टो से संबंधित अध्यायों के लिए की गई है, वे भी इस अध्याय के लिए प्रासंगिक हैं।

वेबसाइट 'ज्यूस फॉर जीसस' मसीहियत के लिए सबूतों को तथा आपत्तियों के उत्तर उपलब्ध कराती है, विशेष रूप से यहूदियों के लिए, JewsforJesus.org.

अन्य सेवकाई जो लेख तथा जानकारी उपलब्ध कराती है वह 'चोसून पीपल मिनिस्ट्रीज है, chosenpeople.com.

नव युगवादी धर्म

गाइज्लर, नॉर्मन और रोनाल्ड एम। ब्रूक्स. *व्हेन स्कैप्टिक्स आस्क्सः ए हैन्डबुक ऑन क्रिश्चियन ऐविडैन्सेस्।* एडीएः बेकर बुक्स, 1990।

चैस्टर्टन, जी. के. *द ऐवरलास्टिंग मैन।* ब्रुकलिनः ऐन्जेलिको प्रैस, 2013।

लुईस, सी. ऐस. *द अबॉलिशन ऑफ मैन।* सैन फ्रांसिस्कोः हार्परवन, 2015।

जिन पुस्तकों की अनुशंसा यहोवा विट्नेस और इग्लेसिया नी क्रिस्टो और ईस्टर्न लाइटनिंग अर्थात् पूर्वी दिशा का प्रकाश से संबंधित अध्यायों के लिए की गई है, वे भी इस अध्याय के लिए प्रासंगिक हैं।

जीववाद

रिचर्डसन, डॉन। *पीस चाइल्ड।* ब्लूमिंग्टनः बैथेनी हाउस पब्लिशर्स, 2005।

रिचर्डसन, डॉन। *इटरनिटी इन दैयर हार्ट्स।* ब्लूमिंग्टनः बैथेनी हाउस पब्लिशर्स, 2006।

वूडू

स्पर्जियन, चार्ल्स और रॉबर्ट हॉल। *स्प्रिचुअल वारफेयर इन ए बिलीवर्स लाइफ़।* वाई डब्ल्यू ए ऐम पब्लिशिंग, 1993।

मिडल्टन, डेविड। *विक्टरी ओवर द फोर्सेस ऑफ डार्कनैस। सालेमः* आलेगनी पब्लिकेशन्स, 2010।

सैवेन्थ डे ऐडवैन्टिज्म

कार्सन, डी. ए. *फ्रॉम सबथ टू लॉर्ड्स् डेः ए बिब्लीकल, हिस्टॉरिकल, एण्ड थियोलॉजिकल इन्वैस्टिगेशन।* यूजीनः डब्ल्यूपीआईऐफ एण्ड स्टॉक, 2000।

कैथोलिकवाद

नोल, मार्क। *टर्निंग पॉइन्ट्सः डिसाइसिव मोमेन्ट्स इन द हिस्टरी ऑफ क्रिश्चियैनिटी। एडीएः* बेकर अकैडमिक, 2012।

जिन पुस्तकों की अनुशंसा ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी अर्थात् पूर्वी कट्टरवाद से संबंधित अध्यायों के लिए की गई है, वे भी इस अध्याय के लिए प्रासंगिक हैं।

ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्सी अर्थात् पूर्वी कट्टरवाद

गॉन्ज़ालेज़, जस्टो। *ए हिस्ट्री ऑफ क्रिश्चियन थॉट, वॉल्यूम 1: फ्रॉम द बिगिनिंग्स टू द काउंसिल ऑफ चैल्डियन। नैशविलीः* ऐबिंग्डन प्रैस, 1987।

जिन पुस्तकों की सिफारिश रोमन कैथोलिकवाद पर पाठों के लिए की गई है वे इस पाठ के लिए भी प्रासंगिक हैं।

संयुक्त पेन्टिकोस्टलवाद

टेलर, रिचर्ड। *व्हाट डज़ इट मीन टू बी फिल्ड विथ होली स्पिरिट?* बोस्टनः बीकन हिल प्रैस, 2011।

वैस्ली, *जॉन। जॉन वैस्ली फॉर द ट्वेंटी फर्स्ट सेंचुरी।* ऐडिटेड बाइ स्टीफेन गिब्सन। सालेमः आलेगनी पब्लिकेशन्स, 2000।

निर्धारित कार्योंका लेखा

छात्र का नाम _____

नीचे दी हुई तालिका में वे प्रथमाक्षर लिखें जब प्रत्येक लिखित सूचना जमा की गई। शेपर्ड ग्लोबल क्लासरूम से प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए सभी कार्यभार सफलता पूर्वक पूरे किए जाने आवश्यक हैं।

	वार्तालाप तिथि	धार्मिक समूह जिस पर विचार-विमर्श किया गया	लिखित सूचना जमा की गई
1			
2			
3			
4			
5			
6			
7			
8			
9			
10			

शेपर्ड ग्लोबल कक्षा से समापन प्रमाणपत्र हमारे वेबपेज www.shepherdsglobal.org पर दिए गए पृष्ठ को पूर्ण करते हुए निवेदन किए जा सकते हैं। शिक्षकों तथा सहायकों को जो अपने विद्यार्थी(र्थियों) के पक्ष में आवेदपत्र पूर्ण करेंगे, प्रमाणपत्र ऐसजीसी के अध्यक्ष की ओर से डिजिटली दिए जाएंगे।

पवित्रशास्त्र से उद्धृत वचन

उत्पत्ति 1, 23, 80, 109, 110

उत्पत्ति 3, 23, 87, 95

उत्पत्ति 49, 118

निर्गमन 20, 154, 180

निर्गमन 22, 125

निर्गमन 34, 174

लैव्यव्यवस्था 19, 125

लैव्यव्यवस्था 20, 125

गिनती 23, 175

व्यवस्थाविवरण 4, 174

व्यवस्थाविवरण 5, 174

व्यवस्थाविवरण 6, 174

व्यवस्थाविवरण 18, 28, 40, 73, 77, 125

व्यवस्थाविवरण 32, 174

1 शमूएल 2, 65

1 राजा 20, 130

नहेम्याह 2, 41

ऐस्तर 2, 41

भजन संहिता 8, 174

भजन संहिता 16, 97, 99, 102

भजन संहिता 19, 121, 127

भजन संहिता 24, 65

भजन संहिता 51, 118

भजन संहिता 90, 176

भजन संहिता 119, 82

भजन संहिता 139, 178

भजन संहिता 52, 118

भजन संहिता 145, 135, 140

भजन संहिता 147, 129, 133

यशायाह 1, 118, 124

यशायाह 5, 123

यशायाह 8, 122

यशायाह 9, 116, 177

यशायाह 40, 107

यशायाह 41, 27, 36, 49, 131

यशायाह 42, 177

यशायाह 43, 49, 174

यशायाह 44, 174, 177

यशायाह 45, 174, 177

यशायाह 46, 49, 79, 85, 174

यशायाह 47, 125

यशायाह 48, 177

यशायाह 52, 113, 118, 119

यशायाह 53, 118, 156

यशायाह 55, 26

यशायाह 59, 24, 118

यर्मियाह 10, 80

यर्मियाह 17, 122

यहेजकेल 18, 26

यहेजकेल 33, 26

दानियेल 2, 75

दानियेल 4, 75

दानियेल 6, 41, 75

दानियेल 7, 75

होशे 11, 175

मीका 5, 118, 177

मलाकी 3, 175

मत्ती 1, 32
मत्ती 3, 26
मत्ती 4, 180
मत्ती 5, 30, 34
मत्ती 6, 64, 69, 89, 98
मत्ती 10, 130
मत्ती 16, 11, 12, 175
मत्ती 18, 177
मत्ती 24, 34, 73, 77
मत्ती 25, 33, 143, 183
मत्ती 28, 177

मरकुस 1, 26
मरकुस 5, 139
मरकुस 13, 56, 71, 77, 173

लूका 1, 32
लूका 4, 80
लूका 9, 40
लूका 10, 41
लूका 12, 178
लूका 16, 156, 173, 183
लूका 17, 56
लूका 24, 177, 178

यूहन्ना 1, 32, 100, 177
यूहन्ना 2, 177
यूहन्ना 3, 25
यूहन्ना 4, 11, 175
यूहन्ना 5, 110, 113, 176
यूहन्ना 8, 176
यूहन्ना 10, 89, 110, 176
यूहन्ना 11, 25, 154
यूहन्ना 13, 170
यूहन्ना 14, 100, 110, 167, 171, 177,179
यूहन्ना 15, 142, 179
यूहन्ना 16, 18, 178,179
यूहन्ना 17, 74, 177
यूहन्ना 20, 25, 178

प्रेरितों के काम 2, 26, 41, 178, 181
प्रेरितों के काम 3, 178
प्रेरितों के काम 4, 178, 180
प्रेरितों के काम 5, 178
प्रेरितों के काम 8, 41, 137
प्रेरितों के काम 10, 178, 181
प्रेरितों के काम 13, 137, 178
प्रेरितों के काम 15, 137
प्रेरितों के काम 16, 99
प्रेरितों के काम 17, 23, 136, 178
प्रेरितों के काम 19, 126, 130
प्रेरितों के काम 20, 147, 177
प्रेरितों के काम 26, 178

रोमियों 1, 25, 175
रोमियों 2, 116
रोमियों 3, 24, 89, 115, 116, 180, 181
रोमियों 4, 156, 181
रोमियों 5, 25, 180, 181
रोमियों 6, 180
रोमियों 8, 67, 161, 169, 171, 178, 182
रोमियों 10, 26, 115
रोमियों 11, 115, 117
रोमियों 14, 24, 147

1 कुरिन्थियों 1, 162, 177
1 कुरिन्थियों 2, 17,178
1 कुरिन्थियों 4, 66
1 कुरिन्थियों 10, 18, 136, 181
1 कुरिन्थियों 12, 169
1 कुरिन्थियों 14, 43
1 कुरिन्थियों 15, 177
1 कुरिन्थियों 16, 147

2 कुरिन्थियों 3, 178
2 कुरिन्थियों 4, 17, 28
2 कुरिन्थियों 11, 63, 70
2 कुरिन्थियों 13, 162

गलातियों 1, 34, 182
गलातियों 3, 30, 116, 138

गलातियों 5, 149, 178

गलातियों 6, 137

इफसियों 2, 24, 25, 33, 156, 180, 181

इफसियों 3, 178

इफसियों 5, 57, 91, 109

फलिप्पियों 2, 177

फलिप्पियों 3, 177

कुलुस्सियों 1, 43, 100, 176

कुलुस्सियों 2, 115, 147, 181

1 थस्सिलुनकियों 1, 154, 159, 165

1 थस्सिलुनकियों 3, 90

1 थस्सिलुनकियों 5, 124

2 थस्सिलुनीकयों 2, 75

2 थस्सिलुनीकयों 3, 82

1 तीमुथियुस 1, 17, 81, 141, 149

1 तीमुथियुस 2, 154

1 तीमुथियुस 3, 11, 12, 177

1 तीमुथियुस 4, 17, 18, 83, 143

1 तीमुथियुस 6, 67

2 तीमुथियुस 2, 11, 12, 28

2 तीमुथियुस 3, 55, 56, 61,174

2 तीमुथियुस 4, 64

तीतुस 1, 11, 12, 28, 29

तीतुस 2, 151, 158, 177

तीतुस 3, 18, 57, 74

इब्रानियों 1, 39, 45, 176, 177

इब्रानियों 4, 154

इब्रानियों 9, 24, 81

इब्रानियों 11, 64, 67, 161

इब्रानियों 12, 67

इब्रानियों 13, 177

याकूब 1, 109, 176

याकूब 2, 137

याकूब 3, 57

1 पतरस 1, 28, 107, 162, 173, 178

1 पतरस 3, 11, 109

2 पतरस 1, 74, 163, 178

2 पतरस 2, 17

1 यूहन्ना 1, 26, 105, 109, 112, 180, 181

1 यूहन्ना 2, 25, 40

1 यूहन्ना 3, 155

1 यूहन्ना 4, 88, 182

1 यूहन्ना 5, 89, 182

यहूदा , 11, 12, 58, 118, 183

प्रकाशतिवाक्य 1, 25, 43, 47, 53, 75, 147, 177

प्रकाशतिवाक्य 5, 177

प्रकाशतिवाक्य 6, 75

प्रकाशतिवाक्य 7, 49

प्रकाशतिवाक्य 10, 89

प्रकाशतिवाक्य 11, 75

प्रकाशतिवाक्य 13, 145

प्रकाशतिवाक्य 14, 183

प्रकाशतिवाक्य 17, 75

प्रकाशतिवाक्य 19, 75

प्रकाशतिवाक्य 20, 24

प्रकाशतिवाक्य 21, 41

प्रकाशतिवाक्य 22, 82, 100

अनुक्रमणिका

अथनासियन का विश्वास वचन, 135
अधीनता, 105
अल्लाह, 105, 106
अवेक, 39
इस्लाम के पाँच स्तम्भ, 108
ओझा, 131
ओरिएन्टल ऑर्थोडॉक्स चर्च, 165
कर्म, 82, 84, 89, 123, 125
काफिर, 105
कार्डिनल्स, 152
क़ुरान, 106
गवाहियाँ, 144
गॉड्स मैसेज, 48
चर्च ऑफ़ ऑलमाइटी गॉड, 55
चर्च ऑफ क्राइस्ट, 48
चार आर्य सत्य, 90
चाल्सीदोन का विश्वास वचन, 51
चाल्सीदोन की परिषद, 166
जकात, 108
जादुई, 28
जादू, 136
जादू टोना, 125, 136
जादू-टोने, 122, 125, 161
जायन्स वॉच टावर ट्रैक्ट सोसाइटी, 39
जूहांगज़ी, 97
जेड सम्राट, 99
झूठे धर्म की उत्पत्ति, 17
तत्व-रूपान्तरण, 154
ताओ, 99
ताओ जैंग, 98
ताओ टी चिंग, 97
तालमुद, 114
थियोसिस, 162
दंड-मोचन पत्र, 155
द न्यू वर्ल्ड ट्रांसलेशन, 43
ध्यान, 89, 125
निकिया का विश्वास वचन, 92
निर्वाण, 82, 89, 90
निष्कलंक गर्भाधान, 154
नीकया का विश्वास-वचन, 42
नीकिया का विश्वास कथन, 75
नीकिया का विश्वास वचन, 58, 114, 126, 132
पंथों के सामान्य लक्षण, 18
परगेटरी, 155, 162
पशु के चिन्ह, 144
पासुगो, 48
पुनर्जन्म, 81, 89, 123
पूर्वी धर्म, 123
पूर्वी धर्मों, 102, 125
प्रथम सिद्धान्त, 99
प्रबुद्ध, 88
प्रेरितों का विश्वास कथन, 80
प्रेरितों का विश्वास वचन, 34, 106

फालुन गौंग, 102
बिघ्रम यंग, 28
बोलने, 168
ब्रह्म, 80
मनन, 83
मसीही यूहदी, 115
मिलराइट्स, 142
मॉर्मनवाद की पुस्तक, 28
मोरोनी, 30
मोहम्मद, 105
यिन ओर याँग, 100
यूआन-शीश तिआन-त्सून, 99
यू-हयूआंग, 99
योगा, 83
रूपान्तरण के सिद्धान्त, 162
लक्षण, 20
लाइटनिंग फ्रॉम द ओरिएंट, 56
लैटर-डे, 27
लोग
केनेथ कोपलैंड, 64
केनेथ हेगिन, 64
गौतम, सिद्धार्थ, 87
जियांगबिन, यांग, 56
डेंग, लाइटनिंग, 56
बेन्नी हिन्न, 64
मनालो, फेलिक्स, 48
माइल्स मुनरों, 64
मिलर, विलियम, 141
मॉरिस क्रूलो, 64
रस्सेल, चार्ल्स, 39
लाओजी, 97
वीशान, झाओ, 56
व्हाइट, ऐलन, 144
स्मिथ, जोसेफ, 27
हीराम ऐडसन, 142
विश्वास का आंदोलन, 63
विश्वास के आंदोलन का वचन', 63
वेद, 80
वोडुन, 135
शरिया कानून, 108
शाहदा, 108
शिव, 80
सर्वश्वरवादी, 123
सर्वेश्वरवाद, 90
सलातः, 108
सिद्धांत और वाचाएँ, 31
सूरा, 106
सौम, 108
स्मृति चिन्ह, 154, 161
हज, 108

शेपर्डस ग्लोबल क्लासरूम पाठ्यक्रम विवरण

धर्मसैद्धांतिक बुनियादी पाठ्यक्रम

मसीही विश्वास

यह वचन की शिक्षाओं पर आधारित एक व्यवस्थित पाठ्यक्रम है जो बाइबल, परमेश्वर, मनुष्य, पाप, मसीह, उद्धार, पवित्रआत्मा, कलीसिया और अंतिम दिनों की बातों के बारे में मसीही सिद्धांतों का वर्णन करता है।

रोमियों

यह पाठ्यक्रम कलीसियाओं में विवादास्पद रहे कई मुद्दों पर चर्चा करते हुए, रोमियों की पुस्तक में बताए गए उद्धार और मिशनों की धार्मिक शिक्षाओं को सिखाता है।

पवित्र जीवन के सिद्धांत और व्यवहार

यह पाठ्यक्रम बाइबल आधारित पवित्र जीवन पर विवरण देता है जो परमेश्वर एक मसीही से अपेक्षा करता है और जिसके लिए उसे सशक्त बनाता है।

कलीसिया के सिद्धांत और व्यवहार

यह पाठ्यक्रम कलीसिया और बाइबल विषयों जैसे कलीसिया की सदस्यता, बपतिस्मा, प्रभु भोज, दशमांश और आत्मिक अगुवाई के लिए परमेश्वर के अभिप्राय और योजना का व्याख्या करता है।

बाइबल सर्वेक्षण संबंधी पाठ्यक्रम

पुराने नियम की खोज

यह पाठ्यक्रम पुराने नियम की 39 पुस्तकों की आवश्यक विषय सूची और शिक्षाओं को सिखाता है।

नए नियम की खोज

यह पाठ्यक्रम नये नियम की 20 पुस्तकों की आवश्यक विषय सूची और शिक्षाओं को सिखाता है।

बाइबल व्याख्याओं के सिद्धांत

यह पाठ्यक्रम हमारे जीवन और परमेश्वर के साथ संबंध स्थापित करने हेतु बाइबल व्याख्याओं के सिद्धांतों और तरीकों को ठीक से सिखाता है।

सुसमाचार प्रचार और शिष्यता संबंधी पाठ्यक्रम

मसीही प्रतिरक्षा विद्या का परिचय

यह पाठ्यक्रम मसीही विष्वलोकन के लिए वैज्ञानिक, ऐतिहासिक और दार्शनिक मूलतत्वों सिखाता है, और दिखाता है कि कैसे मसीही विश्वास तर्क और वास्तविकता के अनुरूप है।

विश्व धर्म और पंथ

यह पाठ्यक्रम विश्वासी प्रचारक को शिक्षाओं की समझ और अठारह धार्मिक समूहों की उचित प्रतिक्रिया देता है।

बाइबल आधारित सुसमाचार प्रचार और शिष्यत्व

यह पाठ्यक्रम बाइबल के सिद्धांतों को प्रस्तुत करता है जो सुसमाचार प्रचार के तरीकों को निर्देशित करते हैं। यह सुसमाचार प्रचार के प्रकारों का वर्णन करता है और नए विश्वासियों को अनुशासित करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करता है।

आत्मिक निर्माण

इस पाठ्यक्रम में छात्र यीशु की योग्यताओं को अपनाना, परमेश्वर के साथ उनका नाता, जैसा यीशु का उनके पिता के साथ था, उनकी विनम्रता और सहनशीलता, यीशु के आध्यात्मिक और व्यक्तिगत अनुशासनों का अमल करना, यीशु की तरह दुःख सहना, और यीशु द्वारा विकसित (कलीसिया) के प्रति प्रतिबद्ध होना सीखते हैं।

व्यावहारिक मसीही जीवन

यह पाठ्यक्रम धन, संबंधों, पर्यावरण, सरकार के साथ संबंधों, मानव अधिकारों और व्यावहारिक जीवन के अन्य क्षेत्रों के उपयोग के लिए शास्त्र संबंधी सिद्धांतों को लागू करता है।

मसीही विवाह और परिवार

यह पाठ्यक्रम जीवन की भिन्न स्थितियों के माध्यम से मानव विकास पर मसीही दृष्टिकोण प्रदान करता है और पारिवारिक भूमिकाओं और रिश्तों के लिए वचन सम्बंधित सिद्धांतों को लागू करता है।

मसीही नेतृत्व संबंधी पाठ्यक्रम

सेवकाई नेतृत्व

यह पाठ्यक्रम अगुओं को सीखाने में सहायता करने और संस्थाओं की मान्यताएं को परखने, उद्देश्यों को साकार करने, दर्शन को साझा करने, लक्ष्य निर्धारित करने, रणनीति बनाने, उचित कदम उठाने और उपलब्धि का अनुभव करने के दौरान मसीही चरित्र पर ज़ोर देता है।

यीशु का जीवन और सेवकाई

यह पाठ्यक्रम 21 वीं सदी में सेवकाई और नेतृत्व के लिए एक आदर्श के रूप में यीशु के जीवन का अध्ययन करता है।

बोलचाल के सिद्धांत

यह पाठ्यक्रम बोलचाल की धार्मिक शिक्षाएं, प्रभावशाली तरीके से बोलने और बाइबल के उपदेशों को तैयार करने और उन्हें प्रस्तुत करने की विधि सिखाता है।

मसीही आराधना का परिचय

यह पाठ्यक्रम स्पष्ट करता है कि कैसे आराधना एक विश्वासी के जीवन के सभी पहलुओं को प्रभावित करती है और ऐसे सिद्धान्त देती है जो व्यक्तिगत तथा सामूहिक आराधना के अभ्यास को निर्देशित करें।

कलीसियाई इतिहास संबंधी पाठ्यक्रम

कलीसिया का इतिहास I

यह कोर्स वर्णन करता है कि कैसे कलीसिया ने प्रारंभिक कलीसिया से लेकर धार्मिक सुधार तक की अवधि में अपने मिशन को पूरा किया और मौलिक शिक्षाओं का बचाव किया।

कलीसिया का इतिहास II

यह पाठ्यक्रम बताता है कि कैसे सुधार से लेकर आधुनिक समय तक कलीसिया का विस्तार हुआ और चुनौतियों का सामना करना पड़ा।